CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

5.3

नाद रूप

ॐ

वीणावादनतत्त्वज्ञः
श्रुतिजातिविशारदः ।
तालज्ञश्चाप्रयासेन
मोक्षमार्गं निगच्छति ।।

श्री कला सङ्गीत भारती

प्रथम दशकपूर्त्ति समारोह विशेषांक

वर्ष १] जनवरी १९६१ [अंक. १

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

NĀDA RŪPA

FIRST AND SPECIAL ISSUE

COLLEGE OF MUSIC & FINE ARTS
BANARAS HINDU UNIVERSITY

DECENNIAL CELEBRATIONS

FINANCED BY

Revered Gurudeva Pt. Omkarnath Thakur
(EX-FOUNDER PRINCIPAL)

CHIEF & MANAGING EDITOR :

Dr. (Miss) Prem Lata Sharma

Editorial Board:

PT. LALMANI MISRA
PT. JAGANNATH M. AHIVASI
PT. BALWANT RAI BHATT
SRI M. V. THAKAR
KM. N. RAJAM
SRI M. V. KRISHNAN
SRI R. D. CHAKRAVARTTY

JANUARY 1961

Vol. I] *Price Rs. 7/-* [No. 1

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Printed by Pt. Rameshwar Pathak, at the
TARA PRINTING WORKS, VARANASI.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नाद रूप

श्री कला संगीत भारती

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रथम दशक पूर्त्ति समारोह विशेषांक

अर्थानुकूल्य पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथजी ठाकुर द्वारा

प्रधान संपादिका एवं व्यवस्थापिका

डा० कु० प्रेमलता शर्मा

संपादक मण्डलः

पं० लालमणि मिश्र
पं० जगन्नाथ मु० अहिवासी
पं० बलवन्तराय भट्ट
श्री माधव वामन ठकार
कु० ना० राजम्
श्री एम० वी० कृष्णन्
श्री रामदास चक्रवर्त्ती

जनवरी १९६१

वर्ष १] मूल्य ७) [अंक १

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

संपादकीय

न नादेन विना ज्ञानं न नादेन विना शिवः ।
नादरूपं परं ज्योतिर्नादरूपी स्वयं हरिः ॥

श्री कला संगीत भारती के प्रथम दशक पूर्त्ति समारोह के शुभ अवसर पर 'नाद रूप' का यह प्रथम तथा विशेष अंक अपनी नाद-तरंगों द्वारा, रूप-रश्मियों द्वारा—संगीताकाश को गुंजित, कला-भूमि को आलोकित करने के लिए अवतरित हो रहा है। गुरुजनों की मंगलाशंसा, आत्मीयजनों की शुभ-कामना, सत्यार्थियों की पिपासा, अनुसन्धित्सुओं की आस्था, जिज्ञासुओं की श्रद्धा,—इन सब का अमूल्य वरदान इसे प्राप्त है।

इस प्रकाशन द्वारा भारतीय संगीत के एक बड़े अभाव की पूर्त्ति होगी ऐसी आशा और विश्वास है। आज हमारे यहाँ संगीत संबन्धी जो भी पत्र-पत्रिकायें प्रकाशित होती हैं वे या तो किसी पक्ष विशेष से आबद्ध हैं, या किसी प्रदेश-विशेष के घेरे में संकुचित हैं और या फिर सत्यानुसन्धान के लिये अपेक्षित स्तर के अभाव से ग्रस्त हैं। अतः भारतीय संगीत जगत् में एक ऐसी पत्रिका की परमावश्यकता अनेक दिनों से अनुभव की जा रही थी जो निष्पक्ष सत्य स्थापना की विशुद्ध आकांक्षा से प्रेरित हो एवं जिसमें शास्त्रीय अनुसंधान से उपलब्ध सामग्री के समुचित प्रकाशन की व्यवस्था हो। ऐसे प्रकाशन के लिये श्री कला संगीत भारती से अधिक उपयुक्त और कौन सी संस्था होगी, क्योंकि भारतीय विश्वविद्यालयों के अंतर्गत संगीत संस्थाओं में इसका स्थान महत्त्वपूर्ण है तथा पृथक् अनुसंधान विभाग का बल इसे प्राप्त है। अतः निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिये 'नाद-रूप' की अवतारणा की गयी है:—

(१) भरत-प्रतिपादित सनातन सत्य-सिद्धान्तों का स्पष्टीकरण, उनकी पुनःस्थापना तथा अन्य ग्रंथकारों के लेखन में निहित भरतानुकूल तथा भरत प्रतिकूल मतों की विवेचना। (२) आधुनिक संगीत के लक्ष्य के कलापक्ष तथा भावपक्ष की भरतसिद्धान्त के साथ संगति स्थापित करना। (३) विशुद्ध अनुसंधान से प्राप्त सामग्री का प्रकाशन। (४) साम गान, गान्धर्ववेद आदि प्राचीन लुप्तप्राय विषयों पर अनुसन्धान का प्रोत्साहन तथा प्रेरण। (५) संगीत तथा कला संबन्धी बिखरी हुई सामग्री का संकलन तथा प्रकाशन (६) संगीत तथा ललित कलाओं की शिक्षा संबन्धी समस्याओं की विवेचना एवं एक वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति को प्रतिष्ठित करने का प्रयास। (७) संगीत तथा कला के क्षेत्र में समुचित स्तरीकरण का प्रयास। (८) मौलिक कला-कृतियों का प्रकाशन।

वीणा-पुस्तक-धारिणी भगवती भारती की केवल पुस्तकधारिणी अपूर्ण मूर्ति को वीणा की झंकार द्वारा पूर्ण बनाने की, इस महान् विश्वविद्यालय के स्थापक महामना पं० मदनमोहन मालवीय की उत्कट अभिलाषा अगस्त १९५० में उन्हीं के वचनबद्ध पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथजी ठाकुर की अध्यक्षता में श्री कला संगीत भारती की स्थापना से पूर्ण हुई। फिर भी इस संस्था के जीवन के प्रारंभिक प्रायः ५ वर्ष संघर्ष के झकझोरों से डावांडोल, अनिष्ट की आशंका से अस्थिर तथा निराशा के आवरण से आच्छादित रहे। किन्तु स्थापक के रूप में इसे जिस महान् विभूति की प्राप्ति हुई थी उसके शक्तिशाली व्यक्तित्व, अदम्य विश्वास और अखण्ड उत्साह के बल पर इसका अस्तित्व टिका रहा, क्रमशः विघ्न बाधायें दूर होती गयीं और १९५५-५६ में तत्कालीन कुलपति महोदय डॉ० सर सी० पी० रामस्वामी ऐय्यर की प्रेरणा से इसके पुनर्गठन की जो योजना बनी उसके कार्यान्वित होने पर इसका वर्त्तमान रूप निखरा। आज यह अपने कष्ट-संकुल शैशव को व्यतीत कर के कैशोरावस्था में पदार्पण कर चुकी है, और अपने सर्वतोमुखी विकास की आशा से देदीप्यमान है। इस संस्था की प्रमुख विशेषताओं यथा वैज्ञानिक आधार पर निर्मित पाठ्यक्रम, सुदृढ़ तथा सुचारु शिक्षण प्रणाली,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

संपादकीय

न नादेन विना ज्ञानं न नादेन विना शिवः ।
नादरूपं परं ज्योतिर्नादरूपी स्वयं हरिः ॥

श्री कला संगीत भारती के प्रथम दशक पूर्त्ति समारोह के शुभ अवसर पर 'नाद रूप' का यह प्रथम तथा विशेष अंक अपनी नाद-तरंगों द्वारा, रूप-रश्मियों द्वारा—संगीताकाश को गुञ्जित, कला-भूमि को आलोकित करने के लिए अवतरित हो रहा है। गुरुजनों की मंगलाशंसा, आत्मीयजनों की शुभ-कामना, सत्यार्थियों की पिपासा, अनुसन्धित्सुओं की आस्था, जिज्ञासुओं की श्रद्धा,—इन सब का अमूल्य वरदान इसे प्राप्त है।

इस प्रकाशन द्वारा भारतीय संगीत के एक बड़े अभाव की पूर्त्ति होगी ऐसी आशा और विश्वास है। आज हमारे यहाँ संगीत संबन्धी जो भी पत्र-पत्रिकायें प्रकाशित होती हैं वे या तो किसी पक्ष विशेष से आबद्ध हैं, या किसी प्रदेश-विशेष के घेरे में संकुचित हैं और या फिर सत्यानुसन्धान के लिये अपेक्षित स्तर के अभाव से ग्रस्त हैं। अतः भारतीय संगीत जगत् में एक ऐसी पत्रिका की परमावश्यकता अनेक दिनों से अनुभव की जा रही थी जो निष्पक्ष सत्य स्थापना की विशुद्ध आकांक्षा से प्रेरित हो एवं जिसमें शास्त्रीय अनुसंधान से उपलब्ध सामग्री के समुचित प्रकाशन की व्यवस्था हो। ऐसे प्रकाशन के लिये श्री कला संगीत भारती से अधिक उपयुक्त और कौन सी संस्था होगी, क्योंकि भारतीय विश्वविद्यालयों के अंतर्गत संगीत संस्थाओं में इसका स्थान महत्त्वपूर्ण है तथा पृथक् अनुसंधान विभाग का बल इसे प्राप्त है। अतः निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति के लिये 'नाद-रूप' की अवतारणा की गयी है:—

(१) भरत-प्रतिपादित सनातन सत्य-सिद्धान्तों का स्पष्टीकरण, उनकी पुनःस्थापना तथा अन्य ग्रंथकारों के लेखन में निहित भरतानुकूल तथा भरत प्रतिकूल मतों की विवेचना। (२) आधुनिक संगीत के लक्ष्य के कलापक्ष तथा भावपक्ष की भरतसिद्धान्त के साथ संगति स्थापित करना। (३) विशुद्ध अनुसंधान से प्राप्त सामग्री का प्रकाशन। (४) साम गान, गान्धर्ववेद आदि प्राचीन लुप्तप्राय विषयों पर अनुसन्धान का प्रोत्साहन तथा प्रेरण। (५) संगीत तथा कला संबन्धी बिखरी हुई सामग्री का संकलन तथा प्रकाशन (६) संगीत तथा ललित कलाओं की शिक्षा संबन्धी समस्याओं की विवेचना एवं एक वैज्ञानिक शिक्षण पद्धति को प्रतिष्ठित करने का प्रयास। (७) संगीत तथा कला के क्षेत्र में समुचित स्तरीकरण का प्रयास। (८) मौलिक कला-कृतियों का प्रकाशन।

वीणा-पुस्तक-धारिणी भगवती भारती की केवल पुस्तकधारिणी अपूर्ण मूर्ति को वीणा की झंकार द्वारा पूर्ण बनाने की, इस महान् विश्वविद्यालय के स्थापक महामना पं० मदनमोहन मालवीय की उत्कट अभिलाषा अगस्त १९५० में उन्हीं के वचनबद्ध पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथजी ठाकुर की अध्यक्षता में श्री कला संगीत भारती की स्थापना से पूर्ण हुई। फिर भी इस संस्था के जीवन के प्रारंभिक प्रायः ५ वर्ष संघर्ष के झकझोरों से डावाँडोल, अनिष्ट की आशंका से अस्थिर तथा निराशा के आवरण से आच्छादित रहे। किन्तु स्थापक के रूप में इसे जिस महान् विभूति की प्राप्ति हुई थी उसके शक्तिशाली व्यक्तित्व, अदम्य विश्वास और अखण्ड उत्साह के बल पर इसका अस्तित्व टिका रहा, क्रमशः विघ्न बाधायें दूर होती गयीं और १९५५-५६ में तत्कालीन कुलपति महोदय डॉ० सर सी० पी० रामस्वामी ऐय्यर की प्रेरणा से इसके पुनर्गठन की जो योजना बनी उसके कार्यान्वित होने पर इसका वर्त्तमान रूप निखरा। आज यह अपने कष्ट-संकुल शैशव को व्यतीत कर के कैशोरावस्था में पदार्पण कर चुकी है, और अपने सर्वतोमुखी विकास की आशा से देदीप्यमान है। इस संस्था की प्रमुख विशेषताओं यथा वैज्ञानिक आधार पर निर्मित पाठ्यक्रम, सुदृढ़ तथा सुचारु शिक्षण प्रणाली,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उच्च शिक्षण स्तर तथा विलक्षण परीक्षा पद्धति आदि के संबन्ध में इस अंक के परिशिष्ट में कुछ विस्तार से विवरण दिया गया है। यहाँ तो इसके उज्वल भविष्य के लिये मंगलाकांक्षा व्यक्त करना ही प्रासंगिक है।

प्रस्तुत अंक में इस संस्था के बाहर के अनेक विद्वज्जनों, विचारकों तथा अन्वेषकों के सहयोग से जो सा[illegible] प्रकाशित की गयी है उसमें विषयों की विविधता विशेषरूप से उल्लेखनीय है। शास्त्रीय विवेचनापूर्ण लेखों के अतिरिक्त गीत तथा वाद्य की कुछ मौलिक स्वर-रचनायें भी समाविष्ट की गयी हैं। समयाभाव तथा स्थानाभाव के कार[illegible] अपने यहाँ के अनेक सहयोगी बन्धुओं की रचनायें प्रकाशित नहीं की जा सकीं। ऐसी रचनाओं की तालिका नीच[illegible] प्रस्तुत है। आगामी अंक में इनका अवश्य समावेश किया जायेगा। यह पत्रिका अधिक से अधिक पाठकों की सेवा कर सके इस दृष्टि से अंग्रेजी तथा हिन्दी दोनों भाषाओं में सामग्री दी गयी है और भविष्य में भी ऐसा ही करने का विचार है। इस बार बाहर से विपुल मात्रा में सामग्री प्राप्त होने के कारण हमारे यहाँ के अनुसंधान विभाग के कार्य के लिये बहुत ही संकुचित स्थान दिया जा सका है, आगामी अंक में इस कार्य को कुछ विस्तृत स्थान दिया जायेगा।

आशा है यह अंक ऊपर लिखे उद्देश्यों की पूर्त्ति की दिशा में प्रारम्भिक चरण के रूप में सफल सिद्ध होगा। पाठकों, ग्राहकों, संस्थाओं, पुस्तकालयों आदि का सहयोग यदि प्राप्त हो सका तो इस पत्रिका को केवल वार्षिक न रखकर षण्मासिक बनाने में हमें अपार प्रसन्नता होगी।

अंत में उन सभी लेखक महानुभावों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना हमारा पवित्र कर्तव्य है, जिन्होंने अपने अमूल्य सहयोग से हमें अनुगृहीत किया है। जिनके संपूर्ण अर्थानुकूल्य से यह प्रकाशन अस्तित्व में आया है, उन पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथजी ठाकुर को किन शब्दों में धन्यवाद दिया जाए? तारा प्रेस, वाराणसी के संचालक तथा कर्मचारिगण हमारे परम धन्यवाद के पात्र हैं; अत्यल्प समय में इतनी विविध सामग्री की स्वच्छ, सुन्दर छपाई आप सबके परम सहयोग से ही संभव हो सकी है। पं० रतिनाथ झा (भूतपूर्व अनुसन्धान सहायक) जिन्होंने संस्था छोड़ चुकने पर भी सर्वदा हार्दिक सहयोग दिया है एवं सर्वश्री रवीन्द्र कुमार शृङ्गी, माहेश्वर झा, राजनारायण प्रसाद, एस० निजबोध, दिवाकर द्विवेदी, शारदा प्रसाद सिंह, विष्णु कुमार अग्रवाल, सुश्री धर्मावती श्रीवास्तव, नरेन्द्र शर्मा तथा अन्य सभी सहयोगी धन्यवाद के पात्र हैं।

बुधवार, १८ जनवरी १९६१

प्रेमलता शर्मा

अप्रकाशित रचनाओं की तालिका

१—नान्यदेव के भरत-भाष्य में उद्धृत भरत-वचनों की तालिका—अधुना उपलब्ध पाठान्तर सह—श्री रवीन्द्र कुमार शृङ्गी।

२—'संगीतकला' (संस्कृत में नौ श्लोक) ब्रह्मर्षि देवरात।

३—'नाद-चिन्तन'—श्री रवीन्द्रकुमार शृङ्गी।

४—'कलाकार'—श्री दुर्गाप्रसाद पटनायक।

५—'गुणों का संगीत में स्थान'—श्री कनक राय त्रिवेदी।

६—गत बाँसुरी—राग बागेश्री—श्री छेदीलाल श्रीवास्तव।

७—गीत राग वसन्त—श्री शुकदेव भट्ट।

८—शास्त्रीय संगीत में पखावज का स्थान तथा शेष ताल की उठान और परन—श्री बाबूलाल पखावजी।

९—वसन्त ताल—श्री भगवान्जी पण्ड्या।

१०—तबला सोलो—ताल झूमरा—श्री नागेश्वर प्रसाद मिश्र।

११—'वाग्गेयकार के लक्षण'—श्री प्रदीपकुमार दीक्षित।

१२—'संगीत के कुछ होनहार विद्यार्थी'—श्री राजेन्द्र प्रसाद भट्ट द्वारा संकलित।

१३—'पूज्यपाद गुरुदेव की विलक्षण शिक्षण पद्धति'—श्रीमती सुभद्रा कुमारी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

EDITORIAL

न नादेन विना ज्ञानं न नादेन विना शिवः ।
नादरूपं परं ज्योतिर्नादरूपी स्वयं हरिः ॥

The first and special number of 'Nāda Rūpa' is setting forth its waves of sound (Nāda) and rays of light (Rūpam) for the sake of filling the Sangītākāśa (ether which is the medium of sound) with musical resonance and for illuminating the field of art with its lustre on the auspicious occasion of the first Decennial celebrations of the College of Music & Fine Arts, Banaras Hindu University. It is endowed with the invaluable boon of the blessings of the venerable, the good will of the trustworthy, the best wishes of the near and dear ones, the thirst for knowledge of the seekers after truth, the devotion of research-workers and the reverential regard of those hankering after knowledge.

We hope and trust that this publication will fulfil a longfelt need of Indian music. The periodicals that are being published in the present times are either guided by a parochial spirit, or they are islanded in some regional system of music or again they are unable to attain the required standards because of being ill-equipped in absence of the calibre essential for real research of truth. Hence the indispensable need for a non-parochial Journal inspired by a spirit of the re-instatement of truth and opening avenue for the proper publication of the attainments of pure research was felt since long in the field of Indian music. Which institution would be more appropriate for the undertaking of the publication of such a Journal than the College of Music & Fine Arts, Banaras Hindu University, because of the important position that it holds among the music institutions falling under the jurisdiction of Indian Universities and because of its being strengthened by a separate Research Section? The 'Nāda Rūpa' has, therefore, been brought into existence with the following aims and objects in view :—

1. The clarification and re-instatement of the eternal and true principles enunciated by Bharata and a critical appreciation of the substance of the writings of subsequent authors giving an estimate of the extent to which they have adhered to those principles and also the extent to which they have deviated from them, (2) establishment of the relation of the technical and æsthetic aspects of modern Indian classical music with the principles expounded by Bharata, (3) publication of the results arrived at by pure research, (4) encouragement and promotion of research on subjects like Sāmagāna and Gāndharvaveda which have fallen into almost complete oblivion, (5) compilation and

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

publication of scattered materials of music and fine arts, (6) consideration of the problems of teaching of music and fine arts and an attempt at establishing a scientific system of the teaching of these subjects, (7) an attempt at standardisation in the various branches of music and fine arts and (8) publication of original pieces of art e.g. paintings, musical compositions etc. and formation of new traditions of opera and orchestra in Indian music.

The long-cherished desire of the illustrious founder of this great seat of learning Mahamana Pt. Madan Mohan Malviya for completing the incomplete image of Goddess Saraswati with the resonance of Vīṇā and of thus making her Vīṇāpustakadhāriṇī instead of mere 'Pustakadhāriṇī', was fulfilled in 1950 with the foundation of the College of Music & Fine Arts in the Principalship of Revered Gurudeva Pt. Omkarnath Thakur who was bound with the word of promise to the Founder. As all beginnings are difficult, the first five years of this institution were marked with a strenuous struggle for existence; it was a period of trials and tribulations, disappointments and frustrations; but it could maintain its existence on the strength of the powerful personality, unflinching faith, unfailing enthusiasm and unswerving devotion of its Founder Principal. Gradually the impediments and hindrances were overcome and in 1955-56, a scheme of its Re-organisation was prepared with the inspiration and encouragement provided by the then Vice-Chancellor Dr. Sir C.P. Ramaswamy Aiyar. The implementation, albeit partial, of this scheme brought this institution to its present form and status. To-day it has already passed through the teething period of infancy and the trying period of childhood and has set foot into adolescence. It is now lustrous with the beams of hope. The salient features of this institution such as the courses of studies framed on scientific basis, the sound system of teaching, the high standards of instruction and examination have been recorded in a note given in the supplement of this number. Here it will suffice to express our best wishes and prayers for a bright future of this institution.

The materials that we are publishing in this number with the kind co-operation of many musicians, musicologists, thinkers, scholars, research workers, philosophers and artists or art critics from outside is remarkable for its rich variety. Apart from articles on various aspects of the theory of music and fine arts we have included a number of original compositions of vocal and instrumental music, just as pieces of sculpture and painting have been given adequate representation. Due to lack of space and time a number of contributions of our own staff members could not be included in this number. A list of those contributions has been given above in Hindi and they will be published in the next number. We have given our materials in both English and Hindi in order to make this Journal an instrument of service to the greatest number of readers and we propose to follow this arrangemet in future. The work done in the Research Section could be given in an extremely limited space because of the wide range of the contributions

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

received from outside; in the next number we propose to devote more space to this Section.

It is hoped that this number will prove successful as a first step in the fulfilment of the above aims and objects. If the co-operation of readers, subscribers, libraries and institutions is available, we propose to publish it twice a year.

While closing it is our sacred duty to express our heartfelt gratitude to all contributors who have rendered invaluable co-operation. Words fail to express our deep debt to Revered Gurudeva Pt. Omkarnath Thakur who has financed this publication. The proprietor, manager and other workers of the Tara Press, Varanasi deserve our hearty thanks for the speedy and neat printing of materials of a great variety. A list of all others who have rendered valuable assistance has been given above in Hindi.

PREM LATA SHARMA

Wednesday 18th Jan. 1961.

Addenda

On p. 28 of Supplement please add the following names among the ex-staff members :—

1. Sri Ranade Ukil (Painting) 2. Sri T. C. Paul (Sculpture) 3. Sri Mannuji Mridangacharya (Mridanga and Tabla) 4. Sri Kikubhai Bhagat (Vocal and Dilruba).

On p. 35 of supplement please add the following names among the artists who gave performances :—

1. Sri Balram Pathak, Calcutta, 2.Sri Yashwant Rai Purohit, Bombay, 3. Sri Gopal Singh, Delhi, 4. Sri Nagardas Chawada, Ahmedabad, 5 Late Sri Anokhelal Mishra, Varanasi, 6. Sri Gopal Mishra, Varanasi.

Corrigenda

P. 26. Please read 'Shastraic' in the title instead of 'Shasraic'

P. 8 of Supplement. The following corrections and additions in the account of the educational career of Sri M. V. Krishnan may be noted :—

(i) Studied in His Highness the Maharaja's School of Arts, Trivandrum and completed the four years' certificate course in Fine Arts and the Apprenticeship Course.

(ii) In 1944 passed the following Technical Examinations of the Madras Government as a private candidate—(a) Group Certificate in Drawing (b) Modelling Higher.

(iii) In 1950 passed the diploma in Fine Arts (Clay Modelling) from the School of Arts and Crafts, Madras in the first division.

परिशिष्ट में पृ० ८ पर श्री एम० वी० कृष्णन् के परिचय में सातवीं पंक्ति में 'मूर्ति कला के रूप में' के स्थान पर 'मूर्ति कला के इंस्ट्रक्टर के रूप में' पढ़ें।

P. 28, of Supplement. Item No. 13. Please read 'Instructor in Painting' instead of 'Instructor in Sculpture'.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

अनुक्रमणिका

TABLE OF CONTENTS

संपादकीय
Editorial—Addenda—Corrigenda

१—आशीर्वचन तथा शुभाशंसाएँ १–६
Blessings and Messages of Good Wishes

२—शिवसंकल्प-मन्त्र ७

३—मंगलाचरण ८

४—मंगल—अवलोकनः भूत भविष्यत् की देहली से ९–११
(स्थापक की लेखनी से) पं० ओम्कारनाथ ठाकुर, लंका, वाराणसी ५ ।

५—संगीत से आरोग्य की वृद्धि १२
वेदमूर्त्ति पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर स्वाध्यायमण्डल, पो० पारडी, जि० सूरत

6—Music ... 13–14
Dr. Sir C. P. Ramaswamy Aiyar 'Delesli', Ootacamund

७—जीवन में कला १५
काका साहेब कालेलकर 'सन्निधि' राजघाट, नई दिल्ली

८—संगीत की शिक्षा १६
श्री रामनारायण चौधरी अध्यक्ष, ग्रामसहयोग समाज, गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ, नई दिल्ली ।

9—On Beauty ... 17–21
Śrī A. B. Purāṇī, Aurobindo Ashram, Pondichery.

१०—तुम्बी स्तुति २१
पं० बलवन्तराय भट्ट 'भावरंग' कला संगीत भारती, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी—५

११—ॐकार साधन २२–२५
महामहोपाध्याय डा० गोपीनाथ कविराज
M. A., D. Litt. 2—A Sigra, Varanasi

12—Is Thāṭ or Meḷa a Shastraic or Scientific concept ? ... 26–32
K. Vasudeva Sastri B.A.: Research Professor, Saraswati Mahal Library, Tanjore

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१३—भरत का स्वरसिद्धांत ३३–४८
संगीत मार्तण्ड पण्डित ओंकारनाथ ठाकुर, लंका, वाराणसी

14—Āryan and Non-Āryan origin of some Indian Rāgas ... 49–57
Swami Prajñānānanda, Ram Krishna Vedanta Matha
19–B, Raja Naba Krishna Street, Calcutta—6

१५—विश्वकर्मा ५८–६१
डा० वासुदेवशरण अग्रवाल भारती महाविद्यालय, का० हि० विश्वविद्यालय (वाराणसी)

16—Traditions in Music ... 62–66
Prof. P. Sambamoortty, B. A., B. L.
Head of the Deptt. of Music; University of Madras,
Chelpauk, Madras—5.

१७—संगीत विद्या ६७-७९
ब्रह्मर्षि श्री दैवरातजी ऋषिकुल योगाश्रम, गोकर्ण, उत्तर कन्नड़ प्रदेश

18—On the Effect of Music and Dance on Plants. ... 80–83
Prof. T. C. N. Singh, D. Sc., D. Phil., F. B. S.
Head of the Deptt. of Botany, Annamalai
University, Annamalai-Nagar, S. India.

१९—कलाक्षेत्र में सत्य ८४-८५
महागुजरात के कलागुरु पं० रविशंकर म० रावल, चित्रकूट, ४४ ब्राह्मण मित्र
मण्डल सोसायटी, एलिस ब्रिज- अहमदाबाद—६

20—Tānsen's Descendants in Vārāṇasi. ... 86–88
Birendra Kishore Roy Chowdhury Sangeet Shastri,
Ex. M. L. C., Chairman, Gouripore Industries (Pr.) Ltd.
55, Ballygunge, Circular Road, Calcutta, 19.

२१—भरतोक्त श्रुत्यंतर ८९–९९
महेशनारायण सक्सेना
M. A., B.Sc., M. Mus. Bihar Education Service
Netarhat School Netarhat, via Rāñchi (Bihar)

22—Pt. Vishnu Digambar Paluskar, ... 100–103
the Pioneer of the Renaissance of Indian Music.
Prof. P. A. Sundaram Aiyar, Violinist (Retd. Music
Lecturer, Madras University)
"Sangetha Vilas" 88, Apparswami Koil St.
Mylapore, Madras—4.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२३—अनावृत सत्य—सत्यार्थी १०४-११४

24—Music a Useful Product of Civilization.
Prof. G. N. Goswami M. Sc. 111/3, Nazarbagh, Lucknow. 115–116

२५—संगीत शिक्षालय और संगीत शिक्षण ११७-११९
पं० विनयचन्द्र मोद्गल्य प्रिंसीपल, गांधर्व महाविद्यालय ४२-सी, प्रेम हाऊस कनाट प्लेस, नई दिल्ली

26—Rabindra Sangit ... 120–121
Shri Praphulla Kumar Das.
३०, सी० आई० टी० बिल्डिंग, मदन चैटर्जी लेन, कलकत्ता—७

२७—आत्मरत संगीत की ओर १२२
सुश्री विमल ठकार, सर्वसेवा संघ, राजघाट, काशी

२८—आत्मदर्शन (कविता) गायनवादनाचार्य पं० बलवन्तराय भट्ट 'भावरंग' ... १२२

२९—ऋषभ-धैवत की रामकहानी १२३-१३०
श्री वा. वें. कारन्त, नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली.

30—Fine Arts as a Career ... 131–132
Shri M. V. Krishnan, College of Music & Fine Arts
B. H. U., Varanasi–5.

३१—हिन्दू संगीत १३३-१४०
डॉ० लालमणि मिश्र, एम. ए. (प्रो.) डी. म्यूज़. (वीणा), एम. म्यूज़. (गायन), वी. म्यूज़. (सितार, तबला), रीडर, कला संगीत भारती, का० वि० वि०

३२—स्केच और चित्र १४१-१४२
श्री दुर्गा प्रसाद पटनायक श्री कला संगीत भारती, का० वि० वि० वाराणसी

33—Notes and Scales: Bharata's System—Saṅgīta Mārtanda ... 143–163
Pt. Omkarnath Thakur, Lanka, Varaṇasi.

३४—भजन-'संगीत विद्यालंकार' श्रीमती विजन घोष दस्तिदार १६४-१६६
ए ८, सी० आई० टी० बिल्डिंग, मदन चैटर्जी लेन, कलकत्ता—७

35—Indian Aesthetics or Rasaśāstra as Applied to Music:
An Introduction 167–168
Dr. Prem Lata Sharma.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

३६—वेदमन्त्र—स्वर-रचनाकार पं० ओंकारनाथजी ठाकुर 'प्रणवरंग' ... १६९–८०

वाग्देवता—स्तुति १६९–७५

राग गौड़सारंग—त्रिताल १७०

राग तिलंग—त्रिताल १७१

राग काफ़ी—त्रिताल १७२–१७३

राग भैरवी—त्रिताल १७४–१७५

प्रजापति—स्तुति राग मालकौंस चौताल १७६–१७७

इन्द्र—स्तुति १७७–१८०

राग अडाणा—त्रिताल १७८–१७९

राग प्रभात—मत्तताल १८०

३७—राग मालकौंस ध्रुपद, चौताल १८१–१८३

श्री मान् टी० एल० राणा (नेपालराजवंशीय) राणा संगीत संसद,

५४,ए नेपाल भट्टाचार्जी फ़र्स्ट लेन, कलकत्ता–२६

३८—राग जोगिया ध्रुपद—चारताल श्री मान् टी० एल० राणा १८४–१८६

३९—सरस्वती-वन्दना–राग हंसध्वनि आड़ा चौताल—पं० बलवन्तराय भट्ट 'भावरंग' ... १८७–१८८

४०—राग दरबारी—धमार ,, ,, ... १८९–१९१

४१—राग अहीर ललित आलाप, गत तोड़े श्री राजभानसिंह बी० म्यूज० संगीत प्रभाकर ... १९२–२०२

४२—राग श्री–गीत–झपताल २०३–२०४

श्री कं० सु० अवधानी एम० म्यूज़ श्री कला संगीत भारती

RESEARCH SECTION 205–224

Our Contribution to Resarch

43—Aims, Objectives and Activities of the Research Section. ... 206–211
Sri. R. K. Shringy B. A. (Hons.) M. A.

44—A Synoptical and Critical Survey of the 'Gītaratna Koṣa' of 'Sangītarāja'— ... 211–218
Dr. Prem Lata Sharma assisted by Sri R. K. Shringy.

45—A Critical Note on Rasakaumudī of Śrīkaṇṭha 219
Dr. Prem Lata Sharma

46—A Critical Note on 'Bharata Bhāṣya' of Nānyadeva— ... 220–224
Dr. Prem Lata Sharma, assisted by Sri R. K. Shringy.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

SUPPLEMENT

College of Music & Fine Arts First Decennial Celebrations.

४७—प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों का संक्षिप्त परिचय १–१५
डॉ० लालमणि मिश्र द्वारा संकलित और संपादित

४८—श्रद्धा कुसुमाञ्जलि—डॉ० प्रेमलता शर्मा १६–१९

४९—स्मरणाञ्जलि राग तोड़ी, आड़ा चौताल, पं० बलवन्तराय भट्ट भावरंग ... २०–२१

५०—स्व० श्री रामकृष्ण ल० पर्वतकर की कुछ चमत्कारपूर्ण रचनाएँ २२–२७
श्री दामोदर होता द्वारा संकलित ... ...

51—List of Ex Staff Members ... 28

52—List of Students who Passed the Various Examinations ... 29–34
in Music & Fine Arts During 1951–60

53—List of Distinguished Artists who gave Performances ... 35
During the last Ten years.

54—List of Distinguished Guests & Visitors ... 35–37

55—Excerpts from Important Letters ... 37–40

56—A Brief Report of Functions Arranged During 1950-60 ... 41–45

57—A Brief Report of the Fine Arts Section ... 46–48

58—Some Salient Features of the Institution ... 49–52

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

PAINTINGS AND PHOTOGRAPHS

१—सरस्वती (मुख पृष्ठ) श्री एम्० वी० कृष्णन् ... ...

२—मैया, मैं नहीं माखन खायो ८
पं० जगन्नाथ मु० अहिवासी

३—पूजा—श्रीमती चन्द्रमणि सिंह ८

४—महामना पं० मदनमोहन मालवीय ९

५—संगीत मार्तण्ड पं० ओंकारनाथ ठाकुर ९

6—Photographs 1–8 illustrating 'The Effect of Music & Dance on Plants' 82

७—मेघदूत—श्रीदुर्गाप्रसाद पटनायक ८४

८—प्रतीक्षा—श्रीविजयबहादुर थापा ८५

9—Rest—By Sri Jai Shankar Mishra ... 168

10—Buddha—By Mrs. Rajeswari ... ,,

11—Old Man—By Sri M. V. Krishnan ... ,,

12—Saraswati—By Sri Baijnath Pd. Gupta ... 169

13—Portrait Study—,, ,, ,, ... 169

14— ,, ,, ,, Ram Pyare Singh ... 169

SUPPLEMENT

15—College of Music & Fine Arts
Group Photograph 1959-60. 1

१६—स्वर—समाधि में लीन संगीतद्रष्टा ... ... ,,
पं० ओंकारनाथ ठाकुर

17—Yehudi Menuhin, (Mrs.) Malti Jain and ... ,,
Stewart Wilson.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आशीर्वचन तथा शुभाशंसाएँ

Blessings and Messages of Good Wishes

राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
सितम्बर २६, १९६०
आश्विन ४, १८८२ शक

आपके दिनांक ८ अगस्त के पत्र के लिये धन्यवाद। राष्ट्रपतिजी श्री कला संगीत भारती का अभिनन्दन करते हैं, तथा उसके अस्तित्व के प्रथम दश वर्ष समाप्त होने के अवसर पर संस्था के लिये अपनी शुभकामनायें भेजते हैं।

भवदीय
राजेन्द्रलाल हांडा
राष्ट्रपति का प्रेस सचिव

VICE-PRESIDENT OF INDIA
NEW DELHI
August 12, 1960.

I am glad to know that the College of Music & Fine Arts of the Banaras Hindu University will complete ten years this August. I hope that it will do good work in the future also.

Yours sincerely,
S. RADHAKRISHNAN

महाराष्ट्र गवर्नरस कैंप,
२९ अगस्त, १९६०

यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आप संगीत तथा ललित कलाओं से संबंधित एक पत्रिका निकालने का आयोजन कर रही हैं। मेरी शुभ कामना है कि पत्रिका सानंद और सफलतापूर्वक प्रकाशित हो और उससे दिन प्रतिदिन अधिकाधिक नर नारी लाभ उठावें।

आप प्रसन्न रहें।

सधन्यवाद आपका
श्रीप्रकाश

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीराम

चिरगांव
१२-१०-६०

'संगीतभारती' हम लोगों का बेसुरापन दूर करके हमें स्वरसामंजस्य प्रदान करे, यही मेरी कामना है।

भवदीय
मैथिलीशरण

PRIVATE SECRETARY,
FINANCE MINISTER OF INDIA
NEW DELHI
August 12, 1960.

Shri Morarji Desai sends his best wishes to the College of Music and Fine Arts, Varanasi, on the occasion of its completion of first 10 years in which useful facilities were provided for training in Indian Music.

Your faithfully,
V. Y. TONPE

लखनऊ
अगस्त २२, १९६०

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि श्री कला संगीत भारती (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी) संगीत तथा ललित कलाओं से संबंधित एक पत्रिका प्रकाशित करने जा रही है। कला भारती का यह प्रयास सुन्दर प्रतीत होता है। इस समय हमारे देश में भारतीय संगीत तथा ललित कलाओं के क्षेत्र में इस प्रकार के पत्र पत्रिकाओं की नितान्त आवश्यकता है। अतः हमारा यह कर्तव्य हो जाता है कि इस प्रकार की पत्रिकाओं को ज्ञान विज्ञान भण्डार एवं समाज तथा संस्कृति के मौलिक अध्ययन तथा अन्वेषण से समृद्ध करें। इस पत्रिका के द्वारा विद्यार्थी वर्ग तथा समाज को विचार अभिव्यक्ति का अवसर मिलेगा, जिससे विद्यार्थियों एवं समाज को अवश्य लाभ होगा। मैं आशा करता हूँ पत्रिका विश्वविद्यालय की मर्यादा के अनुकूल होगी और अपने उद्देश्य में सफल होगी।

सम्पूर्णानन्द
मुख्य मन्त्री, उत्तरप्रदेश

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0: In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भोपाल
दिनांक सितंबर १९६०

यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि श्री कला संगीत भारती वाराणसी, द्वारा संगीत कला पर एक पत्रिका प्रकाशित की जा रही है। वाराणसी सदैव से भारतीय कला और संस्कृति का प्रमुख केन्द्र रहा है और मुझे आशा है कि भविष्य में भी यहां की गतिविधियां हमारे सांस्कृतिक जीवन में पूरक बनी रहेंगी। संगीत कला के लुप्तप्राय गुणों को फिर से प्राप्त करने का युग आ रहा है, उसका सैद्धांतिक विवेचन आप आगे बढ़ाएं, यह मेरी इच्छा है।

मैं आपकी पत्रिका की लम्बी उम्र की कामना करता हूँ।

कैलासनाथ काटजू
(मुख्य मन्त्री, मध्यप्रदेश)

जयपुर, राजस्थान
२७ अक्टूबर, १९६०

पत्रिका के लिए मेरी शुभ कामना तो है ही। आपका यह उद्योग सफल हो और इसके द्वारा संगीत भारती की खूब सेवा हो।

हरिभाऊ उपाध्याय
(वित्तमन्त्री, राजस्थान)

1. PRINCES GATE
LONDON Sw. 7
28. 8. 1960

I thank you for your letter of August 8, 1960. I am glad to learn that on the occasion of the 10th birthday of your College you propose to bring out the first volume of a biannual journal of Music and Fine Arts. This is a commendable undertaking in which you have my best wishes. I also wish your College a bright and happy future and I hope that it would someday lead the world in the field of music and fine arts and be an inspirer of creative work in all significant aspects of music and fine arts.

With renewed good wishes for you and for all members of the staff and students of your College.

Yours sincerely,
V. S. JHA
(Ex-Vice-Chancellor, Banaras Hindu University).

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

The College of Music and Fine Arts of our Banaras Hindu University is completing ten years of its existence and it is in the fitness of things that being the robust child that it is, entering its period of adolescence, it should think of publishing a Journal of Music and Fine Arts.

There is a great scope for Research in the Faculty and a separate Research section is already functioning. The result of such research should be recorded in a journal of this type and I am sure that it will satisfy the long standing need of such a record and will afford the spring board for further activities in the field of research.

The college of Music and Fine Arts has achieved great success and distinction as a result of the unstinted endeavours of the revered Pandit Omkarnathji and his devoted band of talented workers, but now is the time when it should blossom forth into an institution which knows no barriers of any particular school or tradition but embraces all well known schools of music existing in the country and also impart instruction in Dancing apart from Painting and Sculpture.

I pray that the College of Music and Fine Arts will attain further distinction in the manner indicated above and will attain a prestige and reputation attracting students not only from all parts of the country but from all over the globe and will be a shining jewel in the crown of the Banaras Hindu University.

I wish the College and this Journal all success. So help us God.

N. H. BHAGWATI
(Vice-Chancellor, Banaras Hindu University)
21-9-'60

DELISLE, OOTACAMUND.
August 16, 1960.

Many thanks for your letter at of the 8th August, the contents of which I deeply appreoiate.

I am glad to learn that the College of Music and Fine Arts is progressing.

As requested, I shall shortly send you a short article on Music for the proposed Journal.

With my best wishes,

I am,
Yours sincerely,
C. P. RAMASWAMI AIYAR.
(Ex-Vice-Chancellor, Banaras Hindu University)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

KRISHNA VIHAR,
LUZ
MYLAPORE, MADRAS.
Sept. 30, 1960.

I am glad to learn that you propose to bring out a "Journal of Music and Fine Arts" under the auspices of the College of Music and Fine Arts, Banaras Hindu University, on the occasion of the completion of the first decade of its existence.

The College has done very well indeed under the stewardship of the celebrated musician Pandit Omkar Nath Thakur and it is but appropriate that it should sponsor the publication of a Journal devoted to Music and Fine Arts to mark the completion of ten years of successful functioning.

I wish the proposed venture all success.

Yours sincerely,
M. PATANJALI SASTRI.

ANGRE'S WADI
BOMBAY
13/8/60

I send my hearty blessings for this new undertaking. Music is a blessed art that appeals to all men and even to lower animals. Ancient sages like Yājñavalkya placed singing on a very high pedestal, when in Chap. III Verse 112 he states that a man who sings the 'Sāman', sings in the prescribed way without committing mistakes and with a concentrated mind, reaches 'Brahman' gradually by frequent repetition of the 'Sāmans'. He further provides that even those who sing non-vedic songs like Aparāntaka, Ullopyaka and others are on the way to attaining Liberation and that those who know the true way of playing on the lute or who are adepts in the twentytwo Śrutis and Jātis and who are adepts in Tāla—those also reach 'mokṣa' (III 113-115). Nowadays singing and music has been perverted to low popular tastes by the cinema-houses.

I am myself very fond of a good song and Music, though I know very little about 'Vīṇāvādan' or Music. I hope you will inculcate on your students the great role of song and Music on the spiritual level. If you have not already chosen some motto for your journal, I would suggest that you may place या. III 115 वीणावादन तत्त्वज्ञः as a motto on the front page of your journal.

With all good wishes for the journal,

Yours Sincerely.
(Mahāmahopādhyāya) P. V. KANE

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

No. 5 SAFDURJANG RCAD
NEW DELHI.
Dt. 17-9-1960

T. L. Venkataraman Aiyar,
Chairman, Law Comission

All lovers of Music and Arts must greatly welcome the proposal to publish a journal of Music & Fine Arts. Let me convey to you my best wishes for its success.

Yours Sincerely,
T. L. VENKATARAMAN AIYAR



'GANGĀ GHĀṬA'—BY SRI M. V. KRISHNAN.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

शिवसङ्कल्प-मन्त्र

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति ।
दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः ।
यदपूर्वं यक्षमन्तःप्रजानां, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतं प्रजासु ।
यस्मान्न ऋते किञ्चन कर्म क्रियते, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

येनेदं भूतं भुवनम्भविष्यत्परिगृहीतममृतेन सर्वम् ।
येन यज्ञस्तायते सप्त होता, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

यस्मिन् ऋचः सामयजूंङ्षि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः ।
यस्मिंश्चित्तं सर्वमोतम्प्रजानां, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीषुभिर्वाजिन इव ।
हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं, तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥



By M. V. K.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मङ्गलाचरण

ओङ्कारपञ्जरशुकीमुपनिषदुद्यानकेलिकलकण्ठीम् ।
आगमविपिनमयूरीमार्यामन्तर्विभावये गौरीम् ॥

दयमानदीर्घनयनां देशिकरूपेण दर्शिताभ्युदयाम् ।
वामकुचनिहितवीणां वरदां सङ्गीतमातृकां वन्दे ॥

सरिगमपधनिरतान्तां वीणासंक्रान्तकान्तहस्तान्ताम् ।
शान्तां मृदुलस्वान्तां कुचभरतान्तां नमामि शिवकान्ताम् ॥

ब्रह्मग्रन्थिजमारुतानुगतिना चित्तेन हृत्पङ्कजे
सूरीणामनुरञ्जकश्रुतिपदं योऽयं स्वयं राजते ।
यस्माद्ग्रामविभागवर्णरचनाऽलङ्कारजातिक्रमो
वन्दे नादतनुं तमुद्धरजगद्गीतं मुदे शङ्करम् ॥

चैतन्यं सर्वभूतानां विवृत्तं जगदात्मना ।
नादब्रह्म तदानन्दमद्वितीयमुपास्महे ॥

नादोपासनया देवा ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः ।
भवन्त्युपासिता नूनं यस्मादेते तदात्मकाः ॥

यं ब्रह्मावरुणेन्द्ररुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवैः
वेदैः साङ्गपदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः ॥
ध्यानावस्थिततद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो
यस्यान्तं न विदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः ॥

या कुन्देन्दुतुषारहारधवला या शुभ्रवस्त्रावृता
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेतपद्मासना ।
या ब्रह्माच्युतशङ्करप्रभृतिभिर्देवैः सदा वन्दिता
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेषजाड्यापहा ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



'मैया, मैं नहिं माखन खायो' —पं० ज० मु० अहिवासी

'पूजा' —श्रीमती चन्द्रमणि सिंह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizaglion by eGangotri



श्री कला संगीत भारती के स्थापक
संगीत-मार्तण्ड पं० ओंकारनाथजी ठाकुर



काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्थापक
महामना पं० मदनमोहनजी मालवीय
(मूर्त्तिकार—श्री एम. वी. कृष्णन्)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मंगल-अवलोकन : भूत भविष्यत् की देहली से

(स्थापक की लेखनी से)

श्री कला संगीत भारती अपने जीवन के दस वर्ष पूर्ण कर रही है। इस अवसर पर जिस पत्रिका का प्रकाशन हो रहा है, मैं हृदयस्थ भाव से उसकी सफलता के लिये कल्याण-कामना करता हूँ।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के जनक महामना मालवीयजी के नितान्त अनुरोध के वशीभूत होकर इस संस्था का स्थापन करने और उसका कार्यभार वहन करने का ज़िम्मा मैंने उठाया था। आरम्भ में ही इस सम्बन्ध में अभिवचन देने के पूर्व मैंने स्पष्ट रूप से कह दिया था कि यदि संगीत महाविद्यालय में मुझे कार्य करने की, उस संस्था के विकास की, एवं विश्वविद्यालय के उच्च स्तर पर संगीत को प्रतिष्ठित करने की सभी सुविधाएं और कार्य-स्वातंत्र्य दिया जायगा तभी यह बोझ मैं उठाऊंगा, अन्यथा संगीत निकेतन नाम की संस्था का संचालन त्याग कर यहां आने में मुझे कोई आकर्षण नहीं है, मोह नहीं है। उन्होंने पूर्ण स्वातंत्र्य और समस्त सुविधाएं दिलाने का आश्वासन दिया था। आश्वस्त होने पर ही मैंने यह ज़िम्मेदारी उठाई।

किन्तु अनुभव ने कुछ और ज्ञान दिया। विश्वविद्यालय के अन्तरङ्ग में निर्दल संस्था या व्यक्ति कैसे पनपते? किसी ने यह कहकर अवरोध खड़ा किया कि ज्ञान तथा विज्ञान के क्षेत्र में गाने-बजाने के कॉलेज की क्या आवश्यकता है? किसी ने कहा कि इस संस्था के प्रिंसिपल स्वयं चन्दा लाएं और इसे चलाएं। किसी ने कहा कि कलाकार अपनी कला का भारत में प्रदर्शन करें और संस्था के लिय धन इकट्ठा करें। किसी ने कहा कि यदि चन्दा इकट्ठा करने में ही 'प्रिंसिपल' के समय और शक्ति का व्यय होगा तो संस्था के प्रशासन (administration) और शिक्षण का क्या होगा? किसी ने कहा कि कलाकार का भी तो अपना जीवन होगा। उसकी कला के प्रदर्शन द्वारा प्राप्त वित्त पर क्या संस्था निभ सकेगी? क्या निभाना समुचित होगा? किसी ने कहा कि अन्य ज्ञान-विज्ञान और 'टेक्निकल' विषयों के आचार्यों से जो अपेक्षा नहीं रखी जाती, वैसी आशा इस क्षेत्र के आचार्य से रखना कहां तक न्याय्य होगा? इन सब बातों में जो भी सत्यांश हो, सो हो, किन्तु संगीत महाविद्यालय के पनपने का तो काफ़ी काल तक प्रश्न ही नहीं रहा, उसे बन्द करने के भी यत्न किए गए। फिर भी भगवती भारती की कृपा से, उमड़े हुए बादल छंटते गए और "विघ्नाः पुनःपुनरपि प्रतिहन्यमानाः" वाली भर्तृहरि की उक्ति चरितार्थ होती गई।

इस प्रकार इस संस्था को जीवन देने में, निभाने में, विद्यार्थियों को शिक्षा देने में, उनका पूर्ण विकास करने में तथा उनके विकास के निमित्त संपूर्ण नूतन पाठ्यक्रम के लेखन और प्रकाशन में कितना विपुल परिश्रम, काल-यापन और अर्थ-व्यय किया गया, कितने घोर कष्टों का सामना करना पड़ा, उन सबकी कौन कहे? फिर भी जो अल्पाधिक सिद्धि प्राप्त हुई है, उसी में इन सब की सार्थकता मान लेना उचित है।

संगीत की शिक्षा के क्षेत्र में महान् परिवर्तन आवश्यक है। अब तक जो प्रणालियां या शैलियां चली आ रही हैं, उनमें आमूल क्रान्ति की नितान्त आवश्यकता है। इस क्षेत्र के विद्यार्थी गाएं बजाएं और जन-मन का रञ्जन करें, इतना ही पर्याप्त नहीं है। स्वरशास्त्र—स्वर का भौतिक पहलू (Sound physics), उसका मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक पहलू, रागशास्त्र, रसशास्त्र इत्यादि विषयों के ज्ञान के साथ-साथ उनका कला-पक्ष समृद्ध बने, तभी वह विश्वविद्यालय के स्तर का शिक्षण कहा जा सकता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दूसरी ओर, मध्ययुग से लेकर आज तक अनेकों संगीत-ग्रन्थकारों (Musicologists) ने उपर्युक्त सूक्ष्म तत्त्वों के मर्म को समझे बिना जो कुछ लिखा, जो कुछ प्रकाशित हुआ, उससे संगीत के कला-पक्ष और शास्त्र-पक्ष की शृंखला टूट गई; उस विच्छेद को मिटाकर कला और शास्त्र का सामंजस्य स्थापित करने के महान् कार्य की आज परमावश्यकता है।

इस संस्था द्वारा उपर्युक्त दोनों दिशाओं में अब तक जो-जो बहुमूल्य प्रयास किए गए हैं, उनका मूल्य आज नहीं तो कल अवश्य ही आंका जाएगा और तब इस संस्था के जन्म की परम सिद्धि और सार्थकता जगत् के सामने स्पष्ट होगी।

सामान्य शिक्षित जन यह समझने में सदैव असमर्थ रहते हैं कि ज्ञान-विज्ञान के अन्य विषयों के क्षेत्र में शिक्षा का प्रारूप, उसकी शैली, पाठ्यक्रम इत्यादि में जैसी एक-वाक्यता रहती है, वैसी कला के क्षेत्र में क्यों नहीं पाई जाती ? वास्तव में इस क्षेत्र में ऐसी एकवाक्यता, एकतानता, एकरूपता नहीं ही होनी चाहिए, क्योंकि कला का विकास, उसकी उच्च भूमिका, कला का प्रकाश, यह सब कुछ कला-गुरु की तपः साधना पर अवलम्बित रहता है। उस साधना को विद्यार्थियों के जीवन में अवतरित कराने की कलागुरु की आकांक्षा ही, विभिन्न कला-शैलियों का आविर्भाव और विकास करती है और उनका प्रकाश फैलाती है। हम जानते हैं कि ऐसे ही भिन्न २ कला-गुरुओं द्वारा चित्र, शिल्प, नृत्य, नाट्य और साहित्य की भिन्न-भिन्न शैलियां जनमीं, पनपीं और प्रचार पाई हैं। इसी प्रकार संगीत के कलागुरु व्यक्तिगत तपश्चर्या द्वारा जो सिद्धि प्राप्त करते हैं, समष्टि उसे सुनती है, अपनाती है और इस प्रकार एक विशेष परिष्कृत कला का आदर्श जगत् के उपस्थित होता है।

यूरोप में भी ऐसे ही महान् संगीत कलाकारों—बीथोवन, वेगनर, मोज़ार्ट, शोपेन, बाख आदि कला-गुरुओं की भिन्न-भिन्न परंपराओं ने पाश्चात्य संगीत जगत् को विपुल समृद्धि प्रदान की है। उसी प्रकार भारत में भी ऐसे ही कला-गुरुओं द्वारा भिन्न-भिन्न कला-शैलियों का जो विकास हुआ है, उसका हार्दिक स्वागत होना चाहिये, इस विविधता को मिटाने की भावना निर्मूल होनी चाहिये, इन शैलियों के स्वतन्त्र विकास के अवरोधों का नाश होना चाहिए और कला-क्षेत्र में शिक्षा-शैलियों की खिचड़ी पकाने की कल्पना से हमें विरत होना चाहिए।

आत्मा को उन्नत करने वाली, मन को स्थिर बनाने वाली महान् कला को मुक्त भाव से विकसित होने दिया जाए, उसे स्वतन्त्र रूप से पनपने दिया जाए, फूलने दिया जाए, फलने दिया जाए। कला बंधे हुए बांध का तालाब नहीं है, यह सतत प्रवाहित सहस्र-धारा की प्रयस्विनी है। इसे बांधने की मनीषा रखने वालों का ध्यान 'सहस्रवर्त्मा सामवेदः' इस ऋषि वचन की ओर आकर्षित हो। इस वचन से स्पष्ट है कि जैसे सामवेद की सहस्र शैलियां थीं, वैसे ही सभी कलाओं में विविधता से ही उनके विकास का दर्शन होता है। उस विविधता से विमुक्त होना उनके ह्रास को न्योता देना है।

दृष्टि के लिए दृश्य, घ्राण के लिए गन्ध और रसनेन्द्रिय के लिए रस की विविधता जिस प्रकार तन, मन और जीवन के लिये नितान्त आवश्यक है, उसी प्रकार कर्ण के लिए संगीत का वैविध्य भी उतना ही आवश्यक है। इस दृष्टि से यह दुराग्रह अनावश्यक है कि संगीत की एक ही शैली हो, उसकी सारी प्रक्रियाओं में एकता हो, शिक्षण में सभी शैलियों का सामंजस्य हो। जगत् के स्रष्टा ने भी "एकोऽहं बहु स्याम्" इस प्रकार एक से अनेक होने की कामना से ही 'एक' से बहुत्व का विकास किया है। इस शाश्वत सत्य को समझ कर इस संस्था का प्रथम दशक पूर्ण होने के शुभ अवसर पर मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि संगीत की विभिन्न शैलियों में जो विपुल प्राण और बहुत्व समाया हुआ है, उसकी रक्षा हो और उसके विकास के अवरोध समूल नष्ट हों।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इस संस्था द्वारा जिस नूतन शैली का आविर्भाव हुआ है, उसे पनपने का, विकास करने का, समृद्ध बनने का पूर्ण अवकाश मिले, यही भगवान् से प्रार्थना करता हूँ। यहाँ बोया हुआ बीज भारतीय संगीत का अक्षय-वट बने, यही मंगल-कामना है।

इस दशाब्दी-पूर्ति-पर्व के अवसर पर चि० डॉ० प्रेमलता शर्मा के पुरुषार्थमय अनुरोध से इस 'नाद-रूप' का, संगीत-ललित-कला संबन्धी इस पत्रिका का जन्म हो रहा है। मध्ययुग से अब तक संगीत जगत् के कई प्राण-प्रश्न उलझे हुए हैं। उन्हें सुलझाना नितान्त आवश्यक है; उस परम कर्तव्य की ओर अब विमुख रहना सर्वथा अनुचित होगा। सत्य के पक्षपाती विद्वज्जन इस पत्रिका द्वारा, तपस्या से सुलझे हुए अपने विचारों का प्रकाशन करेंगे, ऐसी मैं आशा करता हूँ। यह पत्रिका इस क्षेत्र में आलोक-स्तम्भ का रूप धारण करेगी इस विश्वास के साथ प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि इसके प्रकाशन में—जो शूल हों वे फूल हों औ', विघ्न सब निर्मूल हों।

१६—११—६०

ओम्कारनाथ ठाकुर



हरिहर—ज० मु० अहिवासी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संगीत से आरोग्य की वृद्धि

(वेदमूर्त्ति पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर)

बंबई में एक वकील थे, जिनका नाम श्री० माननीय विश्वनाथ नारायण मंडलीक था। वे भारत की अंग्रेज सरकार के कौन्सीलर थे। उनको किसी कारण निन्द्रानाश हो गया, दो तीन महीने उनको निद्रा नहीं आयी। इस कारण वे बेचैन से हो गये थे।

ऐसी अवस्था में उनके पास मैसूर से एक सामवेदी ब्राह्मण आया। और उस वेदपाठी ब्राह्मण ने श्री मंडलीकजी से कहा—

'महाराज ! मैं सामवेदी ब्राह्मण हूँ, कुछ दक्षिणा देने की कृपा कीजिये।'

श्री मंडलीकजी ने उत्तर दिया—'क्या करना है तुम्हारे वेदपाठ से ! मुझे तीन महीने से नींद नहीं है, बेचैनी बढ़ रही है। तुम्हारे पास वेद में कुछ उपाय है ? तो वह उपाय करो, फिर दक्षिणा का विचार करूँगा।'

सामवेदी ब्राह्मण ने तत्काल उत्तर दिया—'महाराज ! मेरे सामगायन से आपको आज ही अच्छी नींद आ जायगी। मैं सामगायन यहाँ बैठ के करता हूँ। आप स्नान करके अपने बिस्तर पर सो जाइये और सोते-सोते मेरा सामगायन सुनिये। आप को अच्छी नींद आ जायगी।'

यह सुनते ही स्नान करके श्री मंडलीकजी अपने बिस्तर पर सो गये और उनके पलंग के साथ महिसूरी पंडित का 'सामगायन' शुरू हुआ। सोते-सोते श्री मंडलीकजी सामगायन सुनते रहे। इस तरह आधा घंटा व्यतीत हुआ और श्री मंडलीकजी को जो नींद आयी, तो वे ३ घंटे तक अच्छी तरह आराम से सोते रहे।

सामवेदी ब्राह्मण वहीं बैठा रहा, सामगायन गाता भी रहा। निद्रा लगने के पश्चात् भी आधा घण्टा वह गाता रहा।

इससे श्री मंडलीकजी को वेदगायन पर उत्तम श्रद्धा बैठ गयी और उस ब्राह्मण का सत्कार करने के लिये उन्होंने ३००) तीन सौ रुपयों की दक्षिणा और उसको अच्छा प्रशंसा-पत्र भी दिया।

सामगायन का ऐसा प्रभाव है। आजकल के प्रयोगों से यह सिद्ध हुआ है, कि गोशाला में गौ के दोहन के समय में गायन किया जाय, तो गौ अधिक दूध देती है। धान्य के बीज बोये जायं और खेत में गायन के प्लेट लगाने से जो गायन के स्वर खेत पर असर करते हैं, उससे खेत में अधिक धान्य पिकता है।

हिंदूधर्म में देवपूजा घर-घर में की जाती है, उसमें 'नृत्यं गायनं वादनं' देवता को समर्पण करते हैं। आजकल लोग 'पानी छोड़ते हैं।' पर सचमुच प्रतिदिन प्रातःकाल और सायंकाल पूजा में 'गायन' होता रहेगा और घर के लोग उसको सुनेंगे, तो घर के लोगों को आरोग्य प्राप्त होगा।

गायन से मन शान्त होता है, हृदय का आरोग्य बढ़ता है, मस्तिष्क में समता और शान्ति बढ़ती है तथा नीरोगिता स्थायी रहने में सहायता मिलती है।

मेरा विश्वास यह है कि जहाँ रोगी रहते हैं, उन दवाखानों में मधुर गायन के प्लेट्स लगा दिये जायं, और रोगी उन गायनों को सुनेंगे तो उनका रोग शीघ्र दूर होकर उनको जल्दी आरोग्य प्राप्त होगा। जिनके हाथ में ऐसा करने का सामर्थ्य है वे यह उपाय अवश्य करें।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

MUSIC

(DR. SIR C. P. RAMASWAMY AIYAR)

"All Art constantly aspires towards the condition of Music". The statement of Walter Peter embodies the essential import and significance of the art. It is the universal language and depends on no visible representation or symbol. Its appeal is to the inner and eternal aspirations of humanity.

The Indian tradition claims that music is the pathway to all the aims of life, (all the Puruṣārthas) and asserts that it is the easiest and quickest mode of realisation of the Supreme and equates it with Brahma Jñāna.

The Rudra Vīṇā (adapted for man's voice) and the Sarasvatī or Mātangī Vīṇā (for the woman's), the ḍamaru of Naṭarāja, the mṛdanga of Viṣṇu, the flute of Kṛṣṇa, the dance of the Gopīs, the song of Rāmā or Mahālakṣmī and the Vedic chant of Brahmā are associated with the High Powers of the Universe functioning through harmony. The famous devotees, Nārada and Viśvāvasu represented the union of fervent faith with musical expression. Ardhanārīśvara was both the prefiguration and the perfected union and the culmination of all harmonies Five of the seven svaras are said to have emanated from Mahādeva as Pañcānana and the Ṣaḍja and Pañcama from Pārvatī. It is in the line of this tradition that Śrī Tyāgarāja in his memorable song asserts that the Trimūrti aspect of divinity was the product of the Upāsanā of Nāda (the worship of the sempiternal harmony) and the description of Śiva as Nādatanu (garbed in sound) is one of the formative world ideas.

The sancāra of each Rāga has thus 2 sets of limits, namely, the upper and lower ends of the Moorchana and the beginning and end of the Krama Sancāra. This beautiful concept of 'moorchana' with its cognate concept of 'Krama' has been practically killed by the new interpretation started by the earliest of our modern educated musicologist, the late Sri Śourindra Mohana Tagore who has given new-tangled interpretations to Grāma and Moorchana based on the tempered scale. This interpretation is not warranted by our texts. The concept according to the new interpretation serves no purpose in the structure of rāga but is only a bit of pedantry to be put in the show case of musicologists. The concept which is said to be the bed rock on which Rāgas are built has thus been reduced to a useless pedantry. It is unfortunate that this new interpretation which has laid the axe to the root of Shastraic musicology has been adopted by all later musicologists of the north and latterly by some of those in the South also. The sooner the concept of moorchana comes to its own, the better for our theory of music.



'Drummer' J. M. Ahivasi

गीत

प्यारे गा ले स्वर अपना।
सुन सुन कर सूना मत बन अब, अपनी कछुक सुना॥
गुंजन अथवा गर्जन जो हो, तुमको है करना।
आह वाह की आड़ भेद, तप स्वर-लय का तपना॥
'भावरंग' की मस्ती में निज, मन को मस्त बना।
अपने ही स्वर के दर्पण में, दर्शन कर अपना॥

गायनवादनाचार्य पं० बलवन्तराय भट्ट 'भावरंग'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भरत का स्वर-सिद्धान्त

संगीत-मार्तण्ड पण्डित ओंकारनाथजी ठाकुर

स्वर-सिद्धान्त सनातन है, उसमें परिवर्तन की त्रिकाल में भी संभावना नहीं है। वह शाश्वत है, नित्य है, चाहे वह भरत-प्रतिपादित हो अथवा पायथागोरस या हेल्महोल्स-कथित हो,—चाहे भरत की भाषा में नव-त्रयोदश-श्रुत्यन्तर का संवाद कहें, अथवा पायथागोरस के अनुसार गणित-मूल्य से $\frac{8}{9}$, $\frac{9}{8}$ द्वारा उन संवादी अन्तरालों का निदर्शन करें।

भारतीय संगीत के आदिम आचार्य भरत द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त आज भी किस प्रकार अखण्ड रूप से हमारे संगीत के क्रिया-पक्ष में यानी व्यवहार में ओतप्रोत हैं, उनकी परम वैज्ञानिकता आज भी किस प्रकार असन्दिग्ध है, यही प्रस्तुत लेख का विषय है।

भारतीय संगीत के जो-जो ग्रन्थकार स्वर और श्रुति के मूल्यों को समझने में असमर्थ रहे हैं, जो अपने ग्रन्थों में वीणा पर स्वर, श्रुति, ग्राम को यथायथ रूप से स्थापित नहीं कर सके हैं, एवं इन विषयों की प्रत्यक्ष सिद्धि जिन्हें उपलब्ध नहीं हुई है, उनके ग्रन्थों के आधार पर अधुना जो-जो लेख लिखे जा रहे हैं, जो-जो प्रकाशन हो रहे हैं, उनसे संगीत के विद्यार्थियों में तथा अन्य जनता में विभिन्न प्रकार की भ्रान्तियां फैल रही हैं। ये भ्रान्तियां जान-बूझ कर फैलाई जा रही हैं, ऐसा कहने का यहां आशय नहीं है, किन्तु स्वर, श्रुति, ग्राम जैसे सूक्ष्मतर स्वर-सिद्धान्त की स्वानुभूति प्राप्त किये बिना ही, वीणा पर उनका यथायथ स्थान समझे बिना ही, वीणा की किन-किन सारिकाओं में कितने श्रुत्यन्तर हैं, इस की प्रत्यक्ष क्रियानुभूति प्राप्त किए बिना ही उन विषयों पर लेख लिखे जाते हैं, उनका प्रकाशन होता है और इस प्रकार लेखक-प्रकाशक दोनों ही अनेक भ्रान्तियों को जन्म देते हैं। फलतः, मध्ययुग से जन्म पाई हुई जो भ्रान्ति-परम्परा चली आ रही है वह खण्डित होने के बजाय पुष्ट होती है और कोमलमति विद्यार्थियों और विचारकों में बुद्धि-भेद उपजाती है।

भरतोक्त सनातन स्वर-सिद्धान्त को यथायथ समझने के लिए सूक्ष्म श्रुति-ज्ञान और अभ्यस्त कान की आवश्यकता है। कर्णप्रत्यय के साथ-साथ दृक्-प्रत्यय से इस स्वर-सिद्धान्त को सिद्ध करने के लिए वीणा ही एकमात्र आधार है, क्योंकि सूक्ष्म श्रुत्यन्तर, स्वरान्तर, संवादान्तर, विवादान्तर, अनुवादान्तर को वीणा पर ही प्रत्यक्षीभूत कर सकते हैं।

वर्तमान काल में प्रचलित वीणाओं के दो प्रकार हैं—एक में वाज का तार (मुख्य तन्त्री) वीणा के दक्षिण भाग में रहता है और दूसरे में वाम भाग में। इनमें से प्रथम प्रकार की वीणा पर क्रमशः जो तार बंधे रहते हैं, उनका विवरण रामामात्यादिक ग्रन्थकारों ने निम्नोक्त रूप से दिया है:—

वीणायामुपरिस्थाने चतस्री लोहतन्त्रिकाः। बध्नीयात्पार्श्वतस्तिस्रोऽधस्ताद्दक्षिणभागतः॥
सप्तस्वेतासु तन्त्रीसु वक्ष्यामः स्वरयोजनम्। तत्रोपरिस्थितानां तु वामे चतसृणामपि॥
आद्यायां स्थापयेत्षड्जमनुमन्द्राभिधानकम्। अनुमन्द्रं पञ्चमं तु द्वितीयायां निवेशयेत्॥
तृतीयायां तन्त्रिकायां मन्द्रषड्जं प्रयोजयेत्। कल्पयेच्च स्वरं तन्त्र्यां चतुर्थ्यां मन्द्रमध्यमम्॥

(स्व० मे० क० वीणा प्रकरण २०–२३)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस उद्धृत वचन के अनुसार वीणा की मुख्य चार तन्त्रियों को निम्नलिखित रूप से मिलाया जाता है। इस वचन के अनुसार तन्त्रियों की क्रम-संख्या वीणा के वाम-भाग से आरम्भ होती है, किन्तु वाज का तार वीणा के दक्षिण भाग में स्थित है। यथा :—

वीणा का दक्षिण भाग		वीणा का वाम भाग	
४	३	२	१
चतुर्थ तन्त्री	तृतीय तन्त्री	द्वितीय तन्त्री	प्रथम तन्त्री
मन्द्र मध्यम	मन्द्र षड्ज	अनुमन्द्र पञ्चम	अनुमन्द्र षड्ज

इन चार मुख्य तन्त्रियों के अतिरिक्त वीणा के दक्षिण भाग में नीचे की ओर तीन छोटी तन्त्रियाँ (चिकारियाँ) बंधी रहती हैं, जिनका वीणा के स्वर-स्थानों (सारिकाओं) से कोई सम्बन्ध नहीं होता। इसीलिए यहाँ उनका विवरण अनावश्यक है। ध्यान रहे कि जिन वीणाओं में वादन-क्रिया वीणा के दक्षिण भाग में होती है, उनमें से दक्षिण भारत की रुद्रवीणा तथा भारत के अन्य प्रदेशों की ब्रह्मवीणा* या 'वीन' विशेष प्रचार में हैं।

किन्नरी वीणा (सितार), कच्छपी वीणा (कछवा) तथा सुरबहार जैसी अन्य वीणाएं जो आज दक्षिण को छोड़ कर पूरे भारत में प्रचलित हैं, उनमें वाज का तार वीणा के वाम भाग में रहता है, और उन पर तार मिलाने का क्रम निम्नोक्त है :—

वीणा का दक्षिण भाग			वीणा का वाम भाग	
५	४	३	२	१
पञ्चम तन्त्री	चतुर्थ तन्त्री	तृतीय तन्त्री	द्वितीय तन्त्री	प्रथम तन्त्री
अनुमन्द्र षड्ज	अनुमन्द्र पञ्चम	मन्द्र षड्ज	मन्द्र षड्ज	मन्द्र मध्यम

ऊपर दिए हुए दोनों क्रमों को देखने से ज्ञात होगा कि दोनों में केवल दाएं-बाएं का ही मुख्य भेद है। प्रथम क्रम में वीणा के दक्षिण भाग में प्रथम तन्त्री (वाज का तार) मध्यम में मिलाई जाती है और दूसरे क्रम में वीणा के वाम भाग से प्रथम तन्त्री (वाज का तार) मन्द्र मध्यम में मिलाई जाती है। इस दाएं-बाएं की भिन्नता के अतिरिक्त यह भी ध्यान रहे कि सितार आदि में मन्द्र षड्ज के दो तार रहते हैं, जिन्हें जोड़ के तार (युग्म) कहते हैं और इस प्रकार उन वीणाओं में मुख्य तन्त्रियाँ चार के स्थान पर पांच हो जाती हैं। इसलिए चिकारियाँ तीन के स्थान पर दो रह जाती हैं।

वीणा पर तार मिलाने की यह परंपरागत प्रथा सदियों से अक्षुण्ण रूप से चली आ रही है। दक्षिण भारत के ग्रन्थों में तथा भारत के अन्य सभी प्रदेशों में प्रचलित वादन क्रिया में वाज का तार मन्द्र मध्यम में ही मिलाने का विधान† और प्रचार है। परंपरानुसार उसे मन्द्र मध्यम मान कर चलने से ही निम्नलिखित शास्त्रीय सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं :—

---

*एकतन्त्री वीणा को भी 'ब्रह्मवीणा' कहने की प्रथा कहीं २ मिलती है। कोई २ लोग उपर्युक्त 'वीन' को 'रुद्रवीणा' कहते हैं और दाक्षिणात्य वीणा को 'सरस्वती वीणा' कहते हैं। जो भी हो, यहाँ 'ब्रह्मवीणा' से हमारा तात्पर्य 'वीन' से ही है।

† दक्षिण भारत में अधुना इस ग्रन्थस्थ विधान का पालन नहीं होता, क्योंकि वाज के तार को वे मन्द्र मध्यम न मान कर मध्य षड्ज मानते हैं और तदनुसार वादन करते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१. वीणा के बिल्कुल मध्य स्थान में मध्य सप्तक के मध्यम की प्राप्ति होती है और उसकी 'मध्यम' संज्ञा दो प्रकार से सार्थक होती हैं अर्थात् वीणा के 'मध्यस्थान' में स्थित मध्यम एक ओर तो वीणा का 'मध्यम' स्वर है और दूसरी ओर वह 'मध्य सप्तक' के मध्य में यानी 'सारिग' तथा 'पधनि' के मध्य में स्थित होने से 'मध्यम' है।

२. बाज के तार को मध्यम मानने से ही मेरु से दूसरा पर्दा पञ्चम कहलाएगा और वहीं पर (मेरु से) तीन श्रुतियाँ छोड़ कर चतुर्थ श्रुति पर भरत के वास्तविक षड्जग्राम के षड्ज की उपलब्धि होगी और 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी'* यह भरत वचन सार्थक होगा।

३. बाज के तार को मध्यम मानने से षड्जग्राम की जो यथायथ उपलब्धि होती है, उसी के आधार पर, षड्जग्राम के पञ्चम से मध्यमग्राम की यथार्थ उपलब्धि हो जाती है और 'मध्यमग्राम स्वर्ग में जा चुका है'—इस भ्रान्ति का निराकरण होता है।

४. षड्जग्राम का उपर्युक्त स्थान सिद्ध होने के बाद उसी षड्जग्राम के मध्यम को 'सर्वस्वराणां प्रवरः' का स्थान और अविनाशित्व प्राप्त होता है। हम जानते हैं किसी भी स्वर को अविनाशित्व तभी प्राप्त हो सकता है जब उसे षड्ज का स्थान दिया जाए और यह सत्य है कि कर्णाटक को छोड़कर भारत के अन्य सभी भागों के हिन्दू-मुस्लिम कलाकार परापूर्व से आज तक उसी षड्जग्रामिक अविनाशी मध्यम को ही षड्ज मानकर क्रिया में व्यवहृत करते आए हैं।

५. उसी षड्जग्रामिक मध्यम को षड्ज मानने से प्राकृतिक शुद्ध स्वरों की प्राप्ति होती है और इस भ्रान्ति का उन्मूलन होता है कि भारतीय संगीत पर किसी अभारतीय संगीत-पद्धति का प्रभाव है।

६. मन्द्रषड्ज का तार जो वीणा पर बाज के तार के पास ही मिला रहता है, उस तार के नाद के साथ मध्य सप्तक के षड्ज की एक-रूपता उसी स्थान पर स्थापित होती है जहाँ हम दक्षिणेतर भारत के कलाकार आज षड्ज मानते हैं, अर्थात् बाज के तार को मन्द्र मध्यम मानने से जहाँ मध्य षड्ज का स्थान आता है, वही स्थान वीणा के मन्द्र षड्ज के तार के साथ सप्तकान्तरयुक्त एकता स्थापित करता है।

७. बाज के उसी एक ही तार के नीचे तीन स्थानों की प्राप्ति भी तभी संभव होती है, जब उसे मन्द्र मध्यम माना जाए। मन्द्र मध्यम से मन्द्र निषाद तक मन्द्र स्थान, मध्य षड्ज से मध्य निषाद तक मध्य स्थान तथा तार षड्ज से तार मध्यम तक तार स्थान—यों तीनों स्थान बाज के तार के नीचे प्राप्त हो जाते हैं।

एक तार के नीचे वास्तव में केवल दो सप्तकों की ही सुविधा से वादन-क्रिया संभव है। इसलिए बाज के तार को मध्यम मानकर चलने से आधा मन्द्र सप्तक, पूरा मध्य सप्तक तथा आधा तार सप्तक—यों तीनों स्थान वीणा पर प्राप्त होते हैं।

बाज के तार को मन्द्र मध्यम मानने से मन्द्र, मन्द्रतर तथा मन्द्रतम स्थान में वादन-क्रिया करने के लिए अन्य तारों पर अवकाश रहता है और उधर तार सप्तक में मध्यम के पर्दे पर तार खींच कर 'तार' स्थान के स्वर प्राप्त किये जा सकते हैं और क्रियाकुशल गुणियों द्वारा आज वही किया जाता है। इस प्रकार बाज के तार के नीचे दो सप्तकों के पर्दों में ही तीनों स्थान प्राप्त हो जाते हैं। किन्तु उस तार को मन्द्र षड्ज मान लेने से केवल मन्द्र तथा

---

*इसी लेख में कुछ आगे चलकर इस विषय की अधिक स्पष्टता की जाएगी।

†'सप्तक' की दृष्टि से ऊपर तीनों स्थान दिखाए गए हैं। अष्टक की दृष्टि से षड्ज अष्टक का पूरक तथा सप्तक का आरम्भक—दोनों स्थान पाता है। अतः अष्टक के अनुसार मन्द्र मध्यम से मध्य षड्ज तक, मध्य षड्ज से तार षड्ज तक तथा तार षड्ज से तार मध्यम तक—यों तीनों स्थान बाज के तार पर प्राप्त होते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मध्य स्थान प्राप्त होंगे, 'तार' स्थान के लिए कोई अवकाश ही नहीं रहेगा। 'तार' स्थान के लिए दो सप्तकों के आगे यदि पर्दे बांधने का बलात् प्रयत्न किया भी जाए जैसा कि कुछ लोग करने को कहते हैं, तो उन पर्दों का परस्पर अवकाश इतना संकीर्ण होगा कि उन पर वादन-क्रिया असम्भव होगी। अतः जो लोग ऐसा कहते हैं कि वीणा का मध्यस्थान ही मध्यसप्तक का आरम्भ स्थान है, वे स्वयं भरत के स्वर-सिद्धान्त को यथायथ रूप से समझने में असमर्थ रहे हैं और केवल भ्रमजाल की वृद्धि करते हैं।

आजकल कुछ लोग यह कहकर भी पाठकों को उलझाते हैं कि प्राचीन वीणा प्रायः डेढ़ गज़ लम्बी होती थी; इसलिए उसपर एक ही तार के नीचे पूरे तीन सप्तकों की प्राप्ति होती थी। यह कथन कितना भ्रान्त और असंगत है, यह निम्नोक्त वक्तव्य से स्पष्ट होगा।

प्रत्यक्ष क्रियाकुशल गुणी और वीणा बनाने वाले अपठित कारीगर तक यह बात जानते हैं कि मेरु से घुड़च तक तार की जितनी लम्बाई हो, उसके बराबर मध्य में, मुक्त तार पर निनादित स्वर का दुगना स्वर गुञ्जित होता है। इस प्रकार वीणा का तार चाहे सौ इंच, पचास इंच, या पचीस इंच लंबा रखें, मुक्त तार का दुगना नाद उसके ठीक बीचों-बीच आयेगा और वीणा चाहे कितनी ही लम्बी क्यों न हो,* उसके मध्यस्थान के बाद एक ही सप्तक का सौकर्य से वादन हो सकता है। इस एक सप्तक के पर्दों के बाद शेष स्थान में बजाने के लिए, नखी के प्रहार के लिए तार का उतना-सा अवकाश रखना ही पड़ेगा; नहीं तो वीणा सानुरणन निनादित नहीं होगी। इसमें वीणा की लंबाई, चौड़ाई से कोई अन्तर नहीं पड़ता, नहीं ही पड़ेगा। जो लोग प्राचीन वीणाओं के नाम पर ऐसे वाद्यों की चर्चा करते हैं जो आज प्रचार में तो क्या, कहीं देखने को भी जिनका मिलना असंभव है; और फिर यह कहते हैं कि वीणा की लंबाई बढ़ाकर एक ही तार के नीचे तीन सप्तकों की स्थापना की जा सकती है या की जानी चाहिये, वे न तो स्वर-सिद्धान्त को समझे हैं और न ही वीणा पर स्वर-स्थापन-विधि को समझे हैं। फिर भी ऐसी भ्रान्त धारणाओं के लेख लिखे जाते हैं और प्रकाशित होते रहते हैं, यह चिन्तनीय है।

वास्तव में वीणा का मध्य सप्तक वहीं से आरंभ होता है जहां आज का हमारा मध्य षड्ज है। यही मतंग का 'मध्य सप्तक' है, जिसके लिये उन्होंने कहा है—'मध्यसप्तकेन मूर्च्छना-निर्देशः-कार्यः' और यही भरत का 'मध्यम' स्वर है जिसके लिये उन्होंने कहा है—"मध्यमस्वरेण वैणेन मूर्च्छनानिर्देशः कार्यः, अविनाशित्वान्मध्यमस्य"।

रामामात्यादि ग्रन्थकार जिन्होंने वीणा पर भरतोक्त षड्जग्राम के स्वरों को स्थापना का यत्न किया है, वे यदि बाज के मुक्त तार को मध्यम ही मानकर चलते और मेरु से दूसरे पर्दे से अर्थात् मन्द्र पञ्चम से षड्जग्राम का आरंभ करते तो षड्जग्राम का ४–३–२–४–४–३–२ वाला श्रुतिक्रम उन्हें अविकल रूप से प्राप्त हो जाता और 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' यह भरत-वचन भी सार्थक हो जाता। किन्तु उन ग्रन्थकारों ने परंपरानुसार बाज के तार को मध्यम में मिलाने को कहकर भी षड्जग्राम की स्थापना मन्द्र षड्ज के ही तार से आरंभ की और फलतः बाज के तार को षड्जग्रामिक स्वर सप्तक का मध्यम मान लिया। इस प्रकार की 'स्वर-स्थापना' से कितनी घोर अव्यवस्था की सृष्टि हुई, यह अभी नीचे स्पष्ट किया जायगा। अस्तु।

आजकल वीणा पर षड्जग्राम की स्थापना के बारे में दो भ्रान्तियां विशेष रूप से प्रचार पा रही हैं। यथा :—

(१) कुछ लोग रामामात्यादि का अनुसरण करते हुए वीणा के मुक्त तार को षड्ज मानकर उसी के नीचे परंपरा-प्राप्त पर्दों पर क्रमशः षड्जग्राम के स्वरों की स्थापना का असफल यत्न करते हैं। वहीं से षड्जग्रामिक स्वर

* यह ध्यान रहे कि वीणा की लम्बाई भी वादन-सौकर्य की मर्यादा के भीतर ही बढ़ाई जा सकती है। चाहे जितनी लम्बी वीणा मनुष्य के वादन-योग्य नहीं हो सकती।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



	वीणा का दक्षिण भाग						वीणा का वाम भाग			
सारी संख्या	वास्तविक श्रुत्यन्तर	तन्त्री ४ पर स्वरस्थान	कल्पित श्रुत्यन्तर	तन्त्री ३ पर स्वरस्थान	कल्पित श्रुत्यन्तर	तन्त्री २ पर स्वरस्थान	कल्पित श्रुत्यन्तर	तन्त्री १ पर स्वरस्थान	कल्पित श्रुत्यन्तर
मेरू	०	मं. म.	(?)	मं. ष.	(?)	अ.मं. पं	(१)	अ. मं ष.	(?)
१	२	च्यु. पं.म.	२	शु. ऋ.	३	शु. धै.	३	शु. ऋ.	३
२	२	शु. पं.	२	शु. गां.	२	शु. नि.	२	शु. गां	२
३	२	शु. धै.	३	सा. गां	१	कै. नि.	१	सा. गां.	१
४	१	शु. नि.	२	च्यु.म.गां	१	च्यु.प.नि	१	च्यु.म.गां.	१
५	२	कै. नि.	१	शु. म.	२	शु. ष.	२	शु. म.	२
६	२	च्यु.प.नि.	१	च्यु.पं.म.	२	शु. ऋ.	३	च्यु. पं. म.	२

टिप्पणी—सुविधा के लिए वीणा के वाम भाग में ही दक्षिण तथा वाम दोनों भागों की तन्त्रियाँ दिखा दी गई हैं। वास्तव में दाक्षिणात्य रुद्रवीणा के दक्षिण भाग में ही वाज का तार रहता है।

सांकेतिक स्वर-नामों का स्पष्टीकरण इस प्रकार है:—

मं. = मन्द्र, अ. मं. = अनुमन्द्र, म. = मध्यम, पं. = पञ्चम, शु. = शुद्ध च्यु. पं. म. = च्युत पञ्चम मध्यम, धै. = धैवत, कै. नि. = कैशिक-निषाद, च्यु. ष. नि. = च्युत षड्ज निषाद, ऋ. = ऋषभ, गां = गान्धार सा. गां = साधारण गान्धार, च्यु. म. गां. = च्युत मध्यम गान्धार।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्राप्त हो सकते हैं, इस भ्रान्ति के जन्मदाता रामामात्यने रुद्रवीणा के पर्दों पर षड्जग्रामिक श्रुत्यन्तरों की जो कल्पना की है, वह संलग्न चित्र में प्रस्तुत है।

उनके इन कल्पित श्रुत्यन्तरों में कितनी अव्यवस्था है, यह एक ही उदाहरण से स्पष्ट हो जाएगा। मध्यम के तार के नीचे मेरु से दूसरे पर्दे पर पञ्चम की स्थापना उन्होंने की है, जो यथार्थ है। हम जानते हैं कि मध्यम-पञ्चम का चतुःश्रुतिक अन्तराल त्रिकालसिद्ध है, जो उन्हें भी मान्य है। इसलिए मेरु और दूसरे पर्दे का अन्तराल उक्त ग्रन्थकारों की स्वर-स्थापना के अनुसार भी चतुःश्रुतिक ही मानना होगा। किन्तु मन्द्र षड्ज के तार के नीचे उन्होंने उसी दूसरे पर्दे पर 'शुद्ध' (षड्जग्रामिक) गान्धार की स्थापना की है जो किसी प्रकार भी यथार्थ नहीं है, क्योंकि षड्ज से षड्जग्रामिक गान्धार का अन्तराल पञ्चश्रुतिक है। इस प्रकार एक ही पर्दे पर दो तारों के नीचे भिन्न २ श्रुत्यन्तरों की कल्पना कितनी असंगत, असंभव और अवैज्ञानिक है, यह कहने की आवश्यकता नहीं है।

(२) जो दूसरी भ्रान्ति कुछ असमंजस एवं अनधिकारी लेखकों द्वारा फैलाई जा रही है, वह यह है। वे कहते हैं कि मध्ययुग से पर्दे बाँधने का क्रम बदल गया है और इसीलिए आज मेरु पर मुक्त तार को षड्ज मानने से वीणा की सारिकाओं पर षड्जग्रामिक श्रुत्यन्तर-क्रम की उपलब्धि नहीं होती। किन्तु उनके कथनानुसार प्राचीन काल में वीणा पर इस प्रकार पर्दे बांधे जाते थे कि मुक्त तार को षड्ज मानने से षड्जग्राम का श्रुत्यन्तर-क्रम प्राप्त हो जाता था और सारिका-स्थापन की उसी प्रणाली को अपनाने से आज भी वह उपलब्धि हो सकती है। उनकी यह कल्पना क्रियागत रूप से अग्राह्य, सैद्धान्तिक रूप से निराधार एवं परंपरा की दृष्टि से त्याज्य है, क्योंकि :—

(क) यह कहना नितान्त असत्य है कि अधुना प्रचलित पर्दे बांधने की प्रक्रिया किसी परिवर्तन का परिणाम है। यह कहना भी सत्य का अतिक्रमण है कि इस प्रक्रिया पर ईरानी मुक़ाम पद्धति का प्रभाव है।

(ख) विश्व भर में प्राकृतिक स्वर-संवाद के अनुसार जहाँ भी जिस किसी वाद्य पर पर्दे बांधे जाएंगे, उनमें यही प्रक्रिया रहेगी जो आज हमें परंपराप्राप्त है।

(ग) पर्दे बांधने की जो संवाद-सिद्ध परंपरा सदियों से चली आ रही है, उसमें पर्दे और तार मिलाने का पूर्ण सामंजस्य है। वादन-सौकर्य के लिए वही सुविधाजनक है। षड्जग्राम, मध्यमग्राम तथा प्राकृतिक स्वरावलि की सहज उपलब्धि का वही माध्यम है। ऐसी समंजस, सर्वसुलभ, और विशुद्ध परंपरा का परित्याग केवल उनके कहने से कैसे किया जाए ? क्यों किया जाए ? हिन्दू-मुस्लिम कलाकारों को कैसे और क्यों कहा जाए कि वे परंपराप्राप्त सत्यमार्ग का अवलंबन त्याग दें ? क्योंकि वे जानते हैं कि उस सहजसाध्य और स्वरसिद्धान्तानुकूल प्रणाली का परित्याग करने से वीणा बेसुरी हो जाएगी और उस बेसुरी, विसंवादी वीणा का वादन भला किसे स्वीकार होगा ? कौन उसे सुनेगा ? अपनी नई परंपरा चलाने के मोह से मूर्छित जनों द्वारा फैलाई जाने वाली ऐसी भ्रान्तियों से सर्वदा और सर्वथा दूर रहना ही श्रेयस्कर है।

(घ) स्वर—संवाद गणित की भाँति अपरिवर्तनीय और अटल है। ऊपर लिखे कारणों के अतिरिक्त, इस सत्य को देखते हुए भी हमें यह दृढ़ता से मानना होगा कि पर्दे बाँधने की जो संवादसिद्ध प्रणाली आज तक चली आई है, या तो वही सत्य है और उसके पूर्व जिस प्रणाली का प्रचार बताया जाता है, वह भ्रान्त है और या फिर जो परंपरा अब तक व्यवहृत होती आई है, वह भ्रान्त है और पूर्व वाली सत्य है। दोनों परंपराएं यदि भिन्न रही हों तो दोनों एक साथ तो सत्य नहीं ही हो सकतीं।

इन सब बातों का निष्कर्ष यही है कि भारत के सभी कलाकार जिस परंपरा के अनुयायी हैं, वही सिद्धान्ततः सत्य, शिव और पूर्ण है; अन्य सब प्रचारित कल्पनाएं भ्रान्त वाग्जाल है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वीणा पर स्वर-स्थापन- संबन्धी ऊपर लिखा शाश्वत सत्य भरत के वचनों—'पंचमेन शुद्धषाड्जी'-'सर्वस्वराणां प्रवरो हि अविनाशी तु मध्यमः'—'मध्यम-स्वरेण वैणेन मूर्च्छनानिर्देशः कार्योऽविनाशित्वान्मध्यमस्य' आदि से भी पूर्णतया सिद्ध होता है। किन्तु जो अनुसन्धानकर्ता भरत के इन वचनों को समझे बिना ही केवल 'संगीत रत्नाकर' अथवा उनके परवर्ती मध्ययुगीय ग्रन्थकारों के लेखन द्वारा ग्रन्थियों को सुलझाने का यत्न करते हैं, वे उन-उन ग्रन्थों में निहित अनेकों उलझनों में से विरले ही मुक्त रह पाते हैं। दूसरी ओर जो लोग आधुनिक प्रकाशनों में से, इधर-उधर से सत्य-सिद्धान्त के कुछ बिखरे हुए अंश उठाकर Musicologists में अपनी गणना कराते हैं, वे उन सिद्धान्तों के पचन के अभाव में कुछ ऐसे असमंजस रूप में इन विषयों का लेखन और प्रकाशन करते हैं कि उन लेखनों-प्रकाशनों के परवर्ती परिणामों को देख कर आत्मा में नितान्त वेदना होती है। फिर भी यह हो रहा है और इस का कोई इलाज नहीं है, क्योंकि मौन रहने की प्रार्थना उन लोगों के समक्ष निष्फल होने वाली है।

तब फिर उपाय क्या ?—सत्य का प्रकाशन, वीणा पर यथायथ रूप से श्रुत्यन्तरों का निदर्शन और इन प्रकाशनों का पुनः पुनः प्रकाशन। इसी पुण्य हेतु से भरत के सनातन स्वर-सिद्धान्त के अनुसार हमारी सर्वसुलभ, सर्वपरिचित किन्नरी वीणा (सितार) पर षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम की स्वर-स्थापना नीचे दिखाई जा रही है और साथ ही इन दोनों ग्रामों के साथ आधुनिक शुद्ध या प्राकृतिक स्वर-सप्तक का अटूट संबन्ध भी दिखाया जा रहा है। इन सिद्धान्तों का पुनःपुनः लेखन, प्रकाशन और वाचन आवश्यक है। स्पष्टता के लिए पुनरुक्ति दोषावह नहीं मानी जाएगी ऐसी आशा है।

सर्वप्रथम षड्जग्राम को ले लेते हैं।

षड्जग्राम

षड्जग्राम के स्वरों के श्रुत्यन्तर-क्रम भरत ने इस प्रकार बताए हैं:—

षड्जश्चतुःश्रुतिर्ज्ञेयः ऋषभस्त्रिश्रुतिः स्मृतः। द्विश्रुतिश्चापि गान्धारो मध्यमश्च चतुःश्रुतिः॥
चतुःश्रुतिः पञ्चमः स्यात् त्रिश्रुतिर्धैवतस्तथा। द्विश्रुतिस्तु निषादः स्यात् षड्जग्रामे स्वरान्तरे॥
(ना० शा० २८)

अर्थात् षड्ज चार श्रुति का, ऋषभ तीन का, गान्धार दो का, मध्यम चार का, पञ्चम चार का, धैवत तीन का और निषाद दो का, ये षड्जग्राम के श्रुत्यन्तर हैं। इसी श्रुति-क्रम में षड्जग्रामिक स्वरान्तरों को वीणा पर यथायथ स्थापित करने के लिए निम्नोक्त विधि ही शास्त्रसम्मत है।

हम पहले ही कह आए हैं कि वीणा का बाज का तार जो मध्यम में मिला है, उसे मध्यम ही माना जाए। उस मेरुस्थित मन्द्र मध्यम से एक पर्दा छोड़ कर जो दूसरा पर्दा बंधा हुआ है, वह मन्द्र पञ्चम कहलाता है और वह मेरु से चार श्रुति के अन्तर पर स्थित है, क्योंकि मध्यम-पञ्चम का चतुःश्रुति अन्तराल देश-काल-अबाधित सत्य है। उसी पञ्चम के पर्दे को षड्जग्राम का षड्ज माना जाए। तीन श्रुतियां छोड़ कर चौथी श्रुति पर षड्जग्राम का षड्ज स्थापित करने की विधि ही शास्त्रोक्त है और वीणा का यही एकमात्र स्थान है, जहां से आरंभ करने पर भरतोक्त षड्ज-ग्राम का पूरा श्रुत्यन्तर-क्रम अविकल रूप से प्राप्त होता है।

भरत की मूर्च्छना-विधि में षड्ज से उत्तरमन्द्रा, निषाद से रजनी, धैवत से उत्तरायता, पञ्चम से शुद्धषाड्जी ऐसा क्रम पाया जाता है। चतुर्थ मूर्च्छना की 'शुद्धषाड्जी' संज्ञा ही इस तथ्य की द्योतक है कि षड्जग्राम की मूल स्वरावलि का स्थान इसी चौथी मूर्च्छना में रखा गया है और इस मूर्च्छना का आरंभ पंचम से बताया गया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(पञ्चमेन शुद्धषाड्जी)। यहाँ यह ध्यान रहे कि एक ओर तो षड्जग्राम की पहली मूर्च्छना के लिये 'षड्जेन उत्तरमन्द्रा' यों कहकर उस प्रथम मूर्च्छना का आरंभ-स्थान षड्ज बताया गया है और दूसरी ओर चौथी मूर्च्छना के लिये 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' ऐसा कहकर षड्जग्राम की मूल स्वरावलि की स्थिति इस चौथी मूर्च्छना में बताई गई है, जिससे यह स्पष्ट है कि इस मूर्च्छना का आरम्भक स्वर पञ्चम ही षड्जग्राम का 'शुद्धषड्ज' है। यहाँ यह प्रश्न हो सकता है कि जिस 'षड्ज' से पहली मूर्च्छना का आरम्भ बताया गया है, वह वीणा पर कौन-सा स्थान है और 'पञ्चम' से आरंभ होने वाली चौथी मूर्च्छना का 'शुद्धषड्ज' वीणा पर कहाँ स्थित है ? इस प्रश्न का उत्तर यों तो ऊपर के विवरण में आ ही गया है, किन्तु फिर भी स्पष्टीकरण के लिए उसका पुनः उल्लेख दोषावह न होगा।

भरतोक्त मूर्च्छना-क्रम को ध्यान से देखने पर यह स्पष्ट होगा कि 'शुद्धषाड्जी' में षड्जग्रामिक मूल स्वरावलि की स्थिति तभी सिद्ध हो सकती है जब कि प्रथम मूर्च्छना 'उत्तरमन्द्रा' को मूल षड्जग्रामिक षड्ज से नहीं, अपितु उसके मध्यम से शुरू किया जाए। भरत ने भी षड्जग्राम के मध्यम को 'सर्वस्वराणां प्रवरः' कहकर 'मध्यम' को प्रमुख स्थान देने का विधान दिया है और उस 'मध्यम' को अविनाशी, अविलोपी और अनुल्लंघ्य कहा है। 'मध्यम' के ये सब विशेषण तभी सार्थक हो सकते हैं जब कि क्रिया-पक्ष में उस 'मध्यम' को ही षड्ज का स्थान दिया जाए। उस 'मध्यम' को षड्ज मानते ही षड्जग्राम की चौथी मूर्च्छना शुद्धषाड्जी के आरंभ स्थान की 'पञ्चम' संज्ञा 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' इस वचन के अनुसार वीणा पर प्रत्यक्ष सिद्ध होती है। वही 'पञ्चम' षड्जग्राम का 'शुद्धषड्ज' या मूल आरम्भ स्थान है। यथा :—

षड्जग्राम के मध्यम से अवरोह-क्रम—म—ग्—रि—सा
मध्यम को षड्ज मानने से प्राप्त स्वरावलि—सा—नि—ध—प

इस प्रकार षड्जग्राम के मध्यम को षड्ज मानकर मूर्च्छना-क्रम आरंभ करने से षड्जग्रामिक मूल षड्ज ही 'पञ्चम' संज्ञा पाकर 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' इस वचन को सार्थक करता है।

ऊपर के विवरण का निष्कर्ष यह है कि 'षड्जेन उत्तरमन्द्रा' तथा 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' इन दोनों वचनों का सामंजस्य इसी में है कि प्रथम मूर्च्छना (उत्तरमन्द्रा) का आरंभ स्थान षड्जग्रामिक मध्यम है और उस 'मध्यम' को षड्ज मान लेने से ही षड्जग्राम का मूल षड्ज 'पञ्चम' बन जाता है। एक ओर तो क्रिया-पक्ष में षड्जग्रामिक मध्यम को ही षड्ज का स्थान देना अपेक्षित है, इसलिए 'उत्तरमन्द्रा' के आरम्भ-स्थान को मध्यम न कहकर षड्ज कहा गया है और दूसरी ओर 'पञ्चमेन शुद्धषाड्जी' कहकर यह तथ्य स्पष्ट किया गया है कि 'मध्यम' को षड्ज कहते ही षड्जग्राम का मूल षड्ज 'पञ्चम' बन जाता है; किन्तु क्रियागत स्वरावलि में उसकी 'पञ्चम' संज्ञा होते हुए भी वह वास्तव में षड्जग्राम का 'शुद्ध षड्ज' ही है।

इस प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि कुछ लोगों को ऐसी शंका होती है कि षड्जग्राम का आरंभस्थान और क्रियागत स्वरावलि का आरंभस्थान भिन्न क्यों है ? शास्त्र तथा क्रिया में विरोध कैसा ? ऐसे षड्जग्राम का निर्माण क्यों किया गया जो क्रियागत स्वरावलि से भिन्न था ? शास्त्रकारों की 'कथनी' और 'करनी' में अन्तर क्यों है ? इन प्रश्नों का समाधान निम्नोक्त है।

वास्तव में क्रियागत प्राकृतिक शुद्ध स्वरावलि तथा शास्त्रीय 'ग्राम' दोनों का प्रयोजन भिन्न है। प्राकृतिक स्वरावलि स्वतःसिद्ध वस्तु है, जब कि 'ग्राम' शास्त्रीय वर्गीकरण, सूक्ष्म श्रुत्यन्तरों का प्रत्यक्षीकरण, उनका प्रमाण-निर्धारण, स्वरों के अन्तर्गत 'सा-ग' और 'सा-म' संवाद के आधार पर श्रुतियों की परस्पर संवाद-स्थापना—इन सब प्रयोजनों की सिद्धि के लिए निर्मित परम वैज्ञानिक शास्त्रीय रचना है। जैसे व्यवहार-गत भाषा को नियमबद्ध करने के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लिए 'व्याकरण' शास्त्र की रचना की जाती है, तद्वत् व्यवहारगत स्वरावलियों के वर्गीकरण, उनके सूक्ष्म श्रुत्यन्तरों के प्रमाण-निर्धारण, संवाद-सिद्धि इत्यादि के उद्देश्य से निर्मित शास्त्रीय स्वर-सिद्धान्त के अन्तर्गत 'ग्राम' की स्थापना हमारे शास्त्रों में की गई है। प्राकृतिक स्वरावलि यदि भाषा है तो 'ग्राम' उसका व्याकरण है। साथ ही यह निःसंदेह कहा जा सकता है कि षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम—इन दोनों से समन्वित हमारी प्राचीन 'ग्राम'—पद्धति वैज्ञानिकता में, अकाट्य गणित सिद्धि में तथा सरलतम संवाद-प्रक्रिया में विश्व भर की संगीत-पद्धतियों में अद्वितीय है।

जहाँ एक ओर यह सत्य है कि शास्त्रीय 'ग्राम' तथा क्रियागत प्राकृतिक स्वरावलि का प्रयोजन भिन्न होने से वे दोनों भिन्न हैं, वहाँ साथ ही यह भी सत्य है कि दोनों शास्त्रीय 'ग्रामों' का प्राकृतिक स्वरावलि के साथ अटूट संबन्ध है। उस संबन्ध को 'ग्राम' पद्धति में गूंथते हुए दोनों ग्रामों की रचना इस प्रकार की गई है जिससे प्राकृतिक स्वरावलि का आरंभस्थान यानी षड्ज, षड्जग्राम में मध्यम तथा मध्यमग्राम में निषाद का स्थान पाता है। दूसरे शब्दों में यों कह सकते हैं कि प्राकृतिक स्वरावलि के पञ्चम को षड्ज मान कर वहाँ से षड्जग्राम की स्थापना की गई है और पुनः उस षड्जग्राम के पञ्चम को षड्ज मान कर मध्यमग्राम की स्थापना की गई है। षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम का परस्पर संबन्ध दिखाने के लिए दूसरे शब्दों में यह भी कहा गया है कि षड्जग्राम के षड्ज को मध्यम मानने से मध्यमग्राम की प्राप्ति हो जाती है। ('षड्जादयो मध्यमादित्वं प्राप्नुवन्ति'—ना. शा. २८)

षड्जग्राम के सभी स्वरों में परस्पर षड्ज-पञ्चम-संवाद विद्यमान है। (सा-प, रि-ध, ग-नि, म-सा) मध्यमग्राम में षड्ज-पञ्चम संवाद के स्थान पर षड्ज-मध्यम-भाव से ऋषभ-पञ्चम संवाद की सिद्धि होती है, जो कि षड्जग्राम में प्राप्त नहीं है। मध्यमग्राम का यह ऋषभ-संवादी पञ्चम प्राप्त होते ही षड्जग्राम के षड्ज-संवादी पञ्चम की अपेक्षा उस की न्यूनता शास्त्रकारों को प्रत्यक्ष कर्णगोचर हुई और उसी न्यूनता के मान में उन्हें 'प्रमाणश्रुति' (कोमा) की उपलब्धि हुई। इसी 'प्रमाण-श्रुति' के आधार पर अन्य श्रुत्यन्तरों का मान-निर्धारण चतुःसारणा-विधि द्वारा संभव हो सका।

इतने स्पष्टीकरण के बाद "षड्जग्राम ही प्रचीन शुद्ध स्वर-सप्तक है" यह भ्रान्ति सर्वदा के लिए निर्मूल हो जानी चाहिए। इसमें भी अब कोई सन्देह नहीं रहना चाहिए कि उभयग्राम (षड्ज-मध्यम) मूल प्राकृतिक स्वरावलि से ही उद्भूत शास्त्रीय रचना है।

मध्यमग्राम

हम ऊपर कह आए हैं कि षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम की पृथक् रचना का मूल आधार पञ्चम का स्थान-भेद ही है। षड्जग्राम में पञ्चम षड्जसंवादी है अर्थात् षड्ज से उसका अन्तराल त्रयोदश श्रुति है और तदनुसार मध्यम से वह पञ्चम चार श्रुति के अन्तर पर स्थित है। दूसरी ओर, मध्यमग्राम का पञ्चम षड्जसंवादी न हो कर षड्ज-मध्यम-भाव से ऋषभ का संवादी है। अतः मध्यम-ग्रामिक पञ्चम का षड्ज से द्वादशश्रुति तथा मध्यम से तीन श्रुति का अन्तराल है। दोनों ग्रामों के पञ्चम का यह स्थान-भेद भरतोक्त दो प्रकरणों में दो रूप से समझना चाहिए; तभी मध्यमग्राम के संबन्ध में बनी हुई उलझनें निर्मूल होंगी। भरतोक्त दो प्रकरणों में त्रिश्रुति पञ्चम का स्पष्टीकरण निम्नोक्त है।

१. चतुःसारणा-प्रकरण में—इस सारणा-चतुष्टय में सर्वप्रथम प्रमाण-श्रुति की सिद्धि अनिवार्य है। तन्निमित्त षड्जग्रामिक पञ्चम का एक श्रुति अपकर्ष विहित है। इस त्रिश्रुति पञ्चम को सहज उपलब्धि ध्रुववीणा के त्रिश्रुति ऋषभ के साथ षड्ज-मध्यम-भाव से पञ्चम का संवाद स्थापित करने से होती है। ध्यान रहे कि अपकर्ष द्वारा षड्जग्रामिक पञ्चम को मध्यमग्रामिक बनाने की प्रक्रिया केवल भरतोक्त चतुःसारणा-विधि तक ही सीमित है; उस अपकर्ष-क्रिया द्वारा वीणा पर मध्यमग्राम की स्थापना का विधान नहीं ही समझना चाहिए, क्योंकि यह क्रिया वीणा पर वादन-विधि के लिए नहीं कही गई है; अपितु केवल श्रुत्यन्तर-सिद्धि के लिए बताई गई है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२. वीणा पर मध्यमग्राम की स्थापना के प्रकरण में। मूर्च्छना और ग्राम का परस्पर सम्बन्ध बताते समय भरत ने जो विधान दिया है, उसी से वीणा पर संज्ञाभेद से प्राप्य मध्यमग्राम का स्थान उपलब्ध हो जाता है। भरत के कथनानुसार षड्जग्राम के षड्ज को 'मध्यम' संज्ञा देने से अन्य सभी स्वरों की संज्ञाएं तदनुसार परिवर्तित हो जाएंगी एवं वीणा पर किसी अपकर्ष क्रिया के विना अथवा वीणा पर कोई विकलता उत्पन्न किये विना केवल संज्ञाभेद से ही मध्यमग्राम की विशुद्ध उपलब्धि हो जाएगी। यथा :—

षड्जग्रामिक स्वर—सा—रि—अं.गां.—म—प—ध—नि—सां
मध्यमग्रामिक स्वर—म—प—ध—नि—सां—रि—ग—म
३ ४ २ ४ ३ २ ४

स्पष्ट है कि षड्जग्राम का 'सा-रि' अन्तर ही मध्यमग्राम में 'म-प' अन्तर बन जाता है और षड्जग्राम का अन्तर गान्धार ही मध्यमग्राम का धैवत बन जाता है। इस प्रकार भरत के 'तुल्यश्रुत्यन्तरत्वाच्च संज्ञान्यत्वम्' तथा 'धैवतीकृते गान्धारे' ये वचन पूर्ण सार्थक सिद्ध होते हैं।

इस विवरण से यह स्पष्ट है कि वीणा पर विना किसी परिवर्तन के मध्यमग्राम की स्थापना तथा उस की मूर्च्छनाओं का निर्माण 'संज्ञा-भेद' से ही भरत को अभिप्रेत है और स्वर-संवाद के सिद्धान्त के अनुसार केवल वही संभव भी है; क्योंकि किसी अपकर्ष-क्रिया द्वारा मध्यमग्राम को गान-वादन-उपयोगी बनाना संभव नहीं है।*

आधुनिक शुद्ध स्वरावलि

दोनों ग्रामों के ऊपर लिखे विवरण से यह स्पष्ट है कि षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम की स्वरावलि आज भी वीणा पर यथायथ रूप से विद्यमान है। ग्राम शास्त्रीय रचना है, इस का अर्थ यह नहीं कि वह कोई ऐसी काल्पनिक वस्तु है जो कर्ण-प्रत्यय या चाक्षुष-प्रत्यय से परे हो; अपितु, वह तो वीणा पर सदैव विद्यमान है; सर्वदा और सर्वथा उसका प्रत्यक्ष किया जा सकता है। साथ ही, यह भी उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल से आजतक हमारी क्रियागत प्राकृतिक स्वरावलि का दोनों ग्रामों से अविच्छिन्न संबन्ध चला आ रहा है, जो नीचे के विवरण से स्पष्ट होगा।

मध्यमग्राम के निषाद से ही शंकराभरण या बिलावल की स्वरावलि पूर्णरूप से प्राप्त होती है और वही स्थान षड्जग्राम का मध्यम है। हम कह ही आए हैं कि इसी मध्यम से, कर्णाटक प्रदेश को छोड़कर सारे भारत में वीणा-वादन की क्रिया होती है। इसी स्थान से प्राप्त 'शुद्ध' स्वरावलि के आधार पर द्वैग्रामिकी शास्त्रीय रचना की गई है। इसलिए यह समझना कि षड्जग्राम ही प्राचीनों का शुद्ध स्वर-सप्तक था और किसी विदेशी प्रभाव के कारण उसका स्थान शंकराभरण अथवा बिलावल ने ले लिया, नितान्त भ्रान्तिपूर्ण है। वास्तव में हमारी क्रियागत परंपरा में कहीं विच्छेद नहीं हुआ है; प्राचीनकाल से आजतक हमारी क्रियागत प्राकृतिक स्वरावलि का दोनों ग्रामों के साथ अविच्छिन्न सम्बन्ध चला आ रहा है। हां, यह अवश्य सत्य है कि दोनों ग्रामों का वीणा पर यथायथ स्थान प्रायः एक सहस्राब्दी तक हमारे शास्त्रकारों की दृष्टि से ओझल रहा। इस शोचनीय परिस्थिति के कारणों की तह में जाना यहां अस्थानीय है।

संलग्न चित्र में वीणा पर उभयग्राम तथा क्रियागत 'शुद्ध' स्वर-सप्तक की स्थापना दिखाई गई है।

---

*वीणा पर षड्जग्राम तथा मध्यमग्राम की स्थापनविधि यहां स्पष्ट की गई है। तानपुर पर गान क्रिया में इन दोनों ग्रामों की स्वरालियों का कर्ण प्रत्यय पाने की विधि 'प्रणव-भारती' के पृ० ९१, १०३ पर द्रष्टव्य है। विस्तार भय से उसका यहाँ उल्लेख नहीं किया गया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सारी संख्या (चल थाट के अनुसार	मेरु से श्रुत्यन्तर	परस्पर श्रुत्यन्तर	षड्ज-ग्रामिक स्वर	मध्यम-ग्रामिक स्वर	आधुनिक स्वर-संज्ञा
० ...	मेरु ०	०	नि	गां.	म.
१ ...	२....	....२....	....का. नि.....	...अं. गां.	.. ती म.
२	४....	... २....	... प. ...	... म.	....पं.
३	६....	....२...	.. स्व वि.*...	स्व. वि.	...कों. धै.
४ ...	७...	...१...	... ऋ. ...	. पं.	....धै.
५ ...	९...	...२ ..	... गां. ...	.... ×	को. नि.
६ ...	११....	...२....	...अं.गां....	. धै.	....शु. नि.
७	१३....	....२....	... म. ...	.... नि.	...प.
८	१७....	....४....	... पं.	.. प.	...ऋ.
९	१९...	.. २...	....स्व. वि....	.. स्व. वि.	.. को. गां.
१०	२०....	... १....	... धै.	... ऋ.	...शु. गां.
११	२२....	... २...	.... नि. ...	.... गां.	....म.



* भरत ने 'षड्जसाधारण' तथा 'मध्यमसाधारण' इन संज्ञाओं द्वारा द्वैग्रामिक त्रिश्रुति अन्तरालों के बीच जिस 'स्वर-विशेष' 'स्वर-साधारण' का निरूपण किया है, उसी को यहाँ 'स्व. वि.' इस सांकेतिक नाम से दिखाया गया है। इस 'स्वर-साधारण' का स्पष्टीकरण अभी अगले प्रकरण में किया जाएगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वर-साधारण

भरत ने द्वैग्रामिकी मूल स्वर-व्यवस्था के अतिरिक्त दोनों ग्रामों में 'ग—म' तथा 'नि—सा' इन चतुःश्रुति अन्तरालों के बीच स्वर-साधारण के रूप में अन्तर गान्धार तथा काकली निषाद, ये अन्य दो द्विश्रुतिक स्वर दिखाए हैं। ये दोनों स्वर तथा स्वर-संज्ञाएं आज प्रायः सर्व-परिचित हैं। किन्तु यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि भरत ने दो अनुच्छेदों में दो प्रकार के स्वर-साधारण कहे हैं—एक अन्तरस्वरता तथा दूसरा स्वर-विशेष। अन्तर गान्धार तथा काकली निषाद ये दोनों 'अन्तरस्वरता' वाले स्वर-साधारण के अन्तर्गत आते हैं। यथा :—

साधारणं नामान्तरस्वरता। कस्मात् ? द्वयोरन्तरस्थं तत्साधारणम्। यथा ऋत्वन्तरे।

छायासु भवति शीतं प्रस्वेदो वा भवति चातपस्थस्य।
न च नागतो वसन्तो न च निःशेषः शिशिरकालः॥

इति कालसाधारणम्।

स्वरसाधारणं काकल्यन्तरस्वरौ। तत्र द्विश्रुतिप्रकर्षान्निषादादयः। काकलीसंज्ञो निषादो न षड्जः। द्वाभ्यामन्तरस्वरत्वात् साधारणत्वं प्रतिपद्यते, एवं गान्धारोऽप्यन्तरस्वरसंज्ञो गान्धारो, न मध्यमः।

(ना. शा. २८)

अर्थात्—"अन्तरस्वरता को 'साधारण' कहते हैं, क्योंकि 'अन्तर' स्वर दो स्वरों के मध्य में स्थित होने के कारण 'उभयसाधारण' होता है। उदाहरण के लिए, जैसे ऋत्वन्तर के समय अर्थात् दो ऋतुओं के सन्धि काल में ऐसा लगता है कि छाया में आने से शीत मालूम देता है और धूप में प्रस्वेद होता है, इस से प्रतीत होता है कि अभी वसन्त नहीं आया है और न अभी शिशिर समाप्त हुआ है। जैसे यह 'कालसाधारण' हुआ, वैसे ही 'स्वर-साधारण' भी समझना चाहिए। निषाद और षड्ज के बीच तथा गान्धार और मध्यम के बीच स्वर-साधारण से काकली निषाद तथा अन्तर गान्धार अभिप्रेत हैं। दो श्रुति के उत्कर्ष से 'निषाद' की काकली संज्ञा होती है, षड्ज की नहीं। काकली' निषाद अन्तर स्वर होने के कारण निषाद और षड्ज दोनों से उसका 'साधारणत्व' रहता है। उसी प्रकार गान्धार और मध्यम के बीच स्वर-साधारण होनेपर गान्धार की 'अन्तर' संज्ञा होती है, मध्यम की नहीं।"

ऊपर के उद्धरण से यह स्पष्ट है कि निषाद-षड्ज तथा गान्धार-मध्यम, इन चतुःश्रुति अन्तरालों के बीच 'अन्तर-स्वरता' स्वर-साधारण किया जाता है। इस से काकली निषाद तथा अन्तर गान्धार की सिद्धि होती है और इन दोनों स्वरों का सामान्य नाम 'अन्तर स्वर' है।

ऊपर उद्धृतांश के अनन्तर दूसरे अनुच्छेद में 'स्वर विशेष' स्वर-साधारण के लिये भरत ने कहा है :—

(ना० शा० २८)

स्वर-साधारणं द्विविधं द्वैग्रामिक्यम्। कस्मात् ? षड्जग्रामे षड्जसाधारणं, मध्यमग्रामे मध्यमसाधारणम्। साधारणोऽत्र स्वरविशेष इति स्वर-साधारणम्*। एवं मध्यमग्रामेऽपि साधारणत्वं, अस्य तु प्रयोगसौक्ष्म्यात् कैशिकमिति नाम निष्पद्यते।

अर्थात्—"स्वर-साधारण द्वैग्रामिक (होने से) द्विविध होता है। षड्जग्राम में षड्जसाधारण होता है और मध्यमग्राम में मध्यम-साधारण। यहाँ 'साधारण' से स्वर-विशेष अभिप्रेत है, इसलिए यह स्वर-साधारण कहलाता है।

---

* नाट्यशास्त्र के चौखम्बा संस्करण में 'षट्साधारणं' पाठ है और निर्णयसागर संस्करण में 'षड्जसाधारण' है। इन दोनों पाठों की संगति न बैठ पाने के कारण हमने 'स्वर-साधारणं' पाठ रखा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस प्रकार मध्यमग्राम में भी साधारणत्व होता है। प्रयोग की सूक्ष्मता के कारण इस 'स्वर-साधारण' का 'कैशिक'* (केशाग्रवत् सूक्ष्म) नाम निष्पन्न होता है।"

'अन्तर-स्वरता' वाला स्वर-साधारण दोनों ग्रामों में चतुःश्रुति अन्तराल वाले स्वरों के बीच बताया गया है, जो दोनों ग्रामों के अन्तर-काकली के रूप में सब को परिचित है। त्रिश्रुति अन्तराल के बीच अन्य स्वर-साधारण के लिए भरत ने 'स्वर-विशेष' संज्ञा का प्रयोग किया है और इस की केशाग्रवत् सूक्ष्मता के कारण इसे 'कैशिक' नाम भी दिया है। हम जानते हैं कि सूक्ष्म से सूक्ष्म स्वरान्तर एक श्रुति का हो सकता है और ऐसे स्वरान्तर एक सप्तक में दो हैं, जो वीणा के परंपराप्राप्त पर्दों पर स्थित हैं। पृष्ठ ४३ पर दिए हुए चित्र में यह दिखाया गया है कि मेरु से चौथा पर्दा अपने पूर्व वाले तीसरे पर्दे से एक श्रुति के अन्तर पर स्थित है, तद्वत् मेरु से १० वाँ पर्दा (चल थाट के अनुसार) अपने पूर्व वाले नवें पर्दे से एक श्रुति के अन्तर पर स्थित है। इन्हीं सूक्ष्म अन्तरालों को दिखाने के लिए भरत ने 'षड्जग्रामे षड्जसाधारणं, मध्यमग्रामे मध्यमसाधारणं' ऐसा कहा है। हम जानते हैं कि षड्जग्राम का षड्ज तथा मध्यमग्राम का 'मध्यम' वीणा के एक ही स्थान पर स्थित हैं। इसलिए षड्जग्राम में जो 'स्वरविशेष' स्वर-साधारण षड्ज और ऋषभ के त्रिश्रुति अन्तराल के बीच होता है, वही संज्ञाभेद से मध्यमग्राम के मध्यम और त्रिश्रुति पञ्चम के बीच स्थान पाता है। षड्जग्राम के षड्ज या मध्यमग्राम के मध्यम के बाद का पर्दा दो श्रुति के अन्तराल पर है और उसके बाद वाला पर्दा एक श्रुति के अन्तराल पर है। इस प्रकार त्रिश्रुतिक अन्तराल के बीच जो स्वर-स्थान प्राप्त होता है उसका अपने पूर्व वाले स्वर से दो श्रुति का अन्तराल है और उस के बाद वाला स्वर उस से एक श्रुति के अन्तर पर है। इस प्रकार जो क्रमिक अन्तराल वीणा के स्वरस्थानों में प्राप्त हैं, उन्हीं का पूर्ण निदर्शन करने के लिए भरत ने षड्ज-साधारण तथा मध्यम-साधारण का उल्लेख किया है। इसी 'स्वर-विशेष' स्वर साधारण का संवादात्मक प्रतिघोष उत्तरांग में इस प्रकार होता है,—षड्जग्राम में प–ध अन्तराल के बीच और संज्ञाभेद से मध्यमग्राम में सा–रि अन्तराल के बीच। पृ०. ४३ का चित्र देखने से यह स्पष्ट हो जाएगा। इस प्रकार भरत ने वीणा के पर्दों पर उपलब्ध एक, दो, तीन और चार श्रुत्यन्तर वाले स्वरों को द्विविध स्वर-साधारण-युक्त द्वैग्रामिकी स्वर-व्यवस्था द्वारा शास्त्र-सिद्ध बनाया है।

भरतोक्त ग्राम-व्यवस्था को स्थूल दृष्टि से देख कर कई लोगों ने यह धारणा बना ली है कि भरत के सिद्धान्त के अनुसार स्वर का न्यूनतम अन्तर दो श्रुति ही है, अतः एकश्रुतिक अन्तर का स्वर हो ही नहीं सकता। किन्तु भरतोक्त 'स्वर-विशेष' स्वर-साधारण में एक श्रुति के स्वरान्तर के ऊपर उद्धृत उल्लेख से यह भ्रान्त धारणा सर्वदा के लिए निर्मूल हो जानी चाहिए कि स्वर के लिए कम से कम दो श्रुति का अन्तराल अनिवार्य है।

वास्तव में एक श्रुतिक स्वरान्तराल प्राकृतिक स्वरावलि में ही निहित स्वतःसिद्ध वस्तु है। यथा—षड्ज से प्राकृतिक गान्धार का (या अन्तर गान्धार का) सप्तश्रुति अन्तराल नैसर्गिक संवाद से सिद्ध है, जिसका मान है $\frac{4}{3}$। जिस प्रकार षड्ज–पञ्चम के संवादी अन्तराल के आधार पर ही पञ्चम–षड्ज के संवाद–संबन्ध में षड्ज–मध्यम–संवाद की प्राप्ति हो जाती है, उसी प्रकार षड्ज–अन्तर गान्धार के संवादी अन्तराल से ही अन्तर गान्धार और पञ्चम के संवाद–संबन्ध में षट्श्रुति संवाद की प्राप्ति हो जाती है। यथा :–

सा–प भाव सा–म भाव

सा ———————— प ———————— सां

१३ श्रुति अन्तराल ९ श्रुति अन्तराल

---

*'कैशिक' संज्ञा को ले कर 'संगीत रत्नाकर' तथा उसके परवर्ती ग्रन्थों में विपुल भ्रान्ति-परंपरा की सृष्टि हुई है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सा–ग भाव		सा–ग् भाव
सा	ग	प
७ श्रुति अन्तराल		६ श्रुति अन्तराल

'ग–प' के इसी षट्श्रुतिक संवादी अन्तराल को षड्ज के आगे जोड़ देने से षट्श्रुतिक तथा सप्तश्रुतिक गान्धार यों एक श्रुति के अन्तर से दो स्वर सिद्ध होते हैं। षड्ज और अन्तर गान्धार का संवाद–संबन्ध स्वीकार करते ही षट्श्रुति गान्धार को भी स्वीकार करना ही पड़ता है; उसे छोड़ा नहीं जा सकता और इस प्रकार एक श्रुति का स्वरान्तर स्वतः सिद्ध हो जाता है। अतः यह कहना दुराग्रहमात्र होगा कि प्राचीनों को षड्ज–अन्तर गान्धार का अन्तराल तो स्वीकार था, किन्तु षट्श्रुति गान्धार का अन्तराल उन्हें अज्ञात था या अग्राह्य था। आज भी हमारे कई रागों में षट्श्रुतिक तथा सप्तश्रुतिक इन दोनों गान्धारों का रञ्जक प्रयोग होता है, तद्वत् एक श्रुति के अन्तर वाले दो निषादों का भी प्रयोग होता है। (यथा काफ़ी में)। द्वैग्रामिक स्वर–विशेष के रूप में यह एकश्रुतिक स्वरान्तर वीणा पर मेरु से षट्श्रुति तथा सप्तश्रुति के अन्तराल पर स्थित 'षड्जसाधारण' अथवा 'मध्यम–साधारण' में ही हमें प्राप्त हो जाता है। उसी षड्ज–साधारण अथवा मध्यम–साधारण का उत्तरांग में जो प्रतिघोष होता है, वही वीणा पर हमारे क्रियागत षड्ज से षट्श्रुति तथा सप्तश्रुति अन्तर पर स्थित दो गान्धारों की निष्पत्ति करता है।

एक श्रुति के अन्तर पर स्थित दो गान्धार अथवा दो निषाद के अतिरिक्त अन्य अनेकों एक श्रुतिक स्वर हमारे आज के रागों में प्रयुक्त होते हैं। तोड़ी के अतिकोमल 'रि–ध', ललित के तीन मध्यम (शुद्ध, तीव्र तथा तीव्रतर*), मारवा का एकश्रुति ऋषभ; विभास की 'सारिसा' 'पधप' इन क्रियाओं के एकश्रुति ऋषभ–धैवत,–इत्यादि एकश्रुति स्वरान्तर के ज्वलन्त उदाहरण है।

एक श्रुति अन्तर के स्वरों की इस चर्चा से श्रुतियों के मान या नाप के बारे में जिज्ञासा होना स्वाभाविक है। अतः उस विषय का अतिशय संक्षिप्त विवरण नीचे प्रस्तुत है।

श्रुतियों का मान

हम ऊपर कह आए हैं कि दो ग्रामों का मुख्य प्रयोजन श्रुत्यन्तरों की सिद्धि है। उन दोनों ग्रामों के आधार पर भरत ने जो चतुःसारणा–विधि कही है, उस विधि से श्रुतियों का विषम प्रमाण निःसंदेह सिद्ध हो चुका है।† ये श्रुति प्रमाण तीन हैं। यथा :–

१. कोमा $= \frac{८१}{८०} = ५$ सेवर्ट. २. लीमा $= \frac{२५६}{२४३} = २३$ सेवर्ट. ३. लघु अर्धस्वर $\frac{२५}{२४} = १८$ सेवर्ट.

इन तीनों श्रुति–मानों का षड्जग्राम में निम्नोक्त क्रम है :–

सा			रि			ग		अं.गां.			म				प			ध			नि			का.नि.	
को	ल	ली	को	ली	को	को	ल	ली	को	को	ल	ली	को	ल	ली	को	ली	को	को	ल	ली				

को. = कोमा ली. = लीमा ल. = लघु अर्ध स्वर.

* ललित में शुद्ध मध्यम के साथ 'म ऽ म् म' यह क्रिया करते समय शुद्ध 'म' से एक श्रुत्यन्तर वाला तीव्र मध्यम लगता है, तथा 'म्-ध्' या 'गरिम् गरिसा' इन क्रियाओं में शुद्ध 'म' से द्विश्रुति अन्तर पर स्थित तीव्रतर मध्यम लगता है।

† द्रष्टव्य 'संगीताञ्जलि' पञ्चम भाग पृ० ९५–१०३.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हमें यह सदैव स्मरण रखना चाहिए कि षड्जग्राम के श्रुत्यन्तरों का जो क्रम ऊपर निर्दिष्ट किया गया है, उसमें बाईसों श्रुतियों का परस्पर षड्ज–पञ्चम–भाव से संवाद निहित है और षड्जग्राम की रचना की यही विशेषता है।

श्रुतियों के विषम प्रमाण के अनुसार सप्तकान्तर, संवादान्तर, अनुवादान्तर इत्यादि का मूल्य निम्नोक्त है :–

'अन्तर'-का नाम	विषम श्रुति-प्रमाण	कुल श्रुति संख्या	गुणोत्तर-प्रमाण
सप्तकान्तर	१० कोमा + ७ लीमा + ५ लघु अर्ध स्वर	२२	२
संवादान्तर—सा-प	६ ,, + ४ ,, + ३ ,, ,, ,,	१३	३/२
,, —सा-म	४ ,, + ३ ,, + २ ,, ,, ,,	९	४/३
,, —सा-ग	३ ,, + २ ,, + २ ,, ,, ,,	७	५/४
,, —सा-ग्	३ ,, + २ ,, + १ ,, ,, ,,	६	६/५
अनुवादान्तर—(चतुःश्रुति)	२ ,, + १ ,, + १ ,, ,, ,,	४	९/८
,, (त्रिश्रुति)	१ ,, + १ ,, + १ ,, ,, ,,	३	१०/९
विवादान्तर (द्विश्रुति)	१ ,, + १ ,,	२	१६/१५
,, ,,	१ ,, + १ लघु अर्ध स्वर	२	१३५/१२८

ध्यान रहे कि ऊपर जो-जो संवादान्तर, अनुवादान्तर, अनुवादान्तर इत्यादि दिए हैं, उनमें उसी प्रकार के श्रुति-प्रमाणों का रहना अनिवार्य है; तभी वे संवाद या अनुवाद के अन्तर सिद्ध होंगे। इन निश्चित प्रमाणों के बिना चाहे जिस अनिश्चित प्रमाण को श्रुति-संख्या इन संवादी या अनुवादी अन्तरालों को निष्पत्ति नहीं कर सकेंगी। उदाहरण के लिए १३ श्रुत्यन्तर का षड्ज-पञ्चम-संवाद तभी निष्पन्न होगा जब तेरह श्रुतियों में ऊपर लिखे प्रमाण विद्यमान होंगे; केवल तेरह की श्रुति-संख्या से उस संवादी अन्तराल की निष्पत्ति नहीं हो सकती। हाँ, इन निश्चित श्रुति-प्रमाणों के क्रम में अवश्य परिवर्तन हो सकता है, होता ही है। इस क्रम-परिवर्तन का स्पष्टीकरण निम्नोक्त है।

ऐसा कोई भी स्वर-ग्राम नहीं है जिसका श्रुति-क्रम बाईसों श्रुतियों में परस्पर चारों संवादों को एक साथ सिद्ध कर सके। उदाहरणार्थ, षड्जग्राम के श्रुतिक्रम में बाईसों श्रुतियों में परस्पर 'सा–प' संवाद तो है, किन्तु सभी में परस्पर 'सा–म' संवाद या 'सा–ग' संवाद प्राप्त नहीं होता, नहीं हो सकता। इसलिए प्रत्यक्ष गान वादन-क्रिया में जब जो स्वर–संदोह प्रयुक्त होता है, उसमें निहित संवाद-संबन्ध की आवश्यकतानुसार श्रुति-क्रम में परिवर्तन होता रहता है। निम्नलिखित उदाहरणों से यह तथ्य स्पष्ट होगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१. भैरव का ऋषभ

'सा–रि' के चतुःश्रुति अन्तराल का श्रुति–क्रम इस प्रकार है—को. + ल. + ली. + को.। भैरव के द्विश्रुति कोमल ऋषभ का मान यदि इसी श्रुति-क्रम के अनुसार देखा जाए तो वह को. + ल, $= \frac{८१}{८०} \times \frac{२५}{२४} = \frac{१३५}{१२८}$ होगा। किन्तु भैरव का ऋषभ शुद्ध मध्यम के साथ सप्तश्रुति संवाद करता है। इसलिए उस संवाद सम्बन्ध के अनुसार उस ऋषभ का मान स्वाभाविक रूप से को + ली $= \frac{८१}{८०} \times \frac{२५६}{२४३} = \frac{१६}{१५}$ यों निष्पन्न होता है। $\frac{१६}{१५}$ मान वाले ऋषभ का ही मध्यम से सप्तश्रुति संवाद सम्भव है। यथा—$\frac{४}{३} \times \frac{१५}{१६} = \frac{५}{४}$। इस प्रकार ऋषभ के मूल श्रुति-क्रम में सहज परिवर्तन द्वारा भैरव का कोमल ऋषभ $\frac{१६}{१५}$ मान का होता है। किन्तु जिन रागों में द्विश्रुति कोमल ऋषभ तीव्रतर मध्यम के साथ नव-श्रुत्यन्तर से संवाद करता है, वहाँ उस ऋषभ का मान को. + ल. $= \frac{१३५}{१२८}$ ही होगा क्योंकि तीव्रतर मध्यम के साथ इसी मान का ऋषभ संवाद करेगा। यथा—तीव्रतर मध्यम $= \frac{४५}{३२}$ तदनुसार रि–म संवाद $= \frac{४५}{३२} \times \frac{१२८}{१३५} = \frac{४}{३}$।

२. मारवा के ऋषभ-मध्यम

मारवा का ऋषभ आरोह-क्रम में अन्तर गान्धार (सप्तश्रुति गान्धार) के साथ षट्श्रुति संवाद करता है एवं अवरोह क्रम में धैवत के साथ सप्तश्रुति-अन्तर से संवाद करता है। ऐसी अवस्था में उस ऋषभ का मान = सा–ग–षट्श्रुत्यन्तर $= \frac{५}{४} \times \frac{५}{६} = \frac{२५}{२४}$ या लघुअर्धस्वर है। ऋषभ के मूल श्रुति-क्रम में प्रथम श्रुति का मान कोमा है, किन्तु मारवा का ऋषभ एक श्रुति होते हुए भी, उसका मान कोमा न होकर लघु अर्ध स्वर है। मारवा के इस ऋषभ के साथ नव-श्रुत्यंतर से संवाद करने वाला तीव्र मध्यम भी सा–म + लघु अर्धस्वर $\frac{४}{३} \times \frac{२५}{२४} = \frac{२५}{१८}$ ही होगा।

इस प्रकार सभी स्वरसन्दोहों में स्वाभाविक संवाद-संबन्ध के अनुसार श्रुतियों का मान-क्रम सहज-रूप से, अनजान ही में परिवर्तित होता रहता है।

उपसंहार

इस विषय को अब अधिक न बढ़ाते हुए अन्त में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि भरत-प्रतिपादित सनातन स्वर-सिद्धान्त, उनकी कही हुई श्रुति-व्यवस्था, ग्राम-विभाजन, प्राकृतिक स्वरों के साथ उन ग्रामों का अटूट संबन्ध इत्यादि सभी सिद्धान्त सत्य की कसौटी पर, आधुनिक यन्त्रों पर भी पूर्ण और खरे उतरते हैं। कम से कम दो सहस्राब्दियाँ बीत चुकने पर भी आज वे पूर्ण हैं और अब तक अपरिवर्तनशील रहे हैं और रहेंगे। यह ऊपर के विवरण से स्पष्ट हुआ होगा।

सत्य सदैव 'सत्य' ही है। प्रकाश और अन्धकार का कोई मेल त्रिकाल में भी संभव नहीं है। 'ऋत' से ही ज्ञान की उपलब्धि होगी—'अनृत' से नहीं। इसीलिए भरत-प्रतिपादित सत्य-सिद्धान्त का यहाँ निदर्शन किया गया है। आशा है इसका पुनः पुनः पठन और मुहुर्मुहुः मनन भ्रान्त धारणाओं का उन्मूलन करेगा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ARYAN AND NON-ARYAN ORIGIN OF SOME INDIAN RĀGAS

SWĀMI PRAJÑĀNĀNANDA

From the history of Indian Music we learn that though ancient musicologists like Kohala, Yāṣṭika, Durgāśakti, Mataṅga, Pārśvadeva and others were recognised as the staunch followers of Muni Bharata of the *Nāṭyaśāstra* fame, yet, when they found that the *gāndharva* type of the post-Vedic music gradually fell out of practice and became unpopular among the artists and lovers of music, they adopted a novel course in the process of Indian music, with a synthetic vision, and this act of renovation was not new in the annals of Indian music. Many of the regional and tribal tunes were formalised with the help of *śāstric* ten essentials (*daśalakṣaṇas*) and they were christined after the places of their origin and also after the tribes accordingly. As for instance, we find that the *rāgas* like *mālava, āndhrī, chevātti, gurjarī, kāmbojī, pulindikā, śāverī* or *śrāverī, bāṅgālī, ṭakka, kauśiki*, etc., were adopted from the current tunes of the songs of those of the tribes of both Aryan and non-Aryan stocks. The *rāga boṭṭa* or *bhoṭṭa* was also a tribal tune of the *Bhotadeśa* or the Tibetan speaking peoples. Mataṅga has said that Rāgas like *ṭakka*, (or *ṭaṅka* or *ṭaṅkī*), *sauvīra* (or *sauvīrī*) and *vesarā, boṭṭa* (or *bhoṭṭa*) originated from the treble clef or *madhyamagrāma* between the 3rd—5th century A. D. But it will be interesting to know as to how the *rāga boṭṭa* (or *bhoṭṭa*) came into being and was included within the fold of the *rāgas* of Indian music. We know that the Buddhist religious and cultural missions crossed many times the borders of India, and travelled far into the lands of Iran, Turkistan, China, Japan, Corea, Indo-China and different parts of the middle and East Asia, and even to the Western countries, from Bengal (Gauḍa) Magadha, etc., through Kashmere, Tibet, Bhotan, Khotan, Samarkand, Yerekand, Sugda, Kutcha, etc. From the Chinese chronicles we came to know that the Buddhist religious missions went to China several times through Central Asia and other places, early in the first century A. D. and that Indian culture, including music, both vocal and instrumental and dancing, were introduced in Kutch, Khotan, Samarkand, China and even in Persia and Arabia. In the eleventh century A. D., during the reign of the Pāla Kings of Bengal, there was a close contact between India and Tibet. Tibet became a powerful kingdom during the reign of Śranga-tsaṅ Gampo, in the seventh century A. D. The Pāla kings helped a good deal towards the propagation of Buddhism in Tibet. The Tibetan monks used to visit the monastries like Nālandā, Vikramśilā and Odantapuri, etc. for studying different subjects including Buddhist scriptures. Atīśā Dīpaṅkara, a monk of Eastern Bengal, visited Tibet in the eleventh century A. D., during the reign of Nyāyapāla of the Pāla Dynasty. Hundreds of Sanskrit manuscripts were translated into Tibetan language,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

of which the famous Tāñjur and Kāñjur are worth mentioning. Through the medium of trade and commerce, religion and culture Tibet and its adjacent countries were intimately connected with India, and in this way it became possible to incorporate the Tibetian tunes into Indian music.

The *rāga ṭakka, ṭaka* or *ṭaku* afterwards modified to *ṭaṅka* or *ṭaṅkī*, was also a tribal tune of the Ṭakka race of the Aṭ-ṭok country. It is said that before the advent of Lord Buddha, Ṭakka or Aṭ-ṭok was situated on the bank of the river Sind. Taxila was one of their cultural centres. Dr. P. C. Bāgchi is of opinion that "the Ṭakkas who lived for some time in the Northern Punjab around Sialkot were most probably of foreign origin". But the *rāga ṭakka* or *ṭaku* was included within the fold of the Aryan music. The ancient musicologists are of opinion that *ṭakka* is an ancient *rāga* like *mālava* and *hiṇḍola*. Kaśyapa, one of the ancient musicologists has assigned a high place to *ṭakka rāga*, and he says that it is a very favourite *rāga* of Devī Lakshmī, the goddess of fortune : "*mukhya-gaḥ Lakśmī-prītikaratvāt*". It has already been said that *ṭakka* is known at present as *ṭaṅka* or *ṭaṅkī*.

पूर्ण बिन्दु ही सभी स्वरों और अक्षरों का मूलबीज है, जिसे अनुस्वार कहते हैं। मुख बन्द करके केवल नासिका द्वार से ही उस अनुस्वार का उच्चार हो सकता है। नासिका द्वार का वह अनुस्वार एक ही वर्ण है जिसे भाषा में 'सुर' कहते हैं और उस अनुस्वार का द्वार एकमात्र नासिका ही है। इसी से संगीत में सबसे पहले सुर ही लिया जाता है। इसी पूर्ण बिन्दु से सभी अक्षरों का आविर्भाव हुआ है। उन अक्षरों में अकार ही पहला है जो कि सभी वर्णों में मौजूद है। उसका स्थान कण्ठ है, 'अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः'। अतः संगीत के लिये कण्ठ ही प्रधान इन्द्रिय है। यह कण्ठ शुद्ध और सुस्वर होने से ही संगीत कला की शोभा है।

सभी वर्णों के उच्चारण के लिये आठ स्थान माने गये हैं। यथाः—

अष्टौ स्थानानि वर्णानामुरःकण्ठःशिरस्तथा।
जिह्वामूलं च दन्ताश्च नासिकोष्ठौ च तालु च॥ (वेदाङ्ग शिक्षा)

स्वर ही इन सभी अक्षरों का मूल है जो कि 'नादब्रह्म' माना गया है। उस नाद का मूलबीज 'पूर्णबिन्दु' है। उस पूर्णबिन्दु की 'माता' ही कला है जो कि 'अमात्रा' मानी गई है। जैसे पूर्णबिन्दु की मात्रा नहीं हो सकती, उसी तरह कला की भी मात्रा नहीं होती। वह कला ही सबको नाप सकती है, उस कला को कोई नहीं नाप सकता।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इन 'नादबिन्दु कलाओं' से अतीत ही परब्रह्म है, उसी की वाचक शक्ति परावाणी है। उस वाणी का मूल स्वरूप ही अव्यक्त शब्द है। 'णद् अव्यक्ते शब्दे' यह अव्यक्त अत्यन्त सूक्ष्मनाद ही वीणा का मूलतत्व है जो कि आकाश में सदा गुप्तरूप से सर्वत्र व्याप्त है। वह विद्युत्शक्ति के अर्थात् तेज के योग से व्यक्त होता है। उस एक ही नाद में तीन तत्त्व हैं--स्वर, रस और प्रकाश। वस्तुतः यह चेतनाशक्ति का ही सत्त्व है। वह वाणी ही 'अनुष्टुप्' मानी गई है। "आत्मानं अनुस्तौतीति अनुष्टुप्" ठीक यही अनुस्वार का भी स्वरूप है। "आत्मानं अनुस्वरतीति अनुस्वारः" इसी को 'अनुज्ञाक्षर' भी मानते हैं। वह वाणी की सांकेतिक संज्ञा है, वाचक संज्ञा नहीं।

वह अव्यक्त नाद जैसे आकाश में गुप्तरूप से व्याप्त है, उसी प्रकार प्राणियों के शरीर में, शिरोदेश (सिर) में भी व्याप्त है। वह 'अनाहत' नाद माना गया है, वह बिना बजाये बजने वाला नाद है। उसका सम्बन्ध spinal-chord अर्थात् कुण्डलिनी तथा dynamic यानी गतिशील नाड़ी सुषुम्णा के साथ है, क्योंकि वही दैवीवीणा मानी गई है।

यह संगीत छन्द से बद्ध है। संगीत का स्वर छन्द से छिपा रहता है, छन्द ही उसका आच्छादन (ढकना) है। स्वर की रक्षा के लिये कवच की तरह छन्द ही स्वतःसिद्ध है। 'यदच्छादयत् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्" इस बारे में एक रूपक कथा उपनिषद् में सुनाई गई है।

देव और असुरों के युद्ध में मृत्यु के भय से देव छिप जाते थे। असुरों ने अनेक बार उन्हें ढूंढ लिया। बाद में वे ऋक्, यजु, साम इन वेदों के अन्दर छिप गये, किन्तु वहाँ भी वे पकड़े गये। अन्त में वेदमन्त्रों के स्वर में प्रवेश करके वहाँ अत्यन्त गुप्त भाव से छिप गये। तब उनको असुर ढूंढ नहीं सके अर्थात् उस छन्द के स्वर से ही देवों की रक्षा हो गई। वेदों की भी रक्षा छन्दों से होती है। छन्दों की रक्षा स्वर से ही हो सकती है। वह स्वर छन्द में छिपा हुआ एक गुप्त रस है, वह अमृतरस ही है। यह बात सामवेद के छान्दोग्य उपनिषद् में एक कहानी की तरह रूपक से सुनाई गई है। यथाः

"देवा वै मृत्योर्बिभ्यतस्त्रयीं विद्यां प्राविशन्, ते छन्दोभिरच्छादयन्, यदेभिराच्छादयन् तच्छन्दसां छन्दस्त्वम्"। (छां. उ. १।४।१-४) वही ॐकार रूपी नाद नादब्रह्म माना गया है, जिस नाद की उपासना से देवों ने भी अमृतत्व को प्राप्त किया और अभय बन गये।

वह छन्द अनेक प्रकार का है—उसमें गायत्री छन्द ही पहला है। वेदाङ्ग छन्दःसूत्र के दर्शनकार पिङ्गल मुनि का प्रतिज्ञासूत्र है। "छन्दो गायत्री दैव्येकम्" अर्थात् वह छन्द सबसे पहली गायत्री है। एक अक्षर से ही शुरू होती है। एक अक्षर का छन्द 'दैवी गायत्री' मानी गई है। नारायण उपनिषद् में स्पष्ट कहा गया है "ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म। अग्निर्देवता ब्रह्म इत्यार्षम्। गायत्रं छन्दं परमात्मं सरूपम्, सायुज्यं विनियोगम्"। ॐ यह एकाक्षर रूप प्रत्यक्ष परब्रह्म है। इसकी देवता अग्नि है, परब्रह्म ही इसका द्रष्टा ऋषि है, गायत्री ही छन्द है, परमात्मा ही इसका सरूप है अर्थात् परमात्मा का रूप ही इस अक्षर का स्वरूप है, उस परब्रह्म वस्तु के साथ सायुज्य के लिये अर्थात् उसमें मिल जाने के लिये इस प्रणव अक्षर का विनियोग किया जाता है, उद्गीथ आदि गुण से उपासना की जाती है।

"ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत"। (छां. उ. १।४।१.) इसी भाव से ऋग्वेद में गाने का उपदेश किया गया है। "गायन्ति त्वा गायत्रिणः" अर्थात् "हे शतक्रतो इन्द्र! गायत्री छन्दवाले तुझको गाते हैं और इतर ऋचांत्र वाले लोग उन ऋचाओं से तेरा अर्चन करते हैं, इस प्रकार गायन और अर्चन रूप साधन से प्रत्यक्ष ब्रह्मरूप वेदमन्त्रों को पढ़ने वाले ब्राह्मण लोग तुझको झण्डे की तरह सबसे ऊंचा मानते हैं।" इसीलिये वेद में उस इन्द्र के लिये साम गाने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

का उपदेश किया गया है। "इन्द्राय साम गायत" जो इन्द्र ज्ञानी और महान् है, जिसने गाने के लिये ही सस्वर वेदमन्त्रों का आविष्कार किया है और जो उनका तत्त्ववेत्ता भी है, उस इन्द्र के लिये 'बृहत् साम' अर्थात् बड़ा व्यापक पूजनीय गीत गाने का विधान दिया गया है।

इस सामगान का अर्थ बहुत ही विचित्र है, अन्यान्य सभी वस्तुओं तथा विषयों से विलक्षण है, अत्यन्त गूढ़ भी है। ऋचाओं में जो स्वर है, उसका गायन ही सामगान है। सामवेद के सभी मन्त्र मूलतः ऋग्वेद के ही हैं। उसमें उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये तीन स्वर प्रसिद्ध हैं। इन स्वरों में गायन का मूलसत्त्व भरा है, जिसके अवलम्बन से सारे संसार को गा सकते हैं और परब्रह्म वस्तु तक पहुँच सकते हैं। उन ऋचाओं में ही वह सामस्वर प्रगाढ़, गम्भीर रूप से निगूढ़ है। "तस्माद् ऋचि अध्यूढं साम गीयते" वह स्वर प्रणवाक्षर में ही है; उस स्वर में अवान्तर सातों स्वर छिपे हुये हैं इसीलिये इस एक ही अक्षर से उन सातों स्वरों का गायन किया जाता है। "अक्षरेण मिमते सप्तवाणीः" (ऋ० १।१६४।२४)।

जो उन छन्दों को बरसाने वाला विश्वरूप है वह इन्द्र उन छन्दों के अमृतरस से ही प्रकाशित हुआ है अर्थात् छन्दोमय वेदवाणी के मुख से ही उस इन्द्र का ज्ञान हो सकता है। "यश्छन्दसामृषभो विश्वरूपः, छन्दोऽभ्योऽध्यमृतात् सम्बभूव। स मेन्द्रो मेधया स्पृणोतु"। (तै. शि. उ. ४।१)।

जिन ऋचाओं के अक्षरों में सामस्वर और समरस भरा है उन सभी ऋचाओं का मूलबीज ही वह प्रणवाक्षर है जिसका अनुकरण ॐ ऐसा होता है। "ॐ इत्येतदनुकृति ह स्म वा अप्योश्रावयेत्याश्रावयन्ति। ओमिति सामानि गायन्ति। (तै. शि. उ. ८।१)।

इस प्रकार वह ॐकार सभी वेदों का सार है, सभी तपस्या का मूल है, ब्रह्मचर्य आदि सभी व्रतों का निचोड़ है।

सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति, तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति। यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति, तत्ते पदं सङ्ग्रहेण ब्रवीमि ॥ ओमित्येतत् (कठ. उ. १।२।१५)।

अन्तरात्मा और परमात्मा का ध्यान भी इसी ओंकार से ही करने का उपदेश है।

"ओमित्येवं ध्यायथ आत्मानं स्वस्ति वः पाराय तमसः परस्तात्"। (मु. २।१६)।

इस प्रणव की उपासना में एक और विचित्र कला है। जैसे कि लक्ष्य के वेध में, बन्दूक वग़ैरह सीखते समय अथवा लड़ाई में अपना जो लक्ष्य है, उसको साधने के लिये वह हथियार ही प्रधान साधन बनता है, ठीक उसी तरह इस उपासना में भी प्रणव ही एक धनु माना गया है, आत्मा ही बाण है, परब्रह्म ही लक्ष्य है; प्रमादरहित होकर साधक ज्ञानपूर्वक इस प्रणवाक्षर के द्वारा उस ब्रह्मवस्तु को पा सकता है। यथा :—

"प्रणवो धनुः शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते। अप्रमत्तेन वेद्धव्यं शरवत् तन्मयो भवेत् ॥"

इसका सच्चा अर्थ यह है कि इस प्रणवाक्षर को गाते २ उसमें लीन हो जाना चाहिये। उसीसे वाणी का रस, आत्मरस, ब्रह्मानन्द-रस—इन सभी का समरस—अनुभव मिल सकता है अर्थात् एक ही 'सुर' (प्रणवगान) से समकाल में सामरस्य-योग सिद्ध हो सकता है।

वह अनुभव कैसा है ? ऐसा पूछने पर कोई भी कुछ कह नहीं सकता। उसका स्वाद और अनुभव तो स्वयं ही लेना होगा। वाणी से कहने पर भी—'वह मधुर है, मीठा है" आदि कथन शब्दमात्र ही रह जाएंगे। जैसे कि शहद, शक्कर, गुड़ आदि पदार्थों का स्वाद केवल शब्द से ही बोलना पड़ता है—"न खलु इक्षुक्षीरगुडादीनां मधुररसभेदाः शक्याः सरस्वत्याप्याख्यातुम्"। ब्रह्मसूत्र शारीरक-भाष्य की 'भामती' टीका में वाचस्पति मिश्र कहते हैं कि यद्वि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

व्यावहारिक पदार्थों के प्रतिदिन चाखे हुए रस के बारे में ही ऐसी दशा हो तो उस परमानन्दरस के विषय में क्या कहना है, जहाँ वेदमाता भी स्वयं मौन-सी रह जाती है।

यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह।
आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन॥

(तै. ब्र. उ. ८। अनुवाकः)

उस रस की अनिर्वचनीयता और पराकाष्ठा मानी गई है। वह व्याख्या द्वारा समाप्त होने वाला नहीं है; या दूसरे शब्दों में, उसकी कभी पूर्ण व्याख्या नहीं हो सकती। किन्तु सङ्गीत-विद्या का दीर्घकाल तक अभ्यास करके श्रद्धापूर्वक उस रस का अनुसन्धान करते हुये प्रेम से गाते हुये वह परमरस चाखना होगा। अस्तु।

वह रस ही सबका सार माना गया है। उसका एक लेशमात्र यहाँ बताना चाहता हूँ। जिस पृथ्वी पर हम लोग रहते हैं, वह धरित्री आकाश, वायु, तेज और जल इन सभी भूतों का सार है। इस पृथ्वी का सार है जल, उस जल का सार है औषधि, क्योंकि जल से ही औषधि की पोषण होता है। उन औषधि-अन्न आदि पदार्थों का सार ही यह पुरुष माना गया है, क्योंकि अन्न के परिपाक से वीर्य द्वारा पुरुष उत्पन्न होता है। इस पुरुष का सार वाग्रस है, क्योंकि पुरुष के जो-जो ज्ञान और अनुभव हैं, वे सभी वाणी के द्वारा ही प्रकाशित किये जा सकते हैं। सभी वाणियों का सार ही 'ऋचा' है और उस ऋचा का रस या सार ही 'साम' है। उस साम का रस ही उद्गीथ है। यह सभी रसों का निचोड़ है; वही परम रस है जो आठवाँ रस 'उद्गीथ' नाम से दिखाया गया है। सामवेद के छान्दोग्य उपनिषद् में यह रस-वर्णन उपलब्ध होता है। यथा ;—

(१) एषां भूतानां पृथिवी रसः, (२) पृथिव्याः आपो रसः, (३) अपाम् ओषधयो रसाः, (४) ओषधीनां पुरुषो रसः, (५) पुरुषस्य वाग्रसः, (६) वाचः ऋग्रसः, (७) ऋचः साम रसः, (८) साम्नः उद्गीथो रसः, स एष रसानां रसतमः परमः परार्ध्योऽष्टमो यदुद्गीथः। इति (छां. उ. १।१;१–३)।

वही परा वाणी का स्वरूप है जो कि ज्ञान, चेतना और ज्योतिर्मय-तत्त्व से पूर्ण है। "तस्या सप्त ऋषयः सप्त तीरे वागष्टमी ब्रह्मणा संविदाना इति वाग् हि अष्टमी ब्रह्मणा संविन्ते" (बृ. उ.) सात प्राणों की सात मात्राएं हैं; उन मात्राओं से अतीत परावाणी ही आठवीं है, वह अमात्रा मानी गई है।

इस ब्रह्माण्ड में बाहर वह आदित्य ही उद्गीथ का देवता है। हम सब प्राणियों के अन्दर वह मुख्य प्राण ही उद्गीथ माना गया है। वेद में इसी का इन्द्र के रूप में वर्णन किया गया है। उसी को "अङ्गिरस्" कहते हैं, जो कि सभी अङ्गों का मूल सारभूत रस है। उसी को 'बृहस्पति' कहा गया है; वाणी ही 'बृहती' है; उस वाणी का अधिपति ही 'बृहस्पति' है। यह छान्दोग्य उपनिषत् में स्पष्ट किया गया है ;—

अथ खलु य उद्गीथः स प्रणवः स उद्गीथः, इति, (छां. उ. १।७।१) असौ वा आदित्य उद्गीथः एष प्रणवः ओमिति हि एष स्वरन् एति। अथाध्यात्मं—य एवायं मुख्यः प्राणः तमुद्गीथमुपासीत ओमिति होष स्वरन्नेति॥

एत मु एवाङ्गिरसं मन्यन्ते अङ्गानां यद्रसः, एत मु एव बृहस्पतिं मन्यन्ते वाग् हि बृहती तस्या एष पतिः॥ इति॥ (छां. उ. १।२।१०–११)।

वस्तुतः 'साम' शब्द का अर्थ केवल सामवेद के शब्दराशिमात्र ही नहीं, किन्तु 'समरस' से सभी स्वरों और वर्णों के साथ सामरस्ययोग से सिद्ध पूर्ण बिन्दु का ही सत्त्व है, जो कि पूर्णविरामरूपी एक अलौकिक पूर्ण वस्तु है। उसके स्थान, मान और नामरूप नहीं हो सकते; उसके परे और कोई चीज नहीं हो सकती। "बृहस्पते न परः साम्नो विदुः"–इति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ऋक्. २।१६।२३) इस विश्व का और सभी वृत्तियों का जहां पर पूर्णरूप से विलय या विराम होता हो वहीं साम है, उसी का देवता इन्द्र है। "इदि परमैश्वर्ये" इस धात्वर्थ से "जिसमें परमैश्वर्य है, वही इन्द्र है", ऐसा सिद्ध होता है। इसीलिए "परमैश्वर्य से पूर्ण इन्द्र के लिए परम-रस-रूप साम से गायन करो" ऐसा उपदेश किया गया है। "इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत्। धर्मकृते विपश्चिते पनस्यवे॥" (ऋ० ८।९८।१) अर्थात् इन्द्र के लिये साम गाओ, जो कि प्रकाशक है और विश्व-व्यापक भी; उस बड़े इन्द्र के लिये बड़ा 'बृहत्' साम-गान करो। बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम्। येन ज्योतिरजनयन् ऋतावृधो देवं देवाय जागृवि॥ (ऋ. ८।२८।१) इस मन्त्र में मरुद्देवता को उपदेश किया गया है—"इन्द्र के लिए बृहत् साम का गायन करो, जो कि उस इन्द्र के अनुरूप गुणानुवाद करने योग्य हो। इससे ज्ञात होता है कि इस सामगान का पति अधिष्ठाता देवता इन्द्र ही है। वह इन्द्र सभी देवताओं का, सभी इन्द्रियों का अर्थात् इन्द्रियरूप प्राणों का राजा, सभी तत्त्वों से ज्येष्ठ और गुणों से श्रेष्ठ है, सभी का अध्यक्ष है। हम लोगों के अन्दर वह मुख्य प्राण ही गाने वाला है। चेतनरूप अन्तरात्मा से चिताई हुई परा वाणी के अवलम्बन से प्राण ही गाता है। इसीलिए प्राण ही 'गय' यानी गायक माना गया है "गायन्तीति गयाः"—जो इस प्राण से गाई जाती है वह वाणी ही इन प्राणों की रक्षा करती है। इसी तात्त्विक अर्थ से वह वाणी "गायत्री" मानी गई है। "गायन्तं त्रायसे यस्माद् गायत्री त्वं ततः स्मृता॥" (ना. उ.) "प्राणा वै गयाः तद् यद् गयाँस्तत्रे तस्माद् गायत्री॥" (बृ. उ. ५।१४।४) "सैषा गायत्री अध्यात्मं प्रतिष्ठिता"—इत्यादि। जिस कारण से वह गायत्री ही गाने वालों की रक्षा करती है, अतएव उस गायत्री के मुख से ही इस मुख्य प्राण के द्वारा उस पूर्णात्मरूप इन्द्र को गाते हैं—'गायन्ति त्वा गायत्रिणः, गायत्रेण प्रतिमिमीते अर्कम्' (ऋ. १।१६४।२४) यह प्राण भी उस इन्द्र के सत्त्व से ही पैदा हुआ है। "ऐन्द्रः प्राणो अङ्गे अङ्गे विबोध्यत्"॥ (तै. सं.) सर्वान्तरात्मरूपी इन्द्र की वाणी ही अनुष्टुप् मानी गई है, क्योंकि "आत्मानं अनुस्तौतीति अनुष्टुप्"—आत्मा का अनुसरण करके ही वह गाती है। उस अनुष्टुप् नाम की गाने वाली अपनी वाणी का अनुसरण करके चरने वाला अन्तरात्मा चेतनरूपी इन्द्र है, उसको ज्ञानी लोगों ने बुद्धि से देखा है, उसका साक्षात्कार किया है।

"बीभत्सूनां सयुजं हंसमाहुरपां दिव्यानां सख्ये चरन्तम्।
अनुष्टुभमनु च चूर्यमाणमिन्द्रं निचिक्युः कवयो मनीषा॥ इति

(ऋ. १०।१२४।९)

इस मन्त्र की व्याख्या ऐतरेय आरण्यक में है। "वाचि वै तदैन्द्रं प्राणं न्यचारयन् इत्येतदुक्तं भवति" इति (ऐ. आ.) इसी प्रकार उस वाणी को गाने वाली मानते हैं और उसे गायकों का रक्षण करने वाली भी कहते हैं। 'गायत्री' इस छन्द-नाम का अर्थ ही है—गाने वालों का त्राण करने वाली। "गायत्री वा इदं सर्वं भूतं यदिदं किञ्च, वाग् वै गायत्री, वाग् वा इदं सर्वं भूतं गायति त्रायते च॥" इति॥ (छां. उ. ३।१२।१)। इसकी मीमांसा ब्रह्मसूत्र में की गई है—"ज्योतिश्चरणाभिधानात्"। "छन्दोऽभिधानात् नेति चेत् न, तथा चेतोऽर्पणनिगदात्, तथाहि दर्शयति"। उस परब्रह्म वस्तु की उपासना में गायत्री छन्द का साम्य-दृष्टि से योग दिखलाया गया है। "पादोऽस्य सर्वा भूतानि, त्रिपादस्यामृतं दिवि"—इस मन्त्र से त्रिपाद और चतुष्पाद तत्त्वों के योग से गायत्रीरूपी परा वाणी और परब्रह्म वस्तु का साम्य है और सभी अर्थों का साम्य भी है। ऐसा निर्णय ब्रह्मसूत्र के शारीरक आदि भाष्यों में किया गया है।

यह गाने वाला प्राण ही गन्धर्व माना गया है, जो कि सब प्राणियों के हृदय में उस वाणी को गा रहा है, जो उस वाणी को चेतनरूपी अन्तरात्मा (मन) से धारण करता है। उस ज्योतिर्मय वाणी को ज्ञानी लोग अपने हृदय में रक्षण करते हैं, जो कि आकाश की तन्मात्रा है, जो भीतर से बुद्धि को भी प्रेरणा देने वाली है। यह वाक् तत्त्व ऋग्वेद में

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

प्रसिद्ध है; पतङ्ग ऋषि उसी के द्रष्टा हैं। "पतङ्गो वाचं मनसा बिभर्ति तां गन्धर्वो अवदद् गर्भे अन्तः। तां द्योतमानां स्वर्यं मनीषामृतस्य पदे कवयो निपान्ति ॥" इति (ऋ. १०।१२९।३)।

यही वाणी 'मध्यमा' भी मानी गई है। उस मध्यमा के दो प्रकार हैं, एक बाहर ब्रह्माण्ड में मध्यमलोकरूप अन्तरिक्ष में रहने वाली है और दूसरी मध्यमलोक के अधिपति "वायु, इन्द्र और रुद्र" इन वैद्युत् ज्योतिर्मय देवता-विभूतियों के साथ मिली हुई है। वही (मध्यमा) 'भारती' नाम से ऋग्वेद में प्रसिद्ध है। उसका वर्णन दस भिन्न २ स्थानों पर सूक्तों में पाया जाता है। "तिस्रो देव्यः सरस्वतीळाभारत्यः।" उनमें से 'इळा'—यह पृथिवी के अधिपति अग्नि की शक्ति है, वह अग्नायी मानी गई है। 'भारती' अन्तरिक्षाधिपति इन्द्र की शक्ति है, जो कि इन्द्राणी मानी गई है। वही रुद्र के योग से गौरी मानी गई है। 'सरस्वती' द्युलोक के अधिपति सूर्य की शक्ति है जिसे वरुणानी भी कहा गया है। सूर्य को सरस्वान् माना गया है। इस प्रकार सरस्वती, इळा और भारती इन तीनों का क्रमशः द्युलोक, पृथ्वी और अन्तरिक्ष के साथ संबन्ध है। ये तीनों वाग्देवता की विभूतियां हैं। भारतीळे सरस्वति या वः सर्वा उपब्रुवे। तानश्चोदयत श्रिये ॥ (ऋ. १।१८८।८)।

इहेन्द्राणीमुपह्वये वरुणानीं स्वस्तये। अग्नायीं सोमपीतये ॥ (ऋ. १।२२।१२)।

वाग्देवता के इन तीनों रूपों का मेरे ग्रन्थ 'वाक्सुधा' में विस्तृत वर्णन किया गया है। यहाँ केवल उदाहरण स्वरूप दो श्लोक उद्धृत करता हूं, जिनमें 'भारती' का वर्णन है;—

या विद्युन्-मरुद्-इन्द्ररुद्रमहसां भासा सुभाषा प्रभा
तद्योगान्निरताऽन्तरिक्षसदने सा भारती वैद्युती।
तस्मान्मध्यमलोकदैवतसती भातीह भाषोद्यती
सिद्धा माध्यमिका सती भगवती वाग्देवता भारती ॥

नाभेरूर्ध्वमुखा, हृदन्तरुदिता प्राणैः स्वरैः सस्वरां
सूक्ष्मां मध्यदशां निजामुपगता सा मध्यमा संज्ञिता।
वाग्वै सा हृदि मध्यमेन मरुता प्राणेन्द्ररुद्रात्मना
वक्तुं संयतये स्वयं स्वरसतो ज्ञातार्थदा भारती ॥

अर्थात् सभी प्राणियों के अन्दर हृदय में प्राण के स्वर के साथ स्फुरने वाली वाणी ही मध्यमा मानी गई है। परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी,—इन चारों में से वह तीसरी है और पहली परावाणी को छोड़ कर पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी, इन तीनों में से वह 'मध्यमा' है जो कि प्राण के साथ मिलकर स्वरयुक्त बन जाती है।

इसी वाणी में मङ्गलमय लक्ष्मी देवता भी है—"भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताऽधि वाचि"। छलनी से जैसे आटे को छान कर शुद्ध बनाते हैं, उसी प्रकार मन से वाणी का संशोधन करते हुए विद्वान् लोग जहाँ उस सत्यरूप वाणी का उच्चार करते हैं, वहाँ उस भाषा के जानकार लोग उसका अर्थ समझ जाते हैं। अतः उस वाणी में अर्थज्ञान का प्रकाशन करने की जो शक्तिरूपी सात्त्विक कला है, वही भगवती लक्ष्मी श्रीदेवता है।

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचमक्रत।
अत्रा सखायः सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताऽधि वाचि ॥ (ऋ. १०।७१।२)

संगीत में नवरसों का सत्त्व

सङ्गीत में सभी रसों का सत्त्व भरा है, फिर भी शाब्दिक और व्यावहारिक दृष्टि से उन रसों की नव संख्या में परिगणना की गई है। यथाः—

शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतहास्यभयानकाः।
शान्तो रौद्रश्च बीभत्सो वाचो नव रसाः स्मृताः ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ये सभी रस वाणी में, स्वर और नाद में, शब्द-साहित्य में विद्यमान हैं। एक वाणी के मुख से ही उन सभी रसों का आविष्कार हो सकता है। इन रसों के अतिरिक्त ज्ञान-रस, विद्या-रस, योगानन्द-रस, आत्मशान्ति-रस, ब्रह्मानन्द-रस इत्यादि भी वेदों और उपनिषदों में बताए गए हैं। परम-रस के लेशमात्र से आज भी सारे संसार के प्राणिमात्र जीवित रहते हैं। यदि उस पूर्णानन्द परम-रस का लेश इन प्राणियों में न होता तो ये प्राणी कभी जी नहीं सकते। यही याज्ञवल्क्य का उपदेश राजा जनक को मिला था। एष एव परम आनन्दः, अन्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति इति। (बृ. उ.) अखण्ड नादब्रह्मरूप उस दिव्य वाणी से ही यह सारा समुद्र रूप से भरा हुआ रस झरता है। उसी रस से ये प्राणी जीवित रहते हैं, उसी से सभी अक्षरों का आविर्भाव हुआ है और इस वाक्शक्ति से ही वह निर्गुण ब्रह्म वस्तु भी सगुण बना है और 'अक्षर-सत्य-ब्रह्म' आदि नामों द्वारा बताया गया है। अधिक क्या कहें? उस वाग्रस से ही यह सारा विश्व जीवित है। यही प्रत्यक्ष ब्रह्मरूप वाणी का रस है।

गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षती, तस्याः समुद्रा अधिविक्षरन्ति।
तेन जीवन्ति प्रदिशश्चतस्रः, ततः क्षरत्यक्षरं तद् विश्वमुपजीवति॥ इति. (ऋ. १।१६४।४२)

इस प्रकार वह ब्रह्मवस्तु ही एकरस माना गया है। उस ब्रह्मवस्तु का ज्ञान भी रसरूप ही है। "रसो वै सः, रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात् कः प्राण्यात्। यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्। एष ह्येवानन्दयाति॥ इति. (तै. ब्र. ३, ७ अनु.)

इसी सङ्गीत से वह ब्रह्मानन्दरस भी मिल सकता है, यदि योग और तपस्या के रूप में यानी सङ्गीत को योग और तपस्या मान कर इस सङ्गीत की उपासना की जाय। अलौकिक और निर्व्याज श्रद्धा से निरन्तर, अविच्छिन्न रूप से उस परम वस्तु के अनुसन्धान से, दीर्घकाल तक तपस्या से इस संगीत का अभ्यास करने से उस परम रस का अनुभव अवश्य ही मिलता है। इसमें दृष्टि-भेद और उद्देश्य ही कारण है। जो-जो काम जिस-जिस उद्देश्य से किया जाता है, उस के अनुसार ही फल मिलता है। भक्ति-मार्ग की आराधना में भी ऐसा ही होता है, अर्थात् उद्देश्य के अनुरूप फलप्राप्ति होती है। उदाहरण के लिए, प्रह्लाद ने तो पूर्ण भक्ति-भाव से नारायण का नाम गाया था; नाटक में प्रह्लाद का 'पार्ट' लेने वाला कलाकार भी प्रह्लाद की तरह वही 'नारायण' नाम गाता है; किन्तु उसका उद्देश्य भगवद्भक्ति न होकर कुछ और ही होता है। या तो प्रेक्षागृह में बैठे हुए दर्शकों को ख़ुश करने के लिए, अथवा कोई प्रमाणपत्र या पारितोषिक आदि फल पाने के लिए या "वाह-वाह" कहलाने के लिए वह प्रह्लाद का अनुकरण करता है। उस अभिनेता का भगवन्नाम-गान 'नकली' हो है, 'सकली' नहीं; इसीलिए उसे फल भी उतना सा ही मिलता है। यदि वह प्रह्लाद के पूर्ण भक्ति-भाव से उस करुणा-रस में पहुँच कर सचमुच भगवान् का नाम गाता तो आज भी भगवान् वैसे ही प्रसन्न होते जैसे प्रह्लाद पर हुए थे, सभी प्रेक्षकों के अन्तर्यामी परमात्मा भी तल्लीन हो जाते, तब 'सामरस्य' का आनन्द मिल सकता था।

राम राम सब कोउ कहे, ठग ठाकुर अरु चोर।
जिस नाम से ध्रुव प्रह्लाद तरे, वह नाम है कुछ और॥

यह प्रसिद्ध है। सचमुच प्रह्लाद की भी वह करुणाजनक पुकार रोना नहीं, गाना ही है। उसी भाव से रोदन भी गायन हो जाएगा और उस भाव के बिना गाना भी रोना हो जाएगा। यह सब कुछ नई बात नहीं; इसे सब लोग जानते हैं। फिर भी मैंने स्मरण मात्र दिलाया है।

नादब्रह्म-रूपा सरस्वती

अन्यान्य देव-देवियों के हाथ में धनुष, बाण, तलवार, त्रिशूल आदि शस्त्रास्त्र दिए गए हैं। वे सभी उन-उन शक्तियों के तात्त्विक स्वरूप के बोधक सङ्केत हैं। सरस्वती के चारों हाथों में जो 'शस्त्रास्त्र' दिए गए हैं, वे पराशक्ति रूप

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri.

वाणी के ही प्रतीक हैं और रूपक भी हैं। निर्गुण और नामरूपातीत पूर्णब्रह्मवस्तु जितना व्यापक है, उतनी ही व्यापक उस की वाचकशक्तिरूपा वाणी भी है। "यावद् ब्रह्म विष्ठितं तावती वाक्" (ऋ० १०।११४।८) इसकी व्याख्या से यही अर्थ और भी स्पष्ट होता है—"यत्र क च ब्रह्म तद्वै वाक् यद्वै वाक् तद्वै ब्रह्मेत्येतदुक्तं भवति।" (ऐ. आ. १।२।८) उस परब्रह्मवस्तु के जो नाम हैं, वही वाणी के भी हैं। यथा 'सत्य, अक्षर, ब्रह्म' प्रसिद्ध ही हैं। वह पूर्ण-ब्रह्म-वस्तु बिन्दु के रूप से बतलाया जाता है, वही वाणी का अनुस्वार है। वस्तुतः 'ब्रह्म' यह नाम वाणी का ही मुख्य है, नामरूपातीत निर्गुण वस्तु के लिए गौण है, अर्थात् गुणभूत है। "वाग् वै ब्रह्म, तस्या एष पतिः ब्रह्मणस्पतिः" (बृ० उ० १।३।२१) प्रत्यक्ष ब्रह्म ही वाणी है, उसका वाच्यार्थ-रूप वस्तु ही परोक्ष ब्रह्म है। इसी प्रकार ॐ यह भी वाणी का ही प्रधान-स्वरूप है। "ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्" (ऋ १।१६४।) इस मन्त्र में जो 'अक्षर' शब्द है, वह वाणी का ही है, और वाणी के वाच्यार्थ का भी वही 'अक्षर' वाचक है, इन दोनों के समन्वय से ही पूर्ण ज्ञान हो सकता है। इसीलिए यास्कमुनि ने इसी मन्त्र के व्याख्यान के अवसर पर "ओमित्येषा वागिति शाकपूणिः" ऐसे स्पष्ट कहा है।

ॐ यह भी उस परा वाणी के नाद-ब्रह्म का अनुकरण है—"ओमित्येतदनुकृतिः" (तै० शो० उ० ६।२) उस आकाश में तन्मात्रा के रूप से भरा हुआ जो शब्द अथवा नाद है, उसी का अनुकरण यह अखण्ड नादरूपी ॐकार है।

उसी नाद की गुप्त शक्ति का स्वरूप है "ई"। वही पराशक्ति का नाम है; परब्रह्म वस्तु का भी वही नाम है। "य ईं चिकेत गुहा भवन्तम्" (ऋ. १) "य ईं चकार न सो अस्य वेद" (ऋ. १।१६४) "त्रिसो मातॄस्त्रीन् पितॄन् बिभ्रदेक ऊर्ध्वस्तस्थौ न ईं अवग्लापयन्ति (ऋ १।१६४) ऐसे सैंकड़ों मन्त्रों में ईंकार का निर्देश है। यह ईंकार नाद-ब्रह्मरूप अक्षर माना गया है। वह गुप्त प्रणव होने के कारण अभी तक गुप्त ही रह गया है। "ईङ्काराय स्वाहा ईङ्कृताय स्वाहा" (तै. सं. ७।१।१९ (९)) (कृ. य. सं. वैश्वदेवकाण्डे अश्वमेधे) ऐसे यजुर्मन्त्र में स्पष्ट ईंकार सुनाया गया है। यह स्वतन्त्र विषय होने के कारण यहाँ उस का विस्तार प्रासंगिक नहीं है। नादब्रह्म का यह एक गुप्त तत्त्व है।

ब्रह्म वस्तु को समझने और समझाने के लिए भी वाणी ही एकमात्र प्रमाण है। वेदवाणी ही एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। उस ब्रह्मवस्तु को नापने-वाली होने के कारण वह वाणी "मा, माता, माया" आदि नामों से कही गई है। वाग्देवी ने ही उस परम-वस्तु को बताया, 'ब्रह्म' इस नाम से पुकारा और सिखाया; तभी पता लगा कि वह ब्रह्म है। उसी प्रकार वाणी ने वेदों के मुख से उस वस्तु का वर्णन किया, किन्तु उसका सच्चा वर्णन न हो सका, तब वह निवृत्त हो गई। अर्थात् उस ब्रह्म-वस्तु के निर्वचन में वाणी को भी मौन धारण करना पड़ा। "यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह। आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान् न बिभेति कुतश्चन" इति (तै. ब्र. उ. ९ अनु.) यह ब्रह्मानन्द-रस अनिर्वचनीय ही है, ऐसा सिद्ध होता है। श्री शङ्कराचार्यजी ने उस मौन का वर्णन किया है—"मौनव्याख्याप्रकटित-परब्रह्मतत्त्वं युवानम्"। इति ॥

मौन धारण करके कुछ न बोलते हुए भी ब्रह्म वस्तु का अस्तित्व सुनाने के लिए वाणी ने वीणा ली है। उस वीणा में जो तन्तु या तन्त्री है, वही ज्ञान का रूप है अथवा चेतना का रूपक है। वाग्देवी ने स्वयं बिना बोले हुए उस चेतना-तन्तु को प्राणशक्ति के योग से चिताया, सरस्वती ने उस तन्तु को छेड़ा; उसी से एक ऐसा नाद निकल पड़ा जो कि 'अं' अनुस्वार माना गया है। यही ध्वनि पूर्णबिन्दु-तत्त्व का प्रतीक रूप है। उसी नाद से पता चला कि कुछ न कुछ एक चेतन वस्तु है, जिस से यह नाद निकलता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वाग्देवता के चार हस्तों के प्रतीकों का गूढ़ार्थ इस प्रकार है :—

(१) तन्तु या तन्त्री के नाद से ब्रह्मवस्तु का बोध कराने के कारण वाणी का नाम 'दैवी वीणा' पड़ा है। उस 'वीणा' से ही वाणी को "वीणापाणि" की पदवी मिली है। इस पदवी का प्रधान अर्थ है—'बिना बोले हुए बताने वाली'। यही नाद-ब्रह्म का तत्त्व है; उसी में एक अलौकिक रस है, जिसको सुनने से, "श्रवण-मात्र" से उस रस का अनुभव होता है।

(२) सरस्वती के हाथ में जो माला है, वह अक्षरों की है। 'अकार' से 'हकार' तक जो वर्ण हैं, वह रुद्र भगवान् के डमरू से निकले हुए हैं। "नृत्तावसाने नटराजराजो ननाद ढक्कां नवपञ्चवारम्"—रुद्र के ताण्डव नृत्य के बाद डमरू के नाद से निकले हुए 'अइउण्हल्' आदि चौदह सूत्र प्रसिद्ध हैं। 'अकार' से आरंभ कर 'क्षकार' तक के अक्षरों की माला से ही जप करने का विधान है।

(३) सरस्वती के हाथ में पुस्तक शब्दशक्ति का स्वरूप है; उन्हीं अक्षरों के योग से जो शब्द बने हैं, उन से ही अर्थ-ज्ञान होता है। 'पुस्तक' के प्रतीक में जैसे शब्द-वाक्य आदि गद्यरूप हैं, वैसे ही पद-पाद-पद्य-आदि छन्दोमय रूप भी है। यह सभी वाणी का ही स्वरूप है। इसी तत्त्व का उल्लेख कवीन्द्र कालिदासजी ने किया है :—

वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये।
जगतां पितरौ वन्दे पार्वतीपरमेश्वरौ॥

(४) सरस्वती का चौथा हाथ 'अभय' मुद्रा में स्थित है। इसका तात्पर्य यही है कि ऊपर लिखे तीनों साधनों के शक्तिरूप 'शस्त्रों' से सरस्वती जिस ज्ञान-रस का वितरण कर रही हैं; उसी ज्ञान से अभयरूप शान्ति-रस का भी वितरण करती हैं। इस प्रकार सरस्वती के करस्थित वीणा, माला, पुस्तक और अभयमुद्रा का प्रतीकार्थ स्पष्ट किया गया।

सङ्गीत से सभी पुरुषार्थों की प्राप्ति

सङ्गीत ही संसार, प्रपञ्च और परमार्थ आदि सभी पुरुषार्थ प्राप्त करने का प्रधान साधन है। इसी सत्य का स्वल्प विवरण नीचे प्रस्तुत है।

इस संसार में सुख-शान्ति से जीवनयात्रा बिताने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी-अपनी अनेक कामनाएं होती हैं। उन कामनाओं की पूर्ति में कोई एकाकी समर्थ नहीं हो सकता। अतः स्त्री और पुरुष—इन दो का निर्माण हुआ है। वे ही इस संसार के विश्व-चक्र के संचालक माने गये हैं। उन्हीं के योग से 'दम्पती' बनते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य है—"हम, दोनों के योग से, परस्पर आनन्द-रस पाएंगे और सत्संतान के द्वारा आचन्द्रार्क बढ़ते जाएंगे तथा इस प्रकार अमृतत्त्व भी प्राप्त करेंगे।" 'प्रजाभिरग्ने अमृतत्त्वमस्याम्' (ऋ. ५।४।१०) आनन्द से, सुख शान्ति से शरीरयात्रा बिताने में और इस असार संसार को सुसार बनाने में सङ्गीत-विद्या की उपासना एकमात्र साधन है। यदि पति-पत्नी दोनों सङ्गीत के प्रेमी, रसिक, सङ्गीतव्यसनी बनेंगे तो वही एक आदर्श जोड़ा हो सकेगा। तभी "समानविद्याव्यसनेषु सख्यम्" इस वचन के अनुसार उन दोनों का सच्चा सखित्व स्थिर हो जाएगा; वे दोनों गायन करते हुए इस संसार यात्रा को स्थिर बना सकेंगे। उनके योग से उत्पन्न सन्तान बीज और क्षेत्र के संस्कार से निर्मल और वीर्यवत्तर बनेगा। संतान को गर्भ से ही सङ्गीत का संस्कार दिया जाये तो उसका असर कई पीढ़ियों तक चलेगा और इस प्रकार अपूर्व, अलौकिक संगीत का एक वंश-वृक्ष ही तैय्यार हो जाएगा।

बालक का जन्म होते ही महोत्सव मनाया जाता है और वैदिक जातकर्म संस्कार भी किया जाता है। उस संस्कार में सद्योजात शिशु के दाहिने कान में "वाक्, वाक्, वाक्" यह मन्त्र सुनाने का विधान है और दही, शहद घी मिलाकर सुवर्ण को घिसकर पिलाने का भी विधान है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अथास्य दक्षिणं कर्णमभिनिधाय वाग् वाग् वाग् इति त्रिः, अथ दधिमधुघृतं संनीय अन्तर्हितेन ज़ातरूपेण प्राशयति ॥ (बृ. उ. ६।४।२५)।

यह सब कुछ बालक की वाणी में माधुर्य, वीर्यवत्ता, तेजस्वी स्वर और रस का सञ्चार करने के लिये हीं है। यह प्रथम संस्कार संगीत के साथ ही किया जाए तो वही संस्कार आगे चलकर बालक को गायन में प्रेमी रसिक बनाने में सहायक होगा।

जातकर्म-संस्कार के पश्चात् बालक को स्तनपान कराया जाता है। उसके लिए सरस्वती के मन्त्र का विनियोग है। "अथैनं मात्रे प्रदाय स्तनं प्रयच्छति"। यस्ते स्तनः शशयो यो मया भूर्येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि। यो रत्न धा वसुविद् यः सुदत्रः सरस्वति तमिह धातवेऽकः ॥ इति (ऋ. १।१६४।४९) अर्थात् हे सरस्वति ! सभी रसों से पूर्ण जो तेरा स्तन परम सुख देनेवाला है, तू जिस स्तन से सभी प्राणियों का पोषण करती है, जो स्तन रमणीय, वरणीय और प्राण को चेतन बनाने वाला है, जो सभी ऐश्वर्य और सत्त्वगुण को धारण करता है, उस परम रस से पूर्ण स्तन को प्राणियों को पिलाने के लिये तू धारण करती है।

इस प्रथम स्तनपान के समय ही यदि सुस्वर से वैदिक मन्त्रों का गायन कराया जाए तो वह स्तनपान प्राण-सञ्जीवन मात्र ही नहीं, ज्ञान-सञ्जीवन आदि सभी सत्त्वगुणों को चिताने वाला होगा। इस प्रकार का प्रयोग (रिसर्च) संशोधन कोई नहीं करता। वह प्रयोग केवल किताब से या लेखन से पूरा नहीं हो सकता; उस संस्कार का प्रसाद कुछ अलौकिक ही होगा।

बालक जब रोता है, तब कुछ मीठा पदार्थ खिलाते हैं जिससे चुप हो जाए। उससे भी चुप न हो तो मां कुछ गीत सुनाती है, तब चुप हो जाता है। यदि मां गीत न जानती हो तो वह गाली-गुस्सा करके बालक को पीटने लगती है। तब वह और भी रोने लगता है; उसके साथ-साथ माता-पिता को भी रोते-रोते समय बिताना पड़ता है। सचमुच रोनेवालों को शान्त करने में संगीत एकमात्र सञ्जीवनी 'मात्रा' (औषधि) है।

उसी प्रकार कभी पति भी रुष्ट हो जाता है, स्त्री को छोड़ कर इधर-उधर भटकते फिरने का मौक़ा भी किसी को आ जाता है, वैसी अवस्था में यदि सङ्गीत का शान्तिमय और प्रेममय 'शस्त्र' हो तो मीठी बात से, साम से, सौम्य स्वर से, सावधान मन से पति को क्या, शत्रु को भी रिझा सकते हैं। सङ्गीत की साधना हो तो दम्पती का दिल एक हो जाएगा; उनके कामुक हृदय सभी कामनाओं के रस से पूर्ण हो जाएंगे और निष्काम, निर्व्याज प्रेम से पूर्ण बनेंगे। उनके लिए यह असार संसार भी सुसार बन जाएगा।

प्रपञ्च-यात्रा में भी सभी लोगों को अपनाने में और आत्मसात् करने में यह सङ्गीत ही रामबाण है। प्रापञ्चिक सभी प्रकार के ऐश्वर्य इस संगीत कला में पूर्ण हैं। धन आदि प्राप्त करने का सामर्थ्य भी इसमें है।

अन्यान्य सभी विद्याओं का ज्ञान पुस्तकों में लिख कर रख सकते हैं, किन्तु यह सङ्गीत विद्या की कला तो साधक के साथ ही रहेगी; दूसरे विद्यार्थियों में रखने से ही वह सजीव रह सकती है। फिर भी "तुका म्हणे पदवी ज्याची त्याला"—ऐसे सन्त-वचन के अनुसार "जिसकी पदवी, उसी की है"।

और एक बात विशेष रहस्य की है और वह यह कि सङ्गीत को चिकित्सा के रूप में भी प्रयुक्त किया जा सकता है। इससे बड़े-बड़े रोगों की भी शान्ति हो जाती है। चाहें तो इसका प्रयोग कर के अनुभव ले सकते हैं।

इन सब प्रापञ्चिक विषयों के अतिरिक्त "परमार्थ" भी एक सबसे बड़ा विषय है, जिसे परम पुरुषार्थ माना गया है; धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इनमें अन्तिम है मोक्ष। वह मोक्ष क्या है ? विषय, बन्धन, अज्ञान, अन्धकार;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उपाधि, भय, प्रमाद, व्यसन, मोह, मद, अहङ्कार, मृत्यु आदि अनेक प्रकार के बन्धनों से छूटना, अलग होना और नैसर्गिक आत्मस्थिति में रहना ही मोक्ष है। वह ब्रह्म-विद्या, अध्यात्मविद्या, पराविद्या, रसविद्या, आनन्दविद्या, अक्षर-विद्या इत्यादि अनेक नामों से वेदों और उपनिषदों में प्रसिद्ध ही है। उन सभी का लक्ष्य एक ही है। उसी के लिए कर्म, उपासना, भक्ति, ज्ञान, यज्ञ, योग, तपश्चर्या इत्यादि साधनों का भी विधान है। सङ्गीत भी इन्हीं साधनों में अन्यतम है। इसलिए अन्तिम पुरुषार्थ मोक्ष भी सङ्गीत से सुलभ है।

सङ्गीत-विद्या का स्वरूप

वेदमन्त्रों में उदात्त, अनुदात्त, स्वरित—ये तीन स्वर होते हैं। उनका उच्चारण कैसे किया जाता है, यह गुरु के मुख से सुन कर ही, उनके अनुकरण से ही सीखना होगा; केवल किताबों में देख कर नहीं सीखा जा सकता है। उसी प्रकार गायन का भी है। षड्जादि स्वरों का उच्चार किताब से नहीं समझा जा सकता है। इसलिए क्या वेदपाठ और क्या गायन—दोनों के स्वर अनुकरण द्वारा ही सीखे जा सकते हैं, समझे जा सकते हैं। इसीलिए प्रातःकाल, मध्यान्ह, और सायंकाल,—इन तीनों सवनों में जो सामगान का स्वर है, वह पशु पक्षियों के स्वरों के अनुकरण से ही समझना पड़ेगा, दूसरी गति ही नहीं है। यह बात वेदाङ्ग-शिक्षा में पाणिनि आचार्यजी ने स्पष्ट कही है :—

प्रातः पठेन्नित्यमुरःस्थितेन स्वरेण शार्दूलरुतोपमेन।
मध्यन्दिने कण्ठगतेन चैव चक्राह्वसंकूजितसन्निभेन॥
तारं तु विद्यात् सवनं तृतीयं शिरोगतं तच्च सदा प्रयोज्यम्॥
मयूरहंसान्यभृतस्वराणां तुल्येन नादेन शिरःस्थितेन॥ इति (पाणिनि-शिक्षा)

अर्थात् प्रातःसवन में शार्दूल (सिंह) के स्वर का,* मध्याह्न-सवन में चक्रवाक के स्वर का तथा सायंसवन में मयूर, हंस आदि के स्वर का अनुकरण करना चाहिए। इस प्रकार मन्द्र, मध्य और तार स्थानों को अनुकरण द्वारा समझाया गया है। इसी प्रकार सङ्गीत के षड्जादि स्वरों के उच्चारण में भी पशु पक्षियों का अनुकरण ही मुख्य है। ऋक् मन्त्रों को ही गायन के नियम से गाने का विधान है—'तस्मात् ऋचि अध्यूढं साम गीयते' इति (छां. उ.) उस सामगान में पांच-सात-दस, यों अनेक भेद हैं। "लोकेषु सप्तविधं साम उपासीत।" १. हिंकार, २. प्रस्ताव ३. आदि ४. उद्गीथ, ५. प्रतिहार, ६. उपद्रव, ७. निधन ये सात साम के भेद प्रसिद्ध हैं। १. गायत्र, २. रथन्तर ३. वामदेव्य, ४. बृहत्, ५. वैरूप, ६. वैराज, ७. शाक्वर ८. रैवत ९. यज्ञायज्ञीय और १०. राजन। ऐसे इन नामों से दस प्रकार के साम भी अलग होते हैं। "गायन्ति त्वा गायत्रिणः", "रथन्तरं सामभिः पात्वस्मान्" "बृहत्-सामक्षत्रभृद् वृद्धवीयम्" इत्यादि ऋग्वेद के मन्त्रों में इन गायनों का उल्लेख किया गया है।

कर्मकाण्ड में होम वग़ैरह विनियोग में वेदमन्त्रों का प्रयोग स्वरसहित करना ही शास्त्रीय है। ज्योतिष्टोमादि यज्ञों में सामगान का विधान है; उसके ऋत्विज भी अलग ही होते हैं—उद्गाता, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता, सुब्रह्मण्य वग़ैरह सामवेद के ऋत्विज हैं।

मुख्य प्राणादि उपासना में उद्गीथ वग़ैरह विद्याओं का विधान है। "ओमित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीत" (छां. उ.) "ओमिति सामानि गायन्ति" (तै. शि. उ.)।

---

* स्वर साधक जानते हैं कि आज भी सूर्योदय से पूर्व मन्द्र-साधना की जो परंपरा है, उसमें सिंह की हुंकार जैसा ही मन्द्र और गंभीर कण्ठ-स्वर रहता है। :—संपादक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भक्तिमार्ग के भजन, स्तोत्र, नाम-स्मरण, जप, गीत, नृत्य आदि साधनों में शब्द-ब्रह्म और नाद-ब्रह्म की ही उपासना की जाती है। योगशास्त्र में प्रणव का जप, नादानुसन्धान, श्वासोच्छ्वास में 'हं सः' इस मन्त्राक्षर का अनुसन्धान करने का विधान है।

प्रत्येक मनुष्य के सिर के भीतर प्रतिक्षण एक विचित्र, विलक्षण नाद, विना बजाए, अपने-आप बजता रहता है। उसका नाम है "अनाहत नाद"।

घनगर्ज्जितमिव यच्छ्रुतमभितः, मूर्धन्यनुहत मिहगतमन्तः।
घटयति गीतमिवैव हि चेतः, परमिदमनुजानीहि सुचेतः॥

वह भीतर का नाद होने के कारण भीतर के सूक्ष्मेन्द्रिय से ही उसका श्रवण हो सकता है।

इस गायनरूप वाणी में एक दिव्य रस भी है। सिर से अन्दर मुख में जीभ के ऊपर टपकने वाला जो अमृतरस है, योगशास्त्र में जो सोमरस माना गया है, उस अमृतरस के योग से वाणी में भी एक रस-तत्त्व का उदय होता है। "ओष्ठा पिधाना नकुली दन्तैः परिवृता पविः। सर्वस्यैवाच ईशाना चारु मामिह वादयेदिति वाग्रसः॥ (ऐ. आ.)

मूलाधार से निरन्तर स्फुरने वाली परा वाणी की उपासना अहंस्फूर्ति के योग से की जाती है। वह अहङ्ग्रहोपासना मानी गई है। इस 'अहं' स्फूर्ति में अकारादि हकारान्त ('अ से ले कर 'ह' तक) सभी वर्णों का अन्तर्भाव होता है और उन अक्षरों का मूलबीजरूप पूर्णविन्दु भी उसी में है। यही आत्मगायन भी है।

हृदय में मध्यमावाणी के अनुसन्धान से गायन करने से लय-योग सिद्ध होता है। उस में सभी इन्द्रियों की वृत्तियां अन्तर्मुख बन जाती हैं और उस केवल 'स्वर-रूप' में लीन हो जाती हैं। मध्यमावाणी को 'मध्यमा' इसलिए माना गया है कि अत्यन्त सूक्ष्म परा वाणी की अपेक्षा वह कुछ-कुछ स्थूल-रूप से स्वर के स्वरूप में आ जाती है। दूसरी ओर अकारादि वर्णरूप से निकलने वाली वैखरी वाणी से वह मध्यमा सूक्ष्म है। इस प्रकार मध्यम दशा के स्वरूप में उसकी स्फूर्ति होती है। इस मानसिक आभ्यन्तर गान में मध्यमा वाणी का अवलम्बन लिया जाता है। जो सङ्गीत का सच्चा रसिक होगा और पूरा पहुंचा हुआ ऊंचा गायक होगा, वही इस मध्यमा वाणी के गायन में तन्मय हो सकेगा। वैखरी वाणी से तो साक्षात् षड्जादिक सातों स्वरों के योग से गाया जा सकता है, जिसे और लोग भी सुन सकते हैं।

वाणी, मन, प्राण, श्रोत्र, नेत्र—इन पांचों इन्द्रियों के योग से सङ्गीत देवता की उपासना होती है। बुद्धि पूर्वक स्वर का ज्ञान, उसमें वाणी की योजना, मन से उसका अर्थानुसन्धान रखना, प्राण के स्वर से उच्चार करना, कान से सुनना, ज्ञानप्रधाननेत्रेन्द्रिय से साक्षी के रूप में उसके स्वरूप का निरीक्षण करना, यही इस योग का पूर्ण स्वरूप है। इस योग से सङ्गीत-विद्या की साधना और उपासना करने से वह सङ्गीत-देवता प्रसन्न होती है, उस गायक के अन्तरात्मा में स्वयं ही प्रकट होती है और आनन्द-रस का अनुभव दिलाती है। इस में स्वरज्ञान, जागृति, अप्रमाद, आन्तर्य-स्फूर्ति, कण्ठ का सुस्वर नाद, जिह्वा को शुद्धि, स्वरमात्रादि उच्चारण में चपलता, दांत और ओंठों की स्थिरता, आकुञ्चन प्रसारण करने का सामर्थ्य, बुद्धि और प्राण को दृढ़ता तथा शान्ति, वाणी का बल और धैर्य इत्यादि भी इस सङ्गीत-विद्या के साधन में प्रधान अङ्ग हैं।

माधुर्यमक्षरव्यक्तिः पदच्छेदस्तु सुस्वरः। धैर्यं लयसमर्थं च षडेते पाठका गुणाः॥ (पा. शि.)
गीती शीघ्री शिरःकम्पी तथा लिखितपाठकः। अनर्थज्ञोऽल्पकण्ठश्च षडेते पाठकाधमाः॥ (पा. शि.)
इस प्रकार पाणिनि ऋषि ने 'पाठकों' के गुण और दोष बताए हैं।

ब्रह्मविद्या में सङ्गीत ही सबसे प्रधान साधन है और पूर्ण फल भी है। केवल शब्द ज्ञान से उस ब्रह्म वस्तु का पूर्ण अनुभव नहीं हो सकता। अनुभव के लिये वार-वार अनुवृत्ति से साधना करनी होगी। उस वस्तुज्ञान के योग से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उद्गीथ आदि सभी उपासनाओं में यदि सङ्गीत विद्या का योग हो तो वह ब्रह्मात्मनिष्ठा आसानी से मिल सकती है। इसीलिए ब्रह्मविद्या की भाँति यह सङ्गीत विद्या भी एक विशिष्ट प्रकार की ऊँची अलौकिक विद्या है। इसमें बाहर की किसी भी चीज की अपेक्षा और आवश्यकता नहीं है। अपने ही अन्तरात्मा, मन, बुद्धि, प्राण आदि से स्वतन्त्र साधन ही इसमें प्रधान है। यही साधन एक प्रकार का यज्ञ भी है; अतः इसे आन्तर्य विद्वद्यज्ञ माना गया है। इस यज्ञ में पाँच ऋत्विज हैं—वाक्, प्राण, मन, श्रोत्र और नेत्र। "तस्यैवं विदुषो यज्ञस्यात्मा यजमानः, श्रद्धा पत्नी—दक्षिणा वाग् होता, प्राण उद्गाता, चक्षुरध्वर्युः, मनो ब्रह्मा, श्रोत्रमग्नीत् (आग्नीध्रः) यावद् ध्रियते सा दीक्षा" ॥ (नो. उ.)

साधनावस्था के फल स्वरूप ब्रह्मज्ञान होने के बाद भी उन ब्रह्मनिष्ठों के लिये यह सङ्गीत उस समरस का पूर्ण अनुभवरूपी फल माना गया है। इसीलिये जब यह पूछा गया कि वह ब्रह्मनिष्ठ पुरुष क्या करता है—क्या कहता है, कैसे रहता है, अपनी जीवन-यात्रा को किस प्रकार बिताता है, तब इन प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया गया है कि वह ज्ञानी पुरुष ब्रह्मज्ञान की समाधि में, नादब्रह्म की धुन में लीन होता है, बाहर भीतर के सभी विषयों को भूल जाता है; इतना ही नहीं वह अपने को भी भूल जाता है, अपनी ही आत्मस्थिति में जागता रहता है, कभी भी प्रमाद, आलस्य आदि वृत्तियों के वश में नहीं होता; इस अन्नमय शरीर और इन्द्रियों की वृत्ति से हट जाता है और प्राणमय वृत्ति से भी भीतर निकल जाता है; उससे भी सूक्ष्म और आन्तर्य मनोभूमिका को कामना-भावना आदि वृत्तियों से ऊपर बढ़ जाता है, 'मैं फलाना हूँ' इस बुद्धि के विज्ञान से और वैषयिक ज्ञान से भी भीतर गहरे चला जाता है, विषयानन्द के रस से मुक्त हो जाता है, केवल आत्मानन्द के रस का अनुभव करता हुआ भी उसमें लिपटता नहीं है, "मैं आनन्दरस चाख रहा हूँ" इत्यादि उस आनन्द की अनेकानेक ऊर्मियों से परिवर्तनशील तरङ्गों का भी अतिक्रमण करता है, उस अन्तरात्मा और परमात्मा के योग से 'जीव, जगत् और ईश' इनके सामरस्य में पहुँच जाता है, 'ज्ञान, भावना और क्रिया' इनके सामरस्यपूर्ण योग से उस समरस के अनुभव गाता हुआ उस सामरस्य में लीन हो जाता है तथा उसी परमानन्द-रस में तल्लीन होकर रहता है। यह बात तै. उ. में भृगुवल्ली में स्पष्ट सुनाई गई है। "एतत् सामगायन् आस्ते"। हाउहाउहाउ। अहमन्नमहन्नम्। अहमन्नादोऽहमन्नादोऽहमन्नादः। अहँ श्लोककृदहँ श्लोककृदहँ श्लोककृत्। अहमस्मि प्रथमजा ऋता३ स्यापूर्वं देवेभ्यो अमृतस्य नाभा इ। यो मय ददाति स इ देव मा ३ वाः। अहमन्नमन्नमदन्तमा३द्मि। अहं विश्वं भुवनमभ्यभवाम् सुवर्न ज्योतीः ॥ इति ॥

अर्थात् वह ब्रह्मनिष्ठ पुरुष साम गाता रहता है; 'सामगान' की रूपरेखा इस प्रकार बताई गई है;—"मैं यह भोग्यरूप अन्न हूँ, खानेवाला भोक्ता भी मैं ही हूँ। यह जो सामगान हो रहा है, इसका कर्ता साक्षी भी मैं हूँ। इतना ही नहीं, उस परम सत्य वस्तु से जिसने प्रथम आविर्भाव पाया है—वह हिरण्यगर्भ भी मैं हूँ। सभी देवताओं से प्राचीन अमृतरस का नाभिरूप मूलस्थान भी मैं हूँ। जो मुझे इस समरस की प्रेरणा करता है, वही ऐसा गा रहा है—'मैं भोग्यरूप अन्न हूँ, अन्न खानेवाले भोक्ता को भी मैं खा जाता हूँ; मैं स्वयं अभोक्ता होने के कारण भोक्तृरूपी जीव को और जीव-भाव को भी निगल जाता हूँ। मैं इस सारे विश्व को पूरा भर कर व्यापक बन चुका हूँ, जैसे कि सुवर्न ज्योतीः—(ज्योतिः स्वः इव) यह ज्योति आकाश में पूर्ण है।"

यह उस सामरस के गायन की पराकाष्ठा है। गानेवाला, गेय वस्तु और गान, ये तीनों ही एक तत्त्व में लीन हो जाते हैं। "मैं गाता हूँ, यह मेरा गायन है; यह इस गायन का विषय है अर्थात् फलाने को मैं गा रहा हूँ"—इसका भी अलग भान न रहे, तब वह पूरा गायन होगा। यही सङ्गीत विद्या की पराकाष्ठा है, यही पूर्णता है; बस इसके अतिरिक्त और कुछ भी नहीं। "बृहस्पते न परः साम्नो विदुः"। (ऋ० २)

(अपूर्ण—आगामी अंक में समाप्य]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ON THE EFFECT OF MUSIC AND DANCE ON PLANTS

By

Prof. T. C. N. Singh

Music : A Physical Phenomenon :

Music is something like a "garland" of harmonic sounds dexterously wreathed in a variety of permutations and combinations which when operated reach the human ear as *swaras*, *rasas*, *ragas* and *rayinis*, while on the other hand, it is an axiomatic truth that SOUND like light, heat and electricity etc. is a definite measurable physical phenomenon cenvertible into energy waves, the physics of which is very well known.

It is no new knowledge to be told that light, humidity, temperature, and wind etc. *do* affect the metabolism of plants. Then why not SOUND which *too* is a physical phenomenon of similar status ?

Earlier Experiments by Darwin and Pfeffer :

Over a century ago in 1857, CHARIES DARWIN of the Evolution—Theory fame, made repeated experiments to stimulate *Mimosa pudica* (sensitive plant) by playing bassoon in its close proximity to bring about seismonastic movements of the pinnae. But he failed in his attempt. Similarly twenty years later, in 1877 the great German plant Physiologist PFEFFER has reported in his celebrated classical book on the physiology of plants, that an effort to stimulate the stamens of Cynararae by sound was like-wise without any success. In fact, prior to 1950, there is no record of any experiment where sound has ever been utilized in relation to the phenomenon of growth in plants, by dosing them for a fixed period daily, with a view to study their response regarding the cumulative effects of excitation of sound-waves like that of light, gravity and temperature etc. on plants.

The Historic Past :

When the historic past is delved in, the enchanting flute of LORD KRISHNA is reputed to have promoted enthralling growth and be-witching verdure in the *kunjavan* of Mathura and Vrindaban. And in the recent past TANSEN one of the *navaratnas* of the court of the great Moghal Emperor Akbar, could vernalise plants and indnce them into blossom by singing the *raga vasant bahar*. On the other hand there are references in the TAMIL literature to the effect that the "eyes" buds) of sugarcane grow vigorously in response to the mellofluous buzzing sound of the speckled beetles, wasps and bees. And further a profuse oozing of the sugary nectar could be induced from the golden yellow flowers of *Cassia fistula* (*amaltas*) by playing heart melting musical tunes.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Recent Experiments at Annamalai School of Botany :

Since December 1950, however, the Annamalai School of Botany has been busily engaged in conducting experiments both in the laboratory and the field ; and have proved beyond any shadow of doubt that harmonic sound waves do affect the growth, flowering, fruiting and seed-yields of plants. The claim of these results have been further supported and strengthened by the recent successful results obtained by the Annamalai School of Botany while conducting fundamental experiments on transpiration, carbon assimilation and respiration of plants. Thus, therefore, there should be no wonder or doubt that sound properly dosed, can spur plants into enhanced growth and greater yields.

The Method of Excitation of Plants :

Healthy potted plants of the same age and vigour are placed in a semi-circle within a radius-distance of ten feet from the place of excitation. Similar number of potted plants of the very same species is maintained as control far away from the spot of excitation. The excitation to the plants is dosed for exactly half-an-hour daily after sun rise in the morning between 7 A.M.—8 A.M. with the very same musical sound throughout the growth period of the plants. The excitation is carried on by instrumental music with the aid of *veena, flute, violin, nadeswaram,* harmonium etc. scaled at a high pitch between 4 and 5 with frequency between 100 to 600.

Swaras & Ragas Used in the Experiments :

The following *swaras* and *ragas* have so far been experimented on plants : viz.

Single note *Pa* Three notes *Sa pa sa* Bhairavi raga Bilahari raga Charukesi raga Dhanyasi raga Kharaharapriya raga Maya-malva-gaula raga Simhendra Madhyama raga Todi raga

Plants Experimented upon :

Numerous series of pot-culture experiments have been conducted during the past several years on :

(a) Wild plants viz. Chara Limbgya Pithophora Spirogyra Salvinia Ceratophyllum Lagrosiphon Najas Otellia Vallisneria Hydrilla Sensitive plant Telegraph plant Tulasi

(b) Ornamental plants viz. Pothos Urgenia White spider lily Angelonia Aster Balsam Cosmos Eupatorium Gaillardia Marigold Petunia

(c) Economic plants viz. Onion Paddy Ragi Sugarcane Brinjal Chillies Gingelly Lady's finger Radish Sweet potato Tapioca Tobacco

In each of the above cases it was found that the experimental plants were very much more vigorous, produced darker green leaves, flowered earlier and yielded more than the control batch of plants. The best results have been found with the sound-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

waves of violin, flute and *nadeswaram*. Vocal music was also experimented upon and it was observed that the female voice alone could excite plants. This was because of the higher pitch of the female voice than that of the male voice. In fact instruments played at a lower pitch than 4, do not have satisfactory effect on plants.

Field-Trial Experiment with Crops :

The pot-culture experiments with original music were later extended to even crop-plants on field-scale with the aid of recorded music. The crops were excited by playing recorded music on a gramophone and was relayed in the field through loud-speakers.

During the past 3 years six varieties of early, medium and late paddy have been tried in seven villages in Pondicherry and Madras states under the excitation of *Charukesi* raga piped through *nadeswaram* expressing yields ranging from 25% to 60%,

Under the excitation of the same *raga*, groundnut has yielded 45% more kernel than the control.

Experiments on wheat at Ontario (Canada) carried on under the influence of European music played on violin and broadcast in the field, yielded 66% more grain than the control plot.

Chewing tobacco seedlings when subjected to the excitation of sound-waves for half-an-hour daily by playing the single note *pa* (at frequency of 360) for a period of 30 days, and transplanted under field conditions, yielded cured tobacco to the tune of between 50% to 65% during the past 3 years.

Experiments with Dance on Plants ;

There was a lively discussion when the experiments on sound-percussions transmitteed through the earth affecting plant growth was presented before the 15th International Horticultural Congress held at Nice-Printemps (France) in April 1958. It has been demonstrated that when *Bharat Natyam* was executed without trinkets on the ankles from a distance within 10 feet radius of potted plants of Michaelmas Daisy, Eupatorium, Marigold, Gaillardia and Petunia, the growth of plants was very much accelerated and had generally grown taller by about 50% over the control and had flowered about a fortnight earlier.

Concluding Remarks :

Experiments conducted during the past one decade in India, U. S. A. and Canada have conclusively demonstrated that audible sound-waves transmitted through air, water or earth, do affect plants expressing enhanced vegetative growth and seed yield.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

No. 1

No. 3



No. 4

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



Left No. 2 Right

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

No. 5



No. 6

No. 7

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

No, 8

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

The question which naturally bristles up is, as to how these changes are brought about ? This has now been amply answered and proved through the recent very careful and well planned experiments conducted in the Botanical Laboratory of the Annamalai School of Botany where it has even visually been demonstrated that the fundamental metabolic processes of plants in relation to transpiration and carbon-assimilation under the excitation of musical sound, are very much accelerated and become enhanced to over even 200% as compared to the control. The stimulated plants thus, therefore, are energised to synthesise greater quanta of food during a unit time, naturally leading to more vigorous growth, earlier maturity and greater yields than the control plants not excited by music.

———:o:———

EXPLANATION OF PHOTOGRAPHS

PHOTOGRAPH No. I: Shows the method of excitation by the original musical sound of violin. The potted plants under excitation have been justaposed round the source of excitation in a semi-circle.

PHOTOGRAPH No. II: Shows the comparative sizes of the tuber of the excited (right) and non-excited (left) sweet potato (*shakarkand*). Note the remarkably bigger size of the tubers on the right side.

PHOTOGRAPH No. III: Shows the comparative vigour and growth of gingelly (*til*) plants. C_1 = the control plant not excited by music; E_1 = the experimental plant dosed with music showing more vigorous growth and profuse branching.

PHOTOGRAPH No. IV: Showing the method of excitation of Paddy crop under field condition with the aid of loud speaker.

PHOTOGRAPH No. V: Showing paddy crop (Variety Co–19) without the excitation of music. Note the height of the crop in comparison to the man standing in the field.

PHOTOGRAPH No. VI: Showing paddy crop of the same variety (Co–19) grown under the excitation of *Charukesi raga*. Compare the height of the crop with that of the control in Photograph No. V.

PHOTOGRAPH No. VII: One of the various poses while executing the *Bharat-Natyam* dance for exciting potted plants, Note the movement of the feet, ankles being free of trinkets. A few of the experimental pots have been removed from the fore-ground to show the movement of the feet.

PHOTOGRAPH No. VIII: Showing the effect of sound-percussion of the *Bharat Natyam* dance on the plants of Michaelmas Daisy. Note the superior growth performance and earliness of flowering of the experimental plant on the right side marked with a white cross; and compare it with the control plant on the left marked with three white dots.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कलाक्षेत्र में सत्य

महागुजरात के कलागुरु पं० रविशंकर म० रावल

कलाक्षेत्र में सत्य का व्यापक अर्थ ऐसा हो सकता है कि प्रकृति के किसी भी स्वरूप का यथावत् परिचय यानी उसका ऐसा प्रामाणिक निरूपण या आलेखन हमें देखने को मिले कि जिससे हम ऐसा समझें कि सत्य का दर्शन हुआ।

किन्तु यह समझ लेना चाहिए कि सत्यदर्शन का अर्थ प्रकृति का अनुकरण-मात्र नहीं है। नक़ल या अनुकरण में पदार्थ का बाहरी साम्य दिखाया जा सकता है, किन्तु सत्यदर्शन में तो पदार्थ के गुण अथवा उसकी प्रकृति के भाव, पदार्थ का परिचय तथा अन्तर्गत विचार—इन सभी का समावेश होता है।

सत्यदर्शन के लिए प्रतीतिजनक आलेखन की प्रथम आवश्यकता है। तदुपरान्त पदार्थ या वस्तु या पात्र के विषय में उद्भूत होने वाली भावना की आवश्यकता है। जैसे कि, पदार्थ चिकना, खुरदरा, कठोर या मृदु है, इसका भी भान या बोध होना चाहिए और फिर उसमें से स्फुरित होने वाली विचारसृष्टि और तरंगें भी जागृत होनी चाहिए।

पाषाण का भोंडापन अथवा धारदार होना जैसे जाना जाए, वैसे ही पृथ्वी के सृजन में वह कहाँ और किस प्रकार रखा गया है, यह भी स्वाभाविक लगना चाहिए। वृक्ष हो तो जलवायु और भौगोलिक स्थिति में उचित स्थान पर होना चाहिए। उदाहरण के लिए एक चित्रकार ने एक बड़े वटवृक्ष के नीचे खड़ी हुई सुन्दरी के पास सूर्यमुखी का पौधा चित्रित किया था। आलेखन शुद्ध और सुरेख था, किन्तु सूर्यमुखी का पौधा वृक्ष की छाया में जो चित्रित किया गया, वह चित्रकार का असत्य था। उसने चित्रकला में कर-कौशल प्राप्त किया था, किन्तु सत्य समझने की दृष्टि नहीं पाई थी।

इसी प्रकार जब शिव, विष्णु, बुद्ध वग़ैरह देव-स्वरूपों के चित्र कोई ऐसे लोग चित्रित करते हैं, जिन्हें उनके प्रति भक्ति या श्रद्धा नहीं होती, तब उनमें चाहे जितनी कार्य-कुशलता हो, किन्तु फिर भी तत्त्व का दर्शन नहीं होता। इस प्रकार भी कला में सत्य का लोप होता हुआ प्रतीत होता है।

साक्षात्कार या तन्मयता के बिना सत्य प्रतीत नहीं होता। कलाक्षेत्र में आत्मप्रतीति और स्वानुभवजन्य कृति में ही सत्य देखने को मिलता है। इसलिए कलाकृति द्वारा प्रकट होने वाली विचार-सृष्टि का महत्त्व हज़ार दर्जे श्रेष्ठ है।

अनुकरण-क्रिया पदार्थ के बाह्य स्वरूप का ही अंकन करती है, किन्तु कला का व्यापक धर्म तो सौंदर्यपूर्ण सत्य की प्रतीति है।

ऐसा सत्य बहुत बार पदार्थ के पूर्ण स्वरूप या आलेखन पर आधार नहीं रखता, किन्तु प्रेक्षक को समझ में आ जाएं अथवा उसे विशुद्ध सौन्दर्यपूर्ण संकेत दे सकें, ऐसे प्रतीकों अथवा चिह्नों का वह उपयोग कर लेता है। इसमें कोई 'प्रतिमा' या वस्तु का हूबहूपन नहीं होता। चित्र में बहुत बार मूल वस्तु के साथ साम्य न होने पर भी उसके आकारों और रंगों के प्रभाव से देखने वाले के मन में अपेक्षित भाव और विक्षोभ उपजाए जा सकते हैं; और जो विचार की प्रेरणा या दर्शन दे सके वह अविकृत सत्य स्वरूपवाली कला गिनी जाती है।

अनुकरणशील कला में पदार्थ का तद्वत् बोध होता है, किन्तु वह आंख को ही संतुष्ट कर सकता है, यद्यपि आलेखन में भी सत्य और ऊपरी सतह ऐसे दो प्रकार होते हैं। बहुत से चित्रकार जो चित्र बनाते हैं, उन में रेखा सुस्पष्ट

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri



मेघदूत श्री दुर्गाप्रसाद पटनायक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रतीक्षा —श्री विजयबहादुर थापा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और स्वच्छ होती हैं, किन्तु फिर भी उन में पदार्थ के गुण–धर्म, आवेग, संवेग, और प्रतीतिजनक व्यवहार दिखाई नहीं देते। प्राचीन चित्रसूत्रों में जैसा कहा गया है तदनुसार वायु की गति, धूम्र का लहराना, पानी की तरंग, मृत-जीवित के भेद, अग्निज्वाला इत्यादि को जो ठीक से दिखा सके, वही चित्रविद् गिना जाता है। बहुत से लोग मानते हैं कि सत्य के प्रभाव की अपेक्षा 'प्रत्यक्षता' को अधिक श्रेष्ठ गिनना चाहिए। किन्तु दृष्टि के मार्ग में आने वाले सभी आकारों और आकृतियों को पूर्ण यथार्थ रूप से और सूक्ष्मता से याद रखना या उनका संग्रह करना प्रत्येक मनुष्य की शक्ति के बाहर की बात है। इसलिए वह अधिकतर वस्तु के मुख्य सत्यों को ही पकड़ लेता है। नृत्यकार मोर का नृत्य करने के लिए मोर का स्वरूप धारण नहीं करता, किन्तु उसके अंगों के 'हलन-चलन' को प्रत्यक्ष करता है। उसी प्रकार चित्रकार अपनी रेखाओं की अनेक लीलाओं में वस्तु के विविध स्वरूप चित्रित करता है और उन के द्वारा सत्य को ही प्रकट करता है।

अतएव कला की साधना में सत्यदर्शन अथवा वस्तु का तत्त्वदर्शन आवश्यक 'पाया' अथवा आधार है। केवल अनुकरण अथवा नक़ल व्यर्थ और विनाशकारी होती है। किन्तु कला के सत्य को पाने के लिए अन्तर्ज्ञान की अपेक्षा रहती है। हमारी दृष्टि की इन्द्रियशक्ति और बुद्धि की भावगम्यता पर सत्य की सृष्टि का आधार है। प्रयत्नपूर्वक अभ्यास से ये साधन हमें तीव्र संवेदनशील बना सकते हैं। प्रेम, सद्विवेकपूर्ण निर्णय, सन्निष्ठा, संकल्पशक्ति वग़ैरह की प्राप्ति हम में अनुभूति का उदय करा सकती है।

रूप के दृश्य सत्यों के लिए सघनता, आकृति-विधान, स्थिति, गति अथवा अंग-उपांगों की स्पष्टता आवश्यक होती है। साथ ही हमारी इन्द्रियाँ तथा मन जब पदार्थों के गुण–धर्म और विचारों के प्रभाव उपजाने की शक्ति से प्रेक्षक पर ऐसी छाप डाल सकें जिस का उसे पहले कभी अनुभव न हुआ हो, तब कला में निहित सत्य प्रतीत होता है। जितने अंश में कलाकृति द्वारा यह संक्रमण-कार्य सफल होता है, उतने अंश में चित्रकार की सत्य के लिए सन्निष्ठा स्थापित होती है।

(मूल गुजराती लेख से हिन्दी अनुवाद डॉ० प्रेमलता शर्मा द्वारा)



श्री जगरनाथ मिस्त्री द्वारा प्रस्तर पर उत्कीर्ण

देवर्षिक्षितिपालपूर्वचरितान्यालोक्य धर्मादयस्तद्भावाश्रितभूमिकाभिनयने स्यादर्थसिद्धिः परा।
सङ्गीताहृतचित्तवृत्तितरला वश्या भवन्त्यङ्गना ज्ञानं शङ्करसेवयेति कथितं नाट्यं चतुर्वर्गदम्॥

(सङ्गीतदामोदर तृतीय स्तवक)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

TANSEN'S DESCENDANTS IN VĀRĀṆASĪ

By

Birendra Kishore Roy Choudhury.

Vārāṇasī is the holiest of all holy cities of India. It is regarded as the abode of the "Mahādeva" the great lord of the universe who is also the world teacher or the "Jagadguru". Śāstra's say that all divine and mundane knowledge emanated from "Mahādeva". As the teacher of all beings he imparted the divine knowledge and other learnings including the "Gāndharva Vidyā" the musical art to the various gods and goddesses, the celestial beings and the "Ṛṣis". With this tradition glowing throughout the ancient period and the middle ages, Vārāṇasī has always been a great centre of spiritual culture, learnings and arts. It has also been a centre of the highest type of classical musical culture. Most of the historians say that Mian Tansen, whose name was Rāmatanu in his early days was born and brought up in Varāṇasī. His father Makaranda Pāṇḍe was a Kathak Brāhmin who used to sing mythological songs in the temples of Vārāṇasī. Ramtanu Pande his only son was initiated in Gāndharva Vidyā or classical music by Swāmī Haridāsa of Vrindābana and later on got initiation in the Sufi cult from Hazarat Md. Ghous of Gowalior. Rāmatanu was named as Mian Tansen by the Emperor Akbar when he was acclaimed as the greatest musician of India and the authority of Dhruvapada and was posted in the Delhi Darbar as his musical 'guru'. After the death of Mian Tansen, his descendants also adorned the court of Delhi for a long period. But from the days of Mian Tansen all the musicians of his line paid regular visits to Vārāṇasī as their original home.

During the end of the eighteenth century gradual disintegration of the Moghul Empire was taking place. At that period Tansen's descendants were divided into three gharānās of musicians. The gharānā founded by his eldest son Surat Sen, took its final abode at Jaipur. The musicians of these gharānās used to sing in Dhruvapada style and play instrumental music on the Sitar. The illustrious gharānās formed by Tānsen's youngest son Bilās Khan and son-in-law Misri Singhji were in close connection with each other all along. The descendants of Bilas Khan were specialists in the Dhruvapadas of "Śuddha Bānī" and in the instrumental music of "Rabab". The descendants of Misri Singhji were regarded as the authorities in the instrumental music of "Veena" and they use to sing Dhruvapadas in the "Dagor Bani" and "Khander Bani". During the later part of the eighteenth century Jaffor Khan, Peyar Khan, and Basat Khan were three brothers of great reputation, representing the gharānā of Bilas Khan. They used to play on the 'Rabāb" and sing Dhruvapadas. On the other hand

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Nirmul Shah was a great Vīṇā Player representing the line of Misri Singhji. All these musicians representing the two gharānās made Varāṇasī their home as they left Delhi during their early years. Their houses were situated in the Kabir Choura Mahallā of Varāṇasī. They were attached with the court of Lucknow and used to pass most of their time at Lucknow. But during the Puja holidays, they always used to re-assemble in their home at Vārāṇasī. They had also connections with the darbār of the Kashi Raj and whenever called by the Rājā, they used to give demonstrations of their music in the darbār of the Rājā, who gave them lands free of taxes. Jaffar Khan was a great instrumentalist in "Rabāb". This instrument had its lower part covered by the skin parchment and string used in it were made of the "Guts"; its display had no parallel in the "Jod" style and Tar-Paran, but in the "Vilambita Ālāp" and "Jhālā" this instrument of Vīṇā was unrivalled. Although closely related, Jaffar Khan had to compete with Nirmul Shah in the demonstrations of instrumental music in the courts of Lucknow and Kāśī. In order to equal the charms of the Vīṇā which was displayed with great skill and sweetness by Nirmul Shah, Jaffar Khan invented the instrument of Surśṛṅgāra, in which the lower part was made of hollow wood and steel plates were set in the upper part and the strings used were of steel and brass. It was in Vārānasi that Jaffar Khan first made his Surasringar and gave his first demonstration of this instrument in the court of Raja Udit Narayan Singh of Kashi. His display was ve y highly appreciated by the Raja and also by Nirmul Shah the Beenkar.

After the invention of Surasringar by Jaffar Khan, Peyar Khan his next brother specialised in this instrument and added some fascinating ornamentations in the style of its display. After the death of Nirmul Shah, Omrao Khan, his nephew took up the position of the greatest Vīṇāplayer of his time It was he who invented the instrument "Surbahār" and taught Golam Mohammad Khan its mode of display. Vārāṇasī saw many friendly Duels of instrumental music between Peyar Khan and Omrao Khan in Surasringar and Vīṇā. The next brother of Peyar Khan, Basat Khan was a great Vocalist in Dhruvapada and also a great Rababi. He learnt Sanskrit from the Pandits of Vārāṇasī and later on obtained the tittle of "Sangīta Nāyak" in the Sabhā of Raja Hara Kumar Tagore at Calcutta. After the Sepoy Mutiny, the Lucknow Darbar was dissolved. Basat Khan, with his two illustrious sons Ali Md. Khan, the Surasringar Player and Md. Ali Khan the Vocalist and Rababī settled finally at Gaya. But Sadak Ali Khan the son of Jaffar Khan and his brother Misar Ali Khan became attached to the court of the Raja of Vārāṇasī. Sadek Ali Khan was a great musicologist and excelled in Rabab. He could play Vīṇā also very efficiently. He also was intimately associated with the Sanskrit Scholars of Vārāṇasī and was an erudite Scholar in the Sanskrit and Persian languages. The Raja had a great respect for him. It is said that Sadek Ali Khan had no equal in the improvisations of "Laḍī-Joḍ" and "Laḍ-Guthāo". In the Tār-

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

paran he could beat any mṛdaṅga player. He lived like a saint and had a religious temperament. He could not tolerate the music of lighter moods. He taught Rabab only to his younger brothers. But he had many disciples of Dhruvapada and in the instrumental music of Vīṇa and Sitar. The most outstanding of them was the Sitaria Bajpayeji; Mahesh Chandra Sarkar and Methailallji were his disciples in Vīṇā. Sri Ram Krishna Paramahaṅsadev, when he went to Varanasi on pilgrimage listened to the Vīṇā of Mahesh Sarkar and was absorbed in "Samādhi".

After the death of Sadek Alikhan, Ali Md. Khan the eldest son of Sangeet Nayak Basat Khan was appointed by the Rājā of Vārāṇasī as the chief musician of his court. At that time he lost his father at Gaya and he came to settle at Vārāṇasī. His residence was in Ram Nagar, where the palace of the Raja was situated. All Md. Khan was a very liberal minded musician and used to play on his Surasringar before his disciples without any reservation. He had profound knowledge of Rāgas and could develop any Rāga for hours without any repetitions of the Tānas. He trained up (Pannalal Jain, Arjundas Vaidya a practitioner in the Ayurvedic Medicines) and Gaya Prasad Misra in Surasringar. Syed Mir Nasir Khan of Jalandhar was his most accomplished disciple in Surasringar. He also imparted lessons on the Vocal music of Dhruvapada and instrumental music on Vīṇā and Surasringar to the great Vīṇā Player Wazir Khan Saheb of Rampur, who during his early youth visited Varanasi frequently to meet Ali Md. Khan, who was related to him closely. Ali Md. taught the famous Bengali musician Late Hari Narayan Mukherjee many Dhruvapadas and Sargam's. Another Bengali gentleman of aristocratic family received kind attention from the great Ostad. He was the Late Taraprosad Ghosh, who was wellknown in Calcutta for his charities towards the musicians. Taraprosad learnt many songs from Ali Md. Khan. Md. Ali Khan the younger brother of Ali Md. who used to stay at Gaya frequently visited his elder brother for lessons on Rabab. Both these brothers outshone all other famous musicians of that period who used to visit Vārāṇasī. After the death of Ali Md. the great vacuum in the sphere of classical music of Varanasi could not be filled up. The remaining few musicians of Tansen's tradition were settled in the states of Rampur and Jaipur. It is a great pity that, with the disappearence of the descendants of Tansen, the culture of Dhruvapada music and Vīṇā gradually disappeared from Vārāṇasī. The last of the Dhrupadias was the Late Hari Narayan Mukherjee and of the Vīṇā Players was the Late Mithailallji.

Vārāṇasī even now is a centre of all traditional culture. There are the multifarious institutions to continue the studies of various subjects of ancient Indian Culture. We do hope that in Vārāṇasī the culture of the classical Dhruvapada music and the classical instrumental music of Vīṇā and Rabab would not remain neglected for ever.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भरतोक्त श्रुत्यन्तर

महेश नारायण सक्सेना

भरत की बाईस श्रुतियों के परिमाण क्या थे, इस सम्बन्ध में भातखंडे जी के समय में भी यथेष्ट चर्चा थी, और इधर कुछ वर्षों से यह चर्चा और ज़ोरों से चली है। मेरी दृष्टि में यह विषय महत्त्वपूर्ण है और जिन विद्वानों ने इसका अध्ययन और वर्णन किया है, वे प्रशंसा के पात्र हैं। मैं उन व्यक्तियों से सहमत नहीं हूँ जो यह कहते हैं कि वर्तमान संगीत का भिन्न रूप होने के कारण प्राचीन काल के भरतोक्त ग्राम तथा उसके स्वर-स्थानों का पता चलाना निरर्थक है। प्राचीन भारतीय संगीत का जितना भी ज्ञान अथवा परिचय मिल सके, उसके लिए अवश्य प्रयत्न होना चाहिए। इससे न केवल हमें ऐतिहासिक सामग्री के संकलन का संतोष होता है, वरन् अनेक प्राचीन सामग्री संगीत के वर्तमान अध्ययन एवं विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। इसके अतिरिक्त जिन विषयों पर एक से अधिक मत हैं, उन पर अधिक विचार, अन्वेषण आदि के द्वारा एक निश्चित व सर्वमान्य मत पर पहुँचने का प्रयत्न मानव-मस्तिष्क के लिए स्वाभाविक भी है और आवश्यक भी। भरतोक्त षड्जग्राम के श्रुत्यन्तरों का क्या परिमाण था, इस सम्बन्ध में नाट्यशास्त्र में शत प्रतिशत स्पष्ट रूप में उल्लेख नहीं मिलता। अतः नाट्यशास्त्र में वर्णित चतुः सारणाओं और षड्ज-पंचम एवं षड्ज-मध्यम स्वर-संवादों की ही मुख्य रूप से तथा कुछ अन्य कथनों की गौण रूप से सहायता लेकर विभिन्न विद्वानों ने भरत की श्रुतियों के परिमाण निश्चित किए हैं। इन विद्वानों को मैं दो दलों में रखता हूँ। एक दल वह है जो भरत के ग्राम में केवल एक श्रुत्यन्तर स्वीकार करता है, अर्थात् उसके मत में बाईसों श्रुत्यन्तर समान हैं और वही प्रमाण-श्रुति है, जिसका मूल्य २ का २२ वाँ मूल ($२२\sqrt{२}$) है। इस दल में पूज्य भातखंडे जी और श्री विष्णु वासुदेव फड़के प्रभृति विद्वान् आते हैं। दूसरा दल वह है जो भरत की बाईसों श्रुतियाँ समान नहीं मानता वरन् तीन प्रकार के श्रुत्यन्तर स्वीकार करता है, जिनमें से एक श्रुत्यन्तर का नाम प्रमाण-श्रुति है। इस दल के अन्तर्गत अनेक विद्वान हैं जिनमें से वे विद्वान् जिनकी कृतियाँ मैंने पढ़ी हैं निम्नलिखित हैं;—प्रोफ़ेसर वी. जी. परांजपे, श्री कृष्णराव गणेश मुले, प्रो० ललित किशोर सिंह, पंडित ओम्कार नाथ ठाकुर और आचार्य बृहस्पति।

दस वर्ष पूर्व मैं भातखंडे जी के मत को मानता था क्योंकि उनके इस तर्क का खंडन मुझे नहीं मिला था कि 'भरतोक्त सारणा-चतुष्टयी नामक प्रक्रिया तभी संभव है जब कि सब श्रुत्यन्तर समान हों।' आज मेरा निश्चित मत है कि भरतोक्त श्रुत्यन्तर समान नहीं थे वरन् तीन प्रकार के थे। अतः मैं अब दूसरे दल के मत के पक्ष में हूँ; किन्तु इनमें से कुछ के मत के कुछ अंशों से मेरा विरोध है। इस विरोध को मैं यहाँ स्पष्ट करूँगा। किन्तु उससे पूर्व मैं यह बता दूँ कि भातखंडे जी का भरत की बाईसों श्रुतियाँ समान मानना क्यों ग़लत है।

श्री भातखंडे कृत क्रमिक पुस्तक मालिका के पंचम भाग के प्रारंभ में दिए गए शास्त्र में "प्राचीन संगीत" शीर्षक के अन्तर्गत यह लिखा है कि सारणा-चतुष्टय प्रयोग यह सिद्ध करता है कि श्रुतियाँ एक नियत प्रमाण की थीं और समान थीं। उसी अनुच्छेद के अन्त में भातखंडे जी ने मैरिस कॉलेज लखनऊ से प्रकाशित पत्रिका 'संगीत" (त्रैमासिक अंक १ वर्ष २ सितम्बर १९३३) के एक लेख का उल्लेख किया है। यह लेख स्वर्गीय श्री विष्णु वासुदेव फड़के ने "बाईस श्रुतियों का प्राचीन हिन्दू ग्राम" शीर्षक से लिखा था। भातखंडे जी उनके तर्कों से प्रभावित थे। फड़के जी ने भी सारणा-चतुष्टय द्वारा सिद्ध किया है कि भरत की सब श्रुतियाँ समान थीं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

"सारणाचतुष्टय' का वर्णन करना इस लघु-लेख में संभव नहीं। अतः जो पाठक चाहें वे निम्नलिखित स्थानों से उसका परिचय प्राप्त कर लें, अन्यथा विद्वत् जन तो आज उससे यथेष्ट परिचित हैं ही ;—

(१) त्रैमासिक पत्रिका "संगीत" (वर्ष २ संख्या १)—सितम्बर १९३३—श्री फड़के का लेख-पृष्ठ ११ से १८ तक।

(२) "ध्वनि और संगीत"—पुस्तक-लेखक, श्री ललितकिशोर सिंह-प्रकाशक, भारतीय ज्ञानपीठ काशी। —पृष्ठ १६९।

(३) "प्रणव-भारती"—लेखक-पं० ओम्कारनाथ ठाकुर—पृष्ठ ७५।

(४) "भरत का संगीत सिद्धान्त"—लेखक-आचार्य बृहस्पति—पृष्ठ १७-२४।

भातखंडेजी तथा श्री फड़के जी का तर्क यह है कि भरतोक्त चतुःसारणाओं के अन्तर्गत द्वितीय सारणा के अन्त में चलवीणा के गांधार और निषाद का अचल-वीणा के ऋषभ और धैवत स्वरों से मिल जाना, तृतीय सारणा के अन्त में चल-वीणा के ऋषभ और धैवत का अचल-वीणा के षड्ज और पंचम से मिल जाना, और चतुर्थ सारणा के अन्त में चल वीणा के षड्ज, मध्यम और पंचम का अचल वीणा के निषाद गांधार और मध्यम स्वरों से मिल जाना—तभी संभव है जब कि बाईसों श्रुत्यन्तर समान हों। किन्तु अब यह सिद्ध हो चुका है कि तीन प्रकार के श्रुत्यन्तर मान कर भी चतुःसारणाओं का प्रयोग ठीक बैठता है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है ;—

प्रत्येक सारणा में प्रत्येक स्वर एक-एक श्रुति नीचे उतरता है, इसलिए द्वितीय सारणा के बाद प्रत्येक स्वर दो-दो श्रुतियाँ उतरेगा और चूंकि गांधार और निषाद क्रमशः ऋषभ और धैवत से दो-दो श्रुतियाँ ऊँचे हैं, इसलिए द्वितीय सारणा के बाद गांधार, ऋषभ के स्थान पर पहुँच जायगा और निषाद धैवत के स्थान पर। अब यदि पहले और दूसरे श्रुति-उतार भिन्न हैं और उनके परिमाण क्रमशः 'ग' और 'ख' हैं, तो भी गांधार स्वर ऋषभ तक उतरेगा और निषाद धैवत तक, क्योंकि दोनों पहली सारणा में 'ग' परिमाण में उतरेंगे और दूसरी सारणा में 'ख' परिमाण में उतरेंगे। गान्धार और नि-ध के द्विश्रुत्यन्तर दोनों 'ग' और 'ख' परिमाणों के योग के बराबर होंगे (यदि परिमाण बेंड अथवा सेंटर में नापे जायं) अथवा वे दोनों 'ग' और 'ख' के गुणनफल के बराबर होंगे, यदि परिमाण कम्पन-संख्याओं के गुणान्तरों में नापे जायं। हम गुणान्तरों का ही परिमाण मान कर आगे चलेंगे। तृतीय सारणा में प्रत्येक स्वर तीन-तीन श्रुतियाँ उतरेगा और यदि तीसरा उतार हम 'क' मानें जो 'ग' और 'ख' से भिन्न हो, तब भी तीन तीन श्रुतियोंवाले स्वर ऋषभ और धैवत क्रमशः उतर कर षड्ज और पंचम के स्थान पर आ जायेंगे, क्योंकि दोनों के कुल उतार ग × ख × क होंगे अर्थात् समान होंगे।

इसी प्रकार चतुर्थ सारणा में प्रत्येक स्वर एक-एक श्रुति और उतरेगा और इसलिए चार श्रुतियों वाले स्वर षड्ज मध्यम और पंचम, क्रमशः निषाद, गांधार और मध्यम के स्थान पर आ जायेंगे। यह चौथा उतार परिमाण में पहले उतार के बराबर अर्थात् 'ग' होगा, जैसा कि आगे बतायेंगे। चतुःश्रुत्यन्तर वाले स्वरान्तरों सा-नी, म-ग और प-म का परिमाण होगा ग × ख × क × ग। यहाँ तो हमें केवल यह सिद्ध करना था, कि तीन भिन्न श्रुत्यन्तरों को मानकर भी भरत की सारणा-चतुष्टयी ठीक बैठती है, और यह सिद्ध हो गया। अतः श्री फड़के और श्री भातखंडे का तर्क ग़लत है। पहले उतार का श्रुत्यन्तर "ग" ही भरत की प्रमाण-श्रुति थी। अन्य दो श्रुत्यन्तर 'ख' और 'क' भी 'ग' के बराबर थे, ऐसा उल्लेख स्वयं भरत ने नहीं किया है। अब यदि कोई यह कहे कि सब श्रुतियाँ समान मानकर भी तो सारणाचतुष्टयी बन जाती है, तो मेरा यही नम्र निवेदन है कि जब थोड़ा अनुमान ही लगाना है तो ऐसा अनुमान क्यों लगाया जाय जिससे प्राचीनकाल के इतने प्रसिद्ध संगीत के जानकार भरत के षड्जग्राम और उसके स्वर निकम्मे और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बेसुरे सिद्ध हो जायं। आज साधारण विद्यार्थी भी जानते हैं कि सप्तक में बाईस समान श्रुतियाँ मानने से प्रत्येक श्रुत्यन्तर २ का २२वां मूल, (२२ √ २) अर्थात् लगभग १·०३२००८२८ आता है और फलस्वरूप प्रत्येक श्रुति व स्वर मधुर संवाद-विहीन अर्थात् बेसुरा होगा। फिर भरत तो षड्ज–पंचम और षड्ज–मध्यम संवादों का बहुत महत्त्व मानते थे और यह भी आज विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है कि षड्ज–पंचम संवाद में $\frac{३}{२}$ का गुणान्तर और षड्ज–मध्यम संवाद में $\frac{४}{३}$ का गुणान्तर होना चाहिए। इस हिसाब से यदि षड्ज की कम्पन-संख्या २४० मानें तो पंचम की कम्पन संख्या $२४० \times \frac{३}{२} = ३६०$ होगी और मध्यम की ३२० होगी। श्री भातखंडे जी के अनुसार भरत का पंचम लगभग ३६१·४८६९ और मध्यम लगभग ३१८·६८३७ निकलता है। ये दोनों स्वर निश्चित रूप से आदर्श पंचम व मध्यम से दूर हैं और मधुर स्वर-संवाद विहीन अर्थात् बेसुरे हैं। इसी प्रकार २२ श्रुतियाँ बराबर मानने पर प्रत्येक श्रुति और स्वर बेसुरा हो जाता है। हमारा प्राचीन संगीत कितना विकसित और पूर्ण था, यह सब मानते हैं। भौतिक विज्ञान द्वारा स्थापित आज के सिद्धान्त भरत के प्राचीन संगीत में व्यवहार के रूप में पहले से ही मान्य थे, क्योंकि वीणा अथवा आधुनिक सितार आदि तंत्र-वाद्यों में सा–प, सा–म आदि स्वर-संवादों में पूर्णरूप से प्रकृत सम्बन्धों का अनायास ही उपयोग हो जाता है। जब तक मध्यम, पंचम, षड्ज आदि के तार परस्पर आदर्श मधुर संवाद गुणान्तरों में नहीं मिल जाते हमें संतोष नहीं होता और बालभर बेसुरापन भारतीय संगीतज्ञों को बरदाश्त नहीं होता। इसीलिए तो हमने हार्मोनियम को स्वीकार नहीं किया। फिर यह कितना अन्याय है कि हम अपने प्राचीन स्वरों को आदर्श सुरीले स्वरों से दूर स्वीकार करें।

अतः भरतोक्त श्रुत्यन्तर समान नहीं थे, वरन् तीन प्रकार के थे, जिनमें से पहले उतार का श्रुत्यन्तर ही प्रमाण-श्रुति कहलाता था, जो षड्ज ग्राम तथा मध्यम ग्राम के पंचमों का अन्तर था। शेष दो श्रुत्यन्तर उससे भिन्न परिमाण में थे। चौथा उतार पहले उतार के बराबर अर्थात् प्रमाण-श्रुति था। अब प्रश्न यह उठेगा कि चौथा उतार क्यों पहले उतार के बराबर था और तीन प्रकार के श्रुत्यन्तरों के ठीक-ठीक परिमाण क्या थे।

इस सम्बन्ध में कई विद्वानों ने सुझाव दिए हैं और वे बहुत अंशों में तर्कसंगत हैं। मुझे सब से अधिक प्रो० ललित किशोर सिंह की प्रणाली जंची है, जिसका वर्णन उन्होंने अपनी पुस्तक "ध्वनि और संगीत" में पृष्ठ १७२–१७३ और पृष्ठ १७७–१७८ में किया है। पाठक कृपया उसे पढ़ लें। पण्डित ओम्कारनाथ ठाकुर ने भी प्रो० ललित किशोर सिंह के मत को मान्यता देकर अपनी विद्वत्ता और उदारता का परिचय दिया है*। उस वर्णन को यहाँ दुहराना संभव नहीं; वे इसी निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि भरत तीन प्रकार के श्रुत्यन्तर मानते थे जो क्रमशः $\frac{८१}{८०}$ (कोमा), $\frac{२५६}{२४३}$ (लीमा) और $\frac{२५}{२४}$ (लघु अर्ध स्वर)—परिमाणों के थे। यह क्रम, सारणाओं में तारों के उतार का क्रम है। चौथी सारणा में जो उतार है वह प्रमाणश्रुति अर्थात् $\frac{८१}{८०}$ (कोमा) के परिमाण में ही है। इस प्रकार यदि हम चार श्रुतियों के पंचम को लें, जिसकी श्रुतियाँ १४, १५, १६ और १७ हैं, तो सारणा चतुष्टयी की प्रक्रिया में पहले चल-वीणा का पंचम १७ वीं से १६ वीं श्रुति पर उतारा जायगा

*सत्य के प्रत्येक अन्वेषक के समक्ष सत्य एक ही रूप में प्रकट होता है, इसलिए परमत-संग्रह या त्याग—किसी का भी प्रश्न नहीं उठता।—संपादक।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और यह उतार प्रमाण-श्रुति के बराबर अर्थात् $\frac{८१}{८०}$ परिमाण का होगा। फिर अन्य तार भी $\frac{८१}{८०}$ परिमाण में नीचे उतारे जायेंगे। यह प्रथम सारणा हुई। दूसरी सारणा में प्रत्येक स्वर $\frac{२५६}{२४३}$ परिमाण में उतारा जायेगा, तीसरी सारणा में प्रत्येक स्वर $\frac{२५}{२४}$ परिमाण में उतारा जायगा और चौथी सारणा में फिर उतार $\frac{८१}{८०}$ परिमाण में होगा। इसलिए द्विश्रुत्यन्तर-स्वर ग और नी क्रमशः रे और ध से $\frac{२५६}{२४३} \times \frac{८१}{८०} = \frac{१६}{१५}$ परिमाण में ऊंचे होंगे। त्रिश्रुत्यन्तर-स्वर 'रे' और 'ध' का स्वरान्तर 'स' और "प" से $\frac{२५}{२४} \times \frac{२५६}{२४३} \times \frac{८१}{८०} = \frac{१०}{९}$ होगा; और चतुःश्रुत्यन्तर-स्वर स, म व प क्रमशः नी, ग और म से $\frac{८१}{८०} \times \frac{२५}{२४} \times \frac{२५६}{२४३} \times \frac{८१}{८०} = \frac{९}{८}$ परिमाण में ऊंचे होंगे।

पंचम की श्रुतियों में १७ वीं और १६ वीं श्रुतियों का श्रुत्यन्तर "प = $\frac{८१}{८०}$" है; १६ वीं और १५ वीं का श्रुत्यन्तर "ख = $\frac{२५६}{२४३}$" है; १५ वीं और १४ वीं का श्रुत्यन्तर "क = $\frac{२५}{२४}$" है; और १४ वीं श्रुति १३ वीं से "ग = $\frac{८१}{८०}$" श्रुत्यन्तर ऊंची है। इसी प्रकार अन्य स्वरों के क्रमिक श्रुत्यन्तर निश्चित हो जाते हैं। ऊंचाई से निचाई की ओर गिनने से प-म के श्रुत्यन्तर क्रमशः ग-ख-क-ग होंगे जैसा अभी बताया जा चुका है और नीचे से ऊपर गिनने तो म-प के श्रुत्यन्तर ग-क-ख-ग के क्रम से होंगे। कुल स्वरान्तर दोनों ओर से $\frac{९}{८}$ ही होगा :—



इसी प्रकार अन्य स्वरों के श्रुत्यन्तर समझे जा सकते हैं। मध्य षड्ज और तार षड्ज स्वरों की कुल ऊंचाई का अन्तर गुणान्तर में $\frac{२}{१}$ होता है, जो निश्चित है। इसलिए यदि प्रत्येक स्वर या श्रुति के गुणान्तरों को उन्हीं के क्रमानुसार एक दूसरे से गुणा किया जाय तो परिणाम में $\frac{२}{१}$ आयेगा :—सा से रे = $\frac{१०}{९}$; रे से ग = $\frac{१६}{१५}$; ग से म = $\frac{९}{८}$; म से प = $\frac{९}{८}$; प से ध = $\frac{१०}{९}$; ध से नी = $\frac{१६}{१५}$ और नी से सां = $\frac{९}{८}$ गुणान्तरों के हैं। इसलिए सबका परस्पर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुणा करने से सा—सां = $\frac{१०}{९} \times \frac{१६}{१५} \times \frac{९}{८} \times \frac{९}{८} \times \frac{१०}{९} \times \frac{१६}{१५} \times \frac{९}{८} = \frac{२}{१}$ होगा। यदि बाईसों श्रुत्यन्तरों को क्रमानुसार इसी प्रकार गुणा किया जाय, तब भी फल = $\frac{२}{१}$ होगा, जो ग्राम के श्रुत्यन्तरों के परिमाण तथा उनके अनुक्रम को सही सिद्ध करता है।

इन्हीं परिणामों पर प्रो० परांजपे भी पहुँचे थे। प्रो० ललितकिशोर सिंह और प्रो० परांजपे प्रभृति विद्वानों ने भौतिक विज्ञान और गणित के नैसर्गिक सिद्धान्तों के बल पर भरतोक्त श्रुत्यन्तरों तथा उनके क्रम का जो परिचय दिया है, उसके लिए संगीत-जगत् सदा उनका आभारी रहेगा। इन परिणामों पर पहुँचने की विधि की जानकारी के लिए, पाठक 'ध्वनि और संगीत' के पूर्वोक्त पृष्ठ पढ़ें और साथ ही वे पं० ओम्कारनाथ ठाकुर कृत "प्रणव-भारती" के पृष्ठ ८१ से ८६ के बीच में उद्धृत प्रो० परांजपे तथा प्रो० ललितकिशोर सिंह के उद्धरण भी पढ़लें। प्रणव-भारती में प्रो० परांजपे के उद्धृत अंशों में तीन स्थानों पर छपाई की निम्नलिखित त्रुटियाँ ठीक कर के पढ़ेंगे:—

(केवल शुद्ध रूप ही नीचे दिए जाते हैं।)

(१) पृष्ठ ८२ की तीसरी पंक्ति इस प्रकार होगी:—

$\therefore$ म—ग = २०४ और ग = ४९८ — २०४ = २९४ सें०

(२) पृष्ठ ८२ की २२ वीं पंक्ति इस प्रकार होगी:—

पुनः क्ष = $य_१ + य_२ + य_३$

(३) पृष्ठ ८३ की २६ वीं पंक्ति इस प्रकार होगी;—

$\therefore$ $य_१ + य_३$ = ९२ सें०

भरतोक्त षड्जग्राम, उसके श्रुत्यन्तरों के परिमाणों तथा अनुक्रमों का न्याय-संगत और सफल अध्ययन तभी संभव है, जब हम निम्नलिखित तथ्यों को निष्पक्षता एवं उदारता के साथ ध्यान में रखें और उपयोग में लायें:—

(१) प्रस्तुत विषय का भरत-कृत नाट्य शास्त्र में पूर्ण और स्पष्ट वर्णन नहीं है।*

(२) किसी न किसी अंश में अनुमान आवश्यक होगा। यह अनुमान भरत के किसी कथन के प्रतिकूल नहीं होना चाहिए, और उस अनुमान के परिणाम भरत के ग्राम को व्यर्थ में ही निम्नकोटि का न बनादें। अनुमान का कोई नैसर्गिक या न्याय-संगत आधार अवश्य होना चाहिए।

(३) षड्ज-पंचम और षड्ज मध्यम संवादों का महत्व भरत ने भी स्वीकार किया था और आज तक सभी देशों के संगीतों में मान्य है। उसका महत्त्व भौतिक विज्ञान ने और भी स्पष्ट कर दिया है और षड्ज-पंचम तथा षड्ज-मध्यम के प्रकृत गुणान्तर $\frac{३}{२}$ होगा और $\frac{४}{३}$ हैं—इस वैज्ञानिक तथ्य को अस्वीकृत नहीं किया जा सकता। जब भी तन्त्र-वाद्यों में षड्ज और पंचम के तार ठीक मिलेंगे, उनकी कंपन-संख्याओं का गुणान्तर $\frac{३}{२}$ होगा और इसी प्रकार स-म का गुणान्तर $\frac{४}{३}$ होगा। भरत भी इन्हीं गुणान्तरों वाले सा-प, सा-म का उपयोग करते होंगे, यह अनुमान प्रत्येक सुरीला व्यक्ति सहज ही

* भरतोक्त चतुःसारणा-प्रकरण अतिशय संक्षिप्त होते हुए भी श्रुतियों के मान और उन श्रुति-मानों के क्रम को किस प्रकार दो ग्रामों के आधार पर सरल और संवादसिद्ध प्रक्रिया द्वारा पूर्ण स्पष्ट करता है, इस के लिए पं० ओंकारनाथजी ठाकुर कृत संगीतांजलि पंचम भाग का पृ० ७५—७९, ९५—१०१ द्रष्टव्य है।—संपादक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगायेगा। प्रो० ललितकिशोर सिंह ने विज्ञान के सिद्धान्तों से सहायता ले कर यही अनुमान लगाया और उसी से समस्त भरतोक्तर श्रुत्यन्तर निकाले, इसीलिए वे श्रुत्यन्तर सब से अधिक संभावी और समुचित हैं।

(४) एक ग्राम या सप्तक को २२ या २४ या १२ बराबर भागों में बाँटने पर प्रत्येक स्वर नैसर्गिक स्वरों से भिन्न अर्थात् बेसुरा हो जाता है, यह न केवल वैज्ञानिक सत्य है वरन् प्रत्येक देश के संगीत-ग्रामों के विकास से भी स्पष्ट होता है।

(५) मध्य षड्ज और तार षड्ज का गुणान्तर पूरा पूरा $\frac{२}{१}$ होता है—इसमें कोई भी मतभेद नहीं है। अतः सप्तक के जितने भी भाग हों, उनके गुणान्तरों का क्रमिक गुणनफल $\frac{२}{१}$ अवश्य आना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता, तो, या तो गुणान्तर ग़लत है और या वे ठीक हैं तो उनका क्रम ग़लत है।

(६) यह तथ्य अनुभव से और विज्ञान द्वारा भी सिद्ध है कि उन दो स्वरों का संवाद मधुर होता है जिनका गुणान्तर सरल संख्याओं से बना हो। यह तथ्य सापेक्ष रूप में उपयुक्त होता है। $\frac{२}{१}, \frac{३}{२}, \frac{४}{३}$ आदि $\frac{९}{८}, \frac{१०}{९}, \frac{१६}{१५}$ आदि की अपेक्षा अधिक सरल हैं। इसलिए उनके स्वर-संवाद भी अधिक मधुर हैं। उपर्युक्त संबन्धों में सब से कम माधुर्य $\frac{१६}{१५}$ में है। किन्तु $\frac{१६}{१५}$ का संवाद $\frac{१३५}{१२८}$ से अधिक अच्छा है।

इस स्थल पर मैं पाठकों से निवेदन करूँगा कि वे इस लेख के अन्त में दी हुई तालिकाओं का अवलोकन करें। तालिकाओं में संकेत और निष्कर्ष भी दे दिए गए हैं।

पहली तालिका में भातखंडे मत से निकले भरतोक्त ग्राम व श्रुत्यन्तर दिए गए हैं और सिद्ध किया गया है कि वह कितना दोषपूर्ण है। दूसरी तालिका में भरतोक्त ग्राम व श्रुत्यन्तरों का वह रूप दिया गया है, जिसे मैं अब तक प्राप्त रूपों में सर्वश्रेष्ठ मानता हूँ।

तीसरी तालिका में आचार्य बृहस्पति द्वारा निर्धारित भरतोक्त श्रुत्यन्तरों और उनके क्रमों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया गया है, जिससे यह सिद्ध होता है कि पूर्व के विद्वानों से सहमत होकर उन्होंने तीन प्रकार के श्रुत्यन्तर तो माने, पर उनके क्रमों में एक बहुत बड़ी त्रुटि कर गये, जिसके फलस्वरूप न केवल भरत का ग्राम बेसुरा सिद्ध हो गया, वरन् बृहस्पति जी के ग्रन्थ "भरत का संगीत सिद्धान्त" में वर्णित भरत की मूर्छनाओं आदि के प्रकरणों में भी परिमाणों आदि के दोष आ गए*। इस त्रुटि का कारण यही है कि बृहस्पति जी ने स्वर-शास्त्र विषयक गणित तथा विज्ञान द्वारा सिद्ध नैसर्गिक सिद्धान्तों की सहायता नहीं ली। इस सम्बन्ध में ठाकुर जयदेव सिंह का वह उल्लेख ध्यान देने योग्य है जो उन्होंने बृहस्पति जी के "भरत का संगीत सिद्धान्त" नामक ग्रंथ की "भूमिका" के पृष्ठ ९ में किया है :—"यदि किसी प्रयोगशाला में विज्ञान और

* श्रुति-मानों के क्रम में उक्त ग्रन्थ में जो स्खलन दृष्टिगोचर होता है तथा उस स्खलन के जो दूरव्यापी दुष्परिणाम हैं, उनकी ओर सभी सुधी पाठकों का ध्यान अवश्य हो गया होगा, ऐसा हम स्वानुभव से कह सकते हैं। प्रस्तुत लेख के लेखक ने परिश्रम और निर्भीकता से इस विषय की ओर संगीत जगत् का ध्यान दिलाने का जो प्रयास किया है, तन्निमित्त वे साधुवाद के पात्र हैं।—संपादक।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गणित के आधार पर इन श्रुतियों का विश्लेषण किया जाय, तो मैं समझता हूँ कि यह विवाद (भरत का श्रुति-सम्बन्धी मत) सदा के लिए समाप्त हो जायगा।"

बृहस्पति जी ने अपने ग्रंथ के पृष्ठ २५ और २६ में लिखा है कि सारणा-चतुष्टयी के अन्तर्गत पहला उतार (अर्थात् प्रमाण-श्रुति) 'ग' सबसे छोटे परिमाण का है, दूसरा उतार 'ख' उससे बड़ा है, और तीसरा उतार 'क' सबसे बड़ा है; अर्थात्-१७वीं श्रुति-१६वीं से 'ग' परिमाण में ऊंची है, १६वीं श्रुति १५वीं से 'ख' परिमाण में ऊंची है, और १५वीं श्रुति १४वीं से 'क' परिमाण में ऊंची है, और चूंकि चौथा उतार फिर 'ग' के बराबर है, इसलिए १४वीं श्रुति १३वीं श्रुति से 'ग' परिमाण में ऊंची है—और ये परिमाण परस्पर इस अनुपात में हैं :—क > ख > ग, यहीं ग़लती हुई है। मेरा निश्चित मत यही है कि पहला उतार 'ग' सबसे छोटा होगा, दूसरा उतार 'ख' सबसे बड़ा होगा और तीसरा उतार 'क' बीच का होगा अर्थात् परिमाण परस्पर इस अनुपात में होंगे :—ख > क > ग, चौथा उतार 'ग' होगा। यही मत प्रो० पराजपे, प्रो० ललित किशोर सिंह और पं० ओमकार नाथ ठाकुर का भी है। मेरे और इनके अनुसार $\left(ख = \frac{२५६}{२४३}\right) > \left(क = \frac{२५}{२४}\right) > \left(ग = \frac{८१}{८०}\right)$ यदि भरत का षड्ज-पंचम भाव व षड्ज-मध्यम भाव सुरीला था, (जिसमें कम से कम मुझे कोई संदेह नहीं), तो उसके आधार से अभी दिए गए परिमाण ही सिद्ध होंगे, जिसका विवरण पाठक प्रो० ललितकिशोर सिंह की पुस्तक में पढ़ सकते हैं और तब तालिका संख्या ३ से यह स्पष्ट होगा कि बृहस्पति जी के श्रुति-अनुक्रमों का परिणाम कितना भीषण होता है, कि तार षड्ज भी बेसुरा हो जाता है। वह मध्य षड्ज का $\frac{२}{१}$ न होकर $\frac{१·९५५}{१}$ होता है। दूसरा बुरा परिणाम यह निकलता है कि रे–ग तथा ध–नी के गुणान्तर $\frac{१६}{१५}$ के स्थान पर $\frac{१३५}{१२८}$ हो जाता है, जो अपेक्षाकृत बहुत निम्नकोटि का है और जिससे भरत के ग्राम का निम्न स्तर सिद्ध होता है। तीसरा दोष यह है कि षड्ज–मध्यम संवाद की भी हत्या हो जाती है, सा–म का गुणान्तर हो जाता है $\frac{१०}{९} \times \frac{१३५}{१२८} \times \frac{९}{८} = \frac{६७५}{५१२}$, जब कि वह $\frac{४}{३}$ होना चाहिये।

अब यह तर्क रखा जा सकता है कि जब बृहस्पति जी ने क, ख और ग के ठीक ठीक परिमाण स्वयं नहीं दिए हैं, तो कुछ भी परिमाण मानकर उनके आधार पर गणनायें मैंने क्यों कीं। इसका उत्तर मैं तीन प्रकार से दूंगा:—

(१) मैंने जिन परिमाणों को मानकर बृहस्पति जी के श्रुत्यन्तरों के अनुक्रम की जांच की है, उसका आधार विज्ञान और गणित के वे नैसर्गिक नियम हैं जो षड्ज-पंचम, षड्ज-मध्यम तथा अन्य स्वर-संवादों में स्वभावतः पाये जाते हैं, और भरत ने भी स्वर-संवादों को अत्यधिक महत्त्व दिया है। बृहस्पति जी ने स्वयं तीन श्रुत्यन्तर के मूल्य नहीं दिए हैं और यदि कोई विद्वान् उन श्रुत्यन्तरों के कोई दूसरे परिमाण दे सकें तो उनकी सहायता से भी जांच कर ली जायेगी। अभी तक तो भरतोक्त षड्ज-ग्राम का कोई ऐसा रूप नहीं मिला है जो तालिका २ में दिए हुए रूप से अधिक स्पष्ट, सही और न्याय-संगत हो।

(२) यदि अनुमान लगाना गलत है, तो बृहस्पति जी के वर्णन में ही अपेक्षाकृत अधिक अनुमान हैं, जो कोई ठोस आधार भी नहीं रखते:—उनके ग्रंथ "भरत का संगीत-सिद्धान्त" के पृष्ठ २२ से आरंभ करें। श्रुति-दर्पण पर चतुः सारणा विधि के अन्तर्गत 'मूलसप्तक' शीर्षक में कहा गया है कि "पहले तार को षड्ज इत्यादि के पर्दों पर दबाकर छेड़ने से जो सप्तक बोलेगा, उसे हम मूल सप्तक कहेंगे,....." ज़रा विचार किया जाय कि ये षड्ज इत्यादि के पर्दे कौन लगायेगा और कितनी कितनी दूरी पर लगायेगा ? इन्हीं पर्दों के बल पर बृहस्पति जी चारों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सारणायें दिखायेंगे और ये स्वयं ठीक ठीक किस स्थान पर लगाये जायेंगे, इसका कोई निर्देश नहीं। यदि यह आशा थी कि संगीतज्ञ भरतोक्त स्वरों को स्वयं मिला लेंगे, तो यह अनुमान भी लगा लिया गया कि वर्तमान संगीतज्ञ भरत के ग्राम, स्वरों आदि से भलीभाँति परिचित हैं, यह तो विचित्र बात हुई; यदि संगीतज्ञ भरत के स्वर-स्थानों से परिचित हैं तो उसका स्पष्टीकरण करने की क्या आवश्यकता पड़ी! संगीतज्ञ तो उस सा-प और सा-म संवाद से परिचित हैं जिनका गुणान्तर क्रमशः $\frac{३}{२}$ और $\frac{४}{३}$ है, साथ ही साथ यह आवश्यक नहीं कि प्रत्येक संगीतज्ञ भरत के प्रत्येक स्वर का एक ही स्थान मानें। मतभेद हो सकता है। फिर बृहस्पति जी का मूल सप्तक भी संगीतज्ञों के लिए भिन्न भिन्न हो जायेगा। इसलिए यह आवश्यक था कि गणित और विज्ञान की सहायता ली जाती और प्रत्येक स्वर का स्पष्ट और निश्चित मूल्य बताया जाता।

अब पृष्ठ २२ पर आगे देखें। प्रथम सारणा शीर्षक में लिखा है, कि दूसरे तार को इतना उतारा जाय कि मूल सप्तक के ऋषभ के साथ दूसरे तार के पंचम का संवाद षड्ज-मध्यम भाव से होने लगे। इसका अभिप्राय स्पष्ट है कि लेखक अनुमान कर रहा है कि संगीतज्ञ षड्ज-मध्यम का सही सही स्थान जानते हैं। इस अनुमान से मुझे कोई आपत्ति नहीं, किन्तु संगीतज्ञ उस षड्ज-मध्यम संवाद को मानते हैं कि जिसका परिमाण $\frac{४}{३}$ है और मैं तो भरत का षड्ज-मध्यम संवाद यही मानता हूँ; किन्तु इसी मान्यता का विकास करके तालिका २ में दिया गया भरतोक्त ग्राम निकलता है। और बृहस्पति जी का षड्ज-मध्यम गुणान्तर $\frac{४}{३}$ नहीं निकलता, वरन् $\frac{१०}{९} \times \frac{१३५}{१२८} \times \frac{९}{८} = \frac{६७५}{५१२}$ निकलता है।

अतः एक ओर बृहस्पति जी यह अनुमान लगाते हैं कि वर्तमान संगीतज्ञ भरत का षड्ज-मध्यम संवाद मानते हैं, दूसरी ओर वे वर्तमान संगीतज्ञों द्वारा मान्य और विज्ञान के आधार पर सिद्ध षड्ज-मध्यम सम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध मानते हैं।

इसी प्रकार २४ पृष्ठ में चौथी सारणा तक केवल अनुमान ही जारी है क्योंकि मूल सप्तक के सभी स्वरों की स्थापना संगीतज्ञ स्वयं करेंगे और वही भरत के स्वर मान लिए जायेंगे।

(३) "भरत का संगीत सिद्धान्त" के पृष्ठ २४ की अन्तिम दो पंक्तियों में लिखा है कि श्रुति-दर्पण के पहले दूसरे तार की ध्वनि का अन्तर "ग" प्रमाण-श्रुति है। इसके बाद २५ पृष्ठ के आरंभ में लिखा है कि दूसरे व तीसरे तारों का अन्तर 'ख' "ग" की अपेक्षा बड़ा होगा। २६ पृष्ठ के प्रारंभ में बताया है कि तीसरे व चौथे तारों का अन्तर "क", "ख" से भी बड़ा होगा।

यदि स्वर-संवाद के नैसर्गिक नियमों को मानें तो "ख" सब से बड़ा अन्तर होना चाहिए, "क" उससे छोटा और "ग" सबसे छोटा अन्तर होना चाहिए। यदि उन नियमों को नहीं मानते तो मैं यह पूछना चाहूँगा कि तीसरे व चौथे तारों का अन्तर 'क', दूसरे व तीसरे तारों के अन्तर 'ख' से बड़ा है—यह भरत के किस श्लोक का अर्थ है? यदि भरत की चतुःसारणाओं की प्रक्रिया की संभावना "क" को "ख" से बड़ा मान कर हो है, तो मेरा निवेदन है कि तालिका संख्या २ का ध्यान से अवलोकन करें, जिसमें स्पष्ट है कि 'क' को 'ख' से छोटा मान कर भी भरत की समस्त सारणायें शत प्रतिशत ठीक बैठती हैं और इसी प्रकार बृहस्पति जी का सारणायुक्त श्रुति-दर्पण 'क' को 'ख' से छोटा मान कर भी ठीक बैठेगा। अतः 'क' को 'ख' से बड़ा मानने का कोई आधार नहीं है। जब कि 'ख' को 'क' से बड़ा मानने के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वैज्ञानिक आधार हैं। 'क' को 'ख' से बड़ा मानते से ही भरत के रे-ग व ध-नी और सा-म, यहाँ तक कि सा-सां स्वरान्तर बेसुरे सिद्ध हो जाते हैं, जैसा पहले बताया जा चुका है।

"भरत का संगीत-सिद्धान्त" के पृष्ठ २९ व ३० की टिप्पणियों में भी यह सिद्ध करने का प्रयत्न है कि 'क' बड़ा है 'ख' से और 'ख' बड़ा है 'ग' से। 'ख' अन्तर समझाते हुए लिखा है कि प्रथम सारणा के ऋषभ को षड्ज मानने पर द्वितीय सारणा का पंचम इस नवीन षड्ज का मध्यम न होकर तीव्र गान्धार से कुछ चढ़ा हुआ रहता है; अर्थात् मध्यम से नीचा रहता है। अतः 'ख' अन्तर 'ग' से बड़ा है। इसी प्रकार पृष्ठ ३० की टिप्पणी में लिखा है कि द्वितीय सारणा के ऋषभ को षड्ज मानने पर तृतीय सारणा का पंचम इस नवीन षड्ज के तीव्र गांधार से भी कुछ उतरा हुआ रहता है, जिससे यह सिद्ध होता है कि 'क' अन्तर 'ख' से भी बड़ा है। यहीं पर बृहस्पति जी ने ग़लती की है। वास्तव में तृतीय सारणा का पंचम, द्वितीय सारणा के ऋषभ के सम्बन्ध से तीव्र गांधार से उतरा नहीं, वरन् और भी अधिक चढ़ा रहेगा (द्वितीय सारणा का पंचम, प्रथम सारणा के ऋषभ को षड्ज मानने पर, तीव्र गांधार से जितना चढ़ा था उससे भी अधिक)। मेरा तर्क यह है कि बृहस्पति जी का उपर्युक्त कथन दो हो शर्तों की पूर्त्ति होने पर सत्य सिद्ध हो सकता था। पहली शर्त यह कि भरत ने स्वयं यह स्पष्ट लिखा होता कि उनका अन्तर गांधार या षड्ज मध्यम भाव किस स्थान अथवा परिमाण में थे। भरत ने वह तर्क प्रस्तुत नहीं किया है जिसका उल्लेख बृहस्पति जी ने किया है (तीव्र गांधार से उतरा या चढ़ा होना)। अतः पहली शर्त तो पूरी नहीं हुई। दूसरी शर्त यह है कि बृहस्पतिजी से भिन्न परिमाणों को मान कर उनके प्रयोग या सारणा-प्रक्रिया को प्रदर्शित न किया जा सके। यह शर्त भी पूरी नहीं होती क्योंकि हम भिन्न परिमाण मान कर भी बृहस्पति जी का श्रुति-दर्पण बना सकते हैं। देखिए :—

षड्ज की कम्पन-संख्या २४० मान लें। मध्यम की कम्पन-संख्या $२४० \times \frac{४}{३} = ३२०$ और तीव्र गांधार की कम्पन संख्या $२४० \times \frac{५}{४} = ३००$ होगी। हम 'ग' श्रुत्यन्तर से बड़ा 'क' श्रुत्यन्तर, और 'क' श्रुत्यन्तर से बड़ा 'ख' श्रुत्यन्तर मानते हैं, और उनके निश्चित परिमाण हैं:—$क = \frac{२५}{२४}$, $ख = \frac{२५६}{२४३}$ और $ग = \frac{८१}{८०}$ अब "भरत का संगीत-सिद्धान्त" पृष्ठ २२ से २४ तक देखें। प्रथम सारणा के लिए हम दूसरे तार को प्रमाण-श्रुति अर्थात् $ग = \frac{८१}{८०}$ परिमाण में उतारेंगे। पहले श्रुति-दर्पण के पाँचों तार षड्ज = २४० में मिले थे। ऋषभ $= २४० \times \frac{१०}{९} = \frac{८००}{३}$ था; यही मूल सप्तक का ऋषभ है। पंचम पहले $२४० \times \frac{३}{२} = ३६०$ था। दूसरे तार को $\frac{८१}{८०}$ उतारने पर पंचम होगा $= ३६० \times \frac{८०}{८१} = \frac{३२००}{९}$ अब तीसरे तार के पंचम और मूल सप्तक के ऋषभ का गुणान्तर होगा $\frac{३२००}{९} \times \frac{३}{८००}$ $= \frac{४}{३}$ जो वास्तव में षड्ज-मध्यम संवाद है।

इसी प्रकार श्रुति-दर्पण की दूसरी सारणा में तीसरे तार को इतना उतारना है कि गांधार जो $२४० \times \frac{१०}{९} \times \frac{१६}{१५} = \frac{२५६०}{९}$ कम्पन-संख्या का है, मूलसप्तक के ऋषभ $\left(= \frac{८००}{३}\right)$ से मिल जाय। हमारे मत से दूसरा उतार $ख = \frac{२५६}{२४३}$ है; अब तीसरा तार कुल उतारा जायगा 'ग' और 'ख' मिलाकर अर्थात् $\frac{८१}{८०} \times \frac{२५६}{२४३} = \frac{१६}{१५}$। अतः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इतना उतारे जाने पर गंधार $\left(\frac{२५६०}{९}\right)$ की कम्पन-संख्या उतर कर $\frac{२५६०}{९} \times \frac{१५}{१६} = \frac{८००}{३}$ हो जायगी, जो मूल सप्तक का ही ऋषभ है। निषाद भी धैवत में मिल जायगा, यह सरलता से स्पष्ट हो जायगा, क्योंकि मूल सप्तक का निषाद, गांधार का पंचम है अर्थात् वह $\frac{२५६०}{९} \times \frac{३}{२} = \frac{१२८०}{३}$ कम्पन-संख्या का है, और धैवत, ऋषभ का पंचम $= \frac{८००}{३} \times \frac{३}{२} = ४००$ कम्पन-संख्या का है। निषाद को $\frac{१६}{१५}$ उतारने पर $\frac{१२८०}{३} \times \frac{१५}{१६} = ४००$ का धैवत आ गया।

इसी प्रकार २३ पृष्ठ की अन्तिम पंक्ति से—तृतीय सारणा के वर्णन के अनुसार चौथे तार को (जो पहले षड्ज में था) इतना उतारना है कि उसका ऋषभ मूल सप्तक के षड्ज में मिल जाय। उसका ऋषभ है $\frac{८००}{३}$ और मूल सप्तक का षड्ज है २४०; इसलिए कुल उतार होगा $= \frac{८००}{३} \times \frac{१}{२४०} = \frac{१०}{९}$

और यही उतार हमारे मत से आता है, जिसमें पहला उतार ग $= \frac{८१}{८०}$, दूसरा उतार "ख" $= \frac{२५६}{२४३}$ और तीसरा उतार क $= \frac{२५}{२४}$ है, कुल उतार $= \frac{८१}{८०} \times \frac{२५६}{२४३} \times \frac{२५}{२४} = \frac{१०}{९}$

इसी प्रकार ४ थी सारणा की प्रक्रिया भी ठीक बैठती है।

इसलिए सारणा—चतुष्टयी में भरत के दूसरे उतार "ख" को तीसरे उतार "क" से छोटा न मानकर बड़ा मानना चाहिए और परिमाण होने चाहिए ख $= \frac{२५६}{२४३}$ और क $= \frac{२५}{२४}$

अधिक विस्तार करने की अब मैं आवश्यकता नहीं समझता। उपसंहार के रूप में मैं संगीत-जगत् की सेवा में निम्नलिखित तथ्य विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ :—

(१) भरत के वर्णन से यह सिद्ध नहीं होता कि वे बाईसों श्रुत्यन्तर समान मानते थे। इस सम्बन्ध में भातखण्डे जी का मत ग़लत है और उनके मत से सहमत व्यक्ति बिना किसी आधार के भारतीय प्राचीन संगीत को निम्नकोटि का अथवा बेसुरा घोषित करते हैं। (देखें तालिका-प्रथम)

(२) भरत के वर्णन से यह सिद्ध नहीं होता कि चतुःसारणाओं के अन्तर्गत दूसरा उतार 'ख' तीसरे उतार 'क' की अपेक्षा परिमाण में छोटा था। इस सम्बन्ध में बृहस्पति जी की मान्यता ग़लत है, क्योंकि एक तो "क" का "ख" से बड़ा होना भरत के वचनों से सिद्ध नहीं होता, दूसरे "क" को "ख" से छोटा मान कर भी भरतोक्त चतुःसारणायें ठीक बैठती हैं, और तीसरे "क" को "ख" से बड़ा मानने पर भरतोक्त ग्राम निम्नकोटि का अथवा बेसुरा सिद्ध होता है; यहाँ तक कि तार षड्ज भी बेसुरा हो जाता है, (देखें तालिका-तृतीय)।

(३) भरतोक्त ग्राम और श्रुत्यन्तरों तथा उनके अनुक्रम का सर्वोत्तम रूप वह है, जिसमें तीन प्रकार के श्रुत्यन्तर माने जाते हैं :—

(ग) पहला श्रुत्यन्तर $= \frac{८१}{८०}$ (प्रमाण श्रुति)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ख) दूसरा श्रुत्यन्तर = $\frac{२५६}{२४३}$

(क) तीसरा श्रुत्यन्तर = $\frac{२५}{२४}$

इनका क्रम सारणाओं के उतार के अनुसार इस प्रकार होगा ;—ग, ख, क, और चौथा उतार फिर 'ग' होगा। अर्थात् अवरोही क्रम से श्रुत्यन्तर ग, ख, क, ग, और आरोही क्रम से वे ग, क, ख, ग, होंगे जिनमें "ख" बड़ा "क" से और "क" बड़ा "ग" से है।

यही रूप व्यवहार, विज्ञान और गणित के दृष्टिकोणों से भी उत्तम है, और भरत के निजी वर्णन के अधिकतम अनुकूल है और उनके किसी कथन का इसमें विरोध भी नहीं है। (देखें तालिका-द्वितीय)

(४) मेरा नम्र सुझाव है कि बृहस्पति जी यदि केवल "ख" को "क" से बड़ा और "ग" को पूर्ववत् सबसे छोटा स्वीकार कर लें, (या दूसरे उतार को 'क' और तीसरे उतार को 'ख' मान लें), तो उनके ग्रन्थ में वर्णित श्रुतिदर्पण, मंडल प्रस्तार, भरतोक्त ग्राम व मूर्छनाओं आदि के दोषों का निवारण हो जायगा।

(५) चतुर्थ तालिका में मैंने वर्तमान संगीत के लिए सब से उपयुक्त विस्तृत षड्ज-ग्राम का रूप दिया है।

लेख का कलेवर कुछ बढ़ गया है, इसके लिए मैं क्षमा-प्रार्थी हूँ। भरतोक्त ग्राम एक विवादास्पद विषय रहा है और विषय महत्त्वपूर्ण है; अतः मैंने यह अपना कर्त्तव्य समझा कि तत्सम्बन्धी भ्रान्त धारणाओं से अवगत करा के संगीत-प्रेमियों तथा विशेष रूप से छात्रों की सेवा करूं। अन्त में उन विद्वानों से क्षमा माँगते हुए, जिनके मत से मैंने अपना विरोध प्रकट किया है, मैं यह लेख समाप्त करता हूँ।



D. PATNAIK

भारत्याः कण्ठदेशे स्थलमतिललितं षोडशारं विशुद्धं तस्मिन् सप्तस्वराः स्युः सकलजनमनोरञ्जकाः षड्जमुख्याः।
चक्रं तु ब्रह्मरन्ध्रे स्फुरति किल सहस्रारमेकं सुधाढ्यं नृणां गीयस्तदीयप्रथमदलगता गीतसिद्धिं तनोति॥
(रसकौमुदी पूर्वखण्ड प्रथ अध्यायम)

यथा वधूर्भाति न भूषणं विना, यथा शशाङ्केन विना त्रियामा।
तथैव गीतिः किल भारती च, न शोभतेऽलङ्कृतिमन्तरेण॥
(रसकौमुदी पूर्वखण्ड प्रथम अध्याय)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

PANDIT VISHNU DIGAMBAR PALUSKAR

the Pioneer of the Renaissance of Indian Music

By

Prof. P. A. Sundaram Aiyar

[Pandit Vishnu Digambarji was a great Mahātmā and a Maharṣi and I am the least fitted to write about this great personality. However, since I have to tell whatever little that is known to me about Panditji and his great contribution to Hindustani music, for the benefit of all the musicians and music loving public, I am writing this short article and I thank the authorities of the Music College, Banaras Hindu University, for providing me an opportunity to bring out these instances of my association with this great Personality, Pandit Vishnu Digambarji].

I went to Trivandrum from my native place of Parur at the age of 9 and studied violin (South Indian music) under Trivandram Palace Vidwan Sri Ramaswami Bhagavathar for a period of 7 years. After my study I went to Calicut in 1907 and stayed with my friend Sri Devchand Sait, a Gujerathi gentleman, who had sound knowledge of North and South Indian Music Systems. This sait had a paid musician in his household, Govinda Naik by name who was well versed in Sarangi and Sitar. Sri Devchand Sait arranged Sri Govinda Naik to teach a little Hindustani music to me. At that time a well known Daily from Bombay "Sanj Vartaman", published the important news that Gayanacharya Pandit Vishnu Digambar Paluskarji, the wellknown Hindusthani musician had shifted from Lahore to Bombay and had started the Gandharva Maha Vidyalaya which was running full-fledged. Learning this, Sri Devchand Saitji sent me to Bombay, at his expense, to study Hindusthani music from Sri Pandit Vishnu Digambarji. That was in the year 1909. At my first meeting with him, I was struck by his commanding personality like a Maharaja of the old type. I told him I had come to study music under him. He asked me to stay with him that night and the next day according to his wish I played violin in his presence and Panditji was highly overjoyed and exclaimed "you are a great vidwan in South Indian music". The following week Panditji arranged my violin Solo at a grand tea party function at Madhav Bagh. After this he took me under his personal care in his upadesa class of Sri Gandharva Maha Vidyalaya, the upadesa class being the top-most among the music classes of the Vidyalaya. I studied for a period of one month under him and first among the songs he taught me being "सोखे हो" in Kedar, the second "अवगुण न कीजिये, "गुरु बिन कौन बतावे" etc. besides many other songs including Dhrupads. He treated me like his own son and that showed his

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

broad-minded special affection towards me. He always asked me to sit by his side and take meals along with him. For a period of two months I was under high obligations to Panditji for his noble hearted treatment. After this period Panditji inaugurated violin class in Gandharva Maha Vidyalaya, putting me in charge as Professor and thus for the first time in the History of music of North India, Violin was introduced by Pandit Vishnu Digambarji ; and I was paid an honorarium of Rs. 100 monthly, which was adjusted by him towards my food, clothing and other expenses.

It was customary in the vidyalaya to appoint those who had passed the Higher classes in charge of the lower classes, the important Professors among them being Pandit Omkarnathji Thakur, Shri Khandekar, Shri Narayanrao Khare, Sri V. A. Kasalkar, Sri Narayanrao Vyas, Sri Vinayakrao Patwardhan, Sri Baburao Gokhle, Sri Wamanrao Padhye and others. Shri Datar was the Vice Principal.

His Daily routine : He will wake up all the students at 5 a. m. and after washing, all the students were to march in a morning walk to chowpathy Beach rhythmically in two's to the tune of राम राम राम सीता राम राम राम (जय जय). After return and refreshing everyone with a cup of milk, the classes will commence in Gandharva Maha Vidyalaya at 7 a. m. with Mass Prayer at the Special "Sangīta Hall." First he would sing a verse (sloka) and this would be followed by the mass prayer song "सरस्वती शारदा विद्यादानी" in Rag Bhairavi. Then all would go to their respective classes. He was a strict disciplinarian and severe punishment was inflicted for even small mistakes e. g. one would have to stand for hours in a bending position putting his hand to the end of the toes. After the morning session, the midday meal was taken at 12 noon exactly and during meals the song "जय जय सुरनायक जनसुखदायक" was sung by all while in the night the songs sung were "राम कृष्ण वासुदेव राम हरे हरे and तारी वा रघुराया". The evening classes commenced at 3 p. m. with Prayer like morning and continued till 9 p. m. The permanent staff consisted of 50 persons including students and there were 300 students who came from outside. Panditji would organise 4 or 5 performances by the Vidyalaya Staff and Professors, himself being the main performer in the Vidyalaya Permises on important auspicious days like Vaikuṇṭha Ekādaśī, Gokulāṣṭamī, Śivarātri etc. and seats were regularly arranged with Plan map in the Vidyalaya. The Programme for each performance consisted of Prayer, Group singing of the song जय जगदीश हरे in Rāga Khamāja and then Pandit Vishnu Digambarji would give an introductory lecture for about 15 minutes on music and cover up the audience with his inspiring and commanding oration. This would be followed by short performances of 15 minute's duration each by 4 or 5 professors of the Vidyālaya including my violin Solo. After this, Pandit Vishnu Digambar would give a grand music performance accompanied by myself on the violin and Sri Gurumaharaj on

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

the Tabala. He will fully encourage and himself enjoy the accompanists. He was gifted with an unequalled voice and had a range of nearly 4 octaves beginning from अनुमन्द्र पंचम.

A tour of Maharashtra Pradesh was organised by Panditji in aid of the Building Fund of the Vidyalaya. Important among the cities of the tour were Satara, Hubli, Dharwar, Meeraj, Belgaum. Kolhapur etc. During the performance at Belgaum. Panditji sang the Anumandra Panchama, i. e. 3 notes below the "G" string of the violin and in my enthusiastic accompaniment I also reduced and adjusted my "G" string peg accordingly and reproduced the same note immediately and everyone, including Panditji cheered in appreciation of my skill and technique to reproduce what ever Panditji sang, even though the note was beyond the reach of the string. For all his performances I had the great pleasure of accompanying him on violin and Sri Guru Maharaj provided Tabala accompaniment. I stayed with Panditji for 1½ years. From there I returned to my native place. In the year 1916, I was invited to the All India Music Conference at Baroda for which Panditji had also been invited. From there Panditji invited me to Bombay in April and my Solo violin performance was arranged by him in the Vidyalaya on Sri Ram Navami day during which I had the honour of being presented with a Gold medal and a certificate by Panditji as a token of his appreciation and this was a grand memorable occasion for me in my life. It was due to Panditji's efforts and hold upon Gandhiji, that the music conference was organised during the Congress session at Ahmedabad in 1921 for which Panditji made Gandhiji sanction the necessary funds for meeting out the expenses. This was a grand success. A wonderful thing that happened on the occasion was, the fact that Gandhiji could not enter the premises of the venue of the Congress due to the heavy onrush of crowds and when Panditji with our party was coming to the Congress with Bhajan Songs रघुपति राघव राजाराम the crowd automatically gave way for Panditji's party and Gandhiji had to join us as our party to gain entrance to the Congress.

Panditji's first visit to Madras :

It was in the year 1929, Pandit Vishnu Digambarji was invited to the First Music Conference of the Music Academy, Madras as the President of the Hindustani music section, as the most befitting personality. On arrival at Madras, Panditji came straight to my house. The music-minded public of Madras were thrilled by his magnificent performance through his ringing voice and at their request he stayed in Madras for a period of one month and his Rāmāyaṇa Keerthan was also arranged. People thronged in thousands to hear his illuminous exposition. At the conclusion of the रामायण Keerthan, he was presented with Rs. 10,000 and a rich Kashmiri Shawl in token of their appreciation, by the public of Madras. In the field of music, Panditji

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

was the first to introduce the notation system by publishing songs in सरि ग म notation and it was he who taught the mode of keeping rhythm in hands. All the muslim musicians were afraid of his name and they also encouraged him. As already stated he was a strict disciplinarian and there was to be no chewing or smoking among the Vidyalaya, Professors and students alike and even now in the traditional schools of his disciples, this custom is strictly being maintained.

Among the True followers of the Traditionary system of the Vidyalaya, special mention must be made of Sangeet Samrat Pt. Omkarnathji Thakur, who is one of the chief disciples of Panditji and a True follower, worthy of Panditji still maintaining the Dignity and honour of Pandit Vishnu Digambar's great name.



यस्य श्रीपरमेश्वरस्य कृपया मूकोऽपि वाचं परां पङ्गुः पर्वतलङ्घने किल महासामर्थ्यमेति क्षणात् ।
जन्मान्धोऽप्यरविन्दसुन्दरदृशोर्द्वन्द्वं किमन्यत् परं वन्दे नन्दकिशोरमन्दुवदनं तं भक्तचिन्तामणिम् ॥

(रसकौमुदी पूर्वखण्ड प्रथम अध्याय)

सर्वप्राणिमनोहरं प्रियतमावर्गप्रमोदप्रदः स्वैरं कामकलाकलापजनको दुःखैकविध्वंसकः ।
गम्यो रागविदां वरैरपि भृशं चातुर्ययुक्तैर्जनैर्नानारूपविराजितो विजयते रागस्त्रिलोक्यां परम् ॥

(रसकौमुदी पूर्वखण्ड द्वितीय अध्याय)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनावृत सत्य

—सत्यार्थी—

पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथजी ठाकुर सदैव कहते आए हैं कि निन्दकों को पाला जाए, पड़ोस में पोसा जाए; वे इतने उपकारी हैं कि बिना साबुन हमारे मैल का प्रक्षालण करते रहते हैं। कबीर के—'निन्दक बाबा बीर हमारा' तथा तुकाराम के 'निन्दकाचे घर असावे शेजारी' (निन्दक का घर पड़ोस में रहे)—इन वचनों को वे प्रायः दोहराया करते हैं। कुछ ऐसा ही अनुभव जीवन में उपस्थित हुआ और उन्हीं (निन्दकों) की कृपा का यह फल है कि सत्य का प्रकाश करने का सुअवसर मिला है।

अपने अध्ययन परिशीलन द्वारा किसी सत्य की प्राप्ति के प्रकाशन का सभी को अधिकार है। अनुसन्धान-कर्ता अपनी संप्राप्ति के प्रकाशन के पूर्ण अधिकारी हैं। किन्तु ऐसे अधिकारी अपने मत के प्रतिपादन के लिए किसी अन्य की निन्दा का सहारा नहीं लेते। परमत-आलोचना अथवा मतभेद-प्रकाशन कदापि वर्ज्य नहीं है, अपितु आवश्यक भी है, किन्तु उसका प्रकाशन जब द्वेषमूलक होता है तब उसमें प्रयुक्त भाषा में सहजरूप से निन्दा का पुट आ जाता है। जहाँ जिज्ञासा की भावना रहती है, वहाँ भाषा स्वयमेव सौजन्य और शालीनता लिए हुए प्रकट होती है : बुधजन इन्हीं भेदों से तथ्य को समझ जाते हैं।

जो अनुसन्धानकर्ता नहीं हैं, जिन्हें अपना कुछ कहने को नहीं है, वे तस्कर-कला के अवलम्बन से अन्य की निन्दा द्वारा कुचेष्टा से प्रतिष्ठा पाने का यत्न करते हैं। ऐसे लोग दयनीय हैं। अस्तु।

गत कुछ वर्षों से भारतीय संगीत में कुछ इस प्रकार के लेखन-प्रकाशन सामने आ रहे हैं, जिनमें सैद्धांतिक आलोचना के नाम पर परोक्ष तथा अपरोक्ष रूप से किसी व्यक्ति-विशेष के प्रति अनर्गल विद्वेषपूर्ण विष-वमन ही ओत-प्रोत रहता है। इस विष-वमन का लक्ष्य जिन महानुभाव ने "प्रणव-भारती" के प्रणेता पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओंकारनाथ जी ठाकुर को बनाया है, उनके प्रति आज तक हमारी ओर से सर्वथा मौन का ही अवलम्बन हुआ है। सम्भवतः इस मौन से ही अनन्तगुण उत्साह पाकर उन्होंने आलोचना का विपुल क्षेत्र-विस्तार किया। इस विस्तारमोह में उनसे शालीनता और औचित्य की सीमा का ऐसा अपूर्व उल्लङ्घन बन पड़ा कि उक्त सीमा के प्रहरी सत्य, सौजन्य, सारल्य और संस्कारित्व तत्काल तिरोहित हो गए।

एक पौराणिक उक्ति के अनुसार "महाभागवत" व्यक्ति तो विद्वेषी के द्रोह को सर्वदा क्षमा ही कर देते हैं, किन्तु उनके चरण-रेणु अवश्य ही क्षुब्ध हो उठते हैं और वे उस द्रोह को कभी क्षमा नहीं करते। ठीक वही परिस्थिति प्रस्तुत लेख की पूर्व-पीठिका है। किन्तु यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि उक्त महानुभाव के आरोपों या आक्षेपों का उत्तर-प्रत्युत्तर देना हमारा प्रयोजन नहीं है, उन पर व्यक्तिगत प्रत्यारोप प्रस्तुत करना हमें कदापि अभिप्रेत नहीं है, अपितु विद्यार्थियों और सामान्य पाठकों को उनके लेखन से मतिभ्रम न हो, उन लोगों की दृष्टि से सत्य तिरोहित न हो जाए, इस सद्उद्देश्य से सत्यार्थ का प्रकाश फैलाने का हमारा "शिव संकल्प" है। अतः उक्त लेखक का नामोल्लेख न करके केवल "आप" सर्वनाम का ही हम यहाँ प्रयोग करेंगे।

आपकी ओर से पूज्यपाद गुरुदेव के प्रति जो धूलि-प्रक्षेप समय-समय पर प्रकाशित होता रहा है, उससे क्षुब्ध विद्यार्थी एवं सहयोगी बन्धु समय-समय पर इस सम्बन्ध में हमसे मौखिक चर्चा अवश्य करते रहे हैं, किन्तु इस प्रकार की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चर्चा का कोई लिखित रिकॉर्ड रखना न तो सम्भव होता है और न ही आवश्यक समझा जाता है, और ऐसे रिकॉर्ड के अभाव में स्मृति और कल्पना के सहारे लिखित प्रश्नोत्तरों द्वारा अपना वक्तव्य प्रस्तुत करना अनावश्यक और अनुचित प्रतीत होता है। कोई 'अनामिक' सज्जन रेल में मिल गए अथवा कोई घर पर, तो कोई अन्यत्र कहीं विशेष भेंट करने चले आए, इस प्रकार के काल्पनिक पात्र और प्रसंग उद्भावित करने की हमें कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि मिथ्या अलंकरण की तो असत्य को ही अपेक्षा हो सकती है। सत्य को भला किसी कुटिल आवरण की आवश्यकता क्यों होने लगी ? अतएव हमारा वक्तव्य निरावरण तथा निराभरण रूप से प्रस्तुत है।

"सत्यार्थ" का "प्रकाश" फैलते ही असत्य का स्वतः ही तिरोभाव हो जायगा।

× × ×

"एक" को "अनेक" बनाने के इन्द्रजाल से आपको विशेष "अनुराग" जान पड़ता है। तभी तो आप "प्रणव-भारती" के प्रणेता का बहुवचन में उल्लेख किया करते हैं; किन्तु जो विभूतियाँ शताब्दियों में एकाध बार अवतीर्ण होती हैं, उन्हें बहुवचन में सम्बोधित करने मात्र से यदि वास्तव में "बहु" का सृजन हो सकता, तब तो संस्कार-भूमि की उर्वरता सचमुच निःसीम होती।

इस बहुवचन-प्रयोग के साथ-साथ एक दूसरी आश्चर्यकरी उद्भावना के भी आप जन्मदाता हैं। आपका कथन है कि "प्रणव-भारती" में जिसे "गणेश" कहा गया है, वही वास्तव में "व्यास" है। इस उद्भावना के पीछे आपका दोहरा उद्देश्य है :—एक ओर "प्रणव-भारती" के प्रणेता पूज्यपाद गुरुदेव की प्रतिष्ठा पर धूलि-प्रक्षेप और दूसरी ओर उनकी लेखन सहायिका की सामान्य-मानव-सुलभ सुप्त-गुप्त प्रतिष्ठाशारूपी दुर्बलता को उभार कर उसे लेखन-सेवा से विमुख करना। प्रथम उद्देश्य में आपको सफलता अवश्य मिलती, यदि कहीं मुट्ठी भर धूलि से सूर्य को आच्छादित करना संभव होता। दूसरे उद्देश्य में सफलता तभी मिलेगी जिस दिन शिष्य की निष्ठा, आस्था और गुरु के अनुग्रह का अभेद्य दुर्ग पवन के सामान्य झोंकों से ढहने लगेगा। आप सुख-पूर्वक उस दिन की प्रतीक्षा कर सकते हैं।

प्रकाशित ग्रन्थों की प्रस्तावना में गुरु द्वारा शिष्य की लघु सेवाओं की प्रांजल स्वीकृति और लिखित रूप से आभार-प्रदर्शन का ऐसा विकृत दर्शन करने वालों को क्या कहा जाय ?

खेद की बात यही है कि जिस "गणेश" को आप बलात् "व्यास" के पद पर प्रतिष्ठित करने पर तुले हुए हैं, उसकी ओर से आपको कोरा धन्यवाद तक प्राप्त नहीं। निश्चय ही आप सहानुभूति के पात्र हैं।

× × ×

इधर कुछ दिनों से आपने, मानो कोई नवीन आविष्कार किया हो, ऐसी घोषणा आरंभ की है—और वह है वागीश्वरी में त्रिश्रुति ऋषभ का प्रयोग। साथ ही आप यह आक्षेप करना भी भूले नहीं हैं कि "प्रणव-भारती" में इस ऋषभ की चर्चा तक नहीं है। इससे क्या यह समझा जाए कि आपने "प्रणव-भारती" को सचमुच पूरा पढ़ा नहीं है ? अथवा जान-बूझकर सत्य को आच्छादित करना चाहते हैं ? पाठकों से विनम्र अनुरोध है कि वे इस आक्षेप की यथार्थता जाँचने के लिए "प्रणव-भारती" के पृष्ठ ९१ तथा २०९ का अवलोकन करें। संवाद-सिद्धांत के अनुसार त्रिश्रुति ऋषभ का स्वाभाविक प्रयोग कहाँ किस प्रकार होता है, इसका सर्वप्रथम स्पष्टीकरण "प्रणव-भारती" में ही किया गया है। वहाँ वागीश्वरी का नाम न लिए जाने का भी विशेष कारण है, जो इस प्रकार है। "प्रणव-भारती" के उन स्थलों पर सर्व-सामान्य सिद्धांत का प्रतिपादन ही अभीप्सित है, विशेष उदाहरण की वहाँ अपेक्षा नहीं समझी गई है। जहाँ यह कह दिया गया कि तानपूरे का पहला तार मध्यम में मिलाकर जो भी राग शुद्ध ऋषभ सहित गाए जाएँगे, उनमें सर्वथा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

त्रिश्रुति ऋषभ का ही प्रयोग होगा, वहाँ केवल वागीश्वरी का नामोल्लेख करना अल्पज्ञता का ही परिचायक होता। केवल वागीश्वरी ही क्यों, गौड़मल्हार, सरपरदा बिलावल, लच्छासाख इत्यादि मध्यम पर ठहराव वाले ऐसे कई एक राग हैं, जिन्हें तानपुरे पर मध्यम मिलाकर गाना राग–रूप के सौष्ठव के लिए अधिक प्रशस्त है। उस अवस्था में जब भी "शुद्ध" ऋषभ का प्रयोग होगा, तब वह ऋषभ त्रिश्रुति ही लगेगा। इस सर्व–सामान्य सिद्धान्त के प्रतिपादन के बाद फिर वागीश्वरी के ऋषभ के विशेष उल्लेख की आवश्यकता ही कहाँ रह जाती है ?

इतना ही नहीं, पूज्यपाद गुरुदेव ने तो आज से प्रायः चौदह-पन्द्रह वर्ष पूर्व ही अपने गुरुबन्धु कोल्हापूर-निवासी पं० वामरावजी पाध्ये को वागेश्री के उदाहरण द्वारा त्रिश्रुति ऋषभ-धैवतयुक्त षड्जग्राम की संपूर्ण स्वरावलि की सप्रयोग सिद्धि समझाई थी और पं० पाध्येजी ने श्रुति-विचारक पं० गं० भि० वाचरेकर तथा उनके सहयोगी पूना के संगीतकार श्री ताम्बे शास्त्री के समक्ष भरी सभा में तानपूरे की संगत से वागेश्री में त्रिश्रुति ऋषभ का प्रयोग करके दिखाया था। पं० पाध्येजी ने उक्त प्रयोग को हमारे पूज्यपाद गुरुदेव की ही खोज का परिणाम स्पष्टतः घोषित किया था और उन दोनों पंडितों ने इस प्रयोग को अकाट्य सिद्धि को स्वीकार किया था।

ऊपर की घटना के अतिरिक्त यदि पूज्यपाद गुरुदेव की लेखनी से वागीश्वरी के त्रिश्रुति ऋषभ का उल्लेख ही अपेक्षित हो तो आप के "आविष्कार" प्रकाशन से कहीं पूर्व प्रकाशित "संगीतांजलि" चतुर्थ भाग की भूमिका पृ० १६ अवलोकनीय है। उक्त ग्रन्थ विद्यार्थियों के लिए लिखित होने के कारण 'प्रणव-भारती' में प्रतिपादित सिद्धांत का विशेष उदाहरण उसमें देना उचित माना गया था। 'संगीतांजलि' के इस उल्लेख से आपकी नवीन आविष्कार-प्रकाशन की अभिसन्धि पर मर्मान्तिक प्रहार होता है। तो फिर यह क्यों न समझा जाये कि इसीलिए आप इस पुस्तक (संगीतांजलि चतुर्थ भाग) के बारे में मौन हैं ?

ऊपर के विवरण से स्पष्ट है कि त्रिश्रुति ऋषभ को अपने उद्धार के लिए उक्त 'अन्वेषक' के आविष्कार की कोई अपेक्षा नहीं है।

यदि 'वागेश्री' इस प्रचलित विकृत नाम के शुद्ध रूप 'वागीश्वरी' का उद्धार करने में ही आप अपना महत् कृतित्व मानते हों तो आप से विनम्र अनुरोध है कि आप 'संगीतांजलि' द्वितीय भाग का पृ० ८५ देखने की कृपा करें। वहाँ 'वागेश्री' के साथ साथ 'वागीश्वरी' का भी उल्लेख है।

❀ ❀ ❀

आपने ठोक बजा कर यह विधान घोषित किया है कि आधुनिक शुद्ध गान्धार (प्राचीन अन्तर गान्धार) को षड्ज मानने से शुद्ध मध्यम पर सच्चा कोमल ऋषभ प्राप्त नहीं होता, बल्कि अपेक्षित कोमल ऋषभ से उतरा हुआ कोमल ऋषभ प्राप्त होता है।

(दृष्टव्य 'संगीत' सितम्बर १९५९ अंक–पृ० ५५, तथा 'संगीतिका' अंक ३, पृ० ५९)

अन्यत्र आपने यह भी कहा है :—

(१) 'कोमल ऋषभ का षड्ज से २८ सेवर्ट का अन्तराल है' ; (संगीत फ़रवरी १९६० अंक, पृ० २६)

(२) प्राचीन 'ग–नि' ही आधुनिक कोमल 'रि–ध' है। (संगीतिका अंक ३, पृ० ५२)

ऊपर उद्धृत कथनों में परस्पर संगति है या नहीं, इस पर विचार करने का अधिकार पाठकों को अवश्य है। क्या यह आशा करें कि आप पाठकों को, विचार के इस अधिकार से वंचित करना नहीं चाहेंगे ?

प्राचीन (षड्जग्रामिक) 'रि–ग' और 'ध–नि' का अन्तराल है—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कीमा + लीमा अर्थात् ५ + २३ = २८ सेवर्ट। आधुनिक कोमल ऋषभ का भी यही मान आपको स्वीकार है।

दूसरी ओर आधुनिक शुद्ध "ग" और "म" के बीच का अन्तराल है-साम-साग अन्तराल यानी $\frac{४}{३} \div \frac{५}{४} = \frac{४}{३} \times \frac{४}{५} = \frac{१६}{१५}$ अर्थात् कोमा यानी $\frac{८१}{८०}$ × लीमा यानी $\frac{२५६}{२४३} = \frac{१६}{१५}$ अर्थात् ५ + २३ = २८ सेवर्ट।

इस प्रकार "ग-म" और "सा-रि" दोनों का अन्तराल एक-सा यानी २८ सेवर्ट सिद्ध होता है। इसलिए आपका एक ओर यह कहना कि प्राचीन "ग-नि" ही आधुनिक कोमल "रि-ध" है अर्थात् जो प्राचीन "रि-ग्" या ध-नि" अन्तराल है, वही आधुनिक "सा-रि" या "प-ध्" अन्तराल है (जिसका मान २८ सेवर्ट है), और दूसरी ओर आपका यह कहना कि आधुनिक "ग-म" अन्तराल (जिसका मान २८ सेवर्ट ऊपर दिखाया जा चुका है) "सा-रि" अन्तराल से छोटा है—इन दोनों कथनों में कितनी असंगति है, यह पाठक स्वयं देख लें।

अब "ग-म" अन्तराल तथा "सा-रि" अन्तराल में भिन्नता कहां है, कितनी है, यह समझना-समझाना ब्रह्मा के लिए भी संभव नहीं।

सामान्य गणित-प्रयोग के लिए आप क्षमा करेंगे, किन्तु आप के विभिन्न कथनों की असंगति स्पष्ट करने के लिए उतना-सा गणित आवश्यक था।

"संगीतिका" (अंक ३, पृ० ५९) में जिन काल्पनिक गायक महोदय द्वारा आपने अपना ऊपर लिखा विधान स्वीकृत कराया है, जिसके कानों को आपने 'ग-म' अन्तराल को "सा-रि" अन्तराल से कम सुनने के लिए बाध्य किया है, उनकी अवस्था सचमुच दयनीय है।

× × ×

आपके अन्तर्ज्वलन का एक विस्फोट "प्रणव-भारती" कार के प्रति द्विजिह्वता के आक्षेप के रूप में हमारे सामने है। ("संगीत", फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३१) इस आरोप का प्रतिघोष प्रस्तुत करने की हमारी कोई कामना नहीं है। किन्तु आपके अपने लेखों में जो परस्पर विरोध स्पष्टतया दृष्टिगोचर होता है, उसके कुछ उदाहरण यहां प्रासंगिक होंगे। यथाः—

१—मूर्छना—सिद्धांत सम्बन्धी कथन

एक स्थल पर आप लिखते हैं :—

"मूर्च्छना-सिद्धांत का आश्रय लेकर जिन रागों या जातियों का प्रतिपादन किया जाता है, उनमें स्वरों की संज्ञाएं कदापि नहीं बदलतीं।" (संगीत-फ़रवरी १९६०-अंक, पृ० २७)

दूसरी ओर आप कहते हैं :—

"बागेश्री षड्जग्राम के षड्ज की मूर्च्छना का राग है और भीमपलासी मध्यम ग्राम के ऋषभ की मूर्च्छना का राग है और दरबारी षड्जग्राम के पंचम की मूर्च्छना का राग है।" (संगीतिका अंक ३—पृ० ५३)

'प्रणव-भारती' में प्रतिपादित मूर्च्छना-सिद्धांत को ही यहां आप शब्द-भेद करके नवीन आविष्कार का रूप देना चाहते हैं, और नवीनता के मोह में 'प्रणव-भारती' से कुछ भिन्नता दिखाने के लिए ही यह कहते हैं कि मूर्च्छना में स्वरों की संज्ञा नहीं बदलतीं। किन्तु साथ ही दूसरी ओर यह भी कहते हैं कि अमुक स्वर की मूर्च्छना से अमुक राग होता है। स्वरों की संज्ञाएं बदले बिना इन मूर्च्छनाओं में से ये राग कैसे प्राप्त हुए ? इस प्रश्न का क्या उत्तर है ? आपके इन दोनों कथनों की असंगति कैसे मान्य हो सकती है ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२—स्व० पं० भातखण्डे के प्रति दृष्टिकोण

आपने 'प्रणव-भारती'कार पर, पं० भातखण्डे के प्रति अन्याय करते का आरोप लगाया है। ("संगीत" फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३४)

यहाँ आपके द्वारा पूज्यपाद गुरुदेव को लिखे हुए एक पत्र का अंश उद्धृत करने से आपके परस्पर-विरोधी कथन सामने आ जाएँगे। एक पत्र में आपने लिखा था :—

"भातखण्डेजी के विचारों से संबद्ध तन्त्री में आपने जिस धैर्य एवं शालीनता का परिचय दिया है, वह आपकी महत्ता एवं गौरवशालिता का द्योतक है।"

अवसरवादिता की नीति के अनुसार आज आप पं० भातखण्डे को "श्रद्धेय पूर्वज और भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरक एवं अनुपम जिज्ञासु" कहते हैं। ("संगीत" फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३४)। किन्तु अन्य स्थलों पर उनका नाम बिना ही उनके प्रति आप जो कटु कटाक्ष किया करते हैं, वे आपकी दोहरी चाल के परिचायक हैं। (द्रष्टव्य "संगीतिका" अंक ३, पृ० ५३,[1] ५५-५६[2])

प्रायः चार वर्ष पूर्व वह समय था जब आप "भातखण्डेवाद कसौटी पर" इस शीर्षक से एक लेखमाला के प्रणयन का निश्चय किए हुए थे और "पं० भातखण्डे की मरण-कुण्डली" के नाम से ऐसे उद्धरणों का संकलन किए बैठे थे जिनका विरोध करने का आपका दृढ़ संकल्प था। तब आप पं० भातखण्डे के विचारों का खण्डन करके ही भारतीय संगीत-क्षेत्र में अपनी प्रतिष्ठा जमाने के स्वप्न देखते थे। किन्तु परिस्थितियों को देखकर आप शीघ्र ही चेत गए और यह समझ गए कि अवसरवादिता के आदेशानुसार पूर्व-संकल्प का त्याग ही आपके लिए श्रेयस्कर होगा। अतः आपने एक ओर से पं० भातखण्डे के प्रति सम्मान-प्रदर्शन का दम भरना आरम्भ किया, स्वयं अपने को उनका अवशिष्ट कार्य पूरा करने के लिए बद्ध-परिकर घोषित करना-कराना शुरू किया और दूसरी ओर अपनी प्रतिष्ठा जमाने के लिए उनका नामोल्लेख किए बिना ही, उनके प्रति आक्षेप भी जारी रखे।

इन सबके विपरीत, "प्रणव-भारती" में पं० भातखण्डे के उचित सम्मान की रक्षा करते हुए स्पष्ट और असंदिग्ध भाषा में, अपरोक्ष रूप से, उनके द्वारा प्रचारित मान्यताओं का नीर-क्षीर विवेक से विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, और साथ ही निर्भीक भाव से उनकी भ्रान्त धारणाओं का निरसन करते हुए सत्यपथग्राही ग्रन्थकार का पवित्र कर्तव्य-पालन किया गया है।

असम्मान-प्रदर्शन का वास्तविक दोषी कौन है, और सत्य को अनावृत रूप से प्रकाशित करने का साहस किसमें है, यह निर्णय करने का भार विज्ञ पाठकों पर ही छोड़ देना उचित होगा।

३—"प्रणव-भारती" कार के प्रति सम्मान और असम्मान का भाव प्रदर्शन।

"प्रणव-भारती" कार के निकट आने के उद्देश्य से एक पत्र में आपने उन्हें लिखा—

"आप महान् साधक हैं.....आपने देश विदेश में भारतीय-संगीत की विजय पताका फहराई है.....।"

---

१ ".....जी ने क्या ग़लत लिखा है ?" यों कहकर ४०५ कंपन का धैवत मानने के लिए पं० भातखण्डेजी के प्रति कटाक्ष।

२ ".....संगीत में एक ऐसे सम्प्रदाय की शिष्य-परम्परा में है, जिसके प्रवर्तक ने नाट्यशास्त्र को अपने दर्शन से कृतकृत्य किए बिना ही भरत को अस्पष्ट घोषित कर डाला और उनका उपहास किया है।" इस प्रकार पं० भातखण्डे के प्रति परोक्ष उपहास।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एक अन्य पत्र में लिखा :—

"भारतवर्ष के कलाकारों में सत्य साधक केवल आपको मानता हूँ, क्योंकि आप सनातन सिद्धांतों को जीर्ण या निरुपयोगी नहीं मानते, अपितु उनकी खोज में अपने जीवन का बहुमूल्य समय दे चुके हैं, दे रहे हैं।"

पूज्यपाद गुरुदेव के निकट आने के उपरिलिखित उद्देश्य में जब आपको अपने ही उपजाए हुए व्यवधानों के कारण सफलता न मिली, तब आपने उनके प्रति जो रुख अपनाया और अपनी लेखनी को विपरीत दिशा में जो मोड़ दिया, वह 'संगीत' के पाठकों के सम्मुख है। (विशेषतया द्रष्टव्य 'संगीत' फ़रवरी १९६० अंक पृ० ३४ का अंतिम भाग)

शास्त्र की सैद्धांतिक चर्चा छोड़कर आप 'प्रणव–भारती' कार के विश्वमान्य कलाकार–व्यक्तित्व पर कीचड़ उछालने लगे। 'संगीत' में प्रकाशित जिस अंश की ओर ऊपर पाठकों का विशेष ध्यान दिलाया गया है, उसमें 'आलोचना' का जो घोर निम्न स्तर आपकी ओर से उपस्थित है, उस भूमिका तक उतर आने में आपको तनिक भी द्विधा नहीं हुई, यही आश्चर्य का विषय है। 'कृति' पर मिथ्या दोषारोपण से भी जब आपके ज्वलनशील चित्त को शांति नहीं मिली तब आपने 'कर्ता' पर निकृष्ट कोटि के व्यक्तिगत आक्षेप का अस्त्र धारण किया। इस परम शूरवीरता के लिए क्या कहा जाय ? "अविगत गति कछु कहत न आवै।"

एक बार आपने यह शिकायत प्रकाशित की कि पूज्यपाद गुरुदेव के प्रति आपने अपने पत्रों में जो "शिष्टता" प्रदर्शित की थी, उसका अर्थ "शिष्यता" लगा लिया गया और उन्होंने आपको अपना शिष्य घोषित कर डाला। ("संगीतिका अंक ३-पृ० ५२) "शिष्यता" की यह घोषणा आपने कहाँ से सुनी या पढ़ी, कुछ बता सकेंगे क्या ?

शिष्टता-प्रदर्शक जो वाक्य आप किसी स्वनिर्मित योजना के अनुसार लिख चुके थे, उनके लेखन के बाद में अपनी योजना को असफल देखकर आपको उस शिष्टता-प्रदर्शन के लिए जो वास्तविक अनुताप हुआ, अपनी लेखनी द्वारा सत्य का प्रकाशन कर बैठने से आपको जो पश्चात्ताप हुआ, उसी का प्रतिफल इस रूप में प्रकट हुआ कि आपको अपनी कल्पना में ऐसा प्रतीत होने लगा मानों आपको शिष्य घोषित किया जा रहा है। किन्तु आपको भला 'शिष्यता' की चिंता क्यों हो आई ? ऐसे प्रभूत पराक्रमशाली व्यक्ति को अपना शिष्य घोषित करने करने की प्रवृत्ति, किसी भी सुप्रतिष्ठित गुरु को त्रिकाल में भी क्यों होने लगी ? किसी भी समर्थ गुरु के गौरव को आपकी शिष्यता द्वारा अलंकृत होने की स्पृहा तो क्या, कल्पना तक नहीं आ सकती, इतना विश्वास तो आप अवश्य रखें। "शिष्यता" आपके बाह्य अंचल को भी स्पर्श नहीं कर सकेगी।

❀ ❀ ❀

अचल पर्दों वाली सरस्वती-वीणा से "प्रणव भारती"कार का परिचय नहीं है, यह नया अस्त्र प्रयोग आपने किया है। ('संगीत' फ़रवरी १९६० अंक, पृ० २६)। प्रायः पचास वर्षों से जो व्यक्ति भारत भर के संगीत सम्मेलनों में सम्मिलित होता रहा हो, सभी प्रान्तों और प्रदेशों के पुरानी पीढ़ी के गण्यमान्य गायक-वादकों से जिसका व्यक्तिगत परिचय रहा हो, उसके प्रति ऐसे निराधार आक्षेप किस सत्य-प्रेमी को मान्य होंगे ? यहाँ कुछ नामोल्लेख कर दूँ तो उचित होगा।

इन्दौर वाले उस्ताद बन्दे अली खाँ साहब (वीनकार) के पट्टशिष्य उस्ताद मुराद खाँ अपने पुत्र की मृत्यु से दुःखी होकर एक बार महीने भर तक भड़ौंच में पूज्यपाद गुरुदेव के घर पर ठहरे थे। कलकत्ता-निवासी उस्ताद दबिर खाँ साहब से तो उनका प्रगाढ़ परिचय है ही। इनके अतिरिक्त धर्मपुर के हिज हाइनेस महाराज मोहनदेवजी के लघु भ्राता श्रीमान् प्रभात देवजी जो स्वयं वीनकार थे, उनके साथ पूज्य गुरुदेव का प्रायः चालीस वर्ष

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रगाढ़ संबंध रहा है। मैसोर राज्य के वादक-प्रवर "वीणा-शेषण्णा" से भी उनका विशेष संपर्क रहा है। इसलिए उत्तर-दक्षिण की वीणाओं से "प्रणव भारती"कार का कैसा और कितना परिचय है यह बताने की आवश्यकता नहीं है।

"प्रणव भारती" तथा "संगीतांजलि" में अन्य वीणाओं को छोड़कर सितार को ही दो ग्रामों की स्थापना के लिए क्यों ग्रहण किया है, इसके कारणभूत सिद्धांत पाठकों के स्पष्ट बोध के लिए उल्लिखित करना उचित होगा। यथा :—

(१) सितार आज का सर्व-प्रचलित सारिका-वाद्य है, इसलिए उसी पर दोनों ग्रामों की स्वर-स्थापना सर्व-साधारण को सुलभ रूप से ग्राह्य हो सकती है। जिन वाद्यों का आज प्रचार तो क्या, जिनकी आकृति तक आज किसी पुरातत्व संग्रहालय में भी देखने को न मिलेगी, उन वाद्यों की विपुल चर्चा के घटाटोप में सामान्य पाठकों को उलझा कर अपनी गृहीत मान्यताओं का मनमाना लेखन 'प्रणव भारतीकार' ने नहीं किया है। इसलिये उन्होंने आज के सर्व-सुलभ और सर्व-परिचित वाद्य सितार पर ही भरतोक्त उभय-ग्राम की स्वर-स्थापना दिखाई है।

(२) सितार की सारिकाएं चल होती हैं जो आवश्यकतानुसार खिसकायी जा सकती हैं। इसलिए अचल पर्दों वाली सरस्वती वीणा की अपेक्षा सितार में संवाद-सिद्धान्त के अनुसार पर्दों के स्थानों में अल्पाधिक परिवर्तन की सुविधा प्राप्त है। अचल पर्दों वाले वाद्यों में तो तार को खींचकर ही उन स्वर-स्थानों की प्राप्ति की जाती है, जो कि अचल पर्दों पर उपलब्ध नहीं है। खींचकर निकाले हुए स्वर प्रत्यक्ष वादन-क्रिया में भले ही उपयोगी हों, किन्तु स्वर-स्थापना के शास्त्रीय प्रयोगों के लिए उनका विशेष उपयोग नहीं है। इसीलिए चल-सारिकायुक्त सितार को ही ग्रहण किया गया है।

× × ×

'संगीत रत्नाकर' में उल्लिखित "च्युत षड्ज," और "च्युत मध्यम" का रहस्य "प्रणव-भारती"कार की समझ में नहीं आया है ऐसा आपका कथन है। ("संगीत" फ़रवरी १९६०, अंक, पृ० ३३) किन्तु स्वयं आपने भी इन च्युत स्वरों के स्पष्टीकरण से पाठकों को कृतार्थ नहीं किया है। केवल एक स्थल पर आप कहते हैं कि च्युत षड्ज और "च्युत मध्यम" स्थिर स्वर नहीं होते ("संगीत" फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३४)। पाठकों से मेरा अनुरोध है कि वे 'प्रणव-भारती' का पृ० २१२ देखें। वहां स्पष्ट उल्लेख है कि षड्ज और पंचम के पूर्व वाली श्रुतियां कभी स्थिर स्वर के रूप में प्रयुक्त नहीं होतीं। उस उल्लेख का अपहरण करके फिर यह कहना कि इन स्वरों का रहस्य 'प्रणव भारती'कार को अविदित है, यह कहां तक उचित है, अनुसंधान क्षेत्र की मर्यादाओं के कितना अनुरूप है, यह पाठक स्वयं निर्णय करें।

× × ×

ऐसा लगता है कि पाश्चात्य "डायाटोनिक स्केल" तथा "नेचरल स्केल" में जो पार्थक्य है वह आपकी जानकारी के बाहर रहा है। इसीलिए आप "नेचरल स्केल" के स्थान पर "डायाटोनिक स्केल" इस नाम का अबाध प्रयोग किया करते हैं। (उदाहरण के लिए द्रष्टव्य "संगीत" फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३१ तथा "संगीतिका" अंक ३ पृ० ५५)।

यह सर्व विदित है कि "डायाटोनिक" इस नाम का अर्थ यही है कि उसमें "स-म" और "प-सं" इन चतुःसंघातों में से प्रत्येक में दो-दो गुरु-स्वरों (Major tones) का प्रयोग होता है। इसीलिए "डायाटोनिक स्केल" में $\frac{८१}{६४}$ का कृत्रिम गांधार प्राप्त होता है। अर्थात् षड्ज से ऋषभ का जो गुरु-स्वर अन्तराल है वही अन्तराल ऋषभ-गांधार के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बीच स्थापित करके "डायाटोनिक स्केल" की रचना की गई है और वही अवस्था उत्तरांग में भी है, यानी धैवत का पंचम से और निषाद का धैवत से गुरु-स्वर का अन्तराल है। स्पष्ट है कि हमारे बिलावल के शुद्ध सप्तक का इस "डायाटोनिक स्केल" से कोई सम्बन्ध नहीं है। दूसरी ओर "नेचरल स्केल" में प्रकृत गान्धार $\frac{५}{४}$ प्राप्त है और धैवत का भी पंचम से लघु-स्वर (Minor tone) का अन्तराल है। इसी "नेचरल स्केल" के साथ हमारा बिलावल का शुद्ध स्वर-सप्तक एक-रूप है।

पायथागोरस-प्रवर्तित "डायाटोनिक स्केल" तो यूनानी संगीत का आधार था, हमारे प्राकृतिक शुद्ध स्वर सप्तक (बिलावल) के साथ उसका कोई साम्य नहीं है। किन्तु आप न जाने क्या समझकर "डायाटोनिक स्केल" के साथ बिलावल के शुद्ध स्वर सप्तक का ऐक्य-सम्बन्ध जोड़ते हैं।

अन्यत्र आप कहते हैं कि यूनानी लोग "सारेगम" और "मपधनी" इन दो टुकड़ों को पृथक्-पृथक् इकाइयाँ मानते थे। ("संगीत" फ़रवरी १९६० अंक पृ० ३०) पाठक कृपया ध्यान दें कि सप्तक को नहीं, बल्कि अष्टक को "सरेगम" और "पधनिसं" ("मपधनि" नहीं) यों दो टुकड़ों में विभक्त करके यूनानी पद्धति में ग्राम-रचना की गई है। यहाँ भी आपका स्खलन दृष्टिगोचर हो आता है।

इस प्रकार "नेचरल स्केल" के स्थान पर "डायाटोनिक स्केल" को आसीन करके और अष्टक के चतुःसंघातों का भ्रामक रूप उपस्थित करके आप पाठकों को कैसी दिशाभूल करते हैं, यह स्पष्ट ही है।

× × ×

आपने इस बात का विपुल प्रचार किया है कि "च्युत पंचम" का गायन में प्रयोग करने की एक नूतन विधि के आप "आविष्कारक" हैं।

तानपूरे के पहले तार को पंचम की बजाय मध्यम में मिलाकर दरबारी गाने का आप विधान देते हैं और दरबारी को षड्जग्राम की पंचमादि मूर्च्छना का राग घोषित करते हैं। षड्जग्राम की "पंचमादि" मूर्च्छना में त्रिश्रुति पंचम प्राप्त होता है, यह सिद्धांत तो आपने "प्रणव भारती" से उठाकर पचा लिया, किन्तु प्रत्यक्ष गायन में त्रिश्रुति पंचम के संवादसिद्ध प्रयोग की जो विधि "प्रणव-भारती" के पृ० १०३ पर बताई गई है वह या तो आप के लिए अगम्य रही और या तो फिर अपना कुछ नवीन आविष्कार प्रस्तुत करने के मोह में आपने उस विधि को अग्राह्य माना। अपहृत मूलधन के आधार पर जैसे धन की वृद्धि संभव नहीं, उसी प्रकार अपहृत सिद्धांतों के आधार पर "नवीन अविष्कार" करने की प्रवृत्ति से कभी सत्य का उद्घाटन नहीं हो सकता।

पाठकों के सौकर्य के लिए यहां "प्रणव-भारती" में उल्लिखित विधि को संक्षेप में स्पष्ट कर देना आवश्यक है। तानपूरे के प्रथम तार को पंचम में न मिलाकर मध्यम में मिलाने से संवाद-सिद्धांत के अनुसार त्रिश्रुति ऋषभ का ही सर्वथा प्रयोग होगा, चतुःश्रुति ऋषभ का नहीं, यह "प्रणव-भारती" में पूर्णतया स्पष्ट किया गया है। (द्रष्टव्य पृ० ९१,१०३) साथ ही यह भी बताया गया है कि तानपूरे की उसी अवस्था में षड्जग्राम की मूल स्वरावलि का प्रयोग संभव है। षड्जग्राम का 'सा-रि' ही मध्यम ग्राम में 'म-प' की संज्ञा पता है, इस भरत-प्रतिपादित सिद्धांत को प्रयोग-सिद्ध बनाने के लिए "प्रणव-भारती" में कहा गया है कि तानपूरे में मिले हुए षड्ज के पंचम को आरंभ-स्थान मानकर गाने से षड्जग्रामिक प-ध-नी-स-रि-ग (अं गां) म-प ही संज्ञा-भेद से मध्यम-ग्रामिक सा रि-ग-म-प ध नी-सं बन जाएंगे। दूसरे शब्दों में यह भी कह सकते हैं कि षड्जग्रामिक स-रि-ग (अं० गां०) म-प-ध-नी ही क्रमशः मध्यम ग्रामिक म-प-ध-नी-स-रे-ग की संज्ञा पा जाएंगे। इस प्रकार संवाद-सिद्ध रूप से त्रिश्रुति पंचम की प्राप्ति हो जायेगी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किन्तु आप कहते हैं कि तानपूरे के प्रथम तार को मध्यम में मिलाकर और फिर तानपूरे में मिले हुए षड्ज को ही षड्ज मानकर दरबारी गाया जाय तो पंचम उतरा हुआ लगेगा। "प्रणव-भारती" से अपहृत सिद्धांत को मनमाने ढंग से लागू करके आपने दरबारी को षड्ज-ग्राम के पंचम की मूर्च्छना का राग बताया है, किन्तु साथ ही आप यह भी कहते हैं कि मूर्च्छना में स्वरों का संज्ञा-भेद आपको स्वीकार नहीं है, षड्जग्राम के पंचम को षड्ज मानकर तदनुसार सभी स्वरों की संज्ञाएं बदले बिना उस मूर्च्छना से त्रिश्रुति पंचम वाली स्वरावलि भला कैसे प्राप्त होगी ?

भरत ने तो "तुल्यश्रुत्यन्तरत्वाच्च संज्ञान्यत्वम्" ऐसा कहकर स्पष्ट किया है कि षड्जग्राम और मध्यमग्राम में तुल्य-श्रुत्यन्तर होते हुए भी संज्ञा-भेद के कारण भिन्नता संपन्न होती है। इस भरतोक्त संज्ञा-भेद का जो स्पष्टीकरण "प्रणव-भारती" में प्रस्तुत है, जिससे शताब्दियों तक अस्पष्टता के आवरण से आच्छन्न मध्यम-ग्राम प्रत्यक्ष प्रयोगगत रूप से प्रकाश में आया है, उसे अपहृत करके फिर कुछ भिन्न बात कहने के लिए आपने भरतोक्त "संज्ञा-भेद" के सिद्धांत का परित्याग करके यह असम्भव विधान देना आरंभ किया है कि तानपूरे के षड्ज को ही आरंभ-स्थान मानकर त्रिश्रुति पंचम प्रयुक्त किया जा सकता है। आपके इस विधान के सम्बन्ध में निम्नलिखित बातें चिन्तनीय है जिनकी ओर पाठकों का विशेष ध्यान दिलाना आवश्यक है :—

(१) दरबारी गाते समय तानपूरे पर पंचम के बजाय मध्यम मिलाने का क्या आधार है ? भारत भर में कोई भी गुणी जन दरबारी गाने के लिए पंचम के सिवाय और कोई भी स्वर तानपूरे के पहिले तार पर नहीं मिलाते। इसलिए इस नवीन विधान को न तो प्रचार का ही आधार प्राप्त है और न ही दरबारी में पंचम की अपेक्षा मध्यम का ऐसा बाहुल्य है जिसके कारण मध्यम मिलाना उचित माना जाए।

(२) अस्तु, अकारण ही सही, यदि थोड़ी देर के लिए मध्यम मिला भी लिया जाय तो उसका परिणाम यह होगा कि ऋषभ चतुःश्रुति की बजाय त्रिश्रुति लगने लगेगा, किन्तु उस ऋषभ के ही कारण क्या पंचम कभी भी त्रिश्रुति हो सकता है ? त्रिश्रुति ऋषभ तो षड्ज-ग्राम में भी है, तो फिर षड्ज-ग्राम में भी पंचम त्रिश्रुति क्यों न हो ? षड्ज-पंचम के सार्वभौम और सार्वकालिक संवाद संबंध को भंग करने का अधिकार त्रिश्रुति ऋषभ को तो भरत ने भी नहीं दिया है। उन्होंने भी संज्ञा-भेद से ही त्रिश्रुति पंचम की निष्पत्ति की है और पंचम के अपकर्ष को सारणा-क्रिया तक ही सीमित रखा है।

(३) जब तक षड्ज को ही आरंभ स्थान माना जायगा तब तक षड्ज के साथ संवाद करनेवाले पंचम के स्थान पर संवाद रहित त्रिश्रुति पंचम कभी भी सुरीले कण्ठ से नहीं ही लग सकता, और न ही वह सुरीले कान को स्वीकार ही हो सकता है। षड्ज को 'टोनिक' मानते हुए सर्वथा संवादी पंचम ही सुरीले कण्ठ से निनादित होगा, यह त्रिकाल अबाधित सत्य है। हां, यदि किसी का स्वर-ज्ञान इतना दुर्बल हो कि पंचम के स्थान पर मध्यम मिला देने पर उसे पंचम का सच्चा स्थान ही न मिल सके, तब तो ऐसे अधकचरे बेसुरे गायाक ग्राम और मूर्च्छना के प्रयोग करने के अधिकारी ही नहीं कहला सकते। तानपूरे का प्रथम तार भले ही किसी भी स्वर में मिला हो, किन्तु जोड़ के तारों में से स्वतः जो सच्चा पंचम उद्भूत होता है, उससे कान मूंद कर च्युत पंचम लगाना किसी भी सुरीले गायक के लिए कभी भी सम्भव नहीं है। ऐसा बेसुरापन भला किसे स्वीकार होगा ? और फिर उस बेसुरेपन को 'प्रमाण-श्रुति' का मान घोषित करना तो और भी आश्चर्यकर है।

(४) आप यह भी कहते हैं कि त्रिश्रुति पंचम के सफल प्रयोग के लिए यह शर्त है कि अवधान दरबारी के 'रूप' की ओर हो, किसी स्वर विशेष पर न हो। ('संगीत' सितम्बर १९५९ अंक, पृ० ५१) अर्थात् तानपूरे से उत्थित सहायक नादों में स्पष्ट रूप से सुनाई देनेवाले पंचम की ओर से आप कान मूंदने को कहते हैं। स्वर के प्रति अनवधान की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह आज्ञा किस गुणीजन को मान्य होगी ? साथ ही यह भी ध्यान रहे कि दरबारी का जो लक्ष्य-सम्मत रूप है उसमें चतुःश्रुति ऋषभ और चतुःश्रुति पंचम का ही स्थान है। इसलिए दरबारी के रूप की ओर अवधान रखने से भी त्रिश्रुति ऋषभ–पंचम की प्राप्ति नहीं हो सकती।

(५) आप कहते हैं कि स्वरों में संवाद–सम्बन्ध के अलावा जो अनुवाद सम्बन्ध है, वही षड्ज और त्रिश्रुति पंचम के बीच स्थान पाता है। किन्तु संवाद सम्बन्ध प्रबल है या अनुवाद सम्बन्ध ? इस प्रश्न का क्या उत्तर है ? क्या अनुवाद–सम्बन्ध बलात् उपस्थित होकर संवाद–सम्बन्ध को अभिभूत करके उसे तिरोहित कर सकता है ? जहां कोई संवादी या विवादी अन्तराल न हो, वहीं पर अनुवाद की सत्ता मानी गई है। अनुवाद को इतनी शक्ति कब से मिल गई कि वह षड्ज–पंचम के सर्व–प्रमुख संवाद को निर्मूल करके स्वयं प्रतिष्ठित हो जाए ?

आपने यह कहा है कि स्वरों के अनुवाद–सम्बन्ध से 'प्रणव–भारती' कार का परिचय नहीं है (?) ('संगीत फ़रवरी १९६० अंक, पृ० ३०) एतदर्थ आप का हार्दिक धन्यवाद !

(६) दरबारी में त्रिश्रुति पंचम बलात् प्रमाणित करने के उद्देश्य से आपने जिस द्राविड़ प्राणायाम का आश्रय लिया है, उसका स्वल्प उदाहरण पाठकों के सौकर्य के लिए आवश्यक है। आप कहते हैं कि दरबारी में अति कोमल धैवत का उपयोग होने के कारण पंचम से उस धैवत का दो श्रुति अन्तर बनाने के लिए पंचम को उतारना आवश्यक है। उसी अति कोमल धैवत के साथ संवाद करनेवाले अति कोमल गान्धार का भी ऋषभ से दो श्रुति का अन्तर सिद्ध करने के लिए ऋषभ का भी त्रिश्रुति होना आवश्यक है। (द्रष्टव्य 'संगीतका' अंक ३, पृ० ५५)

इस प्रसंग में हमारा वक्तव्य यही है कि चतुःश्रुति ऋषभ और चतुःश्रुति पंचम से एक श्रुति के अन्तर पर स्थित अति कोमल गान्धार और धैवत के प्रयोग में कहीं कोई भी बाधा नहीं, क्योंकि यह मान्यता ही निराधार है कि दो स्वरों के बीच कम से कम दो श्रुति का अन्तराल होना ही चाहिए। एक श्रुति के अन्तर से प्रयुक्त होने वाले षट् श्रुति (कोमल) और सप्त श्रुति (शुद्ध) गान्धार सर्व विदित है। इन दोनों गान्धारों का प्रयोग कई रागों में होता है। तोड़ी और विभास के अति कोमल ऋषभ धैवत, षड्ज-पंचम से एक एक श्रुति के अन्तर पर ही स्थित हैं, इसे कौन गुणी अस्वीकार करेगा ? अतएव दरबारी के अति कोमल गान्धार धैवत को निष्पन्न करने के लिए ऋषभ पंचम को बलात् त्रिश्रुति बनाने की कोई आवश्यकता नहीं, बल्कि उस प्रकार का विचार अशास्त्रीय तथा लक्ष्य-विरुद्ध है। अस्तु।

(७) दरबारी में ऋषभ को त्रिश्रुति बनाने के लिए आपने एक और युक्ति का आश्रय लिया है और वह यह कि दरबारी में 'नि् रि-सा' यह स्वर-विन्यास बार बार प्रयुक्त होता है, इसलिए मन्द्र निषाद से ऋषभ का संवादी अन्तराल सप्त श्रुति निष्पन्न करने के लिए ऋषभ का त्रिश्रुति होना आवश्यक है। इस संबंध में यह प्रश्न विचारणीय है कि दरबारी में निषाद और षड्ज का अन्तराल चार श्रुति कैसे मान लिया गया ? तानपूरे पर पंचम मिला कर दरबारी गाने का जो सर्वसम्मत लक्ष्य है, उसके अनुसार पंचम से षट् श्रुत्यन्तर से संवाद करने वाला जो निषाद स्वाभाविक रूप से प्रयुक्त होता है, उसका षड्ज से तीन श्रुति का ही अन्तराल है, चार श्रुति का नहीं। उस निषाद से चतुःश्रुति ऋषभ का सप्तश्रुति अन्तराल स्वतः निष्पन्न है। उसकी निष्पत्ति के लिए किसी द्राविड़ प्राणायाम की आवश्यकता नहीं है।

त्रिश्रुति पंचम के इस प्रकरण के उपसंहार में यही निवेदन है कि ग्राम-मूर्च्छना के संबंध में उक्त प्रकार के असम्भव विधानों का एक मात्र सम्बल है अपठित गायक-वादकों का भोलापन, जिसके कारण वे लोग या तो इन विधानों का तर्क-सम्मत विरोध करने के पचड़े में पड़ना नहीं चाहते और या फिर उसकी तह में उतर कर उनकी असंगति समझने में असमर्थ रहते हैं। वास्तव में स्वरज्ञ और शास्त्रज्ञ गुणी–जनों, शिक्षित और क्रिया–कुशल गायक–वादकों की सभा में इस प्रकार के विधानों पर विचार होना चाहिए। तभी सत्यानृत का निर्णय हो सकेगा, और तभी भोली जनता की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दिशा–भूल और बुद्धि–भेद उपजाने की प्रवृत्ति का अन्त होगा। कोई भी क्रिया–कुशल गुणी इस च्युत–पंचम को कभी भी स्वीकार नहीं करेगा, इसमें सन्देह को तनिक भी अवकाश नहीं।

❀ ❀ ❀

मध्यम–ग्राम के सम्बन्ध में आप कहते हैं :—

"सरस्वती वीणा के ग्–म–प–ध्–नि–सा–रि' पर मध्यमग्रामिक सा–रि–ग्–म–प–ध नि् मिल जाते हैं। (द्रष्टव्य 'संगीत' फरवरी १९६० अंक, पृ० २७)

इसलिए उक्त वीणा के गान्धार को मध्यमग्राम का आरम्भ–स्थान मानने का प्रसंग उठेगा।"

इस संबंध में हमारा वक्तव्य निम्नोक्त है :–

(१) सरस्वती वीणा के ग्–म–प–ध्–नि–सा–रि' में पंचम जब गान्धार का स्थान पाएगा तब मध्यम–ग्रामिक मूल गान्धार प्राप्त नहीं होगा, उसके बजाय अन्तर गान्धार प्राप्त होगा इस तथ्य को किस हेतु से आपने गोपनीय रखा है ?

(२) वीणा के गान्धार को मध्यम–ग्राम का आरंभ–स्थान मानने से भरत के इस मौलिक वचन की संगति कैसे बैठेगी, जिसके अनुसार षड्ज–ग्राम का षड्ज ही 'मध्यम–ग्राम' का मध्यम है ?

(३) 'प्रणव–भारती' से भिन्न या विपरीत मत का प्रतिपादन ही यदि आपका एक मात्र इष्ट कार्य हो तब तो बात दूसरी है, अन्यथा ऐसे निराधार विधानों से संगीत शास्त्र के अनुसंधान क्षेत्र को कितनी और कैसी 'सेवा' हो सकती है या हो रही हैं यह विज्ञ पाठक स्वयं ही समझ सकते हैं।

पूज्यपाद गुरुदेव ने दोनों ग्रामों की सितार पर स्थापना जिस प्रकार दिखाई है उसके लिए आपने कुछ वर्ष पूर्व एक पत्र में जो कुछ लिखा था, उसका यहाँ उद्धरण पाठकों के लिए रोचक होगा और उससे आपकी कलाबाजी भी स्पष्ट होगी। आपने पूज्यपाद गुरुदेव को लिखा था:—

"षड्ज-ग्राम एवं मध्यम–ग्राम सम्बन्धी आपकी स्थापनाएं ऐतिहासिक महत्व रखती हैं। इस सम्बन्ध में अनेक भ्रान्त धारणाओं का निराकरण सफलतापूर्वक हुआ है। सितार पर विशुद्ध षड्ज-ग्राम एवं मध्यम-ग्राम की अभिव्यक्ति तर्क-शुद्ध एवं असंदिग्ध है।"

❀ ❀ ❀

गाली प्रदान को अपने "प्रणव भारतीकार" की "टेकनिक" बताया है (संगीत फ़रवरी १९६० अंक पृ० ३४) किन्तु इस गाली प्रदान का एक भी उदाहरण क्या आप "प्रणव भारतीकार" की लेखनी या वाणी के प्रकाशनों से प्रस्तुत कर सकेंगे ? हाँ, स्वयं आपकी तर्क-शक्ति जब कुण्ठित हो गई है, सैद्धांतिक विचार-विनिमय का मार्ग जब आप स्वयं अवरुद्ध कर चुके हैं, तब निरुपाय के एक मात्र उपाय गाली-प्रदान की छत्र छाया में आपने जो आश्रय लिया है, वह सबके सामने प्रकाशित है। यह आपका परम सौभाग्य है कि आपने अपनी इस प्रवृत्ति के लिए ऐसा अनुरणनहीन प्रदेश चुना है, जहां ऐसा कोई गुम्बद नहीं जिसमें से आपको अपने "घोष" का "प्रतिघोष" सुनाई पड़ने की तनिक भी आशंका हो। आप पूर्ण निश्चिन्त रह सकते हैं। ऐसी निश्चिन्तता भला कितने गाली-प्रदाताओं के भाग्य में में बदी होगी ?

❀ ❀ ❀

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

MUSIC—A USEFUL PRODUCT OF CIVILIZATION

By

Prof. G. N. Goswami

An unbiased historian would say that in India as in other lands, music took birth in the huts of villagers. In the days of Upanishads it was held in divine esteem and so any religious rite was incomplete without adequate music. A similar thing occurred in Europe in the early period in which St. Ambrose and Pope Gregory made reforms in music which was till then a product of Greek pedantism. Then came the age of kings and nobles to whom wealth and even culture meant nothing till their interest was roused. Imagination, with wide divergence from the classical norms was at an advantage in this age.

With the dawn of democracy, civilization took a sharp turn. So in the present era the common man is conscious of his rights, whether economic or cultural. This is why side by side with the revival of folk and classical music we find the birth of commercial film music, a sure source of entertainment. The potentiality of music is not by any means exhausted here. With the growth of knowledge man is learning and relearning the instrumentality of facts, hitherto unknown. Just as in the hills the higher the ascent the more enchanting the view is, so with a clearer understanding of the society and the social forces we are reassessing the field of music.

In India, the truth that music has a much bigger field than merely serving as a means of enjoyment for the leisured class, was known even in the hoary past. Its spontaneous effect on the human mind and the grasp over it made it an instrument of religious education in the East and West alike. In fact, music was considered to be a palatable ingredient which could render the dry teachings of religious ethics acceptable to the common man. Much later do we find the spell of music extending to the animal kingdom as well. Thus Rag Todi depicted in Rajputana School of art represents a helpless deer transfixed by the music of VEENA. Our esoteric TNTRA SHASTRA made use of music even in taming uncontrolled natural forces. Swami Haridas, Tansen and Jaideva are the names that are frequently referred to in this connection. Sri Swami Ramasaranand (Sri M. R. Shastri of KOVVUR) is doing some intensive research in this line.

In India, strangely enough, the subject farthest from sentiments i. e. Mathematics has closely been associated with music and rhythm. Mathematical theorems were chanted in verses, rich in literary value, composed by LEELAWATI a mathematician of

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

rare genius. Even today do we find young folks trying to remember multiplication tables in music.

In foreign lands, specially in America, music is applied more successfully in integrating personalities, an achievement that is otherwise impossible by purely psychological or medical processes. It has been found that in factories, music could bring about a sharp upward trend in production. Musicotherapy is a subject that is gaining considerable importance in ths present age. Clinical Psychology recommends the application of music in releasing tension and in socialization. Speaking of the unconscious effects of sublimation Dr. J. M. Hadley remarks, "The reality of sublimation is confirmed by many clinical observations".

Very recently in India the effect of music on plant growth has been closely observed by Dr. Singh of Annamalai University. Pt. Onkar Nath Thakur, the famous vocalist of India. has done extensive research on the effect of music on animals. From his letter to the Director Krishi Bhavan, New Delhi, it can be learnt that he is confident that the music of blowing instruments could increase milk production of the cows appreciably, a fact that is drawing the attention of Banaras Hindu University music department. In the same context Panditji cites the unmistakeable influence of music on such fearful animals as snakes. So we should be proud of at least two unviersities of our motherland that are working in this direction.

That music as a subject is good for health was known in India long since. Doctors who are well versed in Yogic exercises hold that vocal music which requires deep breathing helps to build up the tone of the lungs, specially the upper chamber that is the cradle for dangerous wasting diseases. Exercises involved in dancing keep the body fit, a fact that is very true for Bharata Nāṭyam. This is why musicians and dancers of India, though so irregular in habits due to their professional activities, keep a comparatively better health than the average man. For the health of the average student music is golden.

Music has opened yet another channel for psychological study in "Tone Ma Farbe," It claims that music stimulates certain colour sensation in most men. Thus the domain of music is not confined to aural sensation alone; it extends to visual sensation as well.

So the fair companion of man, music is now emancipated from the bondage of limited scope. It is ready for service to humanity as are other useful subjects such as Psychology, Medical science, Chemistry and other applied arts. The 'laissez le faire' attitude of mind regarding music has got to be given a strong jolt to prepare the younger generation for a clearer understanding of the subject in relation to society in the making.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संगीत शिक्षालय और संगीत-शिक्षण

पं० विनयचन्द्र मौद्गल्य

संगीत-शिक्षण के क्षेत्र में संगीत-संस्थाओं के महत्व पर अनेक पहलुओं से विचार किया जा सकता है। अतः अपने विषय-क्षेत्र को हम संगीत संस्थाओं द्वारा अब तक किये गए प्रयत्न और सफलता तथा उनके भावी उद्देश्य-योजना-और कार्यक्रम की दृष्टि से दो मानों में विभाजित कर लें तो अनुचित न होगा। संगीत के पुनरुत्थान और प्रचार की दृष्टि से गत अर्धशतक में जो योगदान सभी संस्थाओं ने दिया है, उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक कहने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती। यह नगर-नगर में संगीत विद्यालय स्थापित करने का ही शुभ परिणाम है कि लगभग चालीस-पचास वर्षों में ही संगीत फिर से सर्वत्र लोकप्रिय कला के रूप में आश्चर्यजनक रूप से फैल गया है। कौन नहीं जानता कि आज से कुछ ही वर्ष पूर्व संगीत एक हीन एवं गर्हित जीविका-वृत्ति का साधन मात्र बन कर रह गया था। संगीतकारों को सभ्य-समाज में न तो समादर प्राप्त था और न उन्हें चिन्ता थी कि वे अपने आचार-विचारों में परिष्कार करें। एक प्रकार के घटिया, अस्वस्थ और अभद्र लोकरंजन के रूप में संगीत गणिकाओं के केन्द्रों में प्रायश्चित्त-सा कर रहा था। ऐसे कठिन समय और परिस्थितियों में प्रातःस्मरणीय भक्तप्रवर स्वर्गीय पं० विष्णु-दिगम्बर पलुस्कर तथा महामनीषी स्वर्गीय पं० विष्णु नारायण भातखंडे सदृश महानुभावों ने संगीत शिक्षालयों की स्थापना द्वारा संगीत को पुनः कला और सुरुचि की दिशा में मोड़ा। तब से अबतक संगीत-शिक्षण से जन-साधारण में संगीत-रसास्वादन की क्षमता बढ़ा कर समय-समय पर विशाल संगीतोत्सवों का आयोजन कर श्रोता और कलाकार को निकटतर लाकर ये संगीत-संस्थाएं निरन्तर संगीत की सेवा कर रही हैं और यह कहा जा सकता है कि इस दृष्टि से एक मंजिल तय हो चुकी है।

अतः इस सम्बन्ध में और अधिक न कह कर अब हम संगीत के भावी विकास की दृष्टि से संगीतालयों की उपयोगिता के प्रश्न पर आ जाते हैं। इस प्रश्न पर विचार करते समय हमारे सम्मुख तीन मुख्य उद्देश्य हैं;—

पहला, संगीत-कला सुशिक्षित और सन्तुलित व्यक्तित्व के एक अंग रूप में विकसित हो, दूसरा नवीन प्रतिभा-सम्पन्न कलाकारों की खोज और उनका निर्माण और तीसरा है संगीत-शास्त्र के आधार-भूत सिद्धान्तों की तथा सौन्दर्य्य-शास्त्र की खोज।

इसमें से प्रत्येक उद्देश्य के सम्बन्ध में आगे हम विस्तार से विचार करेंगे।

प्रायः देखने में आया है कि अच्छे से अच्छे कलाकार जीवन के सही मूल्यों के प्रति सर्वदा उदासीन रहते हैं। अधिकांश के जीवन में एक तरह की विशृंखलता, अमर्यादा और उत्तरदायित्वहीनता लक्षित होती है। ऐसा तभी होता है जब हम कला को जीवन से पृथक् रूप में कल्पना कर लेते हैं। एक ओर तो हम संगीत को उदात्त कला या 'सलाब्म आर्ट' मानते हैं और दूसरी ओर कलाकारों को हम सबसे बड़ी कला, जीवन-कला से शून्य पाते हैं और कहा जाता है कि 'व्यक्तिगत चरित्र की ओर दृष्टिपात मत करिए, कलाकार की निपुणता को परखिए, कला तो कला के लिए है, आदि आदि—'। परन्तु ऐसी अटपटी बातें करना सचाई पर, अपनी कमजोरियों पर पर्दा डालना है, भ्रांति है। थोड़ा भी सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाय तो कलाकार का व्यक्तित्व अपनी कला में अवश्य प्रतिबिम्बित होता दीखेगा। यूनान के प्रसिद्ध और प्राचीन विचारक प्लेटो ने तो यहां तक कहा है कि "किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता का अनुमान, उसकी संगीत-कला की अवस्था से लगाया जा सकता है।" जब हम भारतीय संगीत के गतन के इतिहास की ओर देखते हैं, तब इस कथन की सत्यता का हमें पूर्ण बोध होता है। आज भी चित्रपट संगीत का स्वरूप यह साबित करता है कि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सस्ते मनोभावों को व्यक्त करने के लिए ही उस ढंग के संगीत की विशेष उपयोगिता है। हम मानते हैं कि यह दृष्टि कला की साधना में सर्वाधिक मुख्य और महत्वपूर्ण है। कला का अर्थ यदि सौन्दर्योपासना है और संगीत का मधुर संवाद–तो जीवन के अनेक अंगों में परस्पर तारतम्य उत्पन्न करने में असमर्थ संगीत केवल स्वर–व्यायाम है—उससे न प्रेरणा मिल सकती है, न गम्भीर आनन्द। शिक्षणालयों का उपयोग जन–जीवन के साथ समरस होकर संगीत के प्रचार में खूब हुआ है और हो सकता है; अब नवीन कलाकारों के निर्माण के उद्देश्य को लीजिए। यह तो स्पष्ट ही है कि विविध विषयों के पाठ्यक्रम में संगीत सम्मिलित करने से या संगीत–शिक्षालयों में ही शिक्षा पाने से सभी विद्यार्थी तो कलाकार बन नहीं सकते। अधिकांश विद्यार्थी तो अच्छे रसिक श्रोता और ज्ञाता ही बन पाते हैं। लेकिन जो कुछ व्यक्ति ऐसा आक्षेप करते हैं कि संगीत विद्यालयों से अच्छे और ऊंचे कलाकार बन कर निकल ही नहीं सकते–वह ठीक नहीं। यह सही है कि घराने वाले कलाकारों के प्रति जो व्यक्तिगत ध्यान स्वयं उस्ताद, पिता या संरक्षक देता है, उतना ध्यान देना आम शिक्षक के लिए सम्भव नहीं होता। परन्तु अपनी संस्था की मान–प्रतिष्ठा और यश की आकांक्षा से शिक्षालयों के आचार्य और अध्यापक भी विद्यार्थियों के साथ परिश्रम करते हैं और फिर किसी होनहार विद्यार्थी को पाकर तो शिक्षकों को सहज ही आनन्द होता है।

अब रही व्यक्तिगत शिक्षण की बात। जो विद्यार्थी विशेष प्रतिभावान् हों उनका चुनाव करके उनके कण्ठ–धर्म को पहचानकर अथवा वादक विद्यार्थी की रुचि परखकर उसके अनुसार ही प्रारम्भ से अभ्यास करवा सकते हैं। किस प्रकार की गायकी—आलाप–प्रधान, तान–प्रधान अथवा लय–प्रधान—किसके लिये उपयुक्त है इसका विचार करके यदि छात्रों को उचित दिग्दर्शन मिले तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि संगीत शिक्षालयों में भी अच्छे कलाकार बनकर निकल सकते हैं।

विद्यार्थियों के लिये भी आवश्यक होगा कि वे अपना अधिकांश समय संगीत–शिक्षा लेने, संगीत अभ्यास करने और उसी से सम्बद्ध विषयों में तथा साहित्य का अनुशीलन करने में लगाएं। छात्र में कण्ठमाधुर्य के साथ–साथ परिश्रम, लगन और अच्छी स्मरणशक्ति हो तभी वह सच्चे अर्थों में होनहार विद्यार्थी कहा जायगा।

एक और बाधा जिसका सामना गुरु–परंपरा वालों को कभी नहीं करना होता—प्रायः संगीत शिक्षालयों के छात्रों के सामने आती है, वह है माता–पिता द्वारा पूर्ण सहयोग का अभाव। क्योंकि विद्यार्थी की रुचि कितनी ही क्यों न हो यदि माता–पिता का सहयोग उसे न प्राप्त हो तो उसके अभ्यासादि की सुविधा नहीं बन सकती। इसके विपरीत यदि परिवार का सहयोग मिले तो माता–पिता इस बात की भी उचित देखभाल रख सकते हैं कि अधिक से अधिक समय का सदुपयोग हो सके। इस दृष्टि से गुरु–परंपरा–पद्धति में निश्चय ही कलाकार बनाने के लिये अधिक अनुकूलता है। परन्तु वहाँ इससे भी बड़ी एक अड़चन है कि उस्ताद लोग अपने परिवार के अतिरिक्त किसी को भी आसानी से शिक्षा नहीं देते। अतः बाहर के विद्यार्थी को उनसे विद्या–लाभ नहीं हो सकता। कुछ संगीत शिक्षालयों में इस दिशा में सराहनीय शुभ प्रयत्न किया भी और बड़े–बड़े घरानेदार संगीतज्ञों को बड़े–बड़े वेतन देकर भी नियुक्त किया। परन्तु यह कह सकना कठिन है कि वे अपने उद्देश्य में कहाँ तक सफल हुये।

संगीत शिक्षालयों को चाहिये कि वे आधुनिक, वैज्ञानिक साधनों की सहायता से इस अभाव को निर्मूल करें। 'टेप–रेकर्डर' की मदद से बड़े–बड़े कलाकारों के गायन–वादन का संकलन किया जाना चाहिये और बार–बार सुनकर उनसे बहुत कुछ ग्रहण किया जा सकता है। संगीत–शिक्षालयों की यह तो विशेषता है ही कि यहां संगीत–शिक्षा यन्त्रवत् न होकर सर्वांगीण बौद्धिक विकास के साथ–साथ दी जाती है। विश्लेषण की योग्यता रखने वाले मस्तिष्क को इन संकलित संगीत–रेकार्डों से बहुत सहायता मिल सकती है।

इस ढंग से एक और भी लाभ होने वाला है। गुरु परम्परा में जहाँ अपने अपने ढंग की विशेषतायें होती हैं। वहाँ अपनी अपनी न्यूनतायें भी पायी जाती हैं। कोई गायनशैली आलाप अंग के लिए प्रसिद्ध है तो तानें उसकी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शिथिल हैं और किसी में तानों का चमत्कार है तो आलाप का गाम्भीर्य वहाँ नहीं मिलता। टेप-रेकार्डर की सहायता से किए गए संकलन से हम प्रत्येक गायकी की विशेषता और न्यूनता का सूक्ष्म अध्ययन कर सकते हैं और इस प्रकार की विशेषताएं ग्रहण करके अपनी गायकी की विशेषता को अक्षुण्ण रखते हुए भी समन्वय दृष्टि से एक संतुलित गायनशैली का विकास हो सकता है। स्वर्गीय पं० दत्तात्रेय विष्णु पलुस्कर की गायकी इस समन्वय दृष्टि का एक आदर्श उदाहरण है। ऐसे अनेक गायक होंगे जो आलाप करने में उनसे बहुत बढ़ कर होंगे या फिर जिनकी तान की गति और बनावट उनकी तानों से बहुत तेज और कठिन आलंकारिक होगी, लेकिन जब हम उनकी अपनी गायकी को परखते हैं तो उसमें ताल, आलाप, तान सभी अंग परस्पर एक स्तर के, एक समान पुष्ट और सुन्दर दीखते हैं और यही कारण है कि वे इतनी अल्पायु में भी सर्वाधिक लोकप्रिय गायक हुए।

गुरुपरम्परा में एक और भी दोष रहा है। कोई व्यवस्थित तथा सुनियोजित शिक्षण-पद्धति न होने से तथा अनुशासित जीवनचर्या के लिए उपेक्षा के कारण वर्षों संगीत सीखने में व्यर्थ चले जाते थे। आज जीवन की गति उतनी द्रुत है कि उसमें १०-१२ वर्ष मन्द और शिथिल गति संगीत सीखने के लिए क्या किसी भी काम के लिए नहीं दिए जा सकते हैं। न्यूनतम समय में अधिक से अधिक विकास विद्यार्थी का हो सके ऐसा शिक्षालयों के व्यवस्थित और अनुशासनमय वातावरण में ही सम्भव है।

संगीत-शिक्षालयों का तीसरा उद्देश्य हमने बताया था संगीत के आधारभूत सिद्धान्तों की खोज करना। इस दृष्टि से तो संगीत शिक्षालयों का महत्त्व निर्विवाद है। गुरु-परम्परा का युग शास्त्रज्ञान की दृष्टि से तो प्रायः शून्य ही रहा है। तीन-चार वर्ष पूर्व आगरा विश्वविद्यालय से एक विद्यार्थी ने संगीत के उस्तादों के सम्बन्ध में एक शोधपूर्ण निबन्ध लिखा था। इस प्रसंग में उसे अनेक कलाकारों से चर्चा करने का सुअवसर मिला। उन्होंने लिखा कि शास्त्रीय ज्ञान के विषय में इन लोगों में एक आश्चर्यजनक उपेक्षा और अनास्था पाई जाती है। किन्हीं ने तो 'स्थायी' की परिभाषा के उत्तर में कहा कि 'स्थायी हम तो गाकर या बजाकर ही बता सकते हैं, इससे अधिक पचड़े में पड़ने की हमें क्या मुसीबत पड़ी है'। कहने का अभिप्राय यह कि सर्वांगीण शिक्षा के अभाव में संगीत का ज्ञानपक्ष अछूता पड़ा रहा। जो कुछ है प्राचीन ग्रंथों में है और इस क्षेत्र में शोध की भारी गुंजाइश है, जिसकी जिम्मेदारी संगीत शिक्षालयों पर ही है। उन्हें इस काम को पूरा करना है। और वही इसे कर भी सकते हैं। केवल प्रयोग पक्ष से हम संगीत को सरस तो बना सकते हैं, परन्तु उसके मर्म को बुद्धिगम्य नहीं बना सकते। मर्मज्ञ आलोचक तथा श्रेष्ठ वाग्गेयकार भी तभी बन सकते हैं जब उन मूल सिद्धान्तों में हमें अन्तर्दृष्टि प्राप्त हो जिनसे संगीत 'संगीत' कहलाता है। भाषा जो बात कह सकने में असमर्थ है, वही हम नाद-विशेष की आयोजना या स्वरों के उतार-चढ़ाव द्वारा किस प्रकार सफलता से अभिव्यक्त कर सकते हैं; सौन्दर्य क्या है, कला क्या है, वह कौन-से तत्त्व हैं जो अन्य कलाओं और संगीत में समान हैं ?—ये सभी प्रश्न ज्ञान-पक्ष के संबन्ध रखते हैं। संगीत शिक्षालयों से संगीत का सर्वांगीण शिक्षण प्राप्त किये हुए सुशिक्षित विद्यार्थी इस दिशा में बहुत प्रगति कर सकते हैं। अच्छे कलाकार किस प्रकार तैयार हों, इस ओर तो बहुतों का ध्यान अवश्य गया है और इस दिशा में अनेक स्थानों पर कुछ-न-कुछ कार्य भी हो ही रहा है। इसी के साथ ही साथ यह भी अत्यन्त आवश्यक है कि सृजनात्मक प्रवृत्ति वाले रचनाकारों, वाग्गेयकारों तथा विश्लेषणात्मक प्रतिभासंपन्न उदीयमान संगीतमर्मज्ञों, आलोचकों तथा अनुसन्धान कर सकने वाले नवयुवकों को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया जाए। 'श्री कला संगीत भारती' में इस प्रकार के कार्य के लिए आवश्यक सभी प्रकार की सुविधाएं, साधन तथा अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। जीवन का प्रथम दशक पूर्ण करने के शुभ अवसर पर हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मेरी यह मंगल-कामना है कि पूर्वोक्त दिशा में भी विशिष्ट सफलता संपादित करके यह संस्था समस्त देश का मार्ग-दर्शन करने में सफल हो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

RABINDRA SANGIT

SRI PRAPHULLA KUMAR DAS.

To understand the creation of a genius it is essential to realise the basic principles of his thought and actions. Rabindranath Tagore, the poet and composer, composed a large number of songs amounting to about two thousand. The characteristics of these songs are many and it is difficult to discuss all of them in the short compass of an article like the present one. However, an humble effort may be made to point out some of the salient points.

Tagore had a fair conception about the intrinsic value of Indian music. About the aim of our traditional Indian music he said :

'आमादेर संगीत जखन जीवन्त छिलो, तखन भावेर प्रति जेरुप मनोजोग देवा हइत सेरुप मनोजोग आर कोनो देशेर संगीते देवा हय किना सन्देह। आमादेर देशे जखन विभिन्न ऋतु ओ विभिन्न समयेर भावेर सहित मिलाइया विभिन्न रागरागिणी रचना करा हइतो, जखन आमादेर रागरागिणीर विभिन्न भावव्यंजक चित्र पर्जन्त छिलो, तखन स्पष्टइ बूझा जाइतेछे जे आमादेर देशे रागरागिणी भावेर सेवातेइ निजुक्त छिलो।' (भारती' ज्जेष्ठ १२८८ वं० सं०)

When our music was in full glory, much attention was given to *Bhāva* (भाव) It is doubtful whether so much attention is given to it in any other country. Rāgas and Rāginis were formed befitting different periods of the day and of the year ; even pictures were drawn after the portraits or images that the great masters of music had formed in their imagination to express their different *Bhāvas*. This evidently shows that the chief object of Rāgas and Rāginis in Indian music was to express *Bhāvas*.

Rabindra-Sangit in its entirety is based on this traditional principle Words and tunes in it have been blended together to express different *Bhāvas*. On a critical analysis it will be found that tune (सुर) rhythm (छन्द) and speed (लय) are the three common factors present in the music of any part of the world. Rabindra-Sangit is no exception to this. Of these three factors first comes the question of tune. In Indian music twenty two Shrutis are recognised in one *grām*. All these twenty two shrutis have been used in different songs of Rabindranath, who was fully conscious of our Shruti-theory (श्रुति तत्व). He held the opinion that Shrutis form the nervous system of our music.

In Indian music Rāgas have been divided into three kinds, viz. Suddha, Chhayalaga and Sankirna. All these three kinds are found in Rabindra-Sangit. In Rāga-Misran Rabindranath played an important part. He followed the traditional style of mixing of Ragas; he also made some experiments as a result of which Ragas like Toḍi-Bhairabi, Rāmkeli-Bhairabi, Lalit-Bibhās etc. had a very successful presentation and effect in his songs. In some cases he used certain note or notes which though foreign to the traditional rules of certain Ragas was really essential to express the *Bhava* of certain word or words,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Folk tunes in Rabindra Sangit is by itself a seperate chapter to discuss. It can be said briefly that in the application of folk tunes Rabindranath followed both the traditional style and a style of his own. Bengali folk tunes are rather prominent in this class of Rabindra Sangit. Tagore also picked up some tunes from different parts of India, such as Madras, Gujrat, Panjab, Mysore etc. A few songs were suitably set to English tunes.

In order of importance, next comes the question of rhythm. Rabindranath used almost all the current Talas of North Indian music. Chowtāl, Surphāktāl, Jhāptāl, Dhāmār etc. have been well applied in the Dhrupad style of Rabindra-Sangit. Other lighter Talas have also been used by him according to the requirement of the songs. Over and above these, he made some experiments whlch resulted in the following rhythms being used in his songs with much skill and ingenuity: Jhampak = 2/3 Mātrās, Sasthi = 2/4 Mātrās, Rupakḍā = 3/2/3 Mātrās, Navatāl = 3/2/2/2 Mātrās, Exādashi = 3/2/2/4 Mātrās, Navapanchatāl = 2/4/4/4/4 Mātrās; and various other rhythms. All these rhythms maintained their different characteristic speed.

Rabindranath divided his songs into six Paryayas (पर्याय), viz. Pujā (पूजा), Swadesh (स्वदेश), Prem (प्रेम), Prakriti (प्रकृति), Vichitra (विचित्र) and Ānuṣthhānik (अनुष्ठानिक), He composed the songs either from an inspiration from within or for certain occasions. But in most of them Bhava-element surpassed limits of time and place. The ideas expressed in Rabindra Sangit are suitable both for individual and society. There is hardly any good feeling in human mind which did not find expression in some or other of the Rabindra Sangitas.

In exception to the six Paryāyas, mention may be made to Bhānu Sinher Padābali, Giti-Natyas and Nritya-Nātyas. Bhānu-Sinher Padābali was composed by the poet in his boyhood in the assumed name of Bhānu Sinha. The language is the Brujabuli; the tune is excellent. Giti-Nātyas are three in number: Vālmīki-Pratibhā, Kalmrigaya and Māyārkhela, and Nrityā-Nātyas three: Chitrāngadā, Chandālikā, and Shyamā.

It will not be out of place to say a few words about the dance accomaniment of Rabindra-Sangit, the standard of which was raised highest during the period of Nritya-Nāṭyas. The term 'Santiniketan-Style' of dancing is known to many. What really this style is ? It is not one particular style, but a style that has been shaped by picking up from Manipuri, Kathakali, Kathak, Candy etc. according to the necessity and for expressing the particular Bhāvas of particular songs or portions of Nṛitya-Nāṭya.

Considering all these points it can be concluded that in Rabindra Sangit words and tunes have been blended together with equal skill to express different Bhāvas—which was the basic principle of traditional Indian music,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आत्मरत संगीत की ओर

(सुश्री विमल ठकार)

कहते हैं स्नेह में विवेक खो जाता है। जब श्री प्रेमलताजी के स्नेह से अभिभूत होकर मैंने पत्रिका के लिये लिखना स्वीकार किया तो मुझे उपर्युक्त कहावत याद आई।

एक तो मैं संगीत, कला, संस्कृति, दर्शन तथा काव्य के विषयों से संपूर्णतया अनभिज्ञ हूँ। अलावा इसके हिन्दी भाषा का अध्ययन किया नहीं है। फिर भी लिखने का प्रयास करना दुःसाहस का द्योतक नहीं तो क्या है?

मेरे लिए संगीत नाद ब्रह्म की परम पुनीता उपासना है। स्वर साधना, भाव-धारणा तथा लय-रति उस उपासना के साधन हैं। स्वस्थ अनामय शरीर, प्रशांत निर्मल चित्त और मधुमयी वाक् उपासना के देव-उपकरण हैं।

इस उपासना में पंच-महाभूत हमारे सहयोगी हैं, जो अपने सान्निध्य से नित्य नूतन प्रेरणा देते हैं।

संगीत एक विज्ञान है और कला भी। लेकिन उसका अधिष्ठान आत्मानुसंधान के सिवा दूसरा हो ही नहीं सकता। जब "रसानां वै सो रसः" ऐसे रसमय आत्म-तत्त्व का अखण्ड अनुसंधान सहजावस्था बन जाता है तो कंठ के स्वरों में से, नेत्र की ज्योति में से और अंग-प्रत्यंगों की भंगिमाओं से अनंत रसों की दिव्य धाराएँ अनायास झरने लगती हैं।

आजकल संगीत का यह मधुर स्वरूप लुप्तप्राय हो रहा है। श्रवणेन्द्रिय का विषय है "नाद"। संगीत को श्रवणभोग का साधन बनाया जाता है। स्वर-साधना कंठ-विलास में एवं स्वरों की 'सर्कस' में खो जाती है। तालों की आतिशबाजी में लय-रति की दुर्गति होती है। विकार-वासना की उत्तेजना में विचारी भाव-धारणा कुंठित होकर दुबक जाती है।

परमात्मा करें आपकी यह पत्रिका आत्मरत संगीत की ओर युवक-युवतियों को आकर्षित करे।

आत्मदर्शन

मैं देह नहीं, चैतन्य रूप, उपमेय नहीं, मैं तो अनूप,
आत्मा अविनाशी पूर्ण सार, जग में उसका समरस प्रसार,
उस अमित राज्य का अमर भूप। मैं देह नहीं ....॥
आनन्द अनादि गंग बहे, जहँ निगम नहाते 'नेति' कहें,
ऐसे जल का मैं अतल कूप। मैं देह नहीं.....॥
मेरे तेरे का दाव नहीं, होने मिटने का भाव नहीं,
हूं एकमेव बस एकरूप। मैं देह नहीं.....॥

गायनवादनाचार्य पं० बलवन्तराम भट्ट 'भावरंग'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऋषभ-धैवत की रामकहानी

श्री वा० वें० कारन्त
(भूतपूर्व विद्यार्थी, श्री कला संगीत भारती)

['संगीत रत्नाकर' से आरंभ करके कुछ वर्ष पूर्व तक भारतीय संगीत की स्वर-व्यवस्था के सम्बन्ध में जो भ्रान्ति-परम्परा अस्तित्व में रही, उसका केन्द्र-बिन्दु था ऋषभ-धैवत के अन्तरालों और वीणा पर उनकी स्थिति के विषय में विभिन्न कल्पनाएं और स्खलन। 'ऋषभ-धैवत' की यह अनिश्चित स्थिति प्रस्तुत रूपक में प्रतीकात्मक रूप से व्यक्त की गई है। 'प्रणव-भारती' द्वारा उक्त भ्रान्ति परम्परा का पूर्ण छेदन हुआ है और ऋषभ-धैवत को शताब्दियों बाद अपने वास्तविक स्थान पर पुनः प्रतिष्ठित होने का अवसर मिला है। यही इस रूपक की 'वस्तु' है। ३१ जनवरी, १९६० को श्रीकला संगीत भारती के वार्षिकोत्सव के अवसर पर डॉ० प्रेमलता शर्मा के निर्देशन में यह रूपक विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया था—सम्पादक।]

(अध्ययन कक्ष रंगमंच के बीच भारतीय संगीत-शास्त्र के सात ग्रंथ रखे हैं—वे हैं क्रमशः नाट्यशास्त्र, संगीत रत्नाकर, स्वरमेल कलानिधि, राग विबोध, चतुर्दंडी प्रकाशिका, संगीत पारिजात और हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति, जिनके सामने जानुमंडित, करबद्ध एक युवक बैठा है)

युवकः हे परम पूज्यों, आप बुधग्रंथ, भारतीय संगीत शास्त्र परम्परा के प्रतिनिधि हैं, और मैं संगीतेतिहास का एक विशुद्ध जिज्ञासु हूँ। आज आप–विद्वत्–ग्रन्थों के समक्ष उपस्थित होकर मैं आपसे अपनी कुछ शंकाएं प्रगट करने की अनुमति मांगता हूँ।

(सातों ग्रंथ खुल जाते हैं, पन्ने फड़फड़ा उठते हैं)

नाट्यशास्त्रः सिद्धिरस्तु, निश्शंक हो शंकाएं प्रस्तुत करो जिज्ञासु, हम सभी ग्रंथबंधु–हममें जो कुछ लिपिबद्ध है, उसे बिना द्विधा के प्रस्तुत करेंगे।

जिज्ञासुः सबसे पहले मैं संगीत के सातों स्वर-देवों की स्थिति को स्पष्टतः जानना चाहता हूँ। इस बारे में शास्त्र और प्रयोग दोनों का कैसा साथ है—यह भी परख लेना चाहता हूँ। यदि आपकी अनुमति हो तो ध्यान द्वारा सातों स्वर-देवताओं का शुद्ध रूप से आवाहन कर लूं।

ग्रंथ : सहर्ष अनुमति है।

(जिज्ञासु ग्रंथों को पुनः नमन कर अपने पास की वीणा के तारों को झंकृत कर देता है, और सप्त स्वरों के ध्वन्यात्मक रूपों के साथ-साथ उनका ग्रन्थस्थ पौराणिक वर्णन क्रमशः सुनाने लगता है.)

जि० : षड्जं वदति मयूरः, वदति चातको ऋषभं, अजो विरौति गांधारं, क्रौंचः क्वणति मध्यमम्, पिकः कूजति पंचमम्, अश्वश्च धैवतम् निषादं च गज :—

(नेपथ्य से क्रमशः सप्त स्वरों के वर्ण, ऋषि, देवता, छन्द, द्वीप आदि का वर्णन सुनाई देता है।)

[सातों स्वर क्रमशः अपने प्रशस्ति–परिवार सहित प्रगट होते हैं, उसी प्रकार अवरोह पद्धति से सातों स्वर विलीन हो जाते हैं–किन्तु ऋषभ और धैवत दोनों को जिज्ञासु रोक देता है, ऋषभ और धैवत दोनों परस्पर साश्चर्य देखने लगते हैं।]

ऋ : आवाहक, हमें क्यों रोक दिया गया ?

धै : हमसे कुछ अभिप्रेत है वत्स ?

जि : हां, परमदेवों, आपकी स्थिति अस्पष्ट है।

ऋ : अस्पष्ट ! हमारी जो ध्वनित स्थिति है–

धै : उसे तो संवाद सहित व्यक्त कर दिया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जि : फिर भी, आप ऋषभ-धैवत देवों के सम्बन्ध में, शास्त्र ग्रन्थों में परस्पर मतभेद, और तीव्र भ्रम दृष्टिगोचर होता है।

धै : उसके लिए हम कैसे उत्तरदायी हों ?

ऋ : शास्त्र ग्रन्थों के असामर्थ्य को क्या हम पर थोपना चाहते हो ?

जि : कष्ट के लिए क्षमा करें देव ! आप दोनों की शास्त्र-स्थिति, फिर ध्वनि-स्थिति के साथ उसका अन्वय—इस सम्बन्ध में सीधे आप देवों के समक्ष ही विद्वत्-ग्रन्थों की सहायता से एक निश्चित मत स्थापित कर लेना चाहता हूँ।

ऋ : तब तो यह प्रशंसनीय है।

धै : उचित ही है, हमारे सम्बन्ध में स्वर-भक्तों को भ्रम क्यों रहे ?

जि : तो पूज्य पुरातन ग्रन्थवर नाट्य शास्त्र ! ऋषभ-धैवत देवों की स्थिति के संबंध में आपकी क्या व्यवस्था है ?

ऋ : हाँ, हाँ, आप तो प्राक्त न हैं।

धै : और आपको ही कृपा से शास्त्र में हमारा अस्तित्व बन पाया है : आप ही इस जिज्ञासु की शंकाओं का समाधान करें।

ना० शा० : ऋषभ और धैवत के सम्बन्ध में पृथक् रूप से कुछ न कहकर, हम अपने प्रसिद्ध षड्ज-मध्यम ग्रामों को प्रस्तुत करेंगे, उसी से आप लोग अपना अभिप्रेत अर्थ प्राप्त करलें, हमारा मुख्य वक्तव्य है।

षड्जग्रामे च षड्जस्य संवादः पंचमस्य च।
संवादो मध्यमग्रामे पंचमस्यर्षभस्य च ॥

और षड्जग्राम का सप्तक इस प्रकार से है :—

षड्जश्चतुःश्रुतिर्ज्ञेय ऋषभस्त्रिश्रुतिः स्मृतः
द्विश्रुतिश्चापि गान्धारो मध्यमश्च चतुःश्रुतिः।
चतुःश्रुतिः पंचमः स्यात् त्रिश्रुतिर्धैवतस्तथा।
द्विश्रुतिस्तु निषादः स्यात् षड्जग्रामे स्वरान्तरे।

ऋ० : स्पष्ट है, मेरी स्थिति त्रिश्रुतिक है।

धै : और मेरी भी—

ना० शा० : षड्ज ग्राम से मध्यम ग्राम का अन्तर है—"पंचम-स्त्रिश्रुतिः" और "धैवतश्चतुःश्रुतिः" का होना।

ऋ० : तो मध्यमग्राम में भी मैं त्रिश्रुतिक ही हूँ।

धै : लेकिन मैं चतुःश्रुतिक हो गया।

जि : किन्तु ग्रंथवर, आधुनिक स्वर-सप्तक से इनका मेल कैसे संभव होगा ?

ना० शा० : सर्वप्रथम वीणा पर विवेक से इन ग्रामों को यथावत् स्थापित करो और हमारा दूसरा वक्तव्य भी स्मरण रखो :—

"मध्यमस्य विनाशस्तु कर्तव्यो न कदाचन।
"सर्वस्वराणां प्रवरो ह्यविनाशी तु मध्यगः ॥"

क्योंकि यह मध्यम तो "गान्धर्वकल्पेऽभिमतः सामगैश्च महर्षिभिः"—बस इतना सूत्र है—

जि : किन्तु.....

संगीत रत्नाकर : हम "संगीत रत्नाकर" इसे समझा देंगे, तुम्हें शुद्ध-स्वर-सप्तक चाहिये न, तदर्थ षड्जग्रामिक सप्तक को ही लो और उसे श्रुति, स्वर, ग्राम इस क्रम से सिद्ध करने की एक सरल पद्धति हम बता दें। पहले दो वीणाओं पर बाईस-बाईस तार बाँधो, उसमें प्रथम तार को 'मन्द्रतम' ध्वनि में मिला दो, शेष तारों को क्रमशः "मनाक्-उच्च" ध्वनियों में इस तरह मिलाओ कि ध्वनियों में "निरंतरता" रहे। बस वही श्रुतियाँ हैं—"अधराधर तीव्रास्तास्तज्जो नादः श्रुतिर्मतः"।

जिज्ञासु : लेकिन इस प्रकार की अटकलपच्चू श्रुतियों के संवादों की परीक्षा कैसे हो ?

ऋ० : अरे वत्स, बड़े बूढ़े जब बोलते हैं—

धै : तब बच्चों को बीच में नहीं बोलना चाहिए।

जि : लेकिन जिज्ञासा का भी कोई बचपना या बुढ़ापा होता है क्या ?

सं० रत्ना० : वत्स, आर्ष ग्रंथ को हमने जो समझा है, वही हम कह रहे हैं,—इस प्रकार से चौथे तार पर षड्ज और सातवें पर ऋषभ—जो शुद्ध ऋषभ है,

ऋ० : यानी हम त्रिश्रुतिक हैं ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सं : तद्वत् २० वें तार पर शुद्ध धैवत है।

ध : यानी हम भी पंचम से—त्रिश्रुतिक हो गये।

जि : किन्तु आधुनिक शुद्ध ऋषभ चतुःश्रुतिक है।

सं० रत्ना : उसके लिए षड्ज को एक श्रुति च्युत कर दो, तो ऋषभ चतुःश्रुतिक हो जायगा, इसी प्रकार मध्यम ग्राम में पंचम को च्युत कर दो तो धैवत भी चतुःश्रुतिक हो जायगा—हमारी व्यवस्था है:—

"साधारणे श्रुति षाड्जीं ऋषभः संश्रितो यदा
चतुःश्रुतित्वमायाति तदैको विकृतो भवेत्"

इसी प्रकार—

"धैवतो मध्यमग्रामे विकृतः स्याच्चतुःश्रुतिः"

ऋ० : अन्याय, महदन्याय, यों हमारे स्वर-वरेण्य, पूज्य भ्राता षड्जदेव को ही पदच्युत करादें, तब हमारी स्थिति बने, वह भी—"विकारी" स्थिति ... ... न – न – न, ऐसी स्थिति हमें नहीं चाहिये।

ध : हम निर्विकारी शुद्ध स्वर-ब्रह्मों को भी यों विकारी स्वरूप प्राप्त हो—तो न जाने यह किस प्रारब्ध का परिपाक है।

ऋ० : इस विकारी–स्थिति से हमें शीघ्र उबार दो वत्स !

ध : हम भी उस परात्पर को टेर दें–'अब की बेर मोहिं पार उतारो।'

जि : 'रत्नाकर' से भी पिपासा नहीं मिटी; समुद्र के पास जाकर भी प्यासा ही लौट आना पड़ा।

स्वर-मेल कलानिधि : वत्स, हम 'स्वर-मेल-कलानिधि' कहते हैं कि तुम्हारा चतुःश्रुति 'रि' वाला क्रियागत सप्तक ही शुद्ध नहीं है। भरतानुसारप ड्ज-ग्राम के "सप्तम्या-मृषभो" और "धैवतो विंशति-श्रुतिक है"।

ऋ० : वह त्रिश्रुति है, तो हम वहीं पर हैं, जहाँ थे ?

ध : वही, "यथापूर्वं कल्पयेत्"।

स्व० मे० क० : अब "उत्तर" भारत में क्रियागत शुद्ध स्वर सप्तक जो है, वह दूसरा ही है।

ऋ० : प्रतीत होता है कि यह दक्षिणी पंडित कुछ नया तथ्य प्रकाशित कर रहा है।

ध : दाक्षिणात्य प्रतिभा पर मुझे पूर्ण विश्वास है।

जि : ग्रंथवर, जिन स्वरों को ध्वनित करने से स्वयं सातों स्वर देव ही यहाँ अभी आहूत हो चुके हैं, क्या आप उसी सत्य को मिथ्या सिद्ध कर रहे हैं।

स्वर० : हम जो कह रहे हैं, वह प्रयोग-सिद्ध सत्य है, वीणा के मेरु को षड्ज मानकर चलो तो हमारे द्वारा स्थापित शुद्ध स्वर सप्तक स्वयमेव मिल जायगा—एतदर्थं हमारा वक्तव्य है :—

आद्यानुमंद्रपड्जाख्यतन्त्र्यां शुद्धर्षभो यथा.....
पंचमेनानुमन्द्रेण तन्त्र्या द्वितीयया शुद्धः (स्याद्धैवतः)

अब प्रयोग द्वारा भी सिद्ध करके देख लो।

जि : यानी अनुमन्द्र षड्ज और पंचम वाले तार के पहले पर्दे पर ही शुद्ध ऋषभ-धैवत ध्वनित होते हैं। (सूचनानुसार बजाकर देख लेता है, परन्तु ऋषभ, धैवत तथा जिज्ञासु तीनों के मुख पर पहले–आश्चर्य फिर असहनीयता प्रकट हो जाती है) भवान् स्वर देव, कृपया अपनी ध्वनि-स्थिति शुद्ध रूप से व्यक्त करें।

(दोनों एक के बाद एक अपनी ध्वनि व्यक्त करते हैं–पहले पर्दे के दबाने से उठने वाली ध्वनि से मिलाकर जिज्ञासु देख लेता है।)

जि : ग्रंथवर, यह ध्वनि तो त्रिश्रुतिक न होकर द्विश्रुतिक ऋषभ–धैवत की है—जिसे हम कोमल ऋषभ धैवत कहते हैं।

स्व० मे० : किन्तु "स्वयंभुवः स्वरा ह्येते न स्वबुद्धया प्रकल्पिता....."।

ऋ : आखिर हम कहाँ हैं ?

धै : कौन जाने ? कदाचित् यों द्विश्रुति, त्रिश्रुति–चतुःश्रुति पर भटकना ही हमारे भाग्य में लिखा हो। इधर किसी ऋषि का शाप तो हमें नहीं मिला है—बन्धु !

ऋ० : पता नहीं, शुद्ध होकर भी आज हमें अशुद्ध क्यों ठहराया जा रहा है ?

राग विबोध : 'स्वर मेल कलानिधि' का स्पष्टीकरण हम 'राग-विबोध' करेंगे। सुनो जिज्ञासु, सर्वप्रथम "मनाक्–उच्च" और "निरंतरता" वाले

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिद्धान्त के अनुसार वीणा पर बाईस पर्दे एक ही सप्तक में बांध लो और हमारे इस वक्तव्य को भी ध्यान में रखो—

पृथुवक्ष्यमाणवीणामेरौ स्थाप्याश्चतस्र इति तंत्र्यः।
मन्द्रतमध्वनिराद्या त्रयं क्रमोच्चस्वनं किंचित्।

जि : यानी वीणा के मेरु पर 'सा-प-सा-म' वाले तारों के बजाय ऐसी चार तंत्रियां बांधी जायं, जिनमें से पहली तंत्री को मंद्रतम ध्वनि में मिलाया जाय, और बाद को तीनों तंत्रियों को क्रमशः किंचित् उच्च ध्वनि में मिलाया जाय···आप···पहेली तो नहीं बुझा रहे हैं।

ऋ : बन्धु, यह क्या करने को कह रहे हैं ?

ध : हमें चढ़ने के लिए अब सीढ़ियां लगायी जा रही हैं ?

जि : आखिर इस क्रिया से क्या सिद्धि होगी ?

रा० वि० : तभी मेरु पर—चौथी श्रुति वाला षड्ज प्राप्त हो जायगा। तत्पश्चात् उन्हीं बाईस पर्दों पर षड्जग्रामिक शुद्ध त्रिश्रुतिक ऋषभ—धैवतों को भी स्थापित किया जा सकेगा।

ध : जो हो आखिर मेरी स्थिति त्रिश्रुतिक ही रही।

ऋ : लेकिन मेरी तो दुरवस्था हो रही है, भ्राता।

जि : उन बाईसों में ऋषभ—धैवत के पर्दे कौन से होंगे।

रा० वि : तीसरा ऋषभ का और सोलहवां धैवत का होगा।

जि : लेकिन ये पर्दे कहां बधें रहेंगे ?

रा० वि० : प्रचलित स्वर-वीणा में मेरु के बाद जो पहला पर्दा है, उसके पहले, प्रयोगार्थ निर्मित श्रुति-वीणा पर और दो पर्दे बांधो तो सहज रूप से तीसरा पर्दा क्रमशः त्रिश्रुतिक ऋषभ—धैवत का ही होगा न ?

जि ; तो फिर प्रचलित वीणा के चतुःश्रुति पर स्थित दूसरे पर्दों से कौन से स्वर निकलेंगे ?

रा० वि० ; उनको चतुःश्रुतिक कौन मानता है ? वे तो क्रमशः पंचश्रुतिक शुद्ध गांधार और निषाद हैं।

जि : तो चतुःश्रुतिक ऋषभ-धैवत से आपका क्या तात्पर्य है ?

रा : "रिधयोः परश्रुतिगतेश्चतस्र इह पंच षट् तथा श्रुतयः"

ऋ : अब तुम क्या समझ रहे हो भ्राता, द्विश्रुति से पंच-षट् श्रुति तक पहुंच चुके हैं—एकदम हमारी पांच-छः श्रुतियां ?

ध : पंडितजनों की कृपा, 'पंडिताः किं न जल्पन्ति' देखते रहो, शायद एक दिन ऐसा भी आ जावे, जब कि बाईसों श्रुतियों में केवल हम दोनों को ही स्थापित किया जाय।

ऋ : लेकिन हमारी शुद्ध स्थिति किस श्रुति पर होगी ?

रा० वि : मेरु के बाद वाले पहले पर्दे ही त्रिश्रुतिक शुद्ध ऋषभ धैवत के होंगे।

जि : किन्तु वे तो द्विश्रुतिक ऋषभ—धैवत हैं ग्रंथ महाशय ! अलबत्ता दूसरा पर्दा चतुःश्रुतिक शुद्ध ऋषभ का हो सकता है।

रा० वि: वह तो पंचश्रुतिक है वत्स, और चतुःश्रुतिक ऋषभ-धैवत जो हैं, हमारे मत में वे विकृत तीव्र स्वर हैं।

ऋ : यानी हम केवल विकृत ही नहीं हुए।

ध : तीव्र भी हो गये। साधु, साधु।

जि : किन्तु वीणा पर इन तीव्र ऋषभ-धैवत के पर्दे कहां ?

रा० वि० : उचित शंका है, उसके लिए—"साधारणादि सारि स्वपकर्षादधिकता यदा श्रुतयः·····तदान्तर-मुख्या इह स्युरिति ताः पृथङ्नोक्ता" साधारण स्वरों के पर्दे पर तार को खींचने से ये स्वर प्राप्त होते हैं, इसलिए इन स्वरों के लिए पृथक् पर्दों की व्यवस्था नहीं की गयी है।

ऋ : खींचना ? यानी

ध : कान मरोड़ना।

ऋ : राम, राम, इतनी सारी दुर्दशा भुगतने के बाद भी—

ध : वीणा पर हमारे लिए पर्दे नहीं।

ऋ : अद्भुत व्यवस्था है।

जि : कैसी विचित्र मान्यता है आपकी भी ? मेरु को षड्ज मान कर उससे द्विश्रुतिक अंतर के पहले ही पर्दे पर, ज़बरदस्ती त्रिश्रुति ऋषभ-धैवत कहते हैं,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फिर उन्हीं को शुद्ध कहकर स्थापित करते हैं, फिर दूसरा पर्दा जो चतुःश्रुतिक ऋषभ–धैवत का है–उसे पंचश्रुतिक कहते हैं–यह कितना असमंजस, कितना असंगत और सत्य से कितना अतीत है।

चतुर्दंडी प्रकाशिका : वत्स जिज्ञासु ! सुनो केवल श्रुतिज्ञ होने से कोई शास्त्रज्ञ नहीं हो सकता "ते सर्वे श्रुतिज्ञा न तु पण्डिता !" तुम्हारी शंका को हमने "चतुर्दंडी प्रकाशिका" ने भली भांति समझा है, वस्तुतः सबसे पहले तो 'राग–विबोध' कथित षड्ज सहित श्रुति वीणा दिखाना ब्रह्मा के लिए भी संभव नहीं। "मध्यमेलाख्यवीणायां श्रुतिवीणाप्रकाशनम्, कर्तुं षड्जादि-मत्वेन ब्रह्मणापि न शक्यते" ?

ध : किन्तु लेखकों से सब कुछ संभव है–क्योंकि "कविर्मनीषी परिभू स्वयंभू"

ऋ : सुन रहो बन्धु, ये 'प्रकाशिका' वाले कुछ नया प्रकाश दें भी।

जि : तो शुद्ध स्वर सप्तक आप किसे मानते हैं ?

च० प्र : भरतानुकूल कहना हो तो–"भरतोक्तस्वराः सप्त मुखारीमात्रभासकाः"

जि : तब तो यह भरतानुकूल कदापि नहीं हो सकता। इस संबंध में कर्णाटकी संगीत के ही एक विद्वान् ने कहा है:—

"The Shuddha Swara Saptaka of Karnatic Music is theoretically the Kanakangi or Mukhari Mela, but the concept of Kanakangi is not more than four hundred years old. It is also not a very melodious Raga. It suffers from Vivādi dosa"

च० प्र० : किन्तु प्रयोगसिद्ध स्वर सप्तक है वत्स।

जि : प्रयोगसिद्ध कैसे मानें ? जहां-एक श्रुति के अन्तर को जो कि प्रत्यक्ष प्रमाणित है—उसी को झुठलाया जाता है !

रा० वि० "श्रुत्यैकयाधिकत्वं न्यूनत्वं वा न दोषाय"

जि० यही तो आपकी भ्रांत धारणा है।

ऋ : अब समझे बन्धु, हमारी दुरवस्था का मूल कहां है।

ध : शिव शिव, सब मिलकर न जाने हमें कहां कहां कंदुकवत् उछालते रहे।

ऋ : किन्तु, भ्राता, हमारा शुद्ध स्वरूप कहां से प्राप्त हो ?

संगीत पारिजात : हमने-'संगीत पारिजात' ने इस शुद्ध स्वर सप्तक के प्रश्न को सुलभ रीति से सुलझा दिया है, भरतानुकूल ही, और कहें—
"स्वरज्ञानविहीनेभ्यो मार्गोऽयं दर्शितो मया"

ऋ : तबतो बहुत ही सरल मार्ग होगा।

ध : आखिर कोई मार्ग तो मिले।

सं० पा० : मुक्त तंत्री को षड्ज मानने से ही भरतकथितं षड्जग्रामिक शुद्ध स्वर सप्तक प्राप्त होगा—जिसे गणित की सरल क्रिया से सिद्ध किया जा सकता है। सुनो जिज्ञासु, मेरु से घुड़च तक की जो मुक्त तंत्री होगी उसके बीचोंबीच तार षड्ज होगा–फिर तार षड्ज और मेरु के बीच में मध्यम होगा। पुनः वीणा के कल्पित तीन भाग करने से प्रथम भागांत में पंचम होगा।

ऋ : पर हमारे भाई धैवत देव कहां होंगे ?

धै : और हमारे ऋषभ देव भी ?

सं० पा० : "सपयोः पूर्वभागे च स्थापनीयोऽथरिस्वरः
पसयोर्मध्यदेशे तु धैवतं स्वरमाचरेत्"

जि : "स–प" के पूर्वभाग में ऋषभ, और 'प–सां' के मध्य देश में धैवत : अर्थात् 'स-प' और 'प-सां' के बीच आप इनको दिखाना चाहते हैं ? वह भी गणित क्रिया के साथ ?

ऋ : ईश्वर को सहस्र धन्यवाद।

ध : हां, हां, अब तो एकदम निश्चित पक्का स्थान मिल गया न।

जि : किन्तु ग्रन्थवर, वीणा में तो, षड्ज की मुक्त तंत्री के नीचे या तो द्विश्रुतिक ऋषभ-धैवत का पर्दा मिलेगा या चतुःश्रुतिक ऋषभ-धैवत का, लेकिन आपके तथा-कथित त्रिश्रुतिक शुद्ध ऋषभ-धैवत के लिए तो कहीं पर्दा ही नहीं है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सं० पा० : तुम्हें पर्दा दिखाई दे या न दे, हमें तो भरत के षड्जग्रामिक त्रिश्रुति ऋषभ-धैवत हो शुद्ध रूप में अभिप्रेत हैं। इसलिए हमने "पूर्व भाग" और "मध्यदेश" कहकर त्रिश्रुतिक 'रि-ध' की स्थापना के लिए पूरी छूट दे दी है। फिर चतुः-श्रुतिक "रि-ध" यानी तीव्र "रि-ध" का तो मैं अपने रागों में प्रयोग भी नहीं करता।

ऋ० सत्यानाश, बन्धु ! सुन रहे हो ?

ध : हां हां, एकदम अंतःपिशाच, सत्यानाश !

ऋ० इसका निष्कर्ष यह हुआ कि जब हमारे लिए कोई पर्दा न हो तभी हम शुद्ध हैं, अन्यथा—

ध : वही, "विकृतविशेषणेन मंडिताः"

जि : सच कहें तो आपने "पूर्वभाग" तथा "मध्यदेश" के गोलमोल विधान द्वारा अस्पष्ट भाषा बरती है, क्यों मेरा कथन असत्य है ?

ग्रंथ : (चुप)

जि : क्यों ? मौन हो गये ?

ऋ० "मौनं पण्डितलक्षणं"।

ध : न, न, "मौनं सम्मतिलक्षणं"।

हि० सं० पद्धति : वत्स जिज्ञासु हमारे यानो "हिन्दु० संगीत पद्धति" के मत से तो—

"परिवर्तनशीलं यत्संगीतं ग्रंथकर्तृभिः
नष्टप्रायं पुराणं ततस्पष्टीकर्तुं न शक्यते"

जि : संगीत परिवर्तनशील अवश्य है, किन्तु उनके मूल सिद्धान्त, अन्तरंग के नियम तो शाश्वत हैं—और उनका परिशीलन तो—

हि० सं० : भ्रामक सिद्धान्तों का परिशीलन क्या ?

जि : तो क्या भरतादि के सिद्धान्त भ्रामक हैं ?

हि० सं० : अवश्य ही, उदाहरण के लिए भरतोद्गत षड्ज-मध्यम ग्राम के अन्तर की ही बात लो, जैसे तुम्हें एकदम Begging the question सा लगेगा। हमारे प्राचीन ग्रन्थकार धूर्त थे।

ध : यहां तो दो न्याय-निपुणों में वाग्युद्ध चल रहा है।

ऋ : न, न, वकीलों की पैरवी चल रही है।

जि : अस्तु, तो आपके मतसे शुद्ध स्वर सप्तक कौन-सा है ? उसे कैसे सिद्ध किया जा सकता है ?

हि० सं० : "संगीत पारिजात" कार के षड्ज-पंचम भाव से, या ब्लेसर्ना साहब के cycle of fifth वाले सिद्धान्त से सरलतया सिद्ध किया जा सकता है।

जि : किन्तु मेरा मुख्य प्रश्न है, शुद्ध स्वर-सप्तक में ऋषभ-धैवत का क्या स्थान है ?

हि० सं० : सर्वप्रथम यह याद रखो कि सप्तक का पहला 'सा' चौथी श्रुति पर नहीं, वरन् पहली ही श्रुति 'तीव्रा' पर स्थापित करना चाहिए। तभी सहज रूप से 'दयावती' पर शुद्ध ऋषभ यानी चतुः-श्रुतिक मिल जायगा। आज के संगीत के स्पष्टीकरण के लिए प्राचीन तथा मध्ययुगीय सभी ग्रन्थों को छोड़ कर केवल "लक्ष्यसंगीत" और "अभिनवराग मंजरी" का ही आधार लेने में श्रेय है, और तदनुसार ही मैंने अभी अपनी नवीन रचना-व्यवस्था बताई है।

ऋ : मेरा चतुःश्रुतिक स्थान तो मिल गया, लेकिन न जाने छन्दोवती के पास से दयावती के पास क्यों सरकाया गया हूँ ?

ध : किन्तु मेरा क्या हुआ ?

जि : तबतो आप धैवत को त्रिश्रुतिक ही मानते होंगे।

हि० सं० : नहीं, "षड्ज-पंचम-भावेन" शुद्ध धैवत चतुः-श्रुतिक ही होगा।

जि : किन्तु वर्तमान स्वर सप्तक में त्रिश्रुतिक धैवत ही प्रयुक्त होता है और यही सहज लगता है क्योंकि उसके साथ गान्धार का और तार षड्ज का क्रमशः नौ-और षट् श्रुतिक संवाद का भी निर्वाह होता है।

हि० सं० : यह सब 'श्रुति-पंडितों' की करतूत है। क्योंकि उन्हें ४०५ कंपनवाले तथा-कथित चतुःश्रुतिक धैवत के स्थान पर, आंख कान को सुंदर लगनेवाला ४०० कंपन का तथाकथित त्रिश्रुतिक धैवत ही अच्छा लगता है। लेकिन वस्तुतः ४०५ कंपन का शुद्ध दैवत ही बहुसम्मत है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ध : किन्तु हम स्वयं ही सम्मत होने में अपने को असमर्थ पा रहे हैं।

जि : तो ४०० कंपन का त्रिश्रुतिक धैवत किस कोटि का होगा ?

हि० सं० प० : होगा त्रिशंकु जैसा, न तीव्र ही, न कोमल ही।

ध : त्रिशंकु ? तो देवराज इन्द्र के उस शाप का फल अब मुझे भुगतना पड़ेगा ?

ऋ : अब तो मुझे भी अपने उद्धार पर अविश्वास होने लगा है। (तभी रंगमंच की बांईं ओर से 'प्रणव-भारती' प्रवेश करती है।)

प्र० शा० : संगीत परंपरा के प्रतिनिधि आप विद्वत् ग्रंथों के समक्ष हम 'प्रणव भारती' प्रणत हैं।

ना० शा० : क्यों, तुम इस जिज्ञासु की शंकाओं का समाधान कर सकोगे ?

प्र० शा० : ऋषि-आशीष मिले। वस्तुतः जिज्ञासु की शंकाएं हमारी अपनी शंकाएं हैं, उसके उद्गार भी जैसे हमारे ही हृदय के थे, अध्ययन, निरीक्षण तथा निज साधना के विश्वास पर हम विनेदन करते हैं कि आचार्य भरतोद्गत वक्तव्यों के सत्य को समझने में हमें यथा-संभव सफलता मिली है।

जि : तो मैं धन्य हुआ, कृपया मुझे भ्रमजाल से मुक्त कीजिये।

ऋ : धैवत भाई, यह कोई नया ग्रंथ आया है, इससे भी हम अपनी भाग्य-परीक्षा करालें ?

ध : नहीं, नहीं, अब मुझे इन पण्डितों, ग्रंथों पर से विश्वास ही उठ गया है।

प्रणव : हम जो कुछ कहें, उसमें से 'संत हंस गुण गहहिं पय, परिहरि वारि विकार'। मेरा प्रथम वक्तव्य है कि मुनिवर भरत की पंक्तियों को समझने में परवर्ती सभी ग्रंथों से भूल हुई है। और इस दिशाभ्रम के श्रीगणेशकार हैं 'संगीत रत्नाकर'। हमारे इष्ट स्वर-देवों, तथा आदरणीय विद्वत् ग्रंथों !

ऋ. : धैवत देव, सुन रहे हो, यह नवीन ग्रंथ हम स्वरों को भी साक्षी रूप में रख रहा है।

ध : यही तो उचित है, स्वर-साक्षी के बिना शास्त्र-सिद्धि असम्भव है।

प्रणव : मूलतः वर्तमान शुद्ध स्वर सप्तक और भरत का षड्जग्राम भिन्न-भिन्न हैं। किन्तु दोनों का सम्बन्ध अभिन्न है, अटूट है। उसको समझने के लिए भरत के स्वर-श्रुति-ग्राम का प्रतिपादन समझ लेना उचित होगा।

ऋ० : यही तो क्रम है, स्वर-श्रुति-ग्राम, न कि श्रुति-स्वर-ग्राम।

प्रणव : भरत ने सप्त स्वर जो कहे हैं-वे सातों 'शुद्ध' या 'विकृत' विशेषण से परे हैं। स्वर 'स्वयं राजते इति स्वरः' और वादी, संवादी, अनुवादी और विवादी रूप में इन स्वरों का पारस्परिक सम्बन्ध जुड़ा है।

ऋ० : हम साक्षी हैं।

ध : हृदय से—

प्रणव : इसका अर्थ यह नहीं कि उस काल में सूक्ष्म स्वरांतर नहीं थे, वरन् इन्हें सिद्ध करने तथा इनका प्रयोग करने के लिए षड्ज-पंचम-संवादी षड्जग्राम और फिर ऋषभ-पंचम-संवादी मध्यम ग्रामों की द्विविध स्वर-साधारण सहित व्यवस्था बतायी है और इन दो ग्रामों की भिन्न २ मूर्च्छनाएं कही है।

जि : तो आप इन दोनों ग्रामों के सप्तकों को वीणा पर बिना परिवर्तन किये ही बता सकते हैं ?

प्रणव : अवश्य, फिर इन्हीं ग्रामों से आधुनिक शुद्ध स्वर-सप्तक को भी सिद्ध किया जा सकता है।

ऋ० : शीघ्र सिद्ध करो, ग्रंथवर, यहाँ तो·····

ध : न जाने कितने वर्षों से भटकते फिर रहे हैं।

प्रणव : मेरु को शून्य मानकर, चौथी श्रुति छन्दोवती पर जो कि मेरु से दूसरे पर्दे पर ही है, षड्जग्राम के सप्तक को शुरू कर दें तो त्रिश्रुति ऋषभ-धैवत वाला संपूर्ण सप्तक अक्षत रूप से प्राप्त हो जायगा।

जि : (परख कर) हाँ, सत्य है, किन्तु आधुनिक शुद्ध सप्तक आपके कहे षड्जग्राम के मध्यम से प्रारंभ होता है—और उसमें चतुःश्रुतिक ऋषभ ध्वनित होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रणव : ठीक ही है। षड्ज-मध्यम-ग्राम कभी भी क्रियागत सप्तक नहीं थे, वे तो शास्त्रीय-आधार रूप थे। केवल अबकी बात नहीं, भरत के काल से ही इसी तथ्य को "मध्यमस्य विनाशस्तु कर्तव्यो न कदाचन"— "सर्व-स्वराणां प्रवरो ह्यविनाशी नु मध्यमः" कहकर स्पष्ट किया है और उसी मध्यम को स्वरित माना है।

जि : (जैसे परखते हुए)—म-प-ध-नि-सा-रि-ग्-म और फिर वहीं पर सा-रि-ग-मप-ध-नि-सा—हाँ, षड्जग्राम के मध्यम को "सा" मानकर आरोहावरोह करने से चतुःश्रुतिक ऋषभ, और त्रिश्रुतिक धैवत तो मिल जाते हैं, किन्तु आधुनिक सप्तक बिलावल अंग का है। और—

प्रणव : हाँ, हाँ, आधुनिक स्वर सप्तक के गांधार का संवादी स्वर निषाद जो है, वह बिलावल का ही है न ? वह स्वर तुम्हें प० ग्राम के अन्तर गान्धार में मिल जायगा।

धै : लेकिन हमें मध्यमग्राम में चतुःश्रुतिक बताया है।

प्रणव : षड्ज ग्राम के पंचम या आधुनिक ऋषभ को मध्यम ग्राम का षड्ज मानने से मध्यम ग्राम का सप्तक-चतुःश्रुतिक धैवत तथा त्रिश्रुतिक पंचम के साथ अक्षत रूप से मिल जायगा।

जि : क्या मध्यमग्राम से भी आधुनिक शुद्ध सप्तक को सिद्ध किया जा सकता है ?

प्रणव : निश्चित रूप से—आधुनिक "सा" मध्यम ग्राम का निषाद है, वहीं से आरोहावरोह करके देखलो।

जि : नि, सा, रि, ग्, म, प, ध, नि, सा, रि
हां, एकदम आधुनिक सप्तक ही प्राप्त होता है। किन्तु दक्षिण में "कनकांगी" मेल को भरतोक्त कहकर, शुद्ध स्वर सप्तक माना है।

प्रणव : कनकांगी मेल न शुद्ध है, न प्राकृत है, और भरतोक्त तो कभी भी नहीं है। इसे अभी स्पष्ट कर दिया गया है। बिलावल का सप्तक शुद्ध ही नहीं, अपितु प्राकृतिक भी है, इसीलिए वह पाश्चात्यों के 'नेचुरल स्केल' से भी एकरूप है, क्योंकि प्रकृति सर्वत्र एक है, उसमें पूर्व-पश्चिम का भेद नहीं।

ऋ : तो हम शुद्ध ही नहीं।

ध : अपितु प्राकृतिक भी—

ऋ : और विश्व-व्याप्त भी।

जि : विद्वत् ग्रंथों ! क्या आप "प्रणव-भारती" के वक्तव्यों से सहमत हैं।

ना० शा० : वत्स जिज्ञासु ! ग्रंथ तो अपने ग्रंथकार के अनुगत हैं, उनेक सहमत या असहमत होने का प्रश्न ही नहीं उठता। इसपर स्वयं स्वरदेवों ने ही "प्रणव भारती" के वक्तव्यों को जब स्वीकृति दे दी है, तो पुनः मत गणना कैसी ? हमारे मत में तो सत्य अविचल है, अटल है, और अनंत भी। और कौन जाने, कि आज 'प्रणव भारती' ने जिस प्रकार सत्य को उद्घाटित किया है, तद्वत् कल और एक नवीन भारती कदाचित् तुमसे ही-प्रगट होकर सत्य को और भी उज्वल रूप से प्रकाशित नहीं करेगी ? वस्तुतः हमारी आकांक्षा है कि भारतीय संगीत परंपरा अपने सत्य की रक्षा के साथ अक्षुण्ण बनी रहे। शुभमस्तु।

(सभी ग्रंथ बंद हो जाते हैं)

जिज्ञासु स्वर देवों तथा ग्रंथों के समक्ष नतजानु हो जाता है और गा उठता है—

असतो मा सद्गमय,
तमसो मा ज्योतिर्गमय,
मृत्योर्मा अमृतं गमय"

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

FINE ARTS AS A CAREER

By

Sri M. V. Krishnan

1. General opinion about Fine Arts.
2. Professional Education in Fine Arts.
3. Relationship of Fine Arts with other branches of knowledge.
4. Need for improved training in the subject.

(1) General Opinion about Fine Arts

There is a wide-spread belief that Fine Arts is not a paying vocation. Due to this belief parents seldom allow their children to choose Fine Arts as a career. But this is due to lack of knowledge about the career open to a good artist in various Industries and professions. It is an admitted fact that scope for a free lance artist is limited. An artist who is able to apply his training to the various needs of the public is able to carve a carreer for himself without loosing his creative talent.

In the present day competitive world a man seldom gets a job quite suitable to his training unless he is a specialist in a certain field. An average student of B. A., B. Sc. or even M. A., is enforced to start his career as a clerk or Secretary or such other jobs which take away the sap of one's life but offer very little to exercise one's knowledge acquired during the college career.

(2) Professional Education in Art

Professions open to artists are many and varied, provided one is ready to apply one's talent for a particular need. The list given below will give an idea about the various professions open to artists. Each one of them requires specialisation after a general study of Fine Arts.

1. Portrait painting. 2. Mural & Decorative art. 3. Book & Magazine illustration. 4. Commercial Art. 5. Lithographs. 6. Museum assistants. 7. Photo retouching. 8. Handicraft designing. 9. Industrial designing. 10. Textile designing. 11. Monumental sculpture. 12. Architectural sculpture. 13 Ceramic Sculpture & modelling. 14. Film & stage designing. 15. Art Teaching. 16. Dress designing.

Art plays a prominent part in promoting the sale of products by way of advertisement in newspapers, wall posters, hoarding etc. The printing industry requires the service of artists in many forms as illustrator, designers etc. The textile industry

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

employs large number of talented artists to bring out new designs for the market. The various plastic, metal and ceramic Industries employ artists to design thin wares. Now Indian handicraft products are in constant demand in the western countries and the promotion of handicrafts is being done by employing talented artists in creating new designs. From all these it will be clear that a good artist gets employment in his own line and is not thrown out of the gear like a man having an average B. A. Degree.

(3). RELATIONSHIP OF FINE ARTS TO OTHER BRANCHES OF KNOWLEDGE.

It is an accepted fact that a proper illustration of a certain thing is worth two pages of written matter. This can be done only with the proper knowledge of drawing and painting. Besides people can be made to understand better about a thing by proper models of the subject than by long lectures and writings. In this too, art plays a prominent part by way of models etc. I am giving below a list of a few subjects which use art is one way or the other for illustration and demonstration :—

a. Geography b. Archeology c. Anthropology d. Zoology e. Botany f. Medicine g. Architecture h. Engineering.

a. *Geography* : This is a subject which uses art in many ways. Maps, diagrams, relief maps and charts, landscape drawing etc.

b. *Archeology* : In the preservation of ancient monuments, art plays, a great part in aiding archeology. An understanding of Art is of much help to an archeologist.

c. *Anthropology* : To display the different characters and cultures of various races, art plays a very significant part in Anthropology.

d. *Zoology* : Drawing, paintings, charts, models are a necessity both in the teaching of the subject and in the publication of works of research.

e. *Botany* : Similar to Zoology this subject too uses art in many forms for research work and in teaching of the subject and in the publication of research work thereon.

f. *Medicine* : Models, charts, paintings etc. are used in various ways in teaching the Anatomy, surgery etc. In this too art plays a good part.

g. *Architecture & engineering* : In these branches of learning art has a significant part in interior and exterior decoration, both in graphic and plastic mediums.

4. NEED FOR IMPROVED TRAINING IN FINE ARTS :

Human mind naturally and spontaneously responds whenever it beholds objects of beauty in any shape or form. That being so, it would be obvious why art education even in its rudimentary form is essential for every adult especially in our country where this fact has not been sufficiently realised.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दू संगीत

डॉ० लालमणि मिश्र

यदि हम आज 'भारतीय संगीत' को 'हिन्दू संगीत' कहें तो संभव है कुछ लोक चौंके और कहें कि यह क्या ? संगीत भी क्या हिन्दू और मुस्लिम होता है ? क्या आप संगीत में भी जातीयता, प्रांतीयता आदि आदि की संकुचित भावनायें भरना चाहते हैं ? जी, नहीं ! मैं संगीत ऐसे व्यापक, सर्वोपयोगी विषय को किसी संकुचित दायरे में बन्द नहीं करना चाहता और न हिन्दू संगीत कहकर किसी अन्य प्रकार के संगीत से विद्वेष की भावना ही उत्पन्न करना चाहता। मैं तो केवल यह कहना चाहता हूं कि आज हम जिसे 'भारतीय संगीत' कहते हैं वह वास्तव में 'हिन्दू संगीत' है, चाहे वह उत्तर भारतीय हो अथवा दक्षिण भारतीय। यदि हम संगीत की तुलना अपनी संस्कृति के अन्य अंगों से करें तो पता चलेगा कि प्राचीन हिन्दू संस्कृति में समय समय पर शक, हूण, पठान, मुग़ल, ईसाई आदि विदेशी संस्कृतियों तथा धर्मों के सम्पर्क में आने से जितना, जो कुछ परिवर्तन, भाषा, आचार-विचार, रीति-रिवाज, रहन-सहन आदि में पड़ा है उतना 'हिन्दू संगीत' पर नहीं पड़ा है। अतएव आज हम धार्मिक, सामाजिक तथा राजनीतिक दृष्टि से हिन्दू संस्कृति को भले ही भारतीय संस्कृति कहने लगें, किन्तु 'हिन्दू संगीत' को मैं भारतीय संगीत कहने की आवश्यकता नहीं समझता।

जाने कैसे कुछ संगीतज्ञों तथा संगीत-कला-प्रेमियों के मस्तिष्क में यह बात बैठ गई है कि हमारे संगीत में मुस्लिम प्रभाव बहुत अधिक आ गया है। दक्षिण भारतीय संगीतज्ञ तो इस मुस्लिम प्रभाव की बात कहकर न केवल अपनी संगीत-पद्धति को शुद्ध एवं श्रेष्ठ सिद्ध करना चाहता है, अपितु उत्तर हिन्दू संगीतशैली को भ्रष्ट तथा अहिन्दू तक कह डालता है। लेकिन क्या आजतक किसी ने हिन्दू संस्कृति को अन्य अंगों के समान हिन्दू संगीत का सूक्ष्म अध्ययन करके यह सिद्ध करने की चेष्टा की कि इसमें अमुक वस्तुएं अन्य संस्कृति से आई हैं तथा जिन वस्तुओं का आगमन माना जाता है उनमें से कितनी वस्तुएं उनकी अपनी हैं तथा कितनों में उन्होंने हमारी ही वस्तु को लेकर केवल नई दिशा अथवा नया मोड़ प्रदान किया है ?

किसी एक संस्कृति की एक वस्तु किसी दूसरी संस्कृति के द्वारा ज्यों का त्यों अपना लेना एक बात है तथा किसी एक संस्कृति के व्यक्ति द्वारा किसी दूसरी संस्कृति को किसी विशेष वस्तु में उसी संस्कृति की सामग्री के साथ उस वस्तु के विकास में सहयोग देना दूसरी बात है। यदि हिन्दू संगीत में मुसलिम प्रभावों का सूक्ष्मता के साथ अध्ययन किया जाय तो दूसरे प्रकार के प्रभावों के ही लक्षण अधिक दिखाई पड़ेंगे। उदाहरण के लिए हम एक बात रख सकते हैं। मान लीजिये एक मुसलिम गायक ने एक नवीन राग की रचना की। अब यह देखना आवश्यक हो जाता है कि उस राग की रचना का आधार हिन्दू संगीत की रागपद्धति है अथवा मुसलिम संस्कृति की कोई वस्तु। जब हमें यह मालूम हो जाता है कि जिस राग की नवीन कल्पना की गई है वह हिन्दू संगीत में प्रचलित किन्हीं दो रागों का मिश्रण है, कोई विदेशी वस्तु नहीं, तब आप उसे क्या कहेंगे ? क्या यह अन्य संस्कृति का मिश्रण हुआ ? अथवा अन्य संस्कृति के कलाकार द्वारा हिन्दू संगीत का उत्थान ? यह बिल्कुल वैसी ही बात है जैसी यदि रसखान के कृष्ण-भक्ति-काव्य को हम मुसलिम संस्कृति के मिश्रण के रूप में देखें। डा० ग्रियर्सन ने भारतीय भाषाओं की खोज की है तथा भाषा सम्बन्धी कुछ नये नियम प्रतिपादित किये हैं ; क्या उनके इस कार्य को हम भारतीय भाषाओं में ईसाई संस्कृति का मिश्रण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मानते हैं ? हां, हिन्दी भाषा ने जिन विदेशी शब्दों को अपना लिया है वे निश्चय ही अन्य संस्कृति के प्रतीक हैं, किन्तु किसी एक संस्कृति के व्यक्ति द्वारा किसी दूसरी संस्कृति के लिये किये गये कार्यों को हम दो संस्कृतियों का मिश्रण नहीं कह सकते।

जैसा कि मैं ऊपर कह आया हूं कि हमारी भाषा, आचार-विचार, रहन-सहन आदि में विदेशी संस्कृतियों का प्रभाव पड़ा है। इस प्रभाव को हम अध्ययन द्वारा स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और यदि चाहें तो उसका अनुपात भी निकाल सकते हैं। किन्तु संगीत के क्षेत्र में इस प्रकार की चेष्टा का अभाव सा ही है। हां, संस्कृति के अन्य अंगों की ही भांति हमने यह अवश्य मान लिया है कि जिस प्रकार अन्य दिशाओं में संस्कृतियों का आदान-प्रदान हुआ है उसी प्रकार संगीत में भी हुआ होगा। साथही भारत के जिन क्षेत्रों में विदेशी संस्कृति का प्रभाव कम रहा है उस क्षेत्र का संगीत भी अपेक्षाकृत अधिक शुद्ध होगा। इस प्रकार की भ्रांत धारणाओं ने ही हमें अपने संगीत को हिंदू संगीत कहने से रोका और ऐसा कहने पर संकोच एवं संकुचित भावना को उत्पन्न किया। आज मेरा प्रयास इन्हीं भ्रांत धारणाओं को जड़ से नष्ट करने का है। अतः हम संक्षेप में यहां उन बातों की चर्चा करेंगे जो हिंदू संगीत में मुसलिम संस्कृति के योग का कारण कही जाती हैं।

हिंदू संगीत में मुसलिम संस्कृति के प्रभाव की जितनी बातें बताई जाती हैं उन्हें हम सुविधा के लिए निम्नलिखित वर्गों में बांट सकते हैं:—

१—वाद्य-यंत्र। २—राग। ३—गायन अथवा वादन शैली। ४—शास्त्रीय व्याख्या अथवा शब्दावली।

उपरोक्त विषयों में ही मुसलिम संस्कृति के प्रभाव का दावा किया जा सकता है। अतएव यहां हम प्रत्येक विषय पर इसी दृष्टि से अलग-अलग विचार करेंगे।

सर्वप्रथम हम वाद्य यंत्रों में मुसलिम संस्कृति के प्रभाव की बात लेंगे। वाद्य यंत्रों में आज के सर्वाधिक प्रचलित सितार के लिए यह कहा जाता है कि अमीर ख़ुसरो ने इसका निर्माण किया। इसके प्रमाण में यह तर्क उपस्थित किया जाता है कि इसका आदि नाम सेहतार रक्खा गया। फ़ारसी में 'सेह' तीन को कहते हैं अतएव यह पहले तीन तारों का बाजा था। किंतु बाद में गुणीजनों ने आवश्यकतानुसार इसके तारों की संख्या में वृद्धि की तथा आजकल इसमें सामान्य रूप से सात तार लगाने लगे हैं। इस संबंध में कुछ लोगों का यह मत भी उल्लेखनीय है कि उस समय मुख्य प्रचलित हिन्दू वीणा में चार तार लगा करते थे, अतएव उसे सरल रूप प्रदान करने के लिये सेहतार की रचना हुई और इस वाद्य में केवल तीन तार रक्खे गये।

उपरोक्त मान्यता का कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है। अमीर ख़ुसरो से सम्बन्धित ऐतिहासिक तथ्यों को एकत्र करने पर कहीं इस बात का निश्चित पता नहीं चलता कि उन्होंने सितार अथवा सेहतार नामक किसी वाद्य यंत्र का निर्माण किया। अमीर ख़ुसरो श्रेष्ठ कलाकार, कुशल राजनीतिज्ञ तथा प्रौढ़ साहित्यकार थे, किंतु उनके द्वारा किसी नवीन वाद्य का निर्माण हुआ इसका उल्लेख नहीं मिलता। दूसरी और संगीत के कई आधुनिक विद्वानों का मत है कि सितार 'सप्त तंत्री' वीणा का ही बिगड़ा रूप है। इसके रूप परिवर्तन का क्रम यूं बताया जाता है,—'सप्त तंत्री' से 'सप्त तार' फिर सत्तार और अन्त में सतार अथवा सितार। एक और मत है जिसके अनुसार यह कहा जाता है कि समुद्रगुप्त के समय में भारत में एक त्रितंत्री वीणा थी और उसी को अरब वालों ने सेहतार के नाम से सम्बोधित किया था। इस सिलसिले में निम्नलिखित उद्धरण पठनीय हैं।

Next he takes up the topic (Parikṣaṇa) of Varṇālaṅkāra (folio 76A–83). After an initial explanation of Varṇa he gives a detailed treatment of the four Varṇas and goes on to deal with the allied topic of Alaṅkāras. He gives a detailed exposition with illustrations of eightyeight Alaṅkāras as against thirty-three of Bharata and Maṭaṅga and 63 of 'Ratnākara.'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

He commences his jātī Parīkṣaṇa (folio 83-110-A) with an etymological explanatian of Jātī which is quoted below.

यतः श्रुत्यादिकं सर्वं यत्किंचिद्गीयते जनैः । तत्सर्वं जायते याभ्यो जातयस्तेन कीर्त्तिताः ॥१॥
स्वरग्रामादिकग्रामा जायन्ते वेति जातयः । जायन्ते वा ग्रहादिभ्यो जायते वा यतः स्फुस्टम् ॥२॥
रसप्रतीतिरथवा ब्राह्मणत्वादिजातिवत् । शुद्धत्वविकृतत्वादि भेदास्तन्नामतः स्मृताः ॥३॥
तेनेमा जातयः प्रोक्ता भूभृता रागमातृकाः ।

Follo 83.

It is noteworthy that this explanation which is not found in Ratnākara is clearly based on Mataṅga.

After giving a traditional description of the classification of Jātis into Śudhā and Vikṛtā he effectively clarifies the difference between the Vikṛtā variations of Śudhā Jātīs and the eleven Saṁsargajā Vikṛtā jātis. While dealing with the ten Jāti lakṣaṇas he makes a subtle observation regarding an exception to the general rule laid down by Bharata which states that all the Aṁśa svaras are also Graha svaras. He points out that in 'Nandayantī' this rule does not hold good because it has Pañcama as Aṁśa and Gāndhāra as Graha. In his detailed exposition of the characteristics of individual Jātis he refers to Mūrcchanās of Jātis in the very terms of Mataṅga and Ratnākara. It is noteworthy that this treatment of the mūrcchanās of Jātis cannot be reconciled with Bharata's system which implies that the 'nyāsa svara' of a jāti regulates its mūrcchanā. He gives the Rasas of Jātīs as given by Bharata and emphasises the sanctity of Jātis by saying that they have emanated from Sāmaveda.

Next he gives a mythological account of Kapālagāna with elaborate details of eight Kapālas of Brahmā and eight other Kapālas of other gods. It may be noted that all the Kapālas contain eulogy of Śiva. He also speaks of seven Kapālas as related to the seven Śuddha Jātjs and closes this topic with a brief reference to Kambalagāna.

His 'Svara-ullāsa' ends with a detailed treatment of the four Gītīs given by Bharata viz. Māgadhī, Ardhamāgadhī, Sambhāvitā and Pṛthulā and he distinctively explains them on the basis of the 'layabheda' (difference in tempo) inherent in them.

The Rāga ullāsa (folio 110–A to 176) opens with the author's pronounced determination of presenting the classification of Rāgas into Grāmarāga, Bhāṣārāga etc. with full details. It is noteworthy that the author makes no reference to the system of Rāga classification in Meḷa or in Rāga-rāgiṇī. On the other hand he strictly follows the classification propounded by Mataṅga and elaborated by Śārṅgadeva. This fact, it is hoped, will help us to a great extent in determining the approximate period upto which the Grāma-rāga classification was in vogue and the period of transition to the systems of Meḷa and Rāga-rāgiṇī. But it will have to be kept in view how far this classification was actually accepted by the musicians of his times.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

In the beginning he cites four Gītis of Bharata, seven of Mataṅga, five of Durga-Śakti, three of Yāṣṭika, two of Kaśyapa and one of Śārdūla and himself accepts the five Gītīs given by Durga-Śakti. It may be noted that Śaraṅgdeva has also accepted the same view but our author makes no reference whatsoever to him.

This Ullāsa is divided into four Parīkṣhaṇas, namely Grāma-rāga (110A to 159A), Rāgāṅga (159-167), Bhāṣaṅga (167-173) and Kriyāṅga (173-176). It may be observed that his treatment of Rāga is practically identical with that of Saṅgīta Ratnākara; But it goes to the credit of the author that he dwells upon the subject in greater detail as he gives elaborate ālāpa, karaṇa etc. in each rāga along with at least one gītā with notation.

While concluding it may be remarked that though the author closely follows Saṅgīta-Ratnākara he seems to avoid giving reference to that work. It is also noteworthy that while he accepts the elaboration available in Ratnākara of the principles of ancient writers such as Mataṅga he deliberately seems to shirk due acknowledgement of the fact. His intention, it appears, is to claim greater originality in critically presenting the views of the ancient authors and also to impart a mark of antiquity to his work. Although he gives nearly six hundred quotations from about fifty two authors, he refers to Śāraṅgadeva only ten times and that too in not very significant contexts. The accompanying index of the authors quoted by him will, it is hoped, prove to be informative and interesting to the readers.

S. No.	Names of Author quoted	No. of times quoted
1.	Arjuna	2
2.	Ācārya	18
3.	Abhinava Gupta	3
4.	Ādya Maharṣayaḥ (General)	1
5.	Bharata	67
6.	Bhattābhinavagupta	1
7.	Brahmā	1
8.	Bṛhaddeśī	1
9.	Bahūlaka	1
10.	Bhojarāja	2
11.	Bhāravi	1
12.	Candraśekhara	2
13.	Dattila	11
14.	Durga Śaktī	5

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

S. No.	Names of Author quoted	No. of times quoted
15.	Devarāja Priyaṅkara	1
16.	Dhanañjaya	1
17.	Kṣetra Rāja	1
18.	Kambala	2
19.	Kohala	2
20.	Kaśyapa	7
21.	Kīrtidhara	5
22.	Kālidāsa	3
23.	Kapila	1
24.	Lollaṭa	2
25.	Mataṅga	42
26.	Mātṛgupta	1
27.	Maharṣi	3
28.	Muni	47
29.	Mārkaṇḍeya Purāṇa	1
30.	Māgha	2
31.	Nandī	2
32.	Nandikeśwara	4
33.	Nārada	2
34.	Nakuleśa	1
35.	Nāthaka bhaṭṭa	1
*36.	*Others*	263
37.	Rāvaṇa	2
38.	Ratnākara	1
39.	Śārṅgadeva	10
40.	Ṣaṇmukha	1
41.	Śārdūla	6
42.	Śvetavāhana	1
43.	Śaṅkuka	1
44.	Śākya & Śākyabhikṣu	9
45.	Śaṇi	4
46.	Śūtrakāra	6
47.	Viśwāvasu	1
48.	Vṛddha *Kaśyapa* ?	1
49.	Viśākhila	7
50.	Vātsyāyana	6
51.	Yāṣṭika	29
52.	Yājñyavalkya	1
	Total	596

NOTE : Quotations given under the name of Ācārya, Muni, Munindra & Bharata can be taken as from Bharata only as in many places they are given to be of Ācārya Bharata, Muni Bharata etc. So also Abhinavagupta & Abhinavagupta Bhaṭṭa can be taken as one and likewise Kaśyapa and Vṛdhakaśyapa ; Nandī & Nandikeśvara.

* Quoted unspecifically.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

A CRITICAL NOTE ON RASAKAUMUDĪ OF ŚRĪKAṆṬHA

The name of this work suggests that it might be dealing mainly with Rasa, but actually it deals with both Saṅgīta and Sāhitya. The work comprises of ten chapters and is divided into two parts 'Pūrvakhaṇḍa' and 'Uttarakhaṇḍa', with five chapters each containing a treatment of Saṅgīta and Sāhitya respectively.

The author Śrīkaṇṭha hails from Navanagar (Saurāṣṭra) and was patronised by Śatruśalya the Jam of Navnagar (1569-1608 A. D.). The work is held to have been composed between 1569-1596 A. D. Bhūdeva the author of 'Rasavilāsa' (edited by me and published by the Poona Oriental Book House in 1952) refers to Śrīkaṇṭha as his Guru and it is quite likely that our author might be the same Śrīkaṇṭha. He refers to Śrī Rūpadeva and Pūrṇānanda Kavi as his Gurus. The Pūrvakhaṇḍa opens with an eulogy of Śrī Kṛṣṇa, which suggests that the author was a Vaiṣṇava; this suggestion is also corroborated by the closing verses. He also refers to his father as विष्णुपदारविन्दयुगले भक्तः. As regards the subject matter of his work and the order of treatment followed the author says :—

यद्यस्ति चित्रं सरसं रसज्ञाः, संगीतसाहित्यकलाकलापे ।
नरेन्द्रनीतौ* च तदा मदीया, विलोकनीया रसकौमुदीयम् ॥
साहित्यात् किल भाति भूरि महिमा संगीतमध्ये यतः
साहित्ये निपुणा अपि प्रतिवचो वाक्यं वदन्तीदृशम् ।
सर्वप्राणिसुखावहो रतिरसः संगीतसाहित्ययो
रित्युच्चारणतारतम्यमतयोर्ध्येयं क्रमात्पण्डितैः ॥
संगीतं प्रथमं तस्मात्पूर्वखण्डे निगद्यते ।
साहित्यमुत्तरे खण्डे ग्रन्थस्यास्य क्रमो यतः ॥

After propounding the priority of Saṅgīta over Sāhitya the author goes on to describe Nāda and gives a conventional treatment of Ṣaṭcakra, three Sthānas, Śruti, Svara (Śuddha and Vikṛta), types of musical instruments, Grāma, Murchanā, Śuddha and Kūṭatānas, Prastāra, Varṇa, Alamkāra, the twenty-four Hastas or positions of hands in playing on the Vīṇā, etc. The treatment of these topics is lacking in originality. His treatment of Rāgas is peculiar because he attempts to combine the Northern and Southern systems of Rāga-Ragini and Mela-classification respectively by giving Dhyānas of Mela-Rāgas like Mukhārī, Kannaḍa Gauḍa etc. The author also deals with Prabandha, Tāla and Nṛtya in order to make his work comprehensive of the three aspects of Saṅgīta viz. Gīta, Vādya and Nṛtya.

The author's treatment of Sāhitya is not very important so far as its value in terms of critical discussion and exposition of basic principles is concerned, but it is very rich with the high poetic value of verses given as illustrations. Even the incomplete version of the text that is available at present makes one feel that the great variety of subjects dealt with in the work is sufficient to make it valuable and interesting.

PREM LATA SHARMA

* The reference to नरेन्द्रनीति seems to be rather queer in the context of Saṅgīta and Sāhitya ; but actually the tenth chapter of the work bears the title of Rājanīti and an interesting combination of statecraft or politics and the amorous sports of kings has been presented in this chapter as announced in the opening verse of the chapter :—

यो जानाति समग्रनीतिमखिलां कन्दर्पलीलाकलां
वैदग्धीमधुरां मनाशत(?)युतो नित्यं वदान्योत्तमः ।
नानालङ्कृतिमञ्जुलः सुवदनः संपूर्णवित्तान्वितो
नाट्यं तस्य महीपतेर्वितनुते शोभां परां नान्यथा ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

A CRITICAL NOTE ON NĀNYADEVA'S BHARATA-BHĀṢYA

By

Dr. Prem Lata Sharma Assisted By Sri. R. K. Shringy

The initial approach to this work presents a serious problem of the order of its schemes and contents; therefore, before attempting any critical study of its substance it becomes necessary to restore it to proper order for the sake of a coherent reading.

While preparing the table of contents it was noticed that the subject dealt with in the book were quite haphazardly arranged, as found in the manuscript copy. We have therefore attempted to bring the arrangement to a rational order. Leaving aside the minor variations brought about by us in the arrangement of the folios, it is important to say something about the broad division of the work into chapters made by us. In the Uddeśa-adhyāya the author himself gives a list of chapters and details of contents of each of the seventeen chapters which he proposes to write. But unfortunately the manuscript copy available to us does not conform itself to the original scheme of the author as available to us in the Uddeśa-adhyaya and consequently some of the scholars have tried to re-arrange the work in the light of the author's announcement in the introductory portion.

Hitherto three scholars are known to have attempted at such a division of chapters. The Editor of the Poona catalogue of Sanskrit manuscripts in the Bhandarkar Oriental Research Institute, Shri Kaviji of Madras and Shri Chaitanya Desai have surveyed the work independently and differently divided the same. Of these the division and the study of Shri Chaitanya Desai (Saṅgīta Kalā Vihār Aug. Sept., Nov., & Dec. 1959 and March 1960) is most comprehensive and from the comparative table of chapters given below it will be found that our division mainly agrees with his scheme. But all the same we have brought a few more details to light which will help to place the division in a better perspective.

Regarding the first four chapters there is a no markable difference of opinion. The fifth, sixteenth and seventeenth viz. the Alaṅkāradhyāya, Chandòdhyāya and Bhāṣādhyāya in our opinion are missing. Of these the subject of Alaṅkārās has been found to have been dealt with casually in the Rāgotpatti-adhyāya and the Saptagītikā-dhyāya; the subject matter of the latter is generally brought under the chapter on Tāla in Nāṭya Śāstra and 'Sangīta Ratnākara, whereas Nānyadeva has devoted a separate chapter to this subject. This is probably the reason why such other irrelevant topics as Alaṅkara etc., have crept into it.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

The Editor of the Poona Catalogue as well as Shri Chaitanya Desai have opined that the end of the sixth chapter, that is, the Jāti-addyāya is not to be found in the book; but in our opinion the following reading at Folio No. 63 indicates the end of the Chapter.

'इति नान्यदेवविरचिते भरतभाष्ये जातिकाध्यायः समाप्तः'

The end of the 8th chapter is not available. Therefore the question arises as to wherefrom the Dhruvādhyāya be taken to have begun. Keeping in view the coherence of the subject matter it seems proper to consider the beginning from ध्रुवा च भरतेनोक्ता सर्वगीतिषु निर्मिता। But subsequently some irrelevant matter, obviously belonging to the previous chapter is also found to have been dealt with till the reading ध्रुवाणामधुना सम्यग्रागमाला निगद्यते etc., after which the treatment of the subject becomes more or less coherent. We can therefore take the beginning from folio No. 144 as well.

Shri Chaitanya Desai reads the following verse in the Uddeśa-adhyāya, regarding the tenth chapter as under :—

सर्वमेतदशेषेण ध्रुवाध्याये विधास्यते ॥
ततस्तु दशमेऽध्याये तालाख्ये दर्शयिष्यते ।
भङ्गोपभङ्गयोर्थ तं..... ॥

and has therefore named it as Tālādhyāya. But actually the word "ताल..." is not found in the manuscript copy of the book. However since the chapter contains enough matter on the subject of Tāla he can be said to have reasonably completed the line under reference. It must also be borne in mind that the tenth Chapter also consists much of such matter which has little to do with the treatment of Tālas. But since incoherent arrangement of the subject matter is the very nature of the manuscript copy available to us, this may not be considered as a serious objection and the name Tālādhyāya be reasonably ascribed to this Chapter.

In the Uddeśādhyāya the twelfth chapter is named Tālādhyāya but it actually deals with specifications of various types of Vīṇā. Moreover towards the end of the twelfth chapter the manuscript reads as : ततोऽतोद्याध्यायः चतुर्दशः

This implies that the author has devoted the chapter to Vīṇā. But the fourteenth chapter according to Uddeśādhyāya is named Puṣkarādhyāya. Hence it can be presumed that the above line of the original manuscript has been incorrectly deciphered by the copyist and that it should read as ततोऽतोद्याध्याय द्वादशः Other ancient writers like Bharata, Mataṅga etc., have also devoted a chapter to the treatment of stringed instruments. It is therefore unnecessary to doubt the intention of Nānyadeva, the author to devote this chapter to stringed instruments. Consequently we shall have to take the announcement in the Uddeśādhyāya as dealing with Tāla as spurious.

Now with these remarks we present our table of contents along with the chart showing the broad division of chapters, as indicated above.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

A COMPARATIVE STUDY OF THE DIVISION OF CHAPTERS IN

Uddeśa-Adhyaya (Bharata Bhāṣya)			The Editor Poona Catalogue of Sanskrit Manuscrips			Shri Rama Krishna Kaviji		
Fol. No.	Chap No.	Name of the Chapter	Fol. No.	Chap No.	Name of the Chapter	Fol. No.	Chap No.	Name of the Chapter
	1	Uddeśa-adhyāya	2-5	1	Prathamo-adhyāya	*	1	Svara
	2	Śikṣa-adhyāya	5-8	2	Śikṣādhyāya	...	2	Śruti
	3	Svara-adhyāya (Śruti-adhyāya	8-12	3	Dvitīyaḥ Tritīyaḥ	...	3	Grāma
	4	Mūrcchanā-Adhyāya	12-17	4	Tāna-adhyāya	...	4	Mūrcchāna & Tāla
	5	Alaṅkāra-Adhyāya	17-63	5	Jātikā-adhyāya	...	5	Alaṅkāra (wanting)
	6	Jāti-adhyāya	63-111	6 (VI?)	Ragotpatti-adhyāya	...	6	Jāti
	7	Rāgotpatti-adhyāya	111-116	7	Saptama-adhyāya	...	7	Rāga
	8	Saptagītaka-adhyāya	116-133	8	Gīta-Adhyāya	...	8	Saptagīta
	9	Dhruvā-adhyāya	133-166	9	Mārgāśritānī Gītānī	...	9	Dhruva
	10	Tāla-adhyāya	166-181	10	Deśīgītikā-adhyāya	...	10	Dhruvatāla
	11	Deśika-adhyāya	181-195	11	Tāla-adhyāya caturdaśa	...	11	Deśi Rāga
	12	Tāla-adhyāya	195-201	12	Suṣira-adhyāya	...	12	Vīṇas & Flutes-
	13	Suṣira-adhyāya	201-221	13	Puṣkara-adhyāya	...	13	Mridaṅga
	14	Puṣkara-adhyāya				...	14	Paṇava and Dardura
	15	"				...	15	Missing
	16	Chanda-adhyāya				...	16	Missing
	17	Bhāṣā-adhyāya						

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

THE BHARATA BHĀṢYA OF SHRI NĀNYA DEVA.

Shri Chaitanya Desai (Saṅgīta Kalāvihār—Aug. Sept., Nov, and Dec. 1959 & March 1960.			Research Section College of Music & Fine Arts, Banaras Hindu University			Remarks
Fol. No.	Chap No.	Name of the Chapter	Fol. No.	Chap No.	Name of the Chapter	
2-5	1	Uddeśa Adhyāya	2-5	1	Uddeśa-adhyāya	* He has not given folio numbers.
5-8	2	Śikṣa-adhyāya	5-8	2	Śikṣ-adhyāya	
8-12	3	Śruti-adhyāya	8-12	3	Svara adhyāya or Śrutī adhyāya	
12-17	4	Mūrcchanā-Tāna Adhyāya	12-17	4	Mūrcchanā (Tāna) Adhyāya	
...	5	Alaṅkāra adhyāya (wanting)	...	5	Alaṅkāra adhyāya (wanting)†	† The subject matter of Alaṅkāras is found to have been casually dealt with in the 7th and eighth chapters.
17-77	6	Jāti-adhyāya	17-63	6	Jāti-adhyāya	
77-116	7	Rāga-adhyāya	63-116	7	Rāgotpatti-adhyāya	
116-140	8	Saptagītikā-adhyāya	116-140/144	8	Sapta gītikā-adhyāya	
140-158	9	Dhruvā-adhyāya	140/144-159	9	Dhruvā-adhyāya	
158-166	10	Tāla-adhyāya	159-166	10	Tāla-Adhyāya	
166-181	11	Deśika-adhyāya	166-181	11	Deśika-adhyāya	
181-194	12	Vīṇa-adhyāya ?‡	181-196	12	Tatātodya-adhyāya	‡ The aforesaid article of Sri Chaitanya Desai still remains to be completed.
			196-202	13	Suṣira-adhyāya	
			202-221	14/15	Puṣkara-adhyāya	
			221-223	16	Chanda-Adhyāya (Missing)	
				17	Bhāṣā-adhyāya (Missing)	

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Apart from the arrangement of chapters we propose to give here a very brief general review of the work with special reference to the chapters dealing with Svara, Jāti and Rāga, although it is impossible to do justice to this big and important work in the limited space at our disposal.

Ths author uses eulogising epithets for himself as महासामन्ताधिपतिः, धर्मावलोकः, क्ष्मापालनारायणः, त्रैलोक्यगीतयशः, नृपतिशतमुकुटकोटिनींराजिताङ्घ्रिपीठः, मिथिलाधिपतिः, राजनारायणः etc. and gives several names to his work, which is generally known as 'Bharata.bhāṣya'—such as सरस्वतीहृदयभूषण, सुरागचन्द्रोदय, सरस्वतीहृदयालङ्कार etc. Although the name Bharata-Bhāṣya suggests that the nature of the work might be akin to that of a commentary on Bharata, yet the work is actually an independent treatise on music dealing with two aspects of Saṅgīta viz. Gīta and Vādya, Nṛtya having been omitted.

The author has adopted the nomenclature Śuddha and Vikṛta for two kinds of notes, which is not to be found in the works of Bharata and Mataṅga. He speaks of seven Vikṛta notes—Laghu Ṣaḍja, Laghu Madhyama, Laghu Pañcama, Sādhāraṇa Gāndhāra, Antara Gāndhāra, Kaiśika Niṣāda and Kākalī Niṣāda. The authenitcity of the portion dealing with Vikṛta swaras is doubtful because at one place the above seven names of Vikṛta Swaras are given and at another place again three more notes are spoken of viz. Catuḥśruti Ṛṣabha-Dhaivata and Pañcaśruti Madhyama. Moreover, reference to Niḥśaṅka Sūri (Śārngadeva) in this context adds to the probability of this whole portion being an interpolation as Śārngadeva is decidedly a successor of Nānyadeva.

Nānyadeva refers to three Grāmas as 'Munivacānasiddha' i. e. established on the authority of 'Muni'. Here by 'Muni' he appears to have referred to Nārada and not Bharata who speaks of only two Grāmas Ṣaḍja and Madhyama. (भरतेनालौकिकत्वान्नोपदर्शितः —नान्यदेव ।) Just like all other authors Nānyadeva speaks of the use of Gandhāragrāma in 'Svarga' alone and ascribes the following reason to its not being in vogue among the human beings :—

अतितारातिमन्द्रत्वात् तन्न गायन्ति मानवाः ॥

He emphasises the indispensability of Madhyama in the following terms :—

ग्रामेषु त्रिषु सर्वत्र मध्यमो नैव लुप्यते ॥

His treatment of Jātis follows the model of Bharata ; some details are missing here and there as for instance, the components of Kaiśikī Jāti, the Lakṣaṇa of Aṁśa etc. Some definitions of Bharata are creditably clarified ; for example, Bharata's definition of Nyāsa as अंशसमाप्तौ स चैकविंशतिविधः has been clarified as अंशस्य जातिशरीरस्य समाप्तौ यः स्वरः स न्यासो वेदितव्यः ।.....न्यस्यते प्रयोगोऽनेनेति न्यासः । स तु पादावसानिकः. The most notable point in the chapter dealing with Jātis is the omission, which is most probably deliberate, of the relation of Murchanās with Jātis i. e. he does not ascribe particular Mūrchanās to Jātis.

His Rāga-Adhyāya follows the treatment of Matanga, although it is more detailed than the present text of Bṛhaddeśī dealing with Rāgas.

As has been said in the beginning of this note, the work is full of repetition and confusion in the arrangement of topics. All the same it is of immense value in reconstructing the expositions of Bharata and Matanga which are either available to us in very brief versions or which are partially lost to us on account of serious impairments in the relevant texts. We propose to present in instalments in the next numbers exhaustive notes on the various topics dealt with in this important work.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

श्री कला सङ्गीत भारती

का० वि० वि०

प्रथम दशकपूर्त्ति समारोह परिशिष्ट

SUPPLEMENT

COLLEGE OF MUSIC & FINE ARTS

B. H. U.

FIRST DECENNIAL CELEBRATIONS

1950-51—1960-61

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

COLLEGE OF MUSIC & FINE ARTS

1959 - 1960

Sitting on Chairs („) 1st row :—SJT. R. B Sontakke, SJT. R. D. Chakravarty, SJT. R B. Singh, SJT. M.V. Thakar, PT. Lal Mani Misra, SJT. Ramlal Mathur,——— ———, DR. Premlata Sharma, His. Excellency, DR. Sukrich Nimmon Heminda (Ambassador for Thailand in India, Guest of Honour), PY. PT. Omkarnathji Thakur, KM. Bijon Bala Ghosh Dastidar, SJT. J. M. Ahiwasi, PT. B. R. Bhatt, KM. N. Rajam, SJT. Kanakrai Trivedi, SJT. K.S. Awadhani.

Sitting on Chairs („) 2nd row :—SJT Sharda Pd. Singh, SJT Diwakar Dwivedi, SJT. Maheshwar Jha, SJT. Babu Lal Jee, SJT. R. K. Shringi, SJT. Ratinath Jha, SJT. C. L. Shriwastawa, SJT. D. Patnaik, SJT. M. V. Krishnan, SJT. Rang Nath Misra, SJT. G. K. Nagar, SJT. Bhagwandas Pandya, SJT. Nageshwar Pd. Misra, SJT. Suk Deo Pd. Bhatta, SJT. S. Nijabodh, SJT. Raj Narain Prasad.

Khaneja Studio, Varanasi.

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वर-समाधि में लीन
संगीतद्रष्टा पं० ओंकारनाथ ठाकुर



Left to Right—World Famous Violinist Yehudi Menuhin, Mrs. Malti Jain (ex-student, College of Music) and Sir Stewart Wilson, Principal School of Music, Birmingham. (At Annual Dinner of Asian Music Circle at 'Light of Asia').

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

श्री कला संगीत भारती

प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों का संक्षिप्त परिचय

पं० लालमणि मिश्र द्वारा संकलित और संपादित

डा० कु० प्रेमलता शर्मा

एम० ए० (संस्कृत, हिन्दी), पीएच० डी०, शास्त्राचार्य (साहित्य), बी० म्यूज़०

आपका जन्म १० मई सन् १९२७ को जालंधर जिला के नकोदर ग्राम में एक संभ्रान्त ब्राह्मण परिवार में हुआ। आप अपने माता-पिता की एकमात्र संतान हैं। अतएव लाड़ प्यार के साथ-साथ माता पिता से ही आपको संगीत तथा ईश्वर भक्ति के संस्कार भी प्राप्त हुए। आपकी प्रारंभिक शिक्षा घर पर ही हुई। आपने अपनी ११ वर्ष की उम्र में ही पंजाब विश्वविद्यालय से हाई स्कूल की परीक्षा प्राइवेट रूप से उत्तीर्ण कर ली। इस समय तक आपने घर में ही सितार तथा गायन की शिक्षा भी प्राप्त की। इण्टर तथा बी० ए० की परीक्षाएं आपने दिल्ली विश्वविद्यालय से क्रमशः १९४० तथा १९४२ में उत्तीर्ण कीं।

बी० ए० करने के पश्चात् लगभग ७ वर्ष तक पुनः घर में ही रहते हुए आपने बंगला तथा संस्कृत में गौड़ीय-वैष्णव-साहित्य का अध्ययन किया, तथा साथ-साथ गायन, सितार, दिलरुबा और तबला का अध्ययन भी चालू रखा, क्योंकि संगीत सदैव आपका प्रिय विषय रहा है।

सन् १९४९ में आपने लखनऊ के भातखण्डे संगीत विद्यापीठ की "मध्यमा" परीक्षा तथा १९५० में गान्धर्व महाविद्यामण्डल की "संगीत विशारद" परीक्षा कण्ठ संगीत में उत्तीर्ण की; १९५० में ही काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में एम० ए० तथा १९५१ में संस्कृत में एम० ए० किया। आपने सन् १९५० में कला संगीत भारती में कण्ठ संगीत के अध्ययन के लिए प्रवेश किया तथा १९५५ में "संगीतालंकार" (बी० म्यूज़०) परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी वर्ष आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से "शास्त्राचार्य" (साहित्य) परीक्षा में भी उत्तीर्ण हुईं।

भारतीय रस-शास्त्र तथा गौड़ीय-वैष्णव-दर्शन का विशेष अध्ययन करके आपने १९५४ में शोध-निबन्ध प्रस्तुत किया जो 'श्री रूप गोस्वामी के आधार पर भक्ति-रस का अध्ययन' विषय पर था। फलस्वरूप आपको उसी वर्ष पीएच० डी० की उपाधि प्राप्त हुई।

वाराणसी आने के पश्चात् आपने जिन श्रेष्ठ गुरुओं से विद्या प्राप्त की वे निम्नलिखित हैं :—

कण्ठ-संगीत :—संगीत मार्तण्ड पं० ओम्कारनाथ ठाकुर तथा पं० बलवन्तराय भट्ट।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संस्कृत :—डा० परशुराम लक्ष्मण (पी० एल०) वैद्य, जिनके निर्देशन में आपने पीएच० डी० का शोध-निबन्ध प्रस्तुत किया । इस कार्य में आपको महामहोपाध्याय पं० गोपीनाथ जी कविराज से भी सहायता प्राप्त हुई । तदतिरिक्त पं० महादेव शास्त्री से संस्कृत साहित्यशास्त्र तथा पं० ब्रह्मदत्तजी, जिज्ञासु से अष्टाध्यायी पद्धति द्वारा व्याकरण का अध्ययन किया ।

विद्यार्थी जीवन में आपने पं० ओम्कारनाथ ठाकुर द्वारा रचित तथा संचालित संगीत-रूपक "कामना" में प्रमुख-पात्र का अभिनय तथा प्रबन्ध आदि विशेष कार्य भी वहन किये । १९५२-५३ में महिला छात्रावास संघ, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की पत्रिका की मुख्य संपादिका रहीं तथा १९५५-५६ में महिला छात्रावास संघ, काशी हिन्दू विश्व-विद्यालय की अध्यक्षा निर्वाचित हुई ।

आपने रस शास्त्र के एक अप्रकाशित ग्रन्थ, भूदेवशुक्ल के "रस विलास" का संपादन भी किया जिसका प्रकाशन १९५२ में पूना के ओरियन्टल बुक हाउस द्वारा हुआ । आप पं० ओम्कारनाथ ठाकुर के "संगीतांजलि" (छः भाग) तथा "प्रणव-भारती" के लेखन–प्रकाशन में पूरा सहयोग देती रही हैं और उनके भविष्य के प्रकाशनों का महत्वपूर्ण कार्य भी आप कर रहीं हैं ।

आपने संगीत परिषद्, वाराणसी तथा अभिनव कला समाज, इन्दौर, द्वारा आयोजित समारोहों में क्रमशः ध्रुपद तथा ख्याल शैली के गायन का सफल कार्यक्रम प्रस्तुत किया । १९५७ में पं० ओम्कारनाथजी ठाकुर की हीरक जयंती की आयोजना में आपका प्रमुख हाथ रहा ।

१९५४ से विद्यार्थी काल से ही आरम्भ करके आप श्री कला संगीत भारती की विभिन्न समस्याओं के निराकरण में तथा उसकी विकास योजनाओं पर सक्रिय सहयोग देती रही हैं । इस संस्था की पुनर्गठन समिति में आपने सचिव (अनौपचारिक) के रूप में प्रायः दो वर्ष तक महत्त्वपूर्ण कार्य किया (१९५४-५६) । इसी पुनर्गठन समिति की संस्तुतियों से श्री कला संगीत भारती का वर्त्तमान रूप बना । शिक्षकों के अधिक पदों के लिए अनुदान, वेतन-क्रमों का निर्धारण तथा अन्य महत्त्वपूर्ण कार्य उसी के बाद हुए ।

आप कला संगीत भारती में १९५५ से १९५७ तक लेक्चरर के रूप में तथा १९५७ से थ्योरी तथा रिसर्च के रीडर के रूप में कार्य कर रही हैं । आप सितम्बर १९५७ से स्थानापन्न अध्यक्षा तथा फ़ैकल्टी ऑफ़ म्यूज़िक एण्ड फ़ाइन आर्ट्स की "डीन" भी हैं । आपके संरक्षण में गत तीन-चार वर्षों में शोध-विभाग में जो महत्वपूर्ण कार्य हुआ है, उसके शीघ्र ही प्रकाशित होने की आशा है ।

देश के विभिन्न स्थानों पर विद्वन्मण्डलियों के समक्ष "पेपर"–वाचन द्वारा आपने भरत-सिद्धांत की पुन-स्थापना तथा मध्ययुग से जन्म पाई हुई अनेक भ्रांतियों के निराकरण की दिशा में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए हैं । उदाहरणस्वरूप आकाशवाणी, दिल्ली द्वारा आयोजित 'सिम्पोज़ियम' में "रागलक्षण" पर तथा म्यूज़िक अकादमी, मद्रास में "भरतोक्त ग्राम-व्यवस्था" पर आपके "पेपर" उल्लेखनीय हैं ।

संस्कृत, अंग्रेज़ी, हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं का ज्ञान, भारतीय रसशास्त्र का गहन अध्ययन, पूज्यपाद गुरुदेव पं० ओम्कारनाथ ठाकुर के निरीक्षण में संगीत-शास्त्र के गम्भीर अध्ययन के साथ-साथ संगीत के क्रियात्मक पक्ष का ज्ञान, भरत-प्रतिपादित सिद्धांतों के स्पष्टीकरण में दृढ़ आस्था, सरल तथा रुचिकर अध्यापन-शैली—इन सब विशेषताओं के एकत्र समन्वय के कारण आपकी योग्यता को विरल कहा जा सकता है । अतः कला संगीत भारती में संगीत-शास्त्र के शिक्षण-स्तर को सुदृढ़, समृद्ध तथा गतिशील (dynamic) बनाने में आपका योगदान महत्वपूर्ण है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

डॉ० लालमणि मिश्र

एम० ए० (प्री०) डॉक्टर ऑफ़ म्यूज़िक (वीणा) एम० म्यूज़ (गायन)

वी० म्यूज़० (सितार, तबला) साहित्य रत्न

आपका जन्म सम्वत् १६८० में कानपुर के एक संभ्रांत कान्यकुब्ज ब्राह्मण परिवार में हुआ। आपके बाल्यकाल में ही सन् १९३१ में कानपुर में हिन्दू मुसलिम दंगा हुआ जिसके कारण आपका परिवार विवश होकर कलकत्ता जा बसा। आपके पिता पं० रघुवंशी लाल मिश्र जो कपड़े के व्यापारी थे तथा माता को सात्विक संगीत के प्रति विशेष श्रद्धा थी। जब आप लगभग ८ वर्ष के थे तब आपकी माता को संगीत की शिक्षा देने के लिये एक संगीत अध्यापक नियुक्त हुए। उन्होंने आपके अन्दर संगीत की अपूर्व प्रतिभा देखकर आपको भी शिक्षा देना प्रारंभ कर दिया। पिता को आपकी आश्चर्यजनक प्रगति देखकर अचंभा हुआ, अतएव उन्होंने संगीतज्ञों तथा ज्योतिषियों से परामर्श करके आपके लिये संगीत-शिक्षा की पूर्ण व्यवस्था कर दी।

आपने पं० शंकर भट्ट तथा मुन्शी भृगुनाथलाल की परंपरा में ध्रुवपद धमार की शिक्षा प्राप्त की। पं० राम कृष्ण मिश्र तथा उस्ताद वज़ीर खाँ (रामपुर) के शिष्य उस्ताद मेंहदी हुसेन खाँ से ख्यालगायन की, स्वामी प्रमोदानन्द ब्रह्मचारी से ध्रुवपद, भजन तथा तबला की, श्री शुकदेव राय से सितार तथा उस्ताद अमीर अली खाँ से अन्य वाद्यों की शिक्षा प्राप्त की।

१२ वर्ष की उम्र में ही आप कलकत्ते की शाहनशाही रिकार्डिंग कम्पनी के सहायक संगीत निर्देशक नियुक्त हुये। १४ वर्ष की उम्र तक कलकत्ते में आपने कई फ़िल्मों में काम किया। वहीं आपको आरकेस्ट्रा से विशेष रुचि उत्पन्न हुई।

पिता की मृत्यु के कारण आपको सन् १९४० में अपने नगर कानपुर वापस आ जाना पड़ा। यहाँ आपने बाल संगीत की समस्याओं को सुलझाने की चेष्टा की, कई 'बाल संगीत विद्यालय' स्थापित किये, नवीन दृष्टिकोण से संगीत पाठ्य-क्रमों में सुधार किया, 'आरकेस्ट्रा सोसाइटी' खोली तथा सन् १९४८ में प्रान्त की प्रसिद्ध संस्था 'भारतीय संगीत परिषद्' तथा 'गांधी संगीत महाविद्यालय' की स्थापना की। संगीत के क्षेत्र में अनेक नये अन्वेषण किये। आपकी इसी प्रतिभा से मुग्ध होकर विश्वविख्यात नृत्याचार्य ने आपको निमंत्रित कर अपने दल का संगीत निर्देशक बनाया। आप श्री उदयशंकर के साथ भारत का दौरा तो कर ही चुके हैं, सीलोन, फ्रांस, इङ्गलैंड, बेल्जियम, अमेरिका, कनाडा आदि की यात्रा पर भी जा चुके हैं। सन् १९५५ में आप अखिल भारतीय गान्धर्व महाविद्यालय मण्डल, बम्बई के रजिस्ट्रार नियुक्त हुए, किंतु कानपुर के नागरिकों तथा अधिकारियों के अनुरोध पर एक वर्ष के बाद ही आपको रजिस्ट्रार पद से त्याग-पत्र देकर गांधी संगीत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पद को स्वीकार करना पड़ा। दो वर्ष बाद ही आपकी नियुक्ति कला संगीत भारती में वाद्य संगीत के रीडर के रूप में हो गई जिसे आपने पं० ओमकारनाथ ठाकुर के विशेष आग्रह पर स्वीकार किया। कला संगीत भारती में आपके आ जाने से वाद्य संगीत की शिक्षण-व्यवस्था सुदृढ़ बनी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपनी युवावस्था में ही आपने गायन के अतिरिक्त कई वाद्यों में अधिकार प्राप्त कर लिया था जिनमें सितार, सरोद, वायलिन, शंतूर, तबला, हारमोनियम, जलतरंग, काष्ठ तरंग, तबला तरंग, बांसुरी, तथा गिटार आदि प्रमुख हैं। किन्तु आपको इनसे पूर्ण संतोष न हुआ। अतएव सन् १९४७ में पटियाला के उस्ताद अब्दुल अज़ीज़ खाँ साहब से आपने विचित्र-वीणा की प्रविधि का ज्ञान प्राप्त किया और तब से आपका मुख्य वाद्य विचित्र-वीणा ही बन गया है।

आजकल आप भारतीय आरकेस्ट्रा तथा ऑपेरा में नवीन रूपों के साथ उसके विकास की चेष्टाएं कर रहे हैं और "हिन्दू संगीत" के वाद्य-यंत्रों की खोज कर रहे हैं। अब तक आपने तबला वादन पर 'तबला विज्ञान' तथा बच्चों के मनोविज्ञान के आधार पर गायन की पुस्तक "संगीत सरिता" (दो भागों में) प्रकाशित की है। "संगीत सरिता" उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा वर्नाक्यूलर के ६, ७, ८ वें दर्जे की 'टेक्स्ट बुक' के रूप में स्वीकृत हैं तथा समस्त उत्तर-प्रदेश में इस विषय पर यही पुस्तक स्कूलों में चल रही है।

आपकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि आप क्रिया-कुशल होने के साथ-साथ शास्त्र मर्मज्ञ हैं तथा संगीत के कई विवादास्पद विषयों में आपके अत्यन्त सुलझे हुए विचार हैं। अतः आप देश के उन इने-गिने कलाकारों में हैं जो बड़े-बड़े सेमिनार तथा संगीत-सम्मेलनों में अपने अभिभाषण तथा कलाप्रदर्शन के लिये एक साथ निमंत्रित किये जाते हैं।

पं० जगन्नाथ मुरलीधर अहिवासी



आपका जन्म मथुरा जिले के बल्देव ग्राम में ६ जुलाई सन् १९०१ में हुआ। बचपन से ही आप पर मन्दिर में व्याप्त संगीत तथा कलामय वातावरण का प्रभाव पड़ा। आपकी शिक्षा दीक्षा पोरबन्दर के भावसिंहजी हाई स्कूल में हुई। कला का अध्ययन आपने सन् १९२० तक बम्बई के सर जे० जे० स्कूल आफ़ आर्ट्स में किया। आपका अध्ययन श्री मालदेव राणा तथा बी ई० ग्लैडस्टोस सोलोमन के संरक्षण में हुआ। आपकी प्रतिभा को देखकर उक्त संस्थाचालकों ने आपको अपने यहां ही अध्यापक बना लिया। अतएव १९३० से १९५५ तक आप सर जे० जे० स्कूल ऑफ़ आर्ट्स, बम्बई के प्रमुख शिक्षकों में से रहे। कला के क्षेत्र में आपने अपूर्व सफलता प्राप्त की है। आपकी ख्याति देश भर में फैली हुई है। आपको ब्रज भाषा से अगम्य स्नेह है। आपने पुष्टि-मार्गीय दो कीर्तन-संग्रहों का संशोधन तथा संपादन किया है।

वर्तमान समय में आप कला संगीत भारती के कला विभाग में लेक्चरर के पद पर कार्य कर रहे हैं तथा चित्रकला की शिक्षण-व्यवस्था के सुचारु पुनर्गठिन में आपका कार्य महत्त्वपूर्ण रहा है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पं० बलवंत राय भट्ट



आपका जन्म भावनगर (सौराष्ट्र) में २३ सितम्बर सन् १९२१ में हुआ। बाल्यकाल में ही आपके अन्दर माता से लोक संगीत तथा पिता से काव्य रचना के संस्कार सुदृढ़ होने लगे थे। आपका शिक्षण भावनगर की राष्ट्रीय शिक्षणशाला में प्रारंभ हुआ, किन्तु प्रज्ञा चक्षु हो जाने से आपको आगे की शिक्षा के लिए बम्बई "विक्टोरिया मेमोरियल स्कूल फ़ार द ब्लाइन्ड" में भर्ती होना पड़ा। आपकी प्रारंभिक संगीत शिक्षा "विक्टोरिया मेमोरियल स्कूल" में हुई। उसके बाद संगीत मार्तण्ड पं० ओम्कारनाथ जी ठाकुर के "संगीत निकेतन" में आपने नियमित रूप से संगीत शिक्षा ली। सन् १९३८ से १९५० तक आप पण्डितजी से ही शिक्षा प्राप्त करते रहे, उनके "संगीत निकेतन" से ही आपने "आचार्य" की पदवी प्राप्त की तथा अध्ययन के साथ साथ अध्यापन (टीचर्स ट्रेनिंग) का भी अनुभव प्राप्त किया। पण्डितजी के साथ आपने देश-विदेश का भ्रमण भी किया। आपने संगीत क्षेत्र में असाधारण सफ़लता प्राप्त की। गायन आपका मुख्य विषय रहा, किन्तु हारमोनियम, तबला, इसराज, जलतरंग, मृदंग, मेंडोलिन आदि वाद्यों में भी निपुणता प्राप्त की। आपने समय समय पर वृन्द वादन का निर्माण तथा निर्देशन भी किया है। आप भारत की अनेक संगीत परिषदों में भाग लेते रहे हैं तथा आकाशवाणी के बम्बई, बड़ौदा, इलाहाबाद केन्द्रों से आपके कार्यक्रम प्रसारित होते रहे हैं।

सन् १९४९ में आल इन्डिया म्यूजिक कान्फ्रेंस ट्रस्ट, कलकत्ता द्वारा आयोजित तानसेन विष्णुदिगम्बर प्रतियोगिता में आप विजेता रहे तथा संगीत मार्तण्ड पं० ओम्कारनाथ ठाकुर के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा भेजे गये सांस्कृतिक प्रतिनिधि मण्डल के सदस्य के रूप में आप अफ़ग़ानिस्तान (१९५२) तथा नेपाल (१९५५) गये जहाँ आपके प्रदर्शन पूर्ण सफल रहे।

साहित्य क्षेत्र में आपकी अच्छी गति है। गुजराती, मराठी, हिन्दी, पंजाबी, इंग्लिश, बंगाली आदि भाषाएं आप जानते हैं। आपने काव्य रचना भी की है। काव्य रचना प्रायः गुजराती अथवा हिन्दी में करते हैं। संगीतोपयोगी रचनाएं आप हिन्दी में "भावरंग" उपनाम से करते हैं। अमेरिका के ज्यूइश ब्रेल इन्स्टिट्यूट द्वारा आयोजित प्रज्ञा-चक्षुओं की अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य प्रतियोगिता में गुजराती काव्य पर आपको पुरस्कार मिल चुका है। आपने ब्रेल लिपि में नेत्र-हीनों के लिए हिन्दी, गुजराती, मराठी भाषा के १२५ भजनों व पदों का संग्रह किया है। आप कुछ समय तक गुजरात "ब्लाइन्डमेन्स इन्स्टीट्यूट" के उप प्रधान तथा अहमदाबाद के एक संगीत विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर रह चुके हैं।

विद्यार्थी जीवन में आप "ब्लाइन्ड स्कूल" के छात्रों द्वारा संचालित "सत्य प्रकाश" नामक साप्ताहिक के सहसम्पादक थे। "विजयरंग" मराठी साप्ताहिक में आप लेख भी लिखते रहे हैं और प्राथमिक कक्षाओं के मराठी के शिक्षक भी रह चुके हैं।

सन् १९५० से आप काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला संगीत भारती में गायन के लेक्चरर के पद पर कार्य कर रहे हैं तथा गायन शिक्षा को सुदृढ़ रखने में आपका सफल योगदान रहा है। आपके विद्यार्थी अनेक प्रान्तों में अध्यापन कर रहे हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री माधव वामन ठकार—बी० ए०, संगीत प्रभाकर

आपका जन्म २६ मई सन् १९३० को वेलगांव में हुआ। आप अपने पिता के मझले पुत्र हैं। आपके पिता प्रो० वामन राव ठकार स्व० पं० विष्णुदिगम्बर पलुस्कर के प्रमुख शिष्यों में से हैं। एक कुशल गायक के घर का संगीतमय वातावरण आपके अन्दर बाल्यकाल से ही संगीत के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिये पर्याप्त था। फिर आपके पिता का देश के चोटी पर के गायकों से निकट सम्पर्क रहा जिससे उन सब श्रेष्ठ कलाकारों के संसर्ग का भी आपको पूर्ण लाभ मिला। अतएव आप अपने अन्य भाइयों की भाँति बचपन से ही गायन कला के अभ्यास में रत हो गये। विद्यार्थी जीवन में आपने अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगताओं में पूरे दस वर्ष तक बराबर पुरस्कार प्राप्त किये। १९५० में प्रयाग संगीत समिति की संगीत प्रभाकर परीक्षा में आप सर्वप्रथम घोषित किये गए। आपने सन् १९५३ में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी० ए० की डिग्री प्राप्त की।

विद्यार्थी जीवन से ही आपकी रुचि सामाजिक कार्यों की ओर विशेष रूप से रही जिसके कारण आपका सम्बन्ध निम्नलिखित संस्थाओं से रहा:—

१—अग्रवाल कालेज तथा कायस्थ पाठशाला के संगीत परिषद् के सभापति के रूप में।

२—प्रयाग संगीत समिति छात्र यूनियन के उप मंत्री के रूप में।

३—नाद मंडल, इलाहाबाद के मंत्री के रूप में।

आपके कार्यक्रम सदैव सफल रहते हैं। आप अपने गायन के लिये भिन्न भिन्न संगीत सभाओं द्वारा सदैव आमंत्रित किये जाते हैं। अब आपके कुछ शिष्य भी ऐसे तैयार हो गये हैं जिनके कार्यक्रम आकाशवाणी आदि से होते रहते हैं।

यद्यपि गायन-विद्या आपने अपने पिता से ही प्राप्त की है किन्तु संगीत मार्तण्ड पं० ओम्कारनाथ ठाकुर, संगीत चूड़ामणि पं० विनायकराव पटवर्धन, श्री बा० र० देवघर, श्री डी० वी० पलुस्कर, श्री कुमार गंधर्व प्रभृति गायकों का निकट सम्पर्क तथा सहवास होने के कारण आपकी गायकी में इन सभी गुणियों के कुछ कुछ तत्त्व पाये जाते हैं।

इस समय आप कला संगीत भारती में कण्ठ संगीत के लेक्चरर के रूप में पदस्थ हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री राज भान सिंह—बी० म्यूज़० संगीत प्रभाकर

आपका जन्म १३ जनवरी सन् १९३० को इलाहाबाद जिला के टेवा ग्राम-निवासी प्रतिष्ठित क्षत्रिय कुल में हुआ। आपके पिता श्री ठाकुर महादेव सिंह जो अब काफी वृद्ध होने के कारण क्रियात्मक संगीत से लगभग विरक्त हो गए हैं, अपने समय के प्रसिद्ध सितार वादक थे। अतएव आपको बाल्यकाल से ही संगीतमय वातावरण मिला। सितार वादन की प्रारंभिक शिक्षा आपको अपने पिता से ही प्राप्त हुई। बचपन में ही आपमें एक होनहार कलाकार के लक्षण दिखाई पड़ने लगे थे। आपने अपने बाल्यकाल में ही कई अखिल भारतीय संगीत प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किया। आपने कुछ समय तक इलाहाबाद के श्री बेनी प्रसाद श्रीवास्तव से भी शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिये आपने ग्वालियर के श्री शिवराम रामचन्द्र मावलंकर को अपना गुरु बनाया।

आप कई वर्ष तक आकाशवाणी, इलाहाबाद में सितार वादक के रूप में कार्य करते रहे जहां आपने समय समय पर कई वृन्द वादन का निर्माण तथा निर्देशन भी किया। संगीत शिक्षक के नाते आपका कई शैक्षणिक संस्थाओं से भी सम्बन्ध रहा जिनमें मुख्य हैं—एनीबेसेन्ट स्कूल इलाहाबाद, प्रयाग महिला विद्यापीठ, लूकर गंज संगीत विद्यालय आदि।

ख्यातनामा कलाकार के रूप में भी आप सदैव विभिन्न स्थानों पर निमंत्रित किए जाते हैं। अब तक आपको कलकत्ता, झांसी, जबलपुर, कानपुर, एलाहाबाद आदि नगरों के संगीत सम्मेलनों में बुलाया जाता रहा है।

वर्तमान समय में आप कला संगीत भारती में सितार के लेक्चरर के रूप में पदस्थ हैं।

कु० नारायण राजम् बी० ए०

आपका जन्म सन् १९३६ में दक्षिण भारतीय एक ऐसे कुल में हुआ जिसका प्रत्येक सदस्य संगीत साधना में ही जीवन व्यतीत करता रहा है। आपके पिता श्री नारायण अय्यर तथा आपके भाई सभी संगीत क्षेत्र के माने हुए विद्वान् हैं। अतएव आपका भी संगीताभ्यास ५ वर्ष की अवस्था से ही प्रारंभ हो गया। आपको विद्या की प्राप्ति के लिए कहीं बाहर भटकना नहीं पड़ा। आप यद्यपि दक्षिण तथा उत्तर हिन्दुस्तानी दोनों संगीत पद्धतियों से भली भांति परिचित हैं किंतु आपकी विशेष रुचि उत्तर हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति की ओर ही है। आपको अबतक अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं जिनमें राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय म्यूजिक एसोसियेशन का पदक, मद्रास अकादमी का पदक आदि मुख्य है। आपने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से बी० ए० की डिग्री प्राप्त की है तथा 'मेरिट लिस्ट' में आपने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वायलिन-वादन में आप गायकी अंग को बरतती हैं। आपकी तैयारी, सफ़ाई तथा स्वर का खरापन निश्चय ही प्रशंसनीय है। संगीत की उच्च शिक्षा की लालसा से आपने संगीत मार्तण्ड पं० ओम्कारनाथ ठाकुर को अपना गुरु बनाया है। पूज्य पण्डितजी के गायन के कार्यक्रमों में आपने अनेकों बार देश के भिन्न भिन्न स्थानों पर सफल संगत की है। 'सोलो' वादन के लिए भी आप अनेक संगीत समारोहों में आमंत्रित होती हैं। आकाशवाणी में भी आपके कार्यक्रम प्रायः प्रसारित होते हैं।

आजकल आप कला संगीत भारती में वायलिन-लेक्चरर के रूप में कार्य कर रही हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री कनक राय शंकर लाल त्रिवेदी—संगीत प्रभाकर

आपका जन्म गुजरात के पंचमहाल ज़िले में स्थित लुनावाडा कस्बे के मध्यमवर्गीय नागर ब्राह्मण के घर २१ मई, सन् १९२८ को हुआ। बाल्य काल से ही आपकी आंखें ख़राब रहीं। डेढ़ वर्ष की उम्र में आपकी आंखों का आपरेशन हुआ, किंतु विशेष लाभ न हुआ। अतएव शिक्षा दीक्षा के लिये आपको बम्बई विक्टोरिया मेमोरियल अंधशाला में जाना पड़ा। वहां आपने अन्य विषयों के साथ संगीत में गायन, दिलरुबा आदि की शिक्षा भी प्राप्त की। आपने संगीत कला के अतिरिक्त अन्य व्यावहारिक कलाओं का भी अभ्यास किया। इसी समय आपकी आंख का पुनः आपरेशन हुआ जिससे कुछ लाभ हुआ।

सन् १९४७ में श्री बलवंतराय भट्ट के द्वारा आप पं० ओम्कारनाथ ठाकुर की शरण में पहुंचे। पंडितजी ने कृपा पूर्वक आपको अपना शिष्य बना लिया। इसके बाद आपने श्री बलवंतराय भट्ट तथा पंडितजी से संगीत की विधिवत् शिक्षा प्राप्त की। आपने पंडितजी के साथ अनेक संगीत सम्मेलनों में भाग लिया है। आपके कार्यक्रम आकाशवाणी के बम्बई, बड़ौदा आदि केन्द्रों से प्रसारित हो चुके हैं। आपने सन् १९५८ में प्रयाग संगीत समिति से संगीत प्रभाकर की डिग्री प्राप्त की। पिछले ९ वर्षों से आप कला संगीत भारती में गायन के इन्स्ट्रक्टर के पद पर काम कर रहे हैं।

श्री एम० वी० कृष्णन्



आपका जन्म केरल प्रांत के त्रिवेन्द्रम नगर में १५ अप्रैल १९२६ को हुआ। बाल्यावस्था से ही आपके अन्दर कला की आभा प्रस्फुटित हुई। आपकी विशेष रुचि के अनुसार त्रिवेन्द्रम के हिज़-हाइनेस महाराज स्कूल ऑफ़ आर्ट्स में आपने मूर्ति—कला में डिप्लोमा प्राप्त किया। भारतीय चित्र-कला के ख्यातनामा कलाकार श्री के० माधव मेनन आपके गुरु थे। सन १९४७ में आपको मद्रास सरकार की ओर से ७५ रु० प्रतिमास की स्कालरशिप मूर्ति—कला के विशेष अध्ययन के लिये मिली। सन् १९५० से आप कला संगीत भारती के कला विभाग में मूर्ति कला के रूप में कार्य कर रहे हैं।

आपके लेख तथा मूर्तियों के चित्र विभिन्न पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। आपको सन् १९४९—५० में मद्रास की स्वदेशी प्रदर्शनी में मूर्ति कला पर पुरस्कार प्राप्त हो चुका है तथा फ्रांस सरकार की ओर से सन् १९३५ में आपको एक पदक प्राप्त हो चुका है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्री राजाभाऊ सोनटक्के (एम० म्यूज़०)

नागपुर के एक भक्त, संगीत प्रेमी मध्यम वर्गीय महाराष्ट्रीय परिवार में आपका जन्म २३ नवम्बर सन् १९२८ को हुआ। संगीत की ओर रुचि बाल्यकाल से ही उत्पन्न हो गई थी। संगीत शिक्षा के लिये परिवार से प्रोत्साहन भी मिला। संगीत की प्रारंभिक शिक्षा नागपुर में ही शामराव जी के पास हुई। इनसे आपने कण्ठ संगीत, वायलिन–वादन तथा तबला की शिक्षा प्राप्त की। आप शिक्षा और संगीत दोनों ओर प्रगति कर रहे थे कि १२ वर्ष की उम्र में एक दिन खेलते खेलते अचानक कुछ धक्का सा लगा और आपकी आंखों की रोशनी अत्यंत मंद पड़ गई जिसके कारण आपकी शैक्षणिक प्रगति अवरुद्ध हो गई।

सन् १९४८ में आपको पं० ओंकारनाथ ठाकुर के सम्पर्क में आने का तथा संगीत सीखने का सुअवसर प्राप्त हुआ। सन् १९५६ तक आप पंडितजी से विद्या-लाभ करते रहे। आपने सन् १९५५ में संगीत कला भारती से बी० म्यूज़० की डिग्री प्राप्त की। तत्पश्चात् सन् १९५६ में प्रयाग संगीत समिति से वायलिन में बी० म्यूज़० किया और सन् १९५८ में प्रयाग संगीत समिति से कंठ संगीत में एम० म्यूज़० की डिग्री प्राप्त की।

आपको मंच प्रदर्शन के अनेक अवसर प्राप्त हुए हैं जिनमें आप पूर्ण सफल रहे हैं। आप आकाशवाणी के अनेक केन्द्रों से अपना कार्यक्रम प्रसारित कर चुके हैं। आजकल आपका कार्यक्रम आकाशवाणी के इलाहाबाद केन्द्र से प्रसारित होता है।

अध्यापन का अवसर आपको युवावस्था से ही प्राप्त होने लगा था। लगभग चार वर्ष आपने नागपुर में अध्यापन कार्य किया। उसके बाद से आप कला संगीत भारती में नियुक्त हुए। वर्तमान समय में आप कला संगीत भारती में इन्स्ट्रक्टर के रूप में गायन तथा वायलिन की शिक्षा दे रहे हैं।

श्री दुर्गाप्रसाद पटनायक

आपका जन्म उड़ीसा प्रांत के पुरी जिले के अंतर्गत खुर्दा नामक ग्राम में श्री पद्म चरण पटनायक के पुत्ररूप में अप्रैल सन् १९१८ में हुआ। पारिवारिक प्रोत्साहन न मिलने पर भी आपके अन्दर कला अपने अत्यन्त सरस एवं सरल रूप से विकास पाती रही। आप एक उच्च कोटि के चित्रकार तो हैं ही साथ ही आपकी साहित्य साधना भी अपूर्व है। आपने कलकत्ता के इन्डियन आर्ट स्कूल में १९३७ से १९४३ तक अध्ययन कर चित्र कला में डिप्लोमा प्राप्त किया। तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय से आपने टीचर्स ट्रेनिंग की परीक्षा भी उत्तीर्ण की।

साहित्य रचना में आपको "बालकथा" पर भारत सरकार से तथा उपन्यास और कविताओं पर उड़ीसा सरकार से पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। आपको मंच के कार्यों में भी विशेष रुचि है। आपने कई नाटकों में अभिनय किया है तथा निर्देशन भी दिया है। आप 'विकास'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नामक पत्रिका के संपादक भी रहे हैं। आपने 'कुस्ठी' नामक संस्था चलाई और मंत्री के रूप में आपने ६ वर्षों तक कार्य किया।

आजकल आप कला संगीत भारती के कला विभाग में इन्स्ट्रक्टर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

श्री के० एस० अवधानी—एम०म्यूज़०

आपका जन्म आन्ध्र प्रदेश के जिला मंडापेट में एक विद्वान् ब्राह्मण कुल में दिनांक ४ मई १९२० को हुआ। आपके पिता तथा पितामह राजा पिढ़पुर के राजपंडित थे। उक्त राज दरबार से ही आपके पूर्वजों को शतावधानी तथा अष्टावधानी की पदवी प्राप्त हुई थी।

संगीत की ओर आपकी रुचि बचपन से ही थी। इसलिये आपका संगीत अध्ययन भी बाल्यकाल से ही प्रारंभ हो गया।

सर्व प्रथम कुछ दिनों तक आपको खाँ साहब अब्दुल करीम खां से तालीम मिली। फिर उसके बाद संगीत चूड़ामणि पं० विनायकराव पटवर्धन के पास पहुंचकर आपका संगीत का शिक्षण कार्य पूरा हुआ।

उत्तर प्रदेश के फैजाबाद नगर में आप कई वर्षों तक रहे। वहां आपने संगीत प्रचार का अच्छा कार्य किया। अवध संगीत विद्यालय तथा ओंकार संगीत महाविद्यालय, फैजाबाद, के आप प्रधानाचार्य भी रहे।

आपने कई बार आकाशवाणी से अपने कार्यक्रम प्रसारित किये हैं तथा अनेक संगीत परिषदों में अपनी कला का सफल प्रदर्शन किया है।

आजकल आप कला संगीत भारती में गायन विभाग के इन्स्ट्रक्टर के रूप में कार्य कर रहे है।

श्री आर० डी० चक्रवर्ती—एम० ए०, बी० म्यूज़०

